काशी हिन्दू विश्वविद्यालय पत्रिका

अंक १४ भाग (१) अक्टूबर १९६८

Subscription Rates (per issue) :—

U.S.A.	...	...	...	$ 1
U.K.	...	...	...	sh. 10
India	...	...	...	Rs. 5.00
B.H.U.	...	...	...	Rs. 3.00

RULES

(1) The "Prajñā", shall, so far as possible, be published twice a year : one issue immediately after the Dipawali, the other immediately before the Holi.

(2) All subscriptions should be sent to the Assistant Editor, "Prajñā", B.H.U. Journal, Varanasi-5.

(3) Articles intended for publication in this Journal by B.H.U. scholars should be submitted to the Faculty Editor before July 20 for the first issue and November 20 for the next issue and should reach the Editorial Board on July 30 and Nov. 30 respectively.

(4) Articles should ordinarily be type-written on foolscap paper on one side only and should not ordinarily cover more than 10 pages. Teacher-authors contributing original articles to the Journal are entitled to receive 50 off-prints gratis and the students will get 25 off-prints.

(5) Article of a highly technical nature will not be entertained.

काशी हिन्दू विश्वविद्यालय पत्रिका

अंक १४ भाग (१) अक्टूबर १९६८

काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के संस्थापक

पूज्य महामना

हिताय सर्वलोकानां निग्रहाय च दुष्कृतां
धर्मसंस्थापनार्थाय प्रणम्य परमेश्वरम् ।
प्रसादाद्विश्वनाथस्य काश्यां भागीरथीतटे
विश्वविद्यालयः श्रेष्ठः हिन्दूनां मानवर्धनः ॥
हिन्दूराज्याधिपतिभिर्धनिकैर्धार्मिकैस्तथा
मिलित्वा स्थापितः सद्भिर्विद्याधर्मविवृद्धये ॥

जन्म :—वि० सं० १९१८ पौषकृष्ण ८ (२५-१२-१८६१)
मोक्ष :—वि० सं० २००३ मार्गशीर्षकृष्ण ४ (१२-११-१९४६)

विषय-सूची

१. भूमा
रामाधीन चतुर्वेदी १

२. स्याद्वाद
दरबारी लाल कोठिया ३

३ भास्कर के अनुसार मोक्ष का स्वरूप
शिवशंकर ६

4. *The Cancer—A Study in Medical Geography*
Dr. M. N. Nigam 13

5. *Paradise lost and the Waste Land—A Study of Mythical Technique*
Dr. V. Rai 29

6. *Industrial Dynamics and Design of production control system*
Mukund Lal 37

7. *Relation between Population & Economic Development*
R. M. Singh Vishen 51

8. *The Gene Concept*
Dr. B. Rai 59

9. *Planned Change and Individual Freedom*
Dr. Satyendra Tripathi 68

10. *On the Theory of Poetic Belief and Poetic Appreciation*
V. Prasad 77

11. *The Essential Problem*
R. K. Shringy 85

12. *Antibiosis of Soil Micro-Organism*
Dr. R. S. Dwivedi 90

13. *The Nature of Sovereignty in Medieval India*
Dr. J. Chaube ... 97

14. *Man in Nature*
Dr. R. Misra 112

15. *Industry and the Sedimentary Petrology*
Ram Murti 119

16. *Albiruni on Child Marriage*
M. P. Singh 126

17. *Some Introductory Aspects of Modern Algebra*
Dr. P. B. K. Sankar 134

१८. भारत में खनिज उत्पादन की प्रगति
प्रो० निरंजनलाल शर्मा १४८

१९. भारतेन्दु की निरुक्ति
डॉ० श्याम तिवारी १६३

20. *Fertiliser Complex in India*
G. Sukumar 190

21. *Industrialisation and Rural Regional Development*
Dr. D. P. N. Singh 197

22. *Improvement of Essay Type of Examination*
Dr. Lalmani Misra 207

23. *Jean Paul Sartre*
R. K. Tripathi 214

24. *Both Hell & Heaven are Within Us*
U. A. Asrani 220

२५. भारतीय मनोविज्ञान : अध्ययन का एक उपेक्षित क्षेत्र
चन्द्रभाल द्विवेदी २४७

२६. लोक और विश्व
(स्व०) ललित किशोर सिंह २५६

२७. बाढ़ : एक भूवैज्ञानिक विवेचन
उमाशंकर दूबे २६३

२८. नेत्र-रक्षा
डॉ० हरिवल्लभ नेमा २६८

२९. प्रामाण्यविचारः
सुब्रह्मण्यम् शास्त्री २७४

३०. उपमा-विमर्शः
जगदीश चन्द्र शास्त्री २७९

३१. साधना के रूप
गोपाल भट्ट २८५

३२. काव्यप्रकाशोत्कर्षहेतूपादानम्
गोपराजु राम २८९

३३. अवतार-निरूपणम्
रामेश्वर प्रसाद त्रिपाठी २९२

३४. परम्परा और प्रतिभा
मैनेजर पाण्डेय २९६

३५. पूर्वमध्ययुगीन अरब लेखकों द्वारा बौद्धधर्म सम्बन्धी विवरण
डॉ० जयशंकर मिश्र २९९

३६. समाचार-पत्र और जनमत
गिरिजा शंकर सिंह ३०२

३७. परम्परा और आधुनिकता
डॉ० नन्दकुमार राय ३०७

38. *Dr. U. C. Nag—A Tribute*
T. N. S. 310

———

भूमा

रामाधीन चतुर्वेदी

व्याकरण-शास्त्र के अनुसार 'भूमा' शब्द बहु शब्द से इमनिच् प्रत्यय करने पर सिद्ध होता है—जिसका अर्थ है बहुत्व या बड़ा। किससे बड़ा और कितना बड़ा—इसकी चर्चा यहाँ नहीं है; केवल शब्द की सिद्धि का निर्देश है। फिर भी इतना चमत्कार तो अवश्य है कि महर्षि पाणिनि ने भी "बहोर्लोपो भू च बहोः" (६।४।१५८) इस सूत्र संकेत से बहु प्रकृति के स्थान में भू-भाव दिखा कर भूमा की व्यापकता प्रकट कर ही दी है। अस्तु !

भूमा की परिभाषा वेद में स्पष्ट है। छान्दोग्योपनिषद् में सनत्कुमार का नारद से कथन है—"यो वै भूमा तत्सुखं नाल्ये सुखमस्ति" (७।२३।१) अर्थात् जो 'भूमा' है वही सुख है, अल्पता में सुख नहीं है, अतः उसी को जानना चाहिये। इसके आगे उन्होंने भूमा का परिचय दिया है कि "यत्रनान्यत्पश्यति नान्यच्छृणोति नान्यद्विजानाति स भूमा", अर्थात् जिस समय मनुष्य न दूसरी वस्तु को देखता है, न सुनता है, न तो जानता है वही भूमा है। तात्पर्य यह है कि भूमा वह व्यापक भाव है, जिसे प्राप्त कर लेने पर मनुष्य के समक्ष किसी अन्य पदार्थ की सत्ता ही नहीं रहती, प्रकृति का सारा प्रपञ्च उस समय बिलकुल गायब हो जाता है। द्रष्टा-दृश्य, श्रोता-श्रव्य तथा ज्ञाता-ज्ञेय का भी भेद मिट जाता है; केवल चित्प्रकाश ही शेष रह जाता है। श्रुति का उद्घोष है कि—

> "न तत्र सूर्यो भाति न चन्द्रतारकं,
> नेमा विद्युतो भान्ति कुतोऽयमग्निः।
> तमेव भान्तमनुभाति सर्वं,
> तस्य भासा सर्वमिदं विभाति॥"

(कठोपनिषद २।२।१५)

अर्थात् जहाँ सूर्य, चन्द्रमा, तारागण तथा विद्युत् का प्रकाश काम नहीं करता, वहाँ अग्नि के प्रकाश की कथा ही क्या है ? बल्कि वस्तुस्थिति तो यह है कि उसी के प्रकाश से ये सब भासित हो रहे हैं। भाव यह है कि जैसे सूर्योदय होने पर आकाश-मण्डल में रहते हुए भी तारागण नहीं दिखाई देते, उसी प्रकार चित्प्रकाशरूप भूमा की अनुभूति में ये छोटे-बड़े सभी प्रकाश तिरोहित हो जाते हैं और यह संसार स्वप्न के समान मिथ्या हो जाता है। तभी—'ब्रह्म सत्यं जगन्मिथ्या' का वास्तविक बोध होता है।

यह भूमा भाव ही परमपद है, जिसकी प्राप्ति गुरु कृपा, ईश्वरानुग्रह, सत्सङ्ग तथा प्राक्तन पुण्य पुञ्ज से ही होती है। जो मानव अपने जीवन में इस पद की अनुभति से वञ्चित रह जाते हैं, वे ही शोक-मोह तथा भय से ग्रस्त होकर विषयानन्द के पीछे मृगतृष्णा के समान चक्कर काटते

फिरते हैं। सांसारिक विषयों की तृष्णा तभी छूटती है, जब शिव-भाव प्राप्त होता है। जैसा कि भर्तृहरि ने कहा है—

"निस्वी वष्टि शतं शती दशशतं लक्षं सहस्राधिपो,
लक्षेशः क्षितिपालतां क्षितिपतिश्चक्रेशतां वाञ्छति ।
चक्रेशः पुनरिन्द्रतां सुरपति ब्राह्मि पदं याचते,
ब्रह्मा विष्णुपदं हरिः शिवपदं तृष्णावधिं को गतः ॥"

अर्थात् जिसके पास कुछ नहीं है, बहुत गरीब है, वह पहले सौ रुपये की ही प्राप्ति की इच्छा करता है, किसी प्रकार जब उसके पास सौ रुपये हो जाते हैं, तब वह उससे सन्तुष्ट न होकर हजार के लिए उत्सुक होता है, हजार की सिद्धि हो जाने पर लाख की चाहना उसे व्यग्र करती है। इस प्रकार जब वह लखपति बन जाता है तो पुनः सम्पूर्ण पृथ्वी-मण्डल का मालिक बनने की उसकी अभिलाषा जाग उठती है। यों तृष्णा आगे बढ़ती ही जाती है, क्योंकि सार्वभौम राजा के मन में भी यह इच्छा होती है कि इन्द्र-पद के सामने यह पद तुच्छ है, अतः मुझे स्वर्ग का इन्द्र-पद प्राप्त हो जाय। इसी प्रकार इन्द्र को ब्रह्मा के पद की, और ब्रह्मा को विष्णु-पद की तथा विष्णु को भी शिव-पद की अभिलाषा रहती ही है। अतः तृष्णा की अवधि पार करना बड़ा ही कठिन है। इस तृष्णा समुद्र की अवधि तो तब मिलती है, जब मनुष्य नित्य प्रकाश भूमा रूप शिव-पद की अनुभूति में अपने आपको समर्पित कर देता है।

वस्तुतः यह 'भूमा' ही सुख है; और मानव-जीवन की सार्थकता भी इसकी उपलब्धि में ही है।

———

स्याद्वाद

डॉ० दरबारीलाल जैन कोठिया

'स्याद्वाद' जैन दर्शन का एक मौलिक एवं विशिष्ट सिद्धान्त है। 'स्याद्वाद' पद 'स्यात्' और 'वाद' इन दो शब्दों से बना है। यहाँ 'स्यात' शब्द अव्यय निपात है, 'क्रिया' शब्द या अन्य शब्द नहीं है। इसका अर्थ कथंचित्, किंचित्, किसी अपेक्षा, कोई एक दष्टि, कोई एक धर्म की विवक्षा, कोई एक ओर, है। और 'वाद' शब्द का अर्थ है मान्यता अथवा कथन। जो 'स्यात्' (कथंचित्) का कथन करने वाला अथवा 'स्यात्' को लेकर प्रतिपादन करने वाला है वह 'स्याद्वाद' है। अर्थात् जो विरोधि धर्म का निराकरण न करके अपेक्षा से वस्तु-धर्म का प्रतिपादन (विधान) करता है उसे 'स्याद्वाद' कहा गया है।[1] कथंचित्वाद, अपेक्षावाद आदि इसी के नामान्तर हैं—इन नामों से उसी का बोध किया जाता है।

स्मरण रहे कि वक्ता अपने अभिप्राय को यदि सर्वथा के साथ प्रकट करता है तो उससे सही वस्तु का बोध नहीं हो सकता और यदि 'स्यात' के साथ वह अपने अभिप्राय को प्रकट करता है तो वह वस्तु-स्वरूप का यथार्थ प्रतिपादन करता है। क्योंकि कोई भी धर्म वस्तु में 'सर्वथा'—ऐकान्तिक नहीं है। सत्व, असत्व, नित्यता, अनित्यता, एकत्व, अनेकत्व आदि भी धर्म वस्तु में हैं और वे सभी भिन्न-भिन्न अपेक्षाओं से उसमें विद्यमान हैं। सत्व असत्व का, नित्यत्व अनित्यत्व का, एकत्व अनेकत्व का और वक्तव्यत्व अवक्तव्यत्व का नियम से अविनाभावी है। वे एक-दूसरे को छोड़कर नहीं रहते। हाँ, एक की प्रधान विवक्षा होने पर दूसरा गौण हो जायेगा। पर वे धर्म रहेंगे सभी। इसी से वस्तु अनन्तधर्मात्मक है। इस विषय को जैन विचारक आचार्य समन्तभद्र ने[2] बहुत स्पष्टता के साथ समझाया है। अतः प्रत्येक वक्ता जब कोई बात कहता है तो वह 'स्याद्वाद' की भाषा में कहता है। भले ही वह स्याद्वाद का प्रयोग करे या न करे।

स्याद्वाद का सार्वत्रिक उपयोग

लौकिक या पारलौकिक कोई भी ऐसा विषय नहीं है, जिसमें स्याद्वाद का उपयोग न किया जाता हो। जीवन के दैनिक व्यवहार से लेकर मुक्ति तक के सभी विषयों में स्याद्वाद का उपयोग होता है और हर व्यक्ति उसे करता है। टोपी, कुरता, धोती आदि जितने शब्द और संकेत हैं वे सब विवक्षित अभिप्रायों को प्रकट करने के साथ ही अविवक्षित गौण अभिप्रायों की भी सूचना करते हैं। यह दूसरी बात है कि उन्हें कहते समय या सुनते समय उन गौण अभिप्रायों की ओर वक्ता या श्रोता का ध्यान न जाय, क्योंकि उसका काम विवक्षित अभिप्राय से सम्पन्न

---

[1] स्याद्वादः सर्वथैकान्तत्यागात्किंवृत्तचिद्विधिः।
सप्तभङ्गनयापेक्षो हेयादेयविशेषकः॥
—समन्तभद्र, आप्तमी. का. १०४।

[2] सदेकनित्यवक्तव्यास्तद्विपक्षाश्च ये नयाः।
सर्वथेति प्रदुष्यन्ति पुष्यन्ति स्यादितीहिते॥
सर्वथा-नियम-त्यागी यथादृष्टमपेक्षकः।
स्याच्छब्दस्तावके न्याये नान्येषामात्मविद्विषाम्॥
—समन्तभद्र, स्वयम्भूस्तोत्र १०४, १०५।

हो जाता है। पर यह बात नहीं कि वे अविवक्षित अभिप्राय उसमें विद्यमान न हों। स्याद्वाद इसी ऐकान्तिकता का निषेध करता है और अनेकान्त का विधान करता है। और तो क्या, वह अनेकान्त में भी अनेकान्त की योजना करता है और यह अचरज करने की बात नहीं है। जिसे हमने अनेकान्त कहा है वह समष्टि को ध्यान में रखकर ही तो कहा है, पर व्यष्टि (एक-एक धर्म-अभिप्राय) की अपेक्षा से तो वह अनेकान्त नहीं है, एक-एक अभिप्राय है। इस तरह अनेकान्त को भी स्याद्वाद ने समष्टि और व्यष्टि की अपेक्षाओं से अनेकान्त बतलाया है।[1] और यह अतात्त्विक या व्यर्थ जैसी चीज नहीं है। वस्तु ही जब वैसी स्वभावतः हो तो उसकी वैसी ही व्याख्या होनी चाहिए। हमें जो ऐकान्तिक दृष्टि से देखने की लत पड़ी हुई है उसी से हम उक्त प्रकार के प्रतिपादन को अतात्त्विक या व्यर्थ कहने लगते हैं। अतः वस्तु के यथार्थ स्वरूप को देखना है तो हमें इस एकान्त दृष्टि के सदोष चश्मे को दूर कर स्याद्वाद-दृष्टि के निर्दोष सूक्ष्म-वीक्षण यन्त्र को लगाकर ही वस्तु के स्वरूप को देखना चाहिए और वैसी ही उसकी व्यवस्था करनी चाहिए।

स्याद्वाद और अनेकान्तवाद

कुछ विद्वानों का कथन है कि स्याद्वाद और अनेकान्तवाद दोनों एक हैं—एक ही अर्थ के प्रतिपादक दो शब्द हैं। किन्तु ऐसा नहीं है। इन दोनों में उसी तरह का भारी अन्तर है जिस तरह का प्रमाणवाद और प्रमेयवाद में, या ज्ञानवाद और ज्ञेयवाद में है। वस्तुतः स्याद्वाद व्यवस्थापक है और अनेकान्तवाद व्यवस्थाप्य। अथवा स्याद्वाद वाचक (प्रतिपादक) है और अनेकान्तवाद प्रतिपाद्य। दोनों स्वतंत्र हैं। पर व्यवस्थाप्य-व्यवस्थापक या वाच्य-वाचक सम्बन्ध से वे परस्पर में ऐसे सम्बद्ध हैं, जैसे शब्द और अर्थ, प्रमाण और प्रमेय, ज्ञान और ज्ञेय। इस तरह इन दोनों में बड़ा अन्तर है और दोनों ही भिन्नार्थक हैं। यहाँ ध्यान देने योग्य है कि स्याद्वाद जब भी वस्तु की व्यवस्था करेगा, तब 'सप्तभङ्गी' के द्वारा करेगा। अतः स्याद्वाद वक्ता का वचनस्थानीय है, अनेकान्तवाद वस्तुस्थानीय है और सप्तभंङ्गीवाद प्रयोग साधनस्थानीय है। चूँकि अनेकान्तस्वरूप वस्तु स्वयं अपने आप में समष्टि और व्यष्टि की अपेक्षा तथा प्रमाण और नयकी विवक्षा से अनेकान्त तथा एकान्त दोनों रूप है। इसलिए उसकी साधन-प्रक्रिया—सप्तभङ्गी भी दो प्रकार की कही गई है। एक प्रमाणसप्तभङ्गी और दूसरी नयसप्तभङ्गी। प्रमाणसप्तभङ्गी के द्वारा स्याद्वाद अनेकान्तस्वरूप वस्तु की अनेकान्तात्मकता का और नय-सप्तभङ्गी द्वारा उसी अनेकान्तस्वरूप वस्तु की एकान्तात्मकता का प्रतिपादन करता है। यहीं इन तीनों—स्याद्वाद, सप्तभङ्गीवाद और अनेकान्तवाद में मौलिक भेद है। यहाँ सप्तभङ्गीवाद से उन सात भङ्गों (उत्तर वाक्यों) के समुच्चय से अभिप्राय है, जिनके माध्यम से वक्ता अपने अभिप्राय को प्रकट करता है और प्रश्नकर्ता के प्रश्नों का समाधान करता है।

अनेकान्तवाद और सप्तभङ्गीवाद

यद्यपि ऊपर के विवेचन से अनेकान्तवाद और सप्तभङ्गीवाद का स्वरूप ज्ञात हो जाता है तथापि उनके सम्बन्ध में थोड़ा प्रकाश और डालना आवश्यक है। 'अनेकान्तवाद' पद में

---

[1] अनेकान्तोऽप्यनेकान्तः प्रमाणनयसाधनः।
अनेकान्तः प्रमाणात्ते तदेकान्तोऽर्पितान्नयात्॥

—समन्तभद्र, स्वयम्भूस्तो० श्लो० १०६

तीन शब्द हैं—अनेक, अन्त और वाद। अनेक का अर्थ नाना है और अन्त का अर्थ यहाँ उसके नानार्थक होते हुए भी धर्म विवक्षित है और वाद का अर्थ मान्यता अथवा कथन है। पूरे पद का अर्थ हुआ नाना-धर्मात्मक वस्तु की मान्यता अथवा कथन। इस तरह नानाधर्मात्मक वस्तु का नाम अनेकान्त और उसके स्वीकार का नाम अनेकान्तवाद है। वस्तु में सामान्य, विशेष, गुण, पर्याय आदि अनन्त धर्म भरे पड़े हैं। उनमें से एक ही धर्म को या एक धर्मात्मक ही वस्तु को स्वीकार करना एकान्तवाद है। सामान्यैकान्त, विशेषैकान्त, भेदैकान्त, अभेदैकान्त, नित्यैकान्त अनित्यैकान्त आदि एकान्तवाद हैं। एकान्तवाद के स्वीकार करने में जो सबसे बड़ा दोष है वह यह है कि उन सामान्य-विशेष आदि में से केवल उसी एक को मानने पर दूसरे धर्मों का तिरस्कार हो जाता है और उनके तिरस्कृत होने पर उनका अभिमत वह धर्म भी नहीं रहता, जिसे वे मानते हैं, क्योंकि उनका परस्पर अभेद्य सम्बन्ध अथवा अविनाभाव सम्बन्ध है। किन्तु विवक्षित और अविवक्षित धर्मों को मुख्य तथा गौण दृष्टि से स्वीकार करने में उक्त दोष नहीं आता। अतएव अन्तिम तीर्थंकर महावीर ने बतलाया कि यदि अविकल पूरी वस्तु देखना चाहते हो तो उन एकान्त-वादों के समुच्चयस्वरूप अनेकान्तवाद को स्वीकार करना चाहिए—उनकी परस्पर सापेक्षता में ही वस्तु का स्वरूप स्थित रहता और निखरता है। यही अनेकान्तवाद है, जिसकी व्यवस्था स्याद्वाद के द्वारा बतायी जा चुकी है।

सात उत्तरवाक्यों के समुदाय का नाम सप्तभङ्गी है। यहाँ 'भङ्ग' शब्द का अर्थ उत्तर-वाक्य अथवा वस्तुधर्म विवक्षित है। जिसमें सात उत्तरवाक्य या धर्म हों, उसे सप्तभंगी कहते हैं। यह वक्ता की प्रतिबोध्य को समझाने की एक प्रक्रिया है।[१] इसके स्वीकार का नाम सप्तभङ्गीवाद है। इस सप्तभंगी में सात ही उत्तरवाक्यों का नियम इसलिए है कि प्रश्नकर्ता के द्वारा सात ही प्रश्न किये जाते हैं, और उन सात ही प्रश्न किये जाने के कारण उसकी सात ही जिज्ञासाएँ है तथा सात जिज्ञासाओं का कारण भी वस्तु के विषय में उठने वाले उसके सात ही सन्देह हैं और इन सात सन्देहों का कारण वस्तुनिष्ठ सात ही धर्म हैं।[२] यों तो वस्तु में अनन्त धर्म हैं। किन्तु प्रत्येक धर्म को लेकर विधि-निषेध (है, नहीं) की अपेक्षा से सात ही धर्म उसमें व्यवस्थित हैं। वे सात धर्म इस प्रकार हैं—सत्त्व, असत्त्व, सत्त्वासत्त्वोभय, अवक्तव्यत्व (अनुभय), सत्त्वावक्तव्यत्व, असत्त्वावक्तव्यत्व और सत्त्वासत्वोभयावक्तव्यत्व। इन सात से न कम है और न ज्यादा। इन सात में तीन भङ्ग (सत्त्व, असत्त्व और अवक्तव्यत्व) मूलभूत हैं, तीन (उभय, सत्त्वावक्तव्यत्व और असत्त्वावक्तव्यत्व) द्विसंयोगी हैं और एक (सत्त्वासत्वोभयावक्तव्यत्व) त्रिसंयोगी है। उदाहरणस्वरूप नमक, मिर्च और खटाई इन तीन मूल स्वादों के संयोगज स्वाद चार और बन सकते हैं और कुल सात ही हो सकते हैं। उनसे न कम और न ज्यादा।

अतः इन सात धर्मों के विषय में प्रश्नकर्ता के द्वारा किये गये सात प्रश्नों का उत्तर सप्त-भङ्गों—सात उत्तरवाक्यों के द्वारा दिया जाता है। यही सप्तभंगीन्याय अथवा शैली या प्रक्रिया है, जो वस्तुसिद्धि के लिए स्याद्वाद का अमोघ साधन है।

●

---

१ न्यायदीपिका पृ० १२७, तत्त्वार्थवार्तिक १–६, जैनतर्कभाषा, पृ० १९।
२ अष्टसहस्री पृ० १२५, १२६।

भास्कर के अनुसार मोक्ष का स्वरूप

शिवशंकर

शोध छात्र, भारतीय दर्शन एवं धर्म विभाग

मनुष्य मात्र का जीवन जिन ध्येयों को आगे रखकर प्रवृत्त होता है, उन्हें शास्त्रीय भाषा में 'पुरुषार्थ' कहते हैं। हिन्दू धर्म के अनुसार पुरुषार्थ चार होते हैं—धर्म, अर्थ, काम तथा मोक्ष। इनमें मोक्ष सबसे श्रेष्ठ माना जाता है। क्योंकि मनुष्य जीवन के शेष तीनों प्रयोजन विषयों की प्राप्ति कराते हैं, जो बन्धन में डालते हैं, जबकि मोक्ष इन विषयों से छुटकारा दिलाता है। अतएव मोक्ष जीवन का अन्तिम एवं सर्वश्रेष्ठ लक्ष्य है।

इस मोक्ष को प्राप्त करने के मार्ग में अज्ञान ही एकमात्र प्रतिबन्ध है। भास्कर कहते हैं कि शरीर आदि जो आत्मा नहीं है, उनको ही आत्मा मान लेना और ब्रह्म के स्वरूप को न समझना ही 'अविद्या' या 'अज्ञान' है।[1]

जब तक यह अज्ञान दूर नहीं होता, तब तक जीव विविध दुःख-पूर्ण जन्म-मरण चक्र स्वरूप संसार के आवर्तन से युक्त रहता है। आत्म-ज्ञान से ही यह अज्ञान दूर होता है। तदनन्तर जीव का वास्तविक स्वरूप अभिव्यक्त होता है।

जीव अपने कर्मों से ही बन्धन में पड़ता है। उसने जो कर्म पूर्व-जन्म में किये हैं, उन्हीं का फल भोगने के लिए वह इस संसार में विभिन्न योनियों में अवतीर्ण होता है। भास्कर के अनुसार 'यह संसार ही बन्धन है'[2] जो अज्ञान से प्राप्त होता है; इसके विपरीत मोक्ष है, जो तत्त्वज्ञान से प्राप्त होता है। संसार में पड़ा हुआ जीव संचित एवं क्रियमाण कर्मों को करके ही संसार-सागर को पार कर पाता है।

कर्म तीन प्रकार के होते हैं—(१) संचित (पूर्वकाल के वे कर्म, जो जमा हैं); (२) प्रारब्ध—(पूर्वकाल के वे कर्म, जिनका फल-भोग हो रहा है); और (३) क्रियमाण या संचीयमान (वे नये कर्म, जो इस जीवन में जमा हो रहे हैं।) जीवन के संचित एवं क्रियमाण कर्मों का क्षय ज्ञान से होता है, जबकि प्रारब्ध-कर्मों का क्षय भोग से होता है।

जीव का कर्मों के साथ संबंध अनादि काल से है, फलस्वरूप जीव जो कर्मजन्य जन्म-मरण चक्र स्वरूप आवृत्ति या संसार दशा को प्राप्त करता है, वह भी अनादि काल से है।

यहाँ पर साधक के मन में शंका हो सकती है कि जो वस्तु अनादिकाल से चली आ रही है, उससे छूटने का तो कोई उपाय नहीं हो सकता। परन्तु ऐसी बात नहीं है। इस विषय में भास्कर कहते हैं कि वर्तमान आवृत्ति दशा से मुक्ति पाने का एकमात्र साधन ब्रह्म-ज्ञान है। ब्रह्म-ज्ञान प्राप्त होते ही जीव इस पंचभौतिक स्थल शरीर को छोड़ देता है और अर्चिरादि मार्ग से जाकर

---

[1] देहादिष्वनात्मसु विपरीतज्ञानं ब्रह्मस्वरूपाप्रतिपत्तिश्च तदुभयं ग्रहणाग्रहणमविद्या।
—ब्र० सू०, भा० भा० १।१।४

[2] संसारबन्धात्। गी० भा० भा० ५।३, ९।१ और ३।२।५ भा० भा०

कार्य जगत् को पार करके परतत्व से मिल जाता है। उस समय जीव अपने वास्तविक स्वरूप से अभिव्यक्त होता है। अपने कथन के समर्थन में वे श्रुति से उद्धरण देते हैं—"जब जीव इस स्थूल शरीर से निकलता है, तब वह परम प्रकाशमान ब्रह्म के साथ एकता को प्राप्त करके अपने वास्तविक स्वरूप से स्थित होता है।[1]

यद्यपि जीव का स्वरूप ब्रह्म का ही स्वरूप है, परन्तु अविद्या के कारण जीव ब्रह्म के स्वरूप को नहीं समझ पाता। अविद्या के दूर होने पर ही जीव का सही रूप झलकता है। जैसे मनुष्य स्वर्गलोक में दिव्य शरीर से स्वर्ग के फलों को भोगते हैं, वैसे ही जीव अपने वास्तविक रूप से ब्रह्म के साथ ऐक्य प्राप्त करता है।

भास्कर कहते हैं कि मुक्त होने के पहले जीव जाग्रत्, स्वप्न तथा सुषुप्ति में अविद्या से कलुषित रहता है। परन्तु मुक्त होने के पश्चात् वह समस्त बन्धनों से रहित हो जाता है, और इस संसार से जाने के बाद शुद्ध परमात्मा के स्वरूप को प्राप्त कर लेता है। उनके अनुसार अविद्या, काम, कर्म में बीजाङ्कुर संबंध है और ये तीनों मिलकर ही जीव के लिए बन्धन का काम करते हैं। इसी बन्धन से छूट जाना ही मोक्ष-प्राप्ति में सहायक होता है।

जीवात्मा मुक्त होकर परमात्मा के स्वरूप को प्राप्त कर उसी से मिलकर स्थित होता है। इस विषय में उन्होंने श्रुति उद्धृत की है—"छान्दोग्य उपनिषद में उद्दालक ने श्वेतकेतु को बताया,—'हे श्वेतकेतु ! तुम वही हो'।"[2]

जीव परमात्मा में मिलकर किस प्रकार स्थित होता है, भास्कर ने इस विषय में कुछ दृष्टान्त दिये हैं—"जिस तरह शुद्ध जल में शुद्ध जल मिलाने से वह जल शुद्ध ही होता है, उसी तरह जीवात्मा परमात्मा में मिलकर परमात्मा के स्वरूप को प्राप्त कर लेता है।"[3] अथवा जैसे घट के फूटने पर घट में प्रतिबिम्बित घटाकाश महाकाश ही हो जाता है, क्योंकि घट फूटने पर उपाधि नष्ट हो जाती है और निरुपाधिक महाकाश शेष रहता है। इसी प्रकार जीव भी शरीर, इन्द्रियादि उपाधियों से रहित होकर परमात्म रूप हो जाता है।

मोक्षावस्था में जीव अपनी अलग सत्ता नहीं रखता, बल्कि परमात्मा से मिलकर स्थित होता है, ऐसा उनका मन्तव्य है। जीवात्मा और परमात्मा में स्वाभाविक रूप से अभेद है, परन्तु औपाधिक दृष्टिकोण से भेद है।

आचार्य भास्कर का अभीष्ट मत है कि मोक्ष ससम्बोध है। मोक्षावस्था में जीव सल्लक्षण, बोध स्वरूप, सत्, सर्वज्ञ, सर्वशक्तिमान् एवं भिन्नाभिन्न होता है और उसका ज्ञान उससे भिन्न नहीं है।[4]

---

[1] एवमेवैष सम्प्रसादोऽस्माच्छरीरात्समुत्थाय परं ज्योतिरूपसम्पद्य स्वेन रूपेणाभिसम्पद्यते। —छा० ८।२।२

[2] तत्त्वमसि श्वेतकेतो। —छा० ३।१२।३

[3] पयोदके शुद्धे शुद्धमाशितुं तादृशोभवति।
एवं मुनेर्विजानत आत्मा भवति गौतम।। —क० २।१।१५

[4] ससम्बोधे पुनर्मोक्षे सर्वमुत्पन्नं सल्लक्षणं बोधस्वरूपं सत्सर्वज्ञं सर्वशक्तिर्भिन्नाभिन्नरूपं हि तद्वस्तु नातोऽन्यथा तदवगतिरिति। —भा० भा० ब्र० सू० ४।४।१४

अपने कथन की पुष्टि के लिए भास्कर ने दूसरे के मतों का खण्डन किया है :

आचार्य जैमिनि मानते हैं कि ब्रह्मज्ञानी मुक्तावस्था में ब्रह्मके समान रूप से सम्पन्न होता है । वे कहते है कि मुक्त होकर जीव सत्यकाम एवं सत्य संकल्प युक्त हो जाता है । वे मोक्ष को ससम्बोध मानते है अर्थात् मुक्तावस्था में जीव को ज्ञान बना रहता है । जैसे पक्षी अपने क्रीड़ास्थल में जाते हैं, उसी तरह मुक्त जीव सर्वज्ञ और सर्वशक्तिमान होकर ब्रह्मलोक में गमन करता है ।[१]

इसके विपरीत आचार्य औडुलोमि अपना मत प्रकट करते हैं कि जीव मुक्तावस्था में केवल ब्रह्म के चैतन्य स्वरूप से युक्त होता है । वे मोक्ष को सुषुप्ति के समान निःसम्बोध मानते हैं; अर्थात् जैसे जीव को सुषुप्ति में कुछ भी ज्ञान नहीं रहता, वैसे ही मोक्षावस्था में भी वह निः-सम्बोध या ज्ञानशून्य रहता है ।[२]

इसके अतिरिक्त वैशेषिक दर्शन के लोग भी ससम्वोध मोक्ष नहीं मानते । उनके अनुसार सर्वज्ञत्वादि गुणों से युक्त होने पर दुःख की निवृत्ति ही मोक्ष है । क्योंकि आनन्दादि शब्द दुःख की निवृत्ति बताते हैं । वे कहते हैं कि यदि मोक्ष को सुख रूप मान कर उसमें राग होने के कारण कोई प्रवृत्त हो, तब तो वह बन्धन में ही पड़ेगा, क्योंकि राग बन्धन का हेतु होता है । उनके अनुसार जीवमुक्त होने पर पाषाण तुल्य चेतनाशून्य होता है ।[३]

भास्कर ने वैशेषिक का खण्डन किया है । वैशेषिक मतानुयायी यह मानते हैं कि यदि मोक्ष में सुख-प्राप्ति माना जाय तो, उसमें रहग होने के कारण, जीव पुनः बन्धन में पड़ेंगे, क्योंकि राग बन्धन का हेतु है । उनका वह मत ठीक नहीं ।

शास्त्रों ने राग और बन्धनादि का अच्छी तरह विवेचन किया है । जैसे अपनी पत्नी का गमन करना धर्म है, एवं दूसरे की पत्नी का गमन करना अधर्म है, उसी तरह विषय से सम्बन्धित राग बन्धन का हेतु है, जबकि निरतिशय आनन्दरूप ब्रह्म के विषय में राग मुक्ति का हेतु होता है ।[४]

भास्कर का वैशेषिक मत के विरोध में कहना है कि यदि मोक्षावस्था में मुक्त जीव पाषाण के सदृश चेतनाशून्य एवं आनन्द रहित रहता है और जीव को कोई बोध नहीं रहता तो उस वैशेषिकी मुक्ति की अपेक्षा वृन्दावन में शृगाल बनकर रहना श्रेयस्कर है, परन्तु उस तरह मुक्त होना अच्छा नहीं ।[५] उस आचार्य का यह अभिप्राय है कि साधक मुक्ति के लिए महान् प्रयत्न करता है, और यदि सारे प्रयास के फलस्वरूप उसे एक निर्गुण अवस्था ही उपलब्ध होगी, वह ऐसा समझे तो शायद मुक्ति के लिए प्रयास ही न करे ।

---

[१] स तत्र पर्येति पक्षिक्रीडं नीयमानः सर्वज्ञः सर्वशक्तीरित्यादि—ग्रहणं ससम्बोधो मोक्ष इति जैमिनेरभिप्रायः । —भा० भा० ४।४।५

[२] वही, ४।४।६

[३] वही, ४।४।७

[४] विषयविषयोरागो बन्धहेतुर्निरतिशयानन्दब्रह्म विषयो मुक्तये । —भा० भा० ४।४।७

[५] वरं वृन्दावने रम्ये शृगालत्वं वृणोम्यहम् ।
न च वैशेषिकीं मुक्तिं प्रार्थयामि कदाचन ॥ —भा० भा० १।१।४

वे कहते हैं कि जिस तरह लौकिक पुरुष पहले अपने पिता के पास पहुँचने का संकल्प करता है और बाद में उसके पास पहुँच जाता है, वैसे ही मुक्त होने पर जीव को संकल्प से पितृ आदि लोक के भोगों की प्राप्ति होती है, क्योंकि मुक्त पुरुष का संकल्प सत्य होता है । श्रुति भी इस बात का समर्थन करती है ।[१] मुक्त जीव का संकल्प अवंध्य होता है, इसीलिए उसका कोई अधिपति नहीं होता, वह स्वतंत्र होता है । वह सभी लोकों में अपनी इच्छा से विचरण करता है ।

भास्कर कहते हैं कि मुक्त जीव को शरीरेन्द्रियादि नहीं रहते । वह केवल मन से ही भोगों को प्राप्त करता है । जैसे स्वप्न काल में मन से ही सुख का उपभोग किया जाता है, उसी प्रकार ब्रह्मलोक में भी मुक्त जीव मन से इन सभी कामनाओं को प्राप्त कर लेता है ।[१]

वे कहते हैं कि जैसे जाग्रत दशा में शरीर रहता है, और स्थिर स्थूल पितादि के भोग प्राप्त होते हैं । इससे स्पष्ट होता है कि मोक्ष ससम्बोध है, जो कि श्रुतिसिद्ध है ।

आचार्य बादरायण कहते हैं कि मुक्त जीव को मोक्षावस्था में शरीरेन्द्रियादि नहीं रहते । वह केवल मन से ही सभी भोगों को प्राप्त कर लेता है ।[२]

इसके विपरीत आचार्य जैमिनि का मत है कि मुक्त जीव को शरीरेन्द्रियादि रहते हैं, क्योंकि श्रुति में जीव के विकल्पों का कथन किया गया है कि मुक्त जीव एक प्रकार से, दो प्रकार से होता है (छा० ७।२६।२) । दोनों प्रकार की श्रुति होने से आचार्य बादरायण दोनों मतों को मानते हैं । चूँकि जीव सर्वशक्तिमान होता है और उसका ऐश्वर्य के साथ सम्बन्ध होता है । इसलिए वह स्वेच्छा से शरीरादि ग्रहण करता है तथा नहीं भी करता । आचार्य बादरायण कहते हैं कि जैसे द्वादशाह यज्ञ एक ही है, किन्तु 'सत्र' और 'अहीन' के भेद से उसके दो रूप हैं, वैसे ही मुक्त पुरुष का शरीर युक्त और शरीरविहीन होना दोनों ही सम्भव है ।

इस प्रकार उन्होंने अपने मत के साथ-साथ अन्य आचार्यों का मत भी उल्लिखित किया है ।

भास्कर कहते हैं कि जब जीव मुक्त होता है तब संकल्प से ही बहुत से शरीरों को बना लेता है और उन्हीं से भोग करता है ।

वैशेषिकों का कहना है कि जो मन पूर्व से मुक्त हुए रहते हैं, उन्हीं को लेकर जीव संकल्प से निर्मित शरीरों से भोग का अनुभव करता है । भास्कर उपरोक्त सिद्धान्त का खण्डन करते हैं । वे कहते हैं कि कोई भी मुक्त मन पूर्व से स्थित नहीं रहते, क्योंकि इस विषय में प्रमाण मिलता है । भास्कर कहते हैं कि बिना मन के और अचेतन शरीर से कोई भी भोग नहीं हो सकता । अतः वह भी मत ठीक नहीं ।

चूंकि जीव सर्वशक्तिमान होता है, जिससे वह सभी शरीरों में चेतनता और मन का सद्भाव उत्पन्न कर लेता है । जिस तरह जहाँ-जहाँ तेल और वर्त्तिका संयोग होता है, वहाँ दीपक हो जाता है ।

भास्कर का कहना है कि जीव के अनेक शरीरों में जाने का दृष्टान्त शास्त्र से ही प्राप्त होता है । जब मुक्त जीव परमात्म स्वरूप होता है, तब वह यद्यपि सृष्टि-भेद के पूर्व एक रूप

---

[१] स यदि पितृलोककामोभवति संकल्पादेवास्य पितरः समुत्तिष्ठन्ति । —छा० ८।२।१

[२] तथा ब्रह्मलोके मनसैतान्कामानिति । —छां० ८।२।१

रहता है। फिर भी सृष्टिकाल में एकधा, पंचधा इत्यादि अनन्त भेदों वाला हो जाता है। पुनः संहार काल में अपने मूल पारमार्थिक एकधा भाव को ही प्राप्त हो जाता है। भास्कर कहते हैं कि जो जीव परमात्म भाव को प्राप्त हो जाता है, उसको ज्ञान और कर्म के सामर्थ्य से सभी वस्तुओं को बिना विषय बनाये सामान्य ज्ञान आविर्भत होता है।[१]

मुक्त जीव का ऐश्वर्य **सावधिक** होता है जबकि परमात्मा का **निरवधिक**। अनादि सिद्ध ईश्वर ही जगत् की सृष्टि करने में समर्थ है, क्योंकि प्रकरण से परमात्मा ही सृष्टिकर्त्ता सिद्ध होता है। श्रुति भी सृष्टि के पहले परमात्मा को ही बताती है।[२]

वेदान्त के उस (सृष्टि) प्रकरण में परमात्मा से भिन्न जीव सृष्टिकर्त्ता नहीं सुनाई पड़ता। अतः जीव का ऐश्वर्य सावच्छेद है और परमेश्वर के ऐश्वर्यों का अनुसरण करने वाला है।

जो सूर्य-मण्डल समस्त लोकों पर अनुग्रह करने में प्रवृत्त है, उसका भी ऐश्वर्य ईश्वर के अधीन ही है, न कि स्वतंत्र। आदित्य में स्वः, ब्रह्म में मह लोक और स्वराज्य तथा अणिमादि लक्षण वाले ऐश्वर्य भी उस ईश्वर की ही उपेक्षा करते हैं, क्योंकि मनुष्य इन ऐश्वर्यों को उत्पन्न नहीं कर सकता।

भास्कर कहते हैं कि मुक्त जीव परमात्मा के सभी ऐश्वर्यों को प्राप्त कर लेता है। परन्तु वह सृष्टि-कार्य करने में समर्थ नहीं है।[३]

भास्कर के अनुसार परमेश्वर संबंधी ऐश्वर्य नित्यसिद्ध है, वह अपनी महिमा में स्थित है, विकारों में रहने वाला है तथा विकारों में नहीं भी रहने वाला है।[४] इस विषय में दोनों प्रकार की श्रुतियाँ मिलती हैं। जैसे—"उस परमेश्वर की उतनी महिमा है कि उसके तीन चौथाई में द्युलोक में अमरता है और एक पाद में समस्त भूत है।"[५] जो कार्य ब्रह्मलोक में पहुँच कर मुक्त होते हैं, उनको ऐश्वर्य संकल्प से ही प्राप्त होते हैं। इसके अतिरिक्त कुछ श्रुतियाँ एवं स्मृतियाँ ऐसी हैं, जो यह दिखाती हैं कि परमात्मा का ऐश्वर्य विकारों में रहने वाला नहीं है।

"परमात्मा की ज्योति सबको अनुगृहीत करती है—"उस ब्रह्म लोक में न सूर्य प्रकाशित होता है, न चन्द्रमा और तारे।"[६] "उस ब्रह्म को न सूर्य, न चन्द्र और न अग्नि ही प्रकाशित कर सकते हैं।"[७]

मुक्त जीवों का ऐश्वर्य निरंकुश होता है, क्योंकि उनमें और ईश्वर के भोग में समानता है। आदित्य में स्वः और ब्रह्म में महलोक, स्वराज्य को प्राप्त करना, मनस्पति होना, संकल्प से शरीर निर्माण करके भोग करना, समस्त कामों को प्राप्त करना इत्यादि जीव के ऐश्वर्य परमात्मा के अधीन है, ऐसा भास्कर का मन्तव्य है।

---

१ भा० भा० ४।४।१६

२ छा० ६।२।१

३ जगद्व्यापारवर्जं प्रकरणादसंन्निहितत्वाच्च। —भा० भा० ४।४।१७

४ भा० भा० ४।४।१९

५ छा० ३।१२।६

६ कठ० २।२।१५

७ गी० ९।१०

भास्कर कहते हैं कि इस संसार से प्रयाण या प्रस्थान करने के दो मार्ग हैं—(१) पितृयान मार्ग तथा (२) अर्चिरादि मार्ग। जो जीव इष्टा पूर्तादि साधनों का अनुसरण करते हैं, वे पितृयान-मार्ग से जाते हैं। परन्तु स्वर्ग-लोक उन्हें कुछ निश्चित काल तक फल भोग करने के बाद फिर पृथ्वी पर लौटना पड़ता है।

इसके विपरीत जो जीव अर्चिरादि मार्ग से गमन करते हैं, वे परमात्मा के स्वरूप को प्राप्त करते हैं। उन्हें फिर इस संसार में लौटना नहीं पड़ता। वे जन्म-मरण से छुटकारा पा जाते हैं। यही मुक्ति जीवन का अन्तिम लक्ष्य है।

वे कहते हैं कि जो कोई मुक्त जीव अर्चिरादि मार्ग से जाकर कार्य ब्रह्म लोक को अर्थात् हिरण्यगर्भ को प्राप्त करते हैं और जो उसके उपासक हैं, जो साक्षात् परमात्मा को प्राप्त करने के लिए स्थित हैं अथवा उस परमात्मा की आराधना में तत्पर हैं, वे सभी इस संसार में नहीं लौटते। एक बार मुक्त होकर वे फिर मानव आवर्त्त में नहीं पड़ते। वे मुक्त जीव ब्रह्म-लोक को प्राप्त हो जाते हैं। उस ब्रह्मलोक में ही सभी वेद, सभी देवता सन्निविष्ट हैं। मन्त्र के वर्णों से भी ऐसा ही स्पष्ट होता है—"पंच अरों वाले चक्र में समस्त भुवन स्थित है, पहले उसके भीतर प्रविष्ट होकर, फिर परमात्मा को प्राप्त करके, उसके साथ ऐक्य प्राप्त करके, मुक्त जीव उस ब्रह्म में प्रसन्न होते हैं।"[१]

भास्कर दो प्रकार की मुक्ति मानते हैं : (१) क्रम-मुक्ति (२) सद्यो-मुक्ति। जो जीव साक्षात् ब्रह्म की ही उपासना करते है, वे तुरन्त ही मुक्त हो जाते हैं। यही 'सद्योमुक्ति' है परन्तु जो हिरण्यगर्भ को प्राप्त करके शुद्धान्तःकरण प्राप्त करते हैं, उन्हें कार्य ब्रह्मलोक में प्रकृष्ट ज्ञान उत्पन्न होता है। उसी विवेक-ज्ञान के साथ ही वे मुक्त हो जाते हैं। यही 'क्रम-मुक्ति' है।

भास्कर के अनुसार शरीर छूटने के बाद जो मुक्ति प्राप्त होती है उसे 'विदेह-मुक्ति' कहते हैं। यह आत्यंतिकी है अर्थात् सर्वदा के लिए होती है। विदेह-मुक्ति के बाद साधक पुनः संसार में लौटकर नहीं आता। परन्तु जीवित अवस्था में राग, द्वेष, मोह और उनके मदादि अंगों से मुक्त हो जाना ही 'जीवन्मुक्ति' है।

भास्कर जीवन्मुक्ति का खण्डन करते हैं। जब तक प्रारब्ध कर्म रहते हैं, तब तक यह शरीर रहती है। उनके अनुसार ज्ञान से सभी संचित एवं क्रियमाण कर्मों का नाश होता है, परन्तु प्रारब्ध कर्मों का नाश केवल भोग से होता है।[२] अतः जब तक प्रारब्ध कर्म रहते हैं, तभी तक यह शरीर रहता है। और शरीर रहने पर मनुष्य के लिए कर्म करना आवश्यक है। इसलिए उसे जीवित अवस्था में मुक्ति नहीं प्राप्त हो सकती। अपने कथन की सिद्धि के लिए वे

---

[१] ततः परमात्मानं प्रतिपद्य तेनैकीभूतास्तस्मिन्ब्रह्मणि मोदन्त इति।
—भा० भा० ४।४।२२

[२] प्रारब्धकर्म फलभोगक्षये सवषां मुक्तिरुक्ता।
—गी० भा० भा० ८।१६, पृ० १८७, ५।१३, पृ० १४३, २।५१, पृ० ७३

श्रुति से उद्धरण देते हैं—"विद्वान को मुक्ति के लिए तभी तक देर है, जब तक वह इस संसार से नहीं छूट जाता।"[१]

भास्कर जीवन्मुक्ति के खण्डन में निम्नलिखित तर्क देते हैं—यदि कोई जीवित रहते ही मुक्त हो जाय तो वह सर्वज्ञ होने के कारण सबके हृदय की बातों एवं भावों को जान लेगा, क्योंकि जीव मुक्त होने पर सर्वज्ञ और सर्वशक्तिमान हो जाता है।

अद्वैती प्रश्न करता है कि क्या आप सर्वज्ञ की व्याख्या इस प्रकार करते हैं ?—जो 'सर्व' है (व्यापक है) और 'ज्ञ' है (चेतन है), वही 'सर्वज्ञ' है। इसका उत्तर भास्कर देते हैं कि तुम्हारे अद्वैत दर्शन के मत से मोक्षावस्था में सब कुछ निवृत्त हो जाता है, केवल चैतन्य ही शेष रह जाता है। अतः तुम्हारे दर्शन के अनुसार यदि हम विग्रह करें तो हम 'सर्वज्ञ' का ऐसा विग्रह नहीं कर सकते, क्योंकि तुम्हारे अद्वैत दर्शन में ऐसी मान्यता है कि मोक्ष में आत्मा का शरीर, इन्द्रियादि से संबंध दूर हो जाता है। जिससे दुःख-सुख नहीं होते और उसमें केवल सत्ता एवं चैतन्य की निहित शक्ति विद्यमान रहती है। परन्तु यदि हम श्रुति का आश्रय लें तो हमें 'सर्वज्ञ' का ऐसा ही विग्रह करना होगा तथा मोक्षावस्था में जीव सर्वज्ञ और सर्वशक्तिमान होता है, ऐसा मानना होगा। उनके अनुसार 'सर्वज्ञ' वही है जिसमें सर्वव्यापकता के साथ चेतनता भी हो। अतः भास्कर इस निष्कर्ष पर पहुँचते हैं कि जीव जीवितावस्था में सर्वज्ञ होकर मुक्त नहीं हो सकता।[२]

———

[१] छा० ६।१४।२

[२] अतो जीवदवस्थायां न मोक्षः। —भा० भां० ३।४।२६

× × ×

तस्मादिहैवमुक्तिरित्यपसिद्धान्तः। —९।१, गी० भा० भा०, पृ० १९३

THE CANCER—A STUDY IN MEDICAL GEOGRAPHY

Dr. M. N. NIGAM

Medical Geography is a new branch added to the vast field of geographical discipline. We know that all the diseases of the world can be included in to two groups.—

(*a*) Deficiency diseases and

(*b*) Communicable diseases.

Deficiency pertains to the actual and the required diet of the people in different parts of the globe. This all can be found out after intensive geographical survey of land and its production, and its per capita ratio. Communicable diseases depend on the density of population and settlement on the one hand, and the wind direction and mobility of the people on the other. Thus Medical Geography has to cover a vast field. It deals with the geographical distribution of diseases, scrutinizing, computing and embodying the data in maps to provide an instant visual impression and then to suggest associations between environment and diseases. It also suggests new ideas about the causation of disease and eventually leads to the introduction of appropriate preventive measures. The maps prepared can serve as complimentary and epidemiological tool for the medical Scientists, and provide an invaluable reference for workers in public health and social services.

There are many diseases in this world whose causes and cures still baffle the minds of the experts. Heart diseases and cancer (malignant neoplasm) may be put at the top in their lists. From the mortality point of view cancer may stand second in importance to heart diseases. It was responsible on an average for 1,07,359 deaths annually during the 1954-58 period in the United Kingdom. In India, the incidence is put at about 8.5 per thousand of the population or 425,000 per year. It is due to this fact that the author chose to present a geographical approach to this problem.

Geographical Pathology of Cancer[1]

Epidemiological Surveys of the cancer in the human body have been extensively carried on in U.S.A., Great Britain and India. During the last decade there have been reporton Cancer from the most distant countries of the world and these reports have revealed very remarkable and striking differences in the occurence of various forms of Cancer, suggesting that there may be specific causative factors. Each country appears to have its own dominant cancer problem.

The distributional pattern of the disease is related to the physical, racial and/or cultural environments. This relationship is sometimes with some climatic factor, water supply, population, soil or micro organisms etc. Its regional variation may reflect the variety of traditions, the habits, the diets, age, heridity, social and religious customs or the occupations. However the different communities in India present exceptional opportunities for an investigation of this character as there is still a paucity of inter-marriages between the different castes and communities. Even when economic necessity, industrialization and urban concentration cause people to migrate from one part of the country to another, every effort is made by them to retain their original dietary habits, cultural details, and original groupings. Thus a division of the people according to religions, sectors, groups and sub-groups, that bewilders the foreigner, affords interesting human material for observation in geographic pathology of commonly observed cancers in India.

---

[1] Geographical pathology is defined as "The comparative study of the incidence of disease and the distribution of physiological traits in people belonging to different communities throughout the world on the one hand and the co-relation of these data with features of the social and geographical environments of the other. This implies comparative studies between different ethnic, national or social groups. The aim of geographic pathology is not limited to answering the question who has what and where, but it includes also the question why ? Thus it may help to elucidate the etiology of the disease and find a base for subsequent epidemilogical research in Cancer in different areas.

The Collection of Data

We all know the limitations of the collection and availability of data in India. I have depended on the data regarding cancer obtained from institutions engaged in cancer diagnosis, treatment and research. Although this method has its limitations, it yields very valuable information when suitably applied.[1]

The detailed information on nearly 1,25,000 proved cases of cancer, collected from these institutions is utilised sparingly in this paper. Besides more detailed informations were available from the Pathology Department of the Assam Medical College Dibrugarh, where during the 12 years period from 1949-1960, 2493 tumers were diagnosed. These specimen were selected from 35,405 patients admitted to the various wards of the Assam Medical Hospital, different district hospitals, tea garden hospitals, missionary hospitals and also received from private practitioners through out Assam.

Distribution of Cancer Cases

The experiments of the last 25 years show that the oriental people are as susceptible to Cancer as any other members of human race although its site incidence in the body is different. In Table No. 1 ,the Indian data is compared with those of 5 other selected countries. The comparision brings to light some interesting points.

---

[1] These institutions with full facilities for diagnosis and treatment of cases are located at Ludhiana, Delhi, Agra, Kanpur, Patna, Calcutta, Jodhpur, Ratlam, Ahmadabad, Bombay, Hyderabad, Miraj, Banglore, Manglore, Madras, Vellore, Naloor Trivendram and Dibrugarh. They are spread widely over the whole country. Hence patients from the surrounding region of each institute come to nearest centre, so that it serves as an index to the disease as prevaling in a region and the findings recorded at the institute may be taken as representative of the area as a whole Orissa, Jammu and Kashmir States do not have any representative institute of their own.

TABLE 1

	Oral cavity and pharynx	Digestive organs	Respiratory organs	Breast	Female Genital Organs	Male Genital Organs	Other Sites
India	34.9	10.2	1.6	7.4	22.1	4.0	19.8
Japan	2.8	39.0	7.3	5.3	30.9	1.4	13.7
Scandinavian Countries	2.5	33.1	7.0	11.1	13.0	6.2	27.1
Soviet Union	4.6	36.6	12.3	6.3	13.1	—	27.1
United Kingdom	4.2	22.9	16.2	14.4	10.1	3.7	28.5
United States	3.4	29.3	8.7	10.9	11.5	5.6	30.6

It seems that the entire digestive tract is the most common site for the development of cancer. In India, the oral cavity and pharynx are affected more frequently than in the digestive tract below the level of the cervical orifice of the stomach. In Iceland cancer of the mouth, pharynx and larynx is rare, but it is very high in Bangkok, Vietnam, Singapore, Philippine, Islands and Ceylone.

The lung cancer, which is so far infrequent in India, has been a serious public health problem in many Western Countries. The percentage of breast cancer in India is almost half that observed in the United Kingdom and Scandinavian countries, but it is higher than that in Japan and Soviet Union. In several countries the percentage of cancer of the cervix is much lower than that in India and Japan. Malignant neoplasm of the male genital organs are extremely rare in the Soviet Union. They are infrequent in Japan but at the same time cancer of the female genital organs is very frequent. A similar study of the incidence of cancer according to sites among the various geographic regions of India may be useful for their distributional pattern and their etiology. Table No. 2 gives the comparative incidence of cancer according to sites.

TABLE 2
Cancer in India by Sites
(Percentage of total cases investigated at different research Institutes)

	Oral Cavity oropharynx & Hypopharynx	Digestive Organs	Lungs	Breast	Female Genital Organs	Male Genital Organs	Other sites
Ahmedabad	42.1	9.0	1.5	10.5	11.5	1.6	23.7
Bombay	45.9	13.0	1.5	6.7	13.8	2.9	16.3
Miraj	27.2	4.8	0.8	9.4	23.6	7.3	26.9
Manglore	28.8	26.5	3.7	4.8	10.2	12.0	14.0
Trivendrum	8.4	10.6	0.1	9.7	18.4	8.5	44.3
Madras	37.0	12.0	1.9	5.3	25.1	3.1	15.6
Vellore	24.9	13.6	1.1	5.4	24.5	8.5	22.0
Banglore	19.7	6.9	1.0	3.9	53.2	4.0	11.3
Hyderabad	21.5	4.7	1.8	11.5	34.0	4.1	22.4
Calcutta	35.8	10.9	2.8	5.7	27.0	2.3	15.5
Patna	36.2	2.0	0.5	8.2	28.6	2.9	21.6
Agra	32.6	3.0	0.3	4.4	34.6	4.8	20.2
Ludhiana	3.8	6.8	0.8	4.3	41.3	1.9	41.1
Jodhpur	7.3	16.9	3.6	16.4	25.5	5.4	24.9
Ratlam	26.4	11.5	1.5	11.5	29.8	4.8	14.5

Mouth Cancer

From the table it is quite clear that cancers of oral cavity pharynx and female genital organs (cervix cancer) are the highest and commonest neoplasms almost all over the country. They show a striking variation in distribution of people in different parts of the country. The highest percentage of oral and pharyngeal cancer is 45.8 for Bombay. The next highest is 42.1 for Ahmedabad. For Agra it is 32.6; Trivandrum, Dibrugarh, and Jodhpur have less than 10.

Geographically, oral cavity appeares to be more common towards the South (although a slight rise is also noted in Patna and Agra). This increase is attributed to an increase of cases involving the buccal-mucos. Where oral carcinoma is less

frequent it is often balanced by an increase in cancer of the oropharynx or the hypopharynx e.g. in the states of Gujrat, Rajasthan and Punjab ; and in the remote cities of Calcutta and Bangalore.

The base of tongue in the oropharynx and the piriform sinus in the hypopharynx are the most common sites affected. Men are more often affected with cancer in the oropharynx and in the hypopharynx whereas women have more cancer in the oral cavity.

Agra indicates that the percentage of oral cancer cases are exceptionally high (about 85) in the Western districts of U.P.

TABLE 3

(*Showing Analysis of Oral Cancer according to districts of U.P.*)

Districts	Percentage	District	Percentage
Mainpuri	42.0	Bijnor	1.64
Agra	16.4	Mathura	2.0
Kanpur	9.2	Banaras	1.6
Aligarh	8.4	Lucknow	1.20
Etah	4.05	Moradabad	0.8
Etawah	4.0	Hardoi	0.8
Farrukhabad	3.7	Pilibhit	0.4
Budaun	2.4	Outside U.P.	2.0

The above table shows that 42.0% cases come from Mainpuri alone. The District is known for its Mainpuri tobacco.

TABLE 4

(*Incidence of Oral Cancer according to site.*)

Place	Buccal Mucosa %	Ton gue %	Palate %	Lips %	Alveolar %	Tonsils %
Agra (1944)	53.6	31.36	5.86	3.06	4.18	1.30
Bombay (1944)	16.5	52.20	6.2	1.7	6.0	—
Visakhapatnam (1945)	15.4	27.70	36.8	7.0	4.9	—
Patna (1945)	28.20	18.2	11.2	12.6	21.0	—
Travancore (1944)	45.50	13.00	—	6.0	35.0	—

The above table clearly shows that the tongue is most frequent site and accounts for more than half of the cases of cancer in Bombay in 1944 (which has gone down to about one fourth in 1964). While incidence seems to be quite different in the series of Agra where carcinoma of buccal muccosa is most frequent. Palate involvement is more common at Vishakhapatnam than at any other place.

In Bombay cheek cancer is seen more commonly in Daccani Hindus who work mainly as gardeners. Cancer of the base of tongue and tonsil is more than twice as common in Gujrat Hindus as in Daccani Hindus in Bombay. Whereas, Cancer of lower lip (Khaini-Cancer) is frequently seen in Bombay, but in Bihar and the adjacent area of U.P. it is found to be the common variety of mouth cancer. Cancer of hard palate (or chutta Cancer) appears to be fairly common in Andhra Pradesh.

The distribution of cancer in the digestive tract varies greatly from country to country. Indeed the high rate of cancer of the oesophagus in Bombay, cancer of the stomach in Mangalore, cancer of the rectum and anal canal in Hyderabad and Agra, and Cancer of the liver and gall bladder in Calcutta cannot be accounted. However, it may be noted that in the Indian patients there is a high percentage of cancer of the anal canal. In the state of Gujrat carcinoma of the stomach is in frequent.

Cancer of Genital Organs

In different parts of the country cancer of the genital organs varies from 2% to 20% of all malignant neoplasms. In the United States and Scandinavian countries, the low rate of cancer of the penis and testicle and, the relatively high rate of cancer of the prostate is very well marked. In Japan cancer of the genital is rare and the disease occurs at similar rate at the 3 sites. Although the total frequency of the disease is less in India, Ceylon and China than in the other countries, the proportions of cancer of the penis is high.

The women in India generally suffer from the cancer of the cervix, next in order of frequency is the cancer of the breast.

In Assam of a total of 283 cases of primary carcinoma in the females there were 142 cases (50.2%) of the cancer of the cervix and 64 cases of breast cancer. In Banglore where 53.2 percent of the cses were those of female genital organs, the incidence of cervix cancer was highest.

The distribution of cancer of the breast and of the cervix in women of different religions, groups or communities in Bombay was studied in detail. Almost one half of all cancers in Hindu women occur in the cervix and the breast is affected in only 14% of Hindu Women. This proportions is reversed in Parsee women, in whom the breast is the seat of cancer in 50% and the cervix in 19% of all those affected with cancer. Muslim women have a low but even distribution of cancer of the cervix (21%) and the breast (20%).

The incidence of cervix cancer from four hospitals is given below :

TABLE 5

1.	S. N. Hospital, Agra	31.09%
2.	Tata Memorial Hospital, Bombay	12.25%
3.	Chitranjan Cancer Hospital Calcutta,	23.30%
4.	Assam Medical College, Dibrugarh	3.18%

Carcinoma of cervix occurs in younger age group in India as compared to Western countries. Maximum incidence is found between 20 and 40 years. The incidence of carcinoma of breast is higher in the South than in the North of India. It is indicated from the following table for females for 1958 :

TABLE 6

U.P. (Agra)	7.08%
Andhra	13.4%
Madras	20.8%

Cancer of Larynx (Wind Pipe)

Laryngeal cancer shows highest incidence in Assam in our country.

TABLE 7

Dibrugarh	22.28%
Bombay	12.53%
Agra	0.13%

Among the group of infrequent cancer that occurs in India, carcinoma of the skin and carcinoma of the thyroid gland deserve special mention. Cancer of exposed parts of skin is much less frequent in dark complexioned people than people with light complexioned skin. Skin cancers are only one percent of all cancers in India. Despite their uncommon occurrence in the country as a whole, the frequency of both is higher in the State of Kerala than in the rest of the country. It is also common in Kashmir.

A study of primary malignant tumors of bone registered at the Tata Memorial Hospital revealed a striking preponderance of Enoving sarcoma. This tumor is uncommon in other parts of the country.

Cancer in Infancy

In infancy and childhood (from birth to 14 years) the cancers follow a slightly different pattern in India than in some Western countries. The figures show the type of malignant tumors encountered and their distribution in 498 patients seen at the Tata Memorial Hospital in Bombay.

The above survey of cancer cases in different parts of India and other countries provides enough opportunities for interpretation. The susceptibility to develop cancer is practically the same in various parts of the words as studied by human biologist. The cancer occurs in all climates and in all races i.e. in cold climates like Iceland and hot climates like the Tropical Africa. It occurs at high altitudes of Columbia plateau and Kashmir, in dry region like Jodhpur and wet region like Trivendrum. That is it is found universally. However the incidence of malignant neoplasm of some regions and organs of the body is most often dissimilar in different groups of population.

varying to a large extent from one country to another and from one area to another in the same country. Environmental factors and racial susceptibility are believed to be responsible for such variations. Some words of caution must however be added. Even when large differences in frequency are found it does not necessarily follows that it will be easy to recognise the clue to causation which is presumed to be associated with them.

There are hardly any instances to prove that the physical environment is responsible for the present distribution of cancers of different types. No soil, vegetation, altitude, climate or weather condition can be associated with them. But it is being realised that cancer of the skin is common in white skinned person living in tropics. A primary liver cancer belt stretching from Africa (Algeria, Senegal and Sudan) through Indonesia, into China and Japan has been suggested,. It is possibly connected with dietary dificiency. The air borne radiation is closely related in the genesis of the increasing respiratory cancer among the U.S. uranium miners. This is further evidenced by uranium mining operations in many European countries.

Two main conclusions may be drawn from the above discussion on the distribution of cancer in India . First, a large proportion of cancer occurs in the easily accessible regions of the body such as the oral cavity, the breast and the cervix. In such areas diagnosis and treatment are not different problems. Secondly, certain forms of cancer are intimately associated with the habits, customs and other exogenous factors pertaining to a particular population. These types of cancers therefore, could be controlled to a large extent and even be eliminated by proper education and adequate public health measures. The cultural factors are many and varied, and these can be explained quite in detail.

Many instances indicate that the habits of the local people play a distinct role in the high rate of oral and pharyngeal cancer in India. An increased frequency of cancer in the oral cavity was more often associated with the habit of the chewing of tobacco with betel-leaf, betel nut and slacked lime than with

A zero element in a lattice, is a member, if it exists, which is to the left of all other members. Similarly, the unit element in a lattice, is a member, if it exists, which is to the right of all other members. It is easy to see that, the zero and unit elements, when ever they exist, are unique.

Clearly, the power set of a given set satisfies the modularity condition. Also, it has a zero element in it, viz., the empty set. The unit element in the power set is coincident with the given set. Hence the power set of agiven set with set-inclusion relation is a complete modular lattice with zero and unit.

A partially-ordered set becomes a totally-ordered set or a chain, if every two members of the set are comparable. That

is to say, either the first member is to the left of the second or vice-versa. This property is called the law of trichotomy. The partial-ordering relation, which also satisfies the law of trichotomy is said to be a linear (simple, complete, or total) ordering on the set.

A linear-ordering becomes a well-ordering if every non-empty subset of the given set has a zero element in it. The set in question is then said to be a well-ordered set.

A member of a partially ordered set is said to be a maximal member, if all members to the right of the same coincide with that member. Similarly, it is a minimal member if all members to the left of the same coincide with that member.

A partially-ordered set is called inductive, if the existence of a chain contained in it implies the existence in it of a member which is the supremum of all the members belonging to the chain.

It is to be noted that the three concepts of supremum, unit element and maximal element, are, in general, different. The supremum of a family of members contained in a partially ordered set is a member of the set (not necessarily a member of the family) which is (i) to the right of all members of the family and (ii) to the left of all other members of the set which are to the right of the members of the family. The supremum becomes unit element if it actually belongs to the family. The unit element becomes maximal if the only member to the right of the same is itself. But in the case of a lattice, if we consider the entire set as the family, then the three concepts coincide.

A family of sets is said to be of finite character, if every finite subset of every set of the family is also a member of the family.

Let us now consider a family of non-empty sets indexed by a non-empty set. It is then possible to form the cartesian product of the sets of the family. Since each set is non-empty and the index set is also non-empty, corresponding to each member of the index set we can choose a member from the set

of the family which is indexed by that particular member of the index set. We thus get a mapping or function from the index set to the union of the family of sets. Also, there exist many such functions. A member of the cartesian product mentioned above consists of a family of members indexed by the index set and which are images under the function considered. Thus, we can suppose that the cartesian product has, for its members, the functions themselves. Each of these functions is called a choice-function.

The Axiom of choice states that the cartesian product of any non-void family of non-void sets is a non-void set. That is to say, if there is a family of non-void sets indexed by a non-void set, then there exists at least one choice function for the family.

A number of equivalent statements exist for this axiom. It is possible to prove from the axiom, Tukey's Lemma, which states that every non-void family of sets of finite character has a maximal member. Derivable from Tukey's Lemma is Hausdorff Maximality Principle, which asserts that every non-void partially ordered set contains a maximal chain. An equivalent statement is Zorn's Lemma, which runs as follows: Every non-void partially ordered set, in which each chain has an upper bound, has a maximal element ; that is to say, every non-empty inductive set has at least one maximal element. Another variation of the same idea is the well-ordering theorem, which, in effect, means that every set can be well-ordered ; that is to say there exists some well ordering relation corresponding to every set.

————

माथुर मेमोरियल लेक्चर

भारत में खनिज उत्पादन की प्रगति

प्रो० निरंजन लाल शर्मा, अवैतनिक प्राध्यापक
इण्डियन स्कूल ऑव माइन्स, धनबाद

काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के विद्वान् प्राध्यापकों एवं भूविज्ञान के छात्रों के बीच व्याख्यान के लिए आमंत्रण पाकर मैं अपने को बहुत सम्मानित समझता हूँ। यह क्षण मेरे लिए इस कारण भी महत्व का है कि यहाँ मेरे श्रद्धेय गुरु स्वर्गीय प्रो० कृष्णकुमार माथुर

(स्व०) प्रो० कृष्णकुमार माथुर
(१८९३–१९३६)
संस्थापक अध्यक्ष, भौमिकी विभाग
काशी हिन्दू विश्वविद्यालय

की स्मृति में कुछ कहने का अवसर मुझे मिला है। वे हमारे विश्वविद्यालय में भूविज्ञान के प्रथम भूविज्ञान प्राध्यापक रहे हैं। आज मुझे जो सम्मान दिया गया है, इसके लिए

मुझे चुनने में शायद यह तथ्य प्रेरक रहा है कि मैं और डा० विद्यासागर दुबे प्रोफेसर माथुर के सर्वप्रथम छात्र रहे हैं, जिन्होंने भूविज्ञान में इस विश्वविद्यालय से सर्वप्रथम एम० एस-सी० की उपाधि प्राप्त की है।

युवा कृष्णकुमार माथुर आगरा कालेज से, जो तब इलाहाबाद विश्वविद्यालय के अन्दर था, १९१५ में स्नातक हुए और बी० एस-सी० की परीक्षा में सर्वप्रथम हुए। सरकार से १९१६ में उन्हें विदेश में पढ़ने के लिए छात्रवृत्ति मिली, जिसे उन्होंने अंगीकार किया और प्रथम विश्व युद्ध के समय जबकि उत्तर प्रदेश का एक औसत छात्र किसी महाविद्यालय में अध्ययन के एक विषय के रूप में भूविज्ञान को जानता भी नहीं होगा, तब श्री माथुर ने किसी देश के उत्थान के लिए भूविज्ञान के महत्व को समझा था। उन्होंने इम्पिरियल कालेज ऑव साइन्स ऐण्ड टेक्नेलॉजी, लंदन में खनन भूविज्ञान (Mining Geology) विषय अपने ए० आर० एस० एम० डिप्लोमा और लन्दन विश्वविद्यालय की बी० एस-सी० उपाधि के लिए चुना। हमारे आदरणीय नेता स्वर्गीय पं० जवाहर लाल नेहरू ने कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय में अपने अध्ययन के विषयों में भूविज्ञान को भी रखा था। लेकिन प्रो० माथुर सम्भवतः उत्तरप्रदेश के प्रथम छात्र थे, जिन्होंने अपने भावी व्यवसाय के लिए भूविज्ञान चुना। प्रो० माथुर रायल स्कूल ऑव माइन्स में अत्यन्त कुशाग्र विद्यार्थी थे और वहाँ की सब परीक्षाओं में भी सर्वप्रथम आते थे। वे चाहते तो जियेलाजिकल सर्वे ऑव इण्डिया में उनकी नियुक्ति अच्छे पद पर तत्काल हो जाती, लेकिन प्रो० माथुर कट्टर राष्ट्रवादी थे। अतः १९२१ में उन्होंने काशी हिन्दू विश्वविद्यालय में नियुक्ति ली, जहाँ १९२० से भूविज्ञान की पढ़ाई शुरू हुई थी। उत्तर भारत में इस विषय में स्नातक तथा स्नातकोत्तर अध्ययन की सुविधा देने वाला तब यही (कलकत्ता विश्वविद्यालय को छोड़कर) पहला विश्वविद्यालय था।

आरम्भ में भूविज्ञान, खनन(Mining)तथा धातुकर्म (Metallurgy)विभाग एक ही थे और उस संयुक्त विभाग के विभागाध्यक्ष थे प्रो० एन० पी० गांधी, जो धातुकर्म में ए० आर० एस० एम० थे। १९२३ में भूविज्ञान विभाग खनन तथा धातुकर्म विभाग से अलग हो गया। एक-दो साल भूविज्ञान विभाग में प्रो० माथुर का सहयोगी केवल एक प्रशिक्षक (डेमान्स्ट्रेटर) था, और प्रो० माथुर को ही बी० एस-सी० तथा एम० एस-सी० के प्रायः सारे ही क्लास लेने पड़ते थे। वे न केवल एक अच्छे शिक्षक थे, बल्कि योग्य शोध-निर्देशक भी थे। ज्यों ही वे विश्वविद्यालय में आये, उन्होंने एम० एस-सी० के छात्रों को गुजरात, कच्छ, राजस्थान, बिहार, साल्टरेंज आदि के सुप्रसिद्ध भूवैज्ञानिक क्षेत्रों में ले जाना आरम्भ कर दिया। उन्हीं क्षेत्रों के शैलों पर उनके समय में ही और बाद में भूविज्ञान में कई विद्यार्थियों ने पी-एच० डी० प्राप्त की।

हम लोग तो आजादी के बाद ही हिन्दी को कालेजों में विज्ञान-विषयों के लिए शिक्षा का माध्यम बनाने की ओर ध्यान देने लगे हैं और अब भी पुरानी पीढ़ी के हम जैसे शिक्षकों के लिए अपनी भाषा में अभिव्यक्त करना कठिन मालूम पड़ता है। मगर मुझे याद है कि प्रो० माथुर ने हिन्दी में भारतीय भूविज्ञान पर (सम्भवत काशी विद्यापीठ में) बड़ा ही ओजस्वी व्याख्यान दिया था, और अपनी लागत से उन्होंने भारत के भूवैज्ञानिक शैल समूहों

को हिन्दी में तालिकाबद्ध कर वहाँ वितरण करने के लिए अनेक प्रतियाँ छपवायी थीं। उन्होंने हिन्दी में भूवैज्ञानिक शब्दों की एक शब्दावली भी तैयार करना आरम्भ किया था।

प्रो० माथुर अपने छात्रों के प्रोत्साहन के प्रभावशाली स्त्रोत थे, और मैं खुद अपना भविष्य उन्हीं की बहुमूल्य राय और पिता तुल्य वात्सल्य के कारण बना सका। आप मुझे क्षमा करें, यदि मैं इस सन्दर्भ में अपने स्वयं के विषय में तीन उदाहरण प्रस्तुत करूँ, जो प्रो० माथुर की कुशाग्र बुद्धि और कोमल हृदय की झाँकी कराते हैं। १९२७ में, जब मैं इण्डियन स्कूल ऑव माइन्स, धनबाद के लेक्चरर के विज्ञापित पद के लिए आवेदन करने में झिझक रहा था और अपने विश्वविद्यालय में ही प्रशिक्षक का कार्य करने में ही सन्तुष्ट था, प्रो० माथुर ने क्रोधित स्वर में मुझसे प्रश्न किया कि नगवा तुम्हें इतना अधिक क्यों पसन्द है कि अपना भविष्य बिगाड़ना चाहते हो ? फिर इसी क्रम में उन्होंने व्यंग करते हुए कहा कि विश्वविद्यालय के डाक्टर (डा० मंगल सिंह) के पास जाकर कुछ बलवर्द्धक औषधि (Tonic) ले लो। एक दूसरे अवसर पर दान्ता राज्य के भूविज्ञान पर रिपोर्ट नहीं पूरा कर पाने पर उन्होंने मुझे काफी झिड़का और बोले कि वे स्वयं शोध का काम करने की इच्छा न होने पर बदले में मर जाना ज्यादा श्रेयकर समझेंगे। १९३० में, जब मैं प्रो० माथुर से बनारस में मिला, उन्होंने इलाहाबाद में भारतीय विज्ञान कांग्रेस की भूविज्ञान शाखा के समक्ष दिये गये इंडियन स्कूल ऑव माइन्स के प्रिन्सिपल डा० डी० पेनमेन के व्याख्यान पर आरोष प्रकट किया। उस व्याख्यान में डा० पेनमेन ने जोर डाला था कि भूविज्ञान तथा खनन की शिक्षा के लिए धनबाद में स्थापित स्कूल सर्वाधिक उपयुक्त है। प्रो० माथुर ने मुझसे कहा कि कोई विशेष जगह संस्था को नहीं बनाती। यह तो शिक्षक होता है जो उसे बनाता है। उन्होंने अपना दृढ़ निश्चय प्रकट किया कि वे अपने विभाग को भूविज्ञान का वास्तविक शिक्षा केन्द्र बनायेंगे, जो अपने देश के कोने-कोने से छात्रों को खींचेगा।

प्रो० माथुर की प्रसिद्धि एक भारतीय भूवैज्ञानिक के रूप में विश्व भर में बहुत पहले हो गई होती, लेकिन दुर्भाग्यवश १८ जुलाई १९३६ को उनका असामयिक निधन हो गया। मेरा तो विश्वास है कि अप्रत्यक्ष रूप में उनकी ज्ञान-पिपासा ही उनका काल बनी। १९३४ में बिहार में प्रलयंकारी भूकम्प आया। सर्वप्रथम सूचना एकत्र करने के उद्देश्य से इस भूकम्प की संहार-लीला के शिकार सुदूर गांवों तक में उन्होंने स्वयं परिभ्रमण किया।

मुझे यह देखकर बड़ी खुशी होती है कि डा० राजनाथ ने, जो प्रो० माथुर के एक अन्य प्राचीन छात्र हैं, अवकाश लेने के पहले तक इस विभाग की सेवा की, तथा अब भी वे किसी-न-किसी रूप में इस विभाग से सम्बन्धित हैं। मेरे मित्र डा० विद्यासागर दूबे ने आर्थिक भूविज्ञान के अवैतनिक प्राध्यापक के रूप में बरसों तक इस विभाग की सेवा की है और इसकी श्रीवृद्धि में वे रुचि लेते रहे हैं। इस विभाग से दीक्षित छात्र गण प्रायः सभी राज्यों के रहे हैं। उन्होंने प्रो० माथुर द्वारा स्थापित इस विभाग की प्रतिष्ठा बना रखी है और उनमें से बहुतों ने सरकारी, खनिज उद्योग तथा शिक्षा के क्षेत्र में ऊँचे पद प्राप्त किये हैं। मैं इस विभाग की चतुर्दिक् सफलता और अधिक उज्ज्वल भविष्य की कामना करता हूँ।

इस व्याख्यान में, मैं भारत के खनिज उत्पादन का विवरण, विशेषकर वर्तमान सदी में खनिज उद्योग की प्रगति के सन्दर्भ में कुछ कहना चाहता हूँ।

प्राचीन भारत में खनिज तथा धातु का उत्पादन

चट्टानों तथा खनिजों का उपयोग भूवैज्ञानिक इतिहास के चतुर्थ कल्प से प्रारम्भ माना जा सकता है। यह लगभग १० लाख साल पहले प्रारम्भ हुआ और इसमें अत्यन्त नूतन (Pleistocene) तथा अभिनव (Recent) दो युग समायोजित हैं। इसी कल्प को मानव-अवतार का श्रेय प्राप्त है। भारत में आदिम मानव की उत्पत्ति अत्यन्त नूतन युग के मध्य-काल में अर्थात् ५ या ६ लाख वर्ष पूर्व हुई मानी जाती है। पुराविदों ने इस युग को **प्रस्तर युग** (Stone Age-६००,००० ई०पू०-४००० ई०पू०) की संज्ञा दी है। जीवाश्म मानुष की विभिन्न कालीन प्रजातियों द्वारा निर्मित प्रस्तर के हथियारों के आकार-प्रकार के आधार पर इस युग को तीन भागों में बाँटा गया है—**पुरा-प्रस्तर काल** (Palaeolithic Age), **मध्यप्रस्तर काल** (Mesolithic Age) और **नवप्रस्तर काल** (Neolithic Age)। इस युग में आदिम मनुष्य ने सामान्य कठोर चट्टानों तथा खनिजों का उपयोग किया, जैसे—क्वार्टजाइट, बेसाल्ट, संगुटिकाश्म (conglomerate), स्फटिक (quartz) चकमक (flint) चर्ट तथा स्फटिक के अन्य प्रकार, कोमल चट्टानों तथा लेटेराइट, चूना पत्थर, सेलखड़ी (soapstone), स्लेट और चिकनी मिट्टी (clay)। कुछ रंगीन खनिज आभूषण के रूप में भी व्यवहृत किये गये। नवप्रस्तरकालीन मानुष आग का उपयोग और बर्तन-निर्माण की कला से परिचित था। उसने स्वर्ण को भी आकर्षक रंग तथा नदियों में ढेलों के रूप में प्राप्त होने के कारण खोज लिया था। पुराविद **कांसा युग** (Bronze Age) को प्रस्तर-युग के तुरन्त बाद ही मानते हैं किन्तु भूवैज्ञानिक इससे पूर्व **ताम्र-युग** (Copper Age) को मान्यता देते हैं क्योंकि ताँबा धातु, कांसा का आवश्यक अवयव है। ताँबा से मनुष्य का परिचय सम्भव है। किसी प्राकृत ताम्र (native copper) के निक्षेप के अचानक अथवा ताम्र-कार्बोनेट खनिज, मैलाकाइट और ऐज़ुराइट के निक्षेपों के दृश्यांश पर जंगली आग या कृत्रिम आग द्वारा तांबे धातु के अचानक उत्पादन हो जाने के कारण हुआ हो। भारत में **हड़प्पा-पूर्व-युग** (४००० ई० पू०–२००० ई० पू०) को ताम्र युग माना जा सकता है, क्योंकि बलुचिस्तान तथा भारत के उत्तरी-पूर्वी सीमान्त के पुरा अवशेषों में पकी मिट्टी के बर्तनों के अतिरिक्त ताँबा की कुल्हाड़ी तथा ताँबा का दर्पण तक प्राप्त हुआ है। इस सन्दर्भ में यह सूचना रुचिकर हो सकती है कि हाल ही में प्राकृत ताम्र खनिज के ढेले जम्मू एवं काश्मीर राज्य की जांस्कर पर्वतमाला की नदी-घाटियों में प्राप्त हुये हैं, और यह क्षेत्र उपर्युक्त युग में ताँबे का स्रोत हो सकता है।

ताम्र युग के तुरन्त बाद **हड़प्पा-मोहनजोदड़ो सभ्यता युग** (२५०० ई० पू० से १८०० ई० पू०) आता है। इस युग में मृत्तिका-शिल्प उद्योग की परिपक्वता के साथ उसमें वर्णक के रूप में हेमाटाइट और मैंगनीजयुक्त लौह अयस्क का उपयोग, अभ्रक, चूना और बालू का उपयोग मिलावटी पदार्थ (tempering material) के रूप में और झीलों की क्षारीय मिट्टी का उपयोग चमक पैदा करने के लिए विशेष उल्लेखनीय है। साथ ही पलस्तर उद्योग उन्नत था, जिसके लिए जिप्सम खनिज का उपयोग होता था। ऐलाबास्टर (जिप्सम का एक प्रकार), स्टिएटाइट तथा सेलखड़ी का उपयोग काट कर बनी हुई वस्तुओं के लिए होता था, जो चमकाई भी जाती थीं। ताँबा तथा इसके मिश्र धातु विशेषकर

कांसा बर्त्तनों, छुरे, चाकू और चूड़ी आदि के निर्माण में बृहत् मात्रा में प्रयुक्त होते थे। इस समय तक लोहा अज्ञात मालूम होता है। सोना और चाँदी आभूषण तथा बर्त्तनों में प्रयुक्त होने लगे थे। अनेक खनिज जैसे—स्फटिक तथा इसके प्रकार बिल्लौर (rock crystal), ऐमिथिस्ट, कैल्सिडोनी, अकीक (agate), इन्द्रगोप (carnelian), सुलेमानी (onyx) और ज़ैस्पर, लाजंवर्द (lapislazuli), फीरोजा (turqoise), सोडालाइट और जेड अलंकार के लिए काम आते थे। सिरुसाइट (cerussite) तथा हिंगुल (cinnabar) शृंगार प्रसाधनों के लिए व्यवहृत होते थे।

प्राचीन भारत में खनिजों के उपयोग तथा खनन और धातुकर्म की विधियों का महानतम विकास **बौद्ध तथा आयुर्वेद युग** (६०० ई० पू०–८०० ई०) में देखा जाता है, जो वैदिक युग के तुरन्त बाद का काल है। यह युग भारत में लौह युग के प्रादुर्भाव का काल माना जा सकता है। हम लोग अभी लौह युग में ही हैं, क्योंकि हमारी औद्योगिक सभ्यता का आधारभूत पदार्थ अभी भी लोहा ही है; यद्यपि दूसरे आवश्यक पदार्थों में परिवर्त्तन हो रहा है। ईंधन के क्षेत्र में, चारकोल से कोयला, खनिज तेल और अब परमाणु ऊर्जा खनिजों के उपयोग की ओर मानव बढ़ रहा है।

खनिजों से सम्बन्धित सर्वाधिक प्रमाणित और प्राचीनतम पुस्तक कौटिल्य (सामान्यतः चाणक्य के रूप में ज्ञात, जो सम्राट् चन्द्रगुप्त के प्रधान मन्त्री थे) का अर्थशास्त्र है, जो ३२१-२९६ ई० पू० में लिखा गया था। इसमें अयस्कों, खनिजों तथा धातुओं के गुण, बृहत् मात्रा में उनके उत्पादन की विधियाँ, ताम्र—मिश्र धातुओं (कांसा और पीतल आदि) तथा बेस—धातुओं के साथ सोना-चांदी के मिश्र धातुओं का निर्माण, और सोने में स्वर्णकारों द्वारा दूसरे धातुओं को मिलाने के तरीकों का विस्तृत विवरण है। इस कृति में मोती, मूंगा, हीरा, लाल, नीलम, पन्ना, दूधिया पत्थर (opal) आदि रत्नों के परीक्षण तथा खानों, धातुओं, टकसालों (mints) तथा समुद्रों के अधीक्षकों के गुण एवं कर्त्तव्य का उल्लेख है। इस पुस्तक में वनस्पति तथा खाद्य पदार्थों से प्राप्त अनावश्यक समझे जाने वाले उत्पादों का तथा लकड़ी के कोयले का उपयोग लोह-प्रगलन और चूना भट्टियों के लिए वर्णित हैं।

तांबे तथा इसके मिश्र धातुओं का धातु कर्म इस काल में काफी विकसित था। तक्षशिला (अब पाकिस्तान में) के पुरावशेषों में आभूषण, शृंगार के सामान, घरेलू बर्त्तन, शल्य-चिकित्सा के तथा दूसरे औजार इसी धातु तथा इसके मिश्र धातुओं से बने हैं। इसमें से कुछ में तांबे की शुद्धता ९९.७ प्रति सैकड़ा तक है। इस बात का प्रमाण मिलता है कि २०० साल से भी पहले 'सारक' नामक एक जाति थी, जो सिंहभूम (बिहार) ताम्र-मेखला में ताम्र अयस्कों के खनन तथा प्रगलन का व्यवसाय करती था। राखा नामक ताम्र खदान के आस-पास अन्तिम कुशान काल के प्रकार के पुराने ताम्र सिक्के मिले हैं, जिससे लगता है कि इस क्षेत्र में ३०० से ६०० ई० तक ताँबे का काम होता रहा है।

मद्रास राज्य में खुदाई से लोहा के अनेक हथियार, छुरे आदि मिले हैं जो ४०० ई० पू० के माने जाते हैं। सम्राट् अशोक के काल के कई नक्काशी किये पत्थरों पर अत्यन्त सुन्दर और बारीक ढंग से लिखा है। इससे उस काल में इस्पात के बारीक हथियारों के होने

का पता चलता है। इस प्रकार लोहे के बारे में भारतीयों को बहुत पहले से ज्ञान था, और भारतीय लोहार निम्न कोटि के अयस्कों लेटेराइट, लेटेराइटी मिट्टी, लोहमय बलुआ पत्थर या लोहमय मिट्टी से धातु निकालना जानते थे। कुतुबमिनार के निकट दिल्ली का प्रसिद्ध लोहस्तम्भ (जो ४०० ई० पू० में विजयस्तम्भ के रूप में मथुरा में बनाया गया था और दिल्ली के वर्तमान स्थल पर १०५० ई० में लाया गया) प्राचीन भारतीय कारीगरों के शिल्प, धातुकर्म और कला चातुर्य का ज्वलन्त उदाहरण है। १५०० वर्षों से भी अधिक समय से यह वर्षा, अंधड़ और अपक्षय का लगातार प्रहार सह रहा है, किन्तु इसमें जंग का कोई लक्षण तक दृश्य नहीं है। यही नहीं, बल्कि आधुनिक काल में भी एक ही प्रद्रावक (foundry) में एक ही बार इतने विशाल लोह-स्तंभ को जो ६०.९६ से० मी० लम्बा, ४१.६६ से०मी० आधार पर का व्यास और ३०.४८ से०मी० शीर्ष का व्यास और ६ टन वजन का है, ढालना अत्यन्त कठिन है। विश्वास किया जाता है कि पश्चिमी देशों को भारतीय इस्पात २००० साल पहले निर्यात किया जाता था, जो तलवार बनाने के काम में आता था।

दक्षिण भारत में प्राचीन काल से ही सोने की खुदाई बृहत् मात्रा में होती थी। स्वर्ण-युक्त क्षेत्रों (मैसूर के कोलार तथा रायचूर स्वर्णक्षेत्र) के प्राचीन खनन-स्थलों का अध्ययन प्रदर्शित करता है कि प्राचीन खनक बड़े ही चतुर पूर्वेक्षक (prospector) थे तथा खनन और धातुकर्म में अत्यन्त दक्ष थे। उन्होंने खानों में १९५ मीटर (६४० फीट) की गहराई तक काम किया था। रायचूर जिले में हट्टी स्वर्ण खुदान के निम्नतम तल पर स्थित बबूल के लट्ठे की काल गणना कार्बन—१४ आइसोटोप द्वारा निर्धारित की गई है, जिससे पता चलता है कि वहाँ भूमिगत खनन २०००-२५०० वर्ष पूर्व किया जाता था। यह भी विश्वास किया जाता है कि ये भारतीय खनक सुदूर दक्षिण अफ्रिका में रोडेशिया तथा आस-पास के देशों में स्वर्ण-खनन के लिए जाते थे। प्राचीन भारतीय खानों और दक्षिणी अफ्रीका की खानों में काफी समानता है। भारतीय इमली वृक्ष तथा जंगली रुई के पौधे दक्षिणी अफ्रिका की प्राकृत वनस्पति नहीं है, किन्तु वहाँ के स्वर्ण क्षेत्र में पाये जाते हैं। दक्षिण भारतीय भोजन में इमली का आवश्यक प्रयोग सर्वज्ञात है। ७७ ई० में प्लाइनी (pliny) ने लिखा था कि नायरों के देश (मालाबार) में सोने-चाँदी की अनेक खानें थीं, जिसमें भारतीय गहराई तक काम करते थे। भारतीय किसी भी दूसरे देश की अपेक्षा अधिक रत्न उत्पादित करते थे। अंतिम कथन सम्भवतः आन्ध्र प्रदेश के कर्नूल, अनन्तपुर और कृष्णा जिले की हीरा खानों के बारे में है। मुस्लिम काल (१३००-१६०० ई०) में संकलित अनेक भूमि खातों (records) में किसी में भी स्वर्ण खनन का कोई जिक्र नहीं हैं। इससे लगता है कि दक्षिणी भारत में १०० ई० के पहले ही स्वर्ण-खनन बन्द हो चुका था, जिसका कारण अभी तक कह पाना कठिन है।

राजस्थान के उदयपुर जिले में जावर के प्रख्यात सीसा-जस्ता निक्षेप की खोज राणा लाखा सिंह (या लक्ष सिंह १३८२-१३९७ ई०) के समय में हुई थी। सम्भवतः इस निक्षेप में तब से महा अकाल (१८१२-१३ ई०) के समय तक ४०० वर्षों से भी ज्यादा अवधि तक खुदाई होती रही।

भारत में आधुनिक खनन-व्यवसाय

ऐतिहासिक अभिलेखों के अभाव में, खनन तथा धातुकर्म सम्बन्धी हमारे प्राचीन कार्य-कलाप पुरावशेषों की खुदाइयों से विदित होते हैं। इनके अध्ययन से पता चलता है कि प्राचीन काल में भारत हीरा, सोना, ताँबा, सीसा, जस्ता तथा इस्पात का अग्रगण्य उत्पादक राष्ट्र था। लोहे तथा अलोहस (non-ferrous) धातु प्रगलनों के धातु मैलों (slags) के ढेर राजस्थान, गुजरात, मध्य प्रदेश, बिहार तथा दक्षिणी भारत के अनेक स्थलों पर पाये जाते हैं, जो प्राचीन खनन कार्यों के ज्वलन्त प्रमाण हैं। १८ वीं सदी के अन्त में ब्राजील में हीरा की खोज होने के पूर्व, संसार का सम्पूर्ण हीरा मध्य प्रदेश के पन्ना तथा आन्ध्र प्रदेश के वज्र करूर और अनन्तपुर जिले से आता था। पन्ना हीरा क्षेत्र अब सार्वजनिक क्षेत्र में विकसित किया जा रहा है।

कोयला रानीगंज कोयला क्षेत्र (पश्चिमी बंगाल) में १७७४ ई० से ही ज्ञात था, किन्तु नियमित कोयला-खनन १८१४ ई० में प्रारम्भ हुआ। अभी भारत में ८२० से भी अधिक कोयला खानें हैं,। इनके अतिरिक्त राजस्थान और मद्रास में एक-एक लिग्नाइट खान भी है। अब अनेक पूर्णतः यंत्रचालित कोयला खानें हैं, और सरकारी क्षेत्र में पिछले ५० सालों में अनेक कोयला खानें शुरू की गई हैं। भारत संसार का महत्वपूर्ण कोयला उत्पादक राष्ट्र हो गया है।

लोह अयस्क का खनन तथा प्रगलन १८७५ ई० में पश्चिमी बंगाल के वर्दवान जिले में प्रारम्भ हुआ, जब रानीगंज कोयला क्षेत्र के अनुत्पादक शैल संस्तर (barren measures) से मृण्मय लोहाश्म (clay ironstone) खनित किया गया और कुलटी में प्रगलित किया गया। फिर भी बृहत् मात्रा में लोह अयस्क का उत्पादन इस सदी के आरम्भ में ही संभव हो सका, जब मयूरभंज जिले (उड़ीसा) के विशाल हेमाटाइट निक्षेपों की खोज क्रमशः १९०४ ई० और १९०७ ई० में हुई। भारत लोह अयस्क में पर्याप्त संपन्न है और निश्चय ही संसार का महत्वपूर्ण लोहा-इस्पात उत्पादक राष्ट्र होकर रहेगा।

भारतीय लोहा एवं इस्पात उद्योग के विस्तृत विकास के लिए न केवल पूर्वस्थित संयंत्रों—टाटा लोहा एवं इस्पात कं०, भारतीय लोहा एवं इस्पात कं० तथा मैसूर सरकार का लोहा एवं इस्पात कारखाना का महती विस्तार हुआ है, बल्कि आजादी के बाद चार प्रमुख संयंत्र सरकारी क्षेत्र में खोले गये हैं, जो दुर्गापुर (प० बंगाल), राउरकेला (उड़ीसा) भिलाई (मध्य प्रदेश) तथा बोकारो (बिहार) में हैं। मद्रास, आन्ध्र प्रदेश, महाराष्ट्र तथा गोआ आदि दूसरे राज्यों में भी लोहा तथा इस्पात के कारखाने खोलने की योजना है।

मैंगनीज अयस्क के खनन का क्रमबद्ध अभिलेख इस प्रकार दिया जा सकता है—१८९१ में श्रीकाकुलम जिले (आंध्र प्रदेश) में, १८९९ में नागपुर जिले (महाराष्ट्र में) तथा १९०२ में झाबुआ जिले (मध्य प्रदेश में)। तीस वर्षों तक मैंगनीज खनिज के उत्पादन में संसार में भारत का स्थान सर्वदा प्रथम या द्वितीय रहा, किन्तु अब संसार में प्रथम और द्वितीय स्थान क्रमशः रूस और ब्राजील को जाते हैं; और भारत तीसरा अग्रणी उत्पादक राष्ट्र है। सेन्ट्रल प्राविन्सेज मैंगनीज ओर कं० (जिसमें अब भारत सरकार का प्रमुख हिस्सा है) मध्य प्रदेश में संपन्न मैंगनीज अयस्कों का खनन करने वाली सबसे बड़ी कम्पनी है।

सिंहभूम जिले (बिहार) में **ताम्र अयस्क** का पूर्वेक्षण तथा खनन यद्यपि पहले-पहल १८५७ में तथा फिर १८६२ में शुरू हुआ। किन्तु बीच-बीच में व्यवधान पड़ता गया और ताम्र अयस्क तथा धातु का नियमित उत्पादन वर्तमान इण्डियन कॉपर कारपोरेशन लि० द्वारा १९२८ में प्रारम्भ हुआ। राजस्थान की ताम्र मेखला में जियोलाजिकल सर्वे ऑव इण्डिया तथा इण्डियन व्युरो ऑव माइन्स द्वारा पूर्वेक्षण के फलस्वरूप खेत्री में एक दूसरा भारतीय ताम्र क्षेत्र अस्तित्व में आ गया है। यहाँ सरकारी क्षेत्र में स्थापित हिन्दुस्तान कापर लि० द्वारा खनन हो रहा है। भारत अनेक मूल धातुओं जैसे ताँबा, सीसा तथा जस्ता में विपन्न है। दूसरे विश्व युद्ध के समय भारत में सीसा और जस्ता का बहुत अभाव था, जिसका कारण ब्रह्म देश का भारत से पृथक्करण और उसपर जापानी अस्थाई आक्रमण था क्योंकि ब्रह्म देश ही इन धातुओं का प्रमुख सम्भरणकर्त्ता था। भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण विभाग ने राजस्थान में उदयपुर के निकट जावर के प्राचीन सीसा-जस्ता निक्षेपों का सर्वेक्षण किया, और परिणामस्वरूप मेटल कारपोरेशन ऑव इण्डिया ने १९५० से **सीसा-जस्ता अयस्क** का खनन, प्रसाधन और सीसा तथा जस्ता सांद्रणों का पृथक्करण आरम्भ किया। सीसा-सांद्रण को झरिया कोयला क्षेत्र (बिहार) में टुन्ड्र नामक स्थान में प्रगालक को भेजा जाता है तथा जस्ता सांद्रणों को जापान इस शर्त पर भेज दिया जाता था कि धात्विक अवयवों का एक निश्चित प्रतिशत भारत को लौटा दिया जायेगा। जावर की खानों का १९६५ में राष्ट्रीयकरण कर दिया गया, और अब उनका प्रबन्ध भारत सरकार की संस्था हिन्दुस्तान जिंक लि० के हाथ में है। उदयपुर में एक जस्ता प्रगालक का निर्माण हो रहा है जो १८०० टन जस्ता प्रतिवर्ष उत्पादित करेगा।

आधुनिक **स्वर्ण खनन** मैसूर राज्य में १८८६ से कोलार स्वर्ण क्षेत्र में तथा १९०३ से हट्टी स्वर्ण क्षेत्र में शुरू हुआ, किन्तु अबाध गति से स्वर्ण का उत्पादन कोलार स्वर्ण क्षेत्र की खानों से ही हुआ। ये खानें संसार की सर्वाधिक गहरी खानों में से हैं। इन खानों का भी राष्ट्रीयकरण कर दिया गया और सरकारी क्षेत्र में भारत सरकार द्वारा यहाँ खनन हो रहा है।

बाक्साइट का खनन कटनी जिले (मध्य प्रदेश) में १९०८ में और खैरा जिले (गुजरात) में १९२० में शुरू हुआ, किन्तु तब तक इस खनिज का उपयोग केवल मिट्टी के तेल के परिष्करण (refining), फिटकरी के निर्माण और उच्चतापसह (refractory) ईंटों के बनाने में ही होता था। भारत में ऐलुमिनियम उद्योग बहुत नया है। इस धातु का प्रथम उत्पादन १९४३ में ऐलुमिनियम प्रोडक्शन कं० ऑव इंडिया द्वारा उनके अलवई (केरल) स्थित प्रगालक में शुरू हुआ। इसके लिए उन्हें कनाडा से ऐलुमिना का आयात करना पड़ा। भारतीय बॉक्साइट से ऐलुमिनियम धातु का उत्पादन सर्वप्रथम १९४४ में ऐलुमिनियम कारपोरेशन ऑव इंडिया द्वारा आसनसोल (प० बंगाल) के नजदीक उनके जे के नगर स्थित संयंत्र में शुरू हुआ। अब तो दूसरे भी ऐलुमिनियम संयंत्र हैं, जैसे—हीराकुंड (उड़ीसा) और रिहन्द (उत्तर प्रदेश) में। मेत्तूर (मद्रास) तथा रत्नागिरि (महाराष्ट्र) में भी संयंत्र स्थापित होने वाले हैं। मध्य प्रदेश तथा मैसूर की राज्य सरकारें भी सरकारी क्षेत्र में ऐलुमिनियम संयंत्र बनाने के लिए सोच रही हैं। इस प्रकार भारत दक्षिण-पूरब एशिया का अग्रणी ऐलुमिनियम उत्पादक राष्ट्र बनने के लिए कटिबद्ध है।

क्रोमाइट का खनन सर्वप्रथम मैसूर राज्य में १९०७ में और बिहार के सिंहभूम जिले में १९०९ में शुरू हुआ। **अभ्रक** का उत्पादन बिहार के कोडरमा क्षेत्र से और आन्ध्र प्रदेश में नैल्लोर क्षेत्र से १९०० के पहले से होता रहा है, किन्तु उस समय सारा उत्पादन इंग्लैण्ड को निर्यात कर दिया जाता था। राजस्थान में अभ्रक का खनन दूसरे विश्व युद्ध के समय महत्वपूर्ण हो गया। भारत संसार में अभ्रक का सबसे बड़ा उत्पादक राष्ट्र है और संसार की कुल जरूरत का ७५ प्रति सैकड़ा भाग प्रदान करता है। ब्लॉक या परतदार (sheet) अभ्रक और अभ्रक विपाटनों (splittings) में तो भारत का अधिकार है। अभ्रक विद्युत उद्योग के लिए इतना अधिक आवश्यक है कि दूसरे विश्व युद्ध के समय संयुक्त राष्ट्र अमेरिका में अभ्रक भारत से हवाई जहाज द्वारा ले जाया जाता था। निर्यात के पदार्थ के रूप में अभ्रक नियमित रूप से विदेशी मुद्रा अर्जित करा रहा है।

मोनाजाइट की खोज केरल में इस सदी के आरम्भ में हुई और निर्यात १९११ में शुरू हुआ। १९१४ से भारत मोनाजाइट का अग्रणी उत्पादक हो गया। उस समय इसका उपयोग थोरियम नाइट्रेट बनाने में होता था जो ताप दीप्त गैस—मेन्टल (incandescent gas mantle) बनाने में प्रयुक्त होता था। बिजली बत्तियों में वृद्धि के साथ थोरियम का महत्व समाप्त हो गया तथा १९२२ और १९३१ के बीच उत्पादन में काफी ह्रास देखा गया। इस अवधि में मोनाजाइट सहउत्पादन के रूप में ही सामने आया और केरल के पुलिन बालू (beach sand) का खनन मुख्यतः इल्मेनाइट के लिए होने लगा, जिसकी माँग टाइटेनिया पेन्ट के लिए काफी अधिक थी। इस प्रकार भारत इल्मेनाइट का अग्रणी उत्पादक और निर्यातिक राष्ट्र हो गया। थोरियम धातु परमाणु ऊर्जा के स्रोत के रूप में अब तो सामरिक महत्व का हो गया है, तथा भारत सरकार ने मोनाजाइट के निर्यात पर रोक लगा दी है। यहाँ तक कि पुलिन बालुओं से प्राप्त इल्मेनाइट सांद्रण का भी निर्यात करने के लिए उसे मोनाजाइट से मुक्त होना आवश्यक है।

पेट्रोलियम का उत्पादन सर्वप्रथम १८८३ में आसाम से हुआ, तथा डिगबाय तेल क्षेत्र में प्रथम कूप में पूरा हुआ। उस समय उस कूप से २०० गैलन ही तेल प्रतिदिन निकलता था। इस प्रकार यह क्षेत्र पिछले ७७ वर्षों से तेल उत्पादन कर रहा है। इस क्षेत्र में अब तक खोदे गये १००० कूपों में से ४०० अभी तेल का उत्पादन करते हैं तथा अब प्रतिदिन का उत्पादन १९०० बैरेल (१ बैरेल = ४२ गैलन) है। दूसरे तेल क्षेत्रों में आसाम में मोरन, नहरकटिया, रूद्र सागर तथा लकवा और गुजरात में अंकलेश्वर, कैम्बे, कलोल तथा नवगाँव मुख्य हैं। आसाम में मिले कुछ नये तेल क्षेत्रों में आयल इंडिया लि० द्वारा (जिसमें भारत सरकार तथा बर्मा आयल कं० का बराबर साझा है) काम हो रहा है। गुजरात के तेल क्षेत्रों में भारत सरकार का तेल तथा प्राकृतिक गैस आयोग (Oil and Natural Gas Commission) कार्य कर रहा है, जिसमें रूसी भूवैज्ञानिकों और पेट्रोलियम इंजिनियरों का भी सहयोग प्राप्त है। भारत में कच्चे तेल का वार्षिक उत्पादन ५७ लाख टन तक पहुँच गया है, किन्तु अभी भी प्रति वर्ष लगभग १०० करोड़ रुपये का तेल आयात करना पड़ता है। विदेशों से कच्चे तेल का ही आयात करने तथा सरकारी क्षेत्र में अधिक तेल परिष्कारकों की स्थापना द्वारा भारत आयात की राशि घटाने के लिए प्रयत्नशील है।

भारत के अन्य महत्वपूर्ण खनिजों में मैग्नेसाइट, कायनाइट तथा सिलिमैनाइट उल्लेखनीय हैं, जो उच्चतापसह उद्योग के लिए अधिकाधिक प्रयुक्त होते हैं। **मैग्नेसाइट** का खनन १९०३ में सेलम (मद्रास) में शुरू हुआ, जो आज भी देश का प्रमुख उत्पादन केन्द्र है। भारत का मैग्नेसाइट उच्च कोटि का है और यह इस खनिज का प्रमुख निर्यातक है। कायनाइट तथा सिलीमैनाइट का खनन तभी आरंभ हुआ, जब १९१४–१८ में प्रथम विश्व युद्ध के समय औद्योगिक उपयोग की दृष्टि से इन्हें मान्यता मिली। **कायनाइट** का सर्वप्रथम १९२४ में सिंहभूम जिले (बिहार) के प्रसिद्ध लप्साबुरू निक्षेपों से उत्पादन हुआ। यह निक्षेप संसार का सर्वोत्तम और सबसे बड़ा कायनाइट निक्षेप माना जाता है। **सिलीमैनाइट** का सर्वप्रथम बड़े पैमाने पर खनन सोनापहाड़ (आसाम) में १९५० में आसाम सिलीमैनाइट लि० द्वारा शुरू हुआ। पिपरा (मध्य प्रदेश के रीवा जिले) के सिलीमैनाइट निक्षेप का खनन इससे पहले से ही हुआ था, किन्तु तब मूलतः सहचारी खनिज कोरंडम के लिए हुआ था। अब वहाँ सिलीमैनाइट का खनन होता है और डाक्टर दुबे की देखभाल में यहाँ का उत्पादन हो रहा है।

भारत के विभाजन के बाद प० पंजाब के साल्ट रेंज का विशाल जिप्सम निक्षेप भी हाथ से चला गया। लेकिन जिप्सम की मांग सीमेन्ट उद्योग के साथ-साथ सिन्द्री उर्वरक कारखाने के लिए भी पूरी करनी थी, जिसके लिए लगभग २००० टन जिप्सम प्रतिदिन चाहिए था। राजस्थान अब भारत का प्रमुख जिप्सम उत्पादक राज्य हो गया है। भारत में जिप्सम का कुल निचय (reserve) अत्यन्त विशाल है और भारत एशिया का अग्रणी जिप्सम उत्पादक हो गया है।

इस प्रकार यह स्पष्ट है कि भारत का खनन उद्योग अपनी महत्ता स्थापित कर चुका है। भारत की कुल भूमिगत और खुली खानों की संख्या ३३०० से भी अधिक है तथा प्रतिदिन उनमें काम करने वालों की संख्या सात लाख से भी ज्यादा है।

वर्तमान शताब्दी में खनिज उत्पादन की प्रगति

भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण ने १९०६ से खनिजों के वार्षिक उत्पादन का लेखा रखना शुरू किया। उस समय भारत ब्रिटिश साम्राज्य में था और उसके अन्दर बर्मा और पाकिस्तान सम्मिलित थे। क्रम से केवल १५ खनिजों के लिए सांख्यिकी उपलब्ध थी, वे थे—(१) सोना, (२) कोयला, (३) मैंगनीज अयस्क, (४) पेट्रोलियम, (५) नमक, (६) शोरा, (७) अभ्रक, (८) लाल-स्पिनेल-नीलम, (९) जेड पत्थर, (१०) ग्रेफाइट, (११) लोह अयस्क, (१२) टिन अयस्क (१३) क्रोमाइट, (१४) हीरा तथा (१५) मैंग्नेसाइट।

भारतीय खनिजों के उत्पादन और विकास की सामान्य प्रवृति को देखते हुए भारतीय खनिज उद्योग के विगत वर्षों को निम्न प्रकार विभाजित किया जा सकता है :

प्रथम विश्व युद्ध के पूर्व (१९०६–१३)

इस काल में खनिजों के उत्पादन तथा मूल्य में सामान्यता वृद्धि होती गई। खनिज उत्पादन का मूल्य १९०६ में १०.१ करोड़ रुपये से १९१३ में १५ करोड़ तक पहुँच गया। आयात किये गये खनिजों, धातुओं तथा खनिज उत्पादों का मूल्य लगभग ४५ करोड़ रुपये था।

प्रथम विश्व युद्ध (१९१४–१८) तथा १९२४ तक

युद्ध के वर्षों में कुछ खनिजों एवं धातुओं के उत्पादन में सहसा वृद्धि हुई। जैसे, बर्मा के सीसा, चांदी, वुल्फ्रेम तथा टिन, भारत के कोयला तथा पाकिस्तान के नमक और क्रोमाइट आदि में। मूल्य में वृद्धि ने मैंगनीज अयस्क आदि कुछ खनिजों के उत्पादन के ह्रास पर पर्दा डाल दिया। युद्ध काल में औसत वार्षिक उत्पादन का मूल्य १६.७ करोड़ रुपये था। खनिजों तथा उत्पादों के आयात का औसत मूल्य प्रतिवर्ष २३.७ करोड़ रुपये था। खनिज उत्पादन में वृद्धि की यह रफ्तार १९२४ तक रही। १९२० तथा १९२४ में तो वृद्धि अपने चरम शिखर पर पहुँच गयी, जबकि कुल मूल्य (पेट्रोलियम को छोड़कर) क्रमश: २१.३ और २८ करोड़ रुपये हुआ।

अवनति काल (१९२४–३३)

अवनति काल में सबसे निम्न उत्पादन वाले वर्ष १९३०–३३ थे। १९२४ से ही खनिज उत्पादन के कुल मूल्य में (पेट्रोलियम को छोड़कर) भारी गिरावट होने लगी। १९३२ में कुल मूल्य १४.८ करोड़ रुपये हो गया था जो १९३३ में थोड़ा बढ़ा। इस काल में कोयला, मैंगनीज अयस्क, लोहा अयस्क, क्रोमाइट, अभ्रक, मैग्नेसाइट आदि के उत्पादन और मूल्य में भारी गिरावट हुई। खनिज तथा खनिज उत्पादों के आयातके मूल्य में भी कमी आई और मूल्य १९२९ में २९ करोड़ से १९३३ में १९.६ करोड़ रुपये तक हो गया।

पुनरुत्थान का काल (१९३४–३८)

भारतीय खनिज उद्योग, जिसने उपर्युक्त अवनति काल में काफी क्षति सही, १९३३ के उत्तरार्द्ध में धीरे-धीरे अपनी खोई हुई मर्यादा पुन: प्राप्त करने लगा। इस काल में खनिज उत्पादन का मूल्य १९३४ के २३·५ करोड़ से बढ़कर १९३८ में ३३·८ करोड़ रुपये हो गया। इस काल में कोयला, लोह अयस्क, क्रोमाइट, मैग्नेसाइट तथा इल्मेनाइट के उत्पादन में बहुत उत्थान हुआ, जब कि मैंगनीज उद्योग में उत्थान-पतन का दौर चलता रहा। खनिजों तथा खनिज उत्पादों के आयात का मूल्य १९३४ में २१·१ करोड़ रुपये से १९३८ में २७·२ करोड़ रुपये हो गया।

बर्मा का पृथक्करण (१९३९)

बर्मा के पृथक्करण ने खनिज उत्पादन में भारी क्षति पहुँचाई। विभाजन के पूर्व १९३८ में खनिज उत्पादन का मूल्य ३३.८ करोड़ रुपये था, जो उसके बाद १९३९ में घटकर २१.६ करोड़ रुपये मात्र रह गया। यह कमी लगभग ७० प्रतिशत पेट्रोलियम उत्पादन, तांबा तथा चांदी के अधिकांश भाग, टिन, सीसा, जस्ता तथा निकल अयस्कों, लाल तथा वुल्फ्रेम के लगभग संपूर्ण भाग की क्षति के कारण हुई। इन खनिजों में से अधिकांश के निक्षेप भारत में आवश्यकता की तुलना में नगण्य हैं और अभी तक इन खनिजों की क्षति पूर्ति संभव नहीं हो सकी है।

द्वितीय विश्वयुद्ध (१९३९–४५) तथा १९४६

इस काल में भारतीय खनिज उत्पादन बढ़ता गया और १९४५ में ४८.४ करोड़ रुपये मूल्य तक पहुँच गया। उत्पादन तो १९४१ तक ही बढ़ा, मगर उसके बाद १९४२ से गिरने लगा और १९४२–४५ की अवधि में तो कुछ खनिजों का निम्नतम उत्पादन हुआ। परन्तु

१९३९ से ही मूल्य में भारी वृद्धि होती गई, अतः उत्पादन में ह्रास मूल्य की वृद्धि द्वारा पूरा हो गया। युद्ध आरंभ होते ही आयात हुये खनिजों तथा खनिज उत्पादों में वृद्धि होती गई, १९४२ में थोड़ी कमी आई, किन्तु फिर ११.७ करोड़ रुपये पर मूल्य पहुँच गया। १९४६ से प्रायः सभी खनिजों के उत्पादन और मूल्य में बढ़ोतरी हुई, जो १९४६में ४९.२ करोड़ रुपये था।

पाकिस्तान का निर्माण (१९४७)

पाकिस्तान का निर्माण भारतीय खनिज उद्योग पर शायद ही कुछ प्रभाव डाल सका, क्योंकि पाकिस्तान की सीमा के अन्दर गया प्रदेश १.१–१.५ करोड़ रुपये मूल्य के ही खनिज उत्पादन के लिए उत्तरदायी था। फिर भी इस विभाजन के कारण, भारत के हाथ से साल्ट रेंज का सेंधा नमक और उच्च कोटि का जिप्सम, बलूचिस्तान का धातुकर्मी क्रोमाइट, अटक तेल क्षेत्र का पेट्रोलियम और प० पंजाब का तृतीय कल्पी कोयला निकल गया।

स्वतन्त्रता प्राप्ति के बाद (१९४७–६६)

दूसरे विश्वयुद्ध तक भारत में अधिकांश खनन यूरोपीय पूँजी तथा तकनीकी बुद्धि द्वारा होता था और इस संबंध में कोई अपनी विशिष्ट नीति नहीं थी। फलतः अनियमित रूप से खनन होता गया। आंतरिक उपभोग के लिए आवश्यक कोयला, तेल और लोह अयस्क को छोड़कर अधिकांश खनिजों का खनन कर उन्हें बिना परिष्करण के कच्ची हालत में ही निर्यात कर दिया जाता था। खनिज आधुनिक उद्योगों के मेरूदंड है तथा वर्त्तमान औद्योगिक सभ्यता मूलतः खनिज उत्पादों पर ही खड़ी है, अतः भारत की नई सरकार एक सुदृढ़ राष्ट्रीय खनिज नीति लेकर सामने आई। कच्चे खनिजों के पूर्णतः निर्यात से हटकर अब अल्प मात्रा में उपलब्ध खनिजों के निर्यात पर रोक लगा दी गई है तथा अधिक मात्रा में उपलब्ध खनिजों को भी कच्ची अवस्था में निर्यात करने की जगह उनकी परिष्कृत उच्च कोटि को या उनके उत्पाद को निर्यात करने पर बल दिया गया है। खनिजों के खनन तथा उपभोग में संबंध बनाये रखने की आवश्यकता अनुभव की गई है। भारत सरकार के ६ अप्रैल, १९४८ के औद्योगिक नीति अधिनियम तथा खनिज उद्योग के लिए विगत तीन पंच वर्षीय योजनाओं में निर्धारित नीतिओं से यह साफ़ प्रकट होता है कि खनिजों के संरक्षण और आर्थिक खनन पर बल दिया गया है। खनिज फसली जैसे पदार्थ नहीं हैं, जो एक बार समाप्त होने पर पुनः उगाये जा सकें। उपर्युक्त तथ्य को वे लोग भूल जाते हैं, जो भारत में खनिज तथा खनि उद्योग पर अत्यधिक सरकारी नियंत्रण की आलोचना करते हैं। खनिज निक्षेपों के क्रमबद्ध खनन और विकास के लिए खनिज अधिनियम आवश्यक है तथा खनि नियम इसलिए बनाये जाते हैं कि वे खनिज संपत्ति की खनि प्रक्रिया में पड़ने वाली तकनीकी, आर्थिक, राजनीतिक कानूनी और सामाजिक समस्याओं का समाधान दे सकें। सभी नियम समाज के हित के लिए ही बनाये जाते हैं।

भारत में खनिज तथा खनि नियम मुख्यतः दो वर्गों में रखे जा सकते हैं—एक तो खनिज के विकास एवं संरक्षण के लिए, और दूसरे खनन में व्यस्त मनुष्यों की सुरक्षा और कल्याण के लिए।

तेजी से बदलती हुई परिस्थितियों तथा १९४८ के बाद प्राप्त अनुभवों, विशेषतः

प्रथम पंचवर्षीय योजना काल में एक नई खनिज नीति ३० अप्रैल, १९५६ के औद्योगिक अधिनियम के रूप में रखी गई। इसके अनुसार खनिजों को चार भागों में रखा गया है :

(१) परमाण्विक खनिज (Atomic minerals), जो परमाणु ऊर्जा अधिनियम में उल्लेखित है। इनका न तो कोई खनन कर सकता है, न विक्रय कर सकता है, और न ही प्रयुक्त कर सकता है, जब तक कि भारत सरकार से लाइसेन्स न मिला हो।

(२) खनिज तेल (पेट्रोलियम तथा प्राकृतिक गैस), जिसका भावी विकास सरकार के जिम्मे होगा।

(३) प्रधान खनिज, जिनमें (अ) कोयला, लोहा, मैंगनीज, क्रोमियम, टंगस्टन ताँबा, सीसा तथा जस्ता के अयस्क, जिप्सम, गंधक, सोना, हीरा आदि खनिज सम्मिलित हैं। इनका भावी विकास सरकारी क्षेत्र में होगा। (ब) सभी दूसरे खनिज (नीचे लिखित गौण खनिजों को छोड़कर) जो धीरे-धीरे सरकार द्वारा खनित होने लगेंगे और निजी क्षेत्र सरकार का पूरक रूप में काम करेगा।

(४) गौण खनिज, जैसे इमारती पत्थर, संगमरमर, स्लेट, मृत्तिका, चूना पत्थर, कंकड़, गुटिका और गोलाश्म, बालू तथा सड़क पत्थर, जो स्थानीय उद्योगों का निर्माण करते हैं। जिन क्षेत्रों में ये पड़ते हैं, उनकी राज्य सरकारें इनका देख-रेख करेंगी।

यद्यपि भारतीय खनिज उद्योगों को अनेक स्थानीय समस्याओं का सामना करना पड़ा है, किन्तु इस उद्योग की लगातार उन्नति होती गई है। केवल १९६६ तथा १९६७ में अवनति देखी गई, जिससे रुपये का अवमूल्यन तक करना पड़ा।

१९४७ (आजादी का प्रथम वर्ष) में भारतीय खनिज उत्पादन का कुल मूल्य ६४ करोड़ रुपये था, जिसमें पेट्रोलियम तथा गौण खनिज भी सम्मिलित है। १९५० (प्रथम पंचवर्षीय योजना के पूर्व) में मूल्य (पेट्रोलियम तथा परमाणु ऊर्जा खनिजों को छोड़कर) ८३.४ करोड़ रुपये और १९५५ (प्रथम पंचवर्षीय योजना के अंतिम वर्ष) में मूल्य (पेट्रोलियम और परमाणु उर्जा खनिजों को छोड़कर) १०० करोड़ रुपये पहुँच गया। मूल्य आगे भी बढ़ता गया और १९६० (दूसरी पंचवर्षीय योजना के अंतिम वर्ष) में १६४.४ करोड़ रुपये (पेट्रोलियम तथा परमाणु ऊर्जा खनिजों को छोड़कर, किन्तु गौण खनिजों को सम्मिलित कर) हो गया। १९६६ (तीसरी पंचवर्षीय योजना के अंतिम वर्ष) में भारत में खनिज उत्पादन का कुल मूल्य (जिसमें सभी प्रधान खनिज सम्मिलित हैं, किन्तु पेट्रोलियम, परमाणु ऊर्जा खनिजों, गौण और गोवा के खनिज उत्पादन के मूल्य सम्मिलित नहीं है) २४७.७ करोड़ रुपये था।

जिन खनिजों का मूल्य सम्मिलित नहीं किया गया है, उनका मूल्य भी ध्यान में रखते हुये यह निर्विवाद कहा जा सकता है कि १९४७ से अब तक के २० वर्षों में खनिज उत्पादन के मूल्य में चौगुनी और विगत ६० सालों में २५ गुनी से भी अधिक वृद्धि हुई है। जिन खनिजों की सांख्यिकी का लेखा रखा जाता है, उनकी संख्या भी ५० से अधिक हो गई है।

कोयला तथा लिग्नाइट अग्रणी खनिज वर्ग है, जिससे १९६६ में १८४.५ करोड़ रुपये की प्राप्ति हुई, जो उस वर्ष के खनिज उत्पादन के मूल्य का ¾ भाग है। लोहस धात्विक खनिजों (लोहा, मैंगनीज, क्रोमियम तथा टंगस्टन के अयस्क) लगभग २६ करोड़ रुपये या कुल मूल्य के लगभग १०.५ प्रतिशत का हुआ।

अलोहस धात्विक खनिज (ऐलुमिनियम, ताँबा, जस्ता, टाइटैनियम, सोना तथा चाँदी ८.८ करोड़ रुपये का या कुल मूल्य का लगभग ३·६ प्रतिशत हुआ। शेष मूल्य २८·३ करोड़ रुपये या कुल मूल्य का लगभग ११·४ प्रतिशत अधात्विक खनिजों (या औद्योगिक खनिजों) के उत्पादन से आया, जिन्हें धातु के लिए न गला कर उद्योगों में सीधा कच्ची अवस्था में या कुछ परिष्करण के बाद भेज दिया जाता है।

१९६६ में भारतीय खनिज उत्पादन के कुल मूल्य में विभिन्न राज्यों का हिस्सा अलग-अलग रहा। इसका कारण विभिन्न राज्यों में खनिज भंडार की अलग-अलग मात्रा तथा उनके विकास की अलग-अलग अवस्था है। भूपटल में खनिज बहुत ही असमान रूप से वितरित हैं। अपने देश में भी वे यत्र-तत्र जमा हैं। विगत काल में सक्रिय दीर्घकालिक भूवैज्ञानिक प्रक्रमों द्वारा खनिजों का निर्माण और आर्थिक निक्षेपों के रूप में सांद्रण हुआ, और विशिष्ट वातावरण एवं परिस्थितियों में भूसतह पर या उसके निकट या काफी गहराई में वे निर्मित हुए। अतः खनिज संपत्ति का उस क्षेत्र में सृजन कभी नहीं हो सकता, जहां वह पहले से ही अस्तित्व में नहीं है।

१९६६ में खनिज उत्पादन के संपूर्ण मूल्य २४७.७ करोड़ रुपये में बिहार सदा की तरह अग्रणी राज्य रहा। इसने ९३.८ प्रतिशत भाग दिया। बिहार के बाद प० बंगाल से २१ प्रतिशत, मध्य प्रदेश से १४.३ प्रतिशत, आंध्र प्रदेश से ६.१ प्रतिशत तथा उड़ीसा से कुल मूल्य का ५.८ प्रतिशत आया। इन राज्यों द्वारा ऊँचे स्थानों की प्राप्ति का कारण प्रमुख कोयला उत्पादक होना है जो मात्रा तथा मूल्य दोनों में अग्रणी खनिज है। इन राज्यों से घिरा प्रदेश लोहा तथा मैंगनीज अयस्कों, क्रोमाइट, चूना पत्थर, डोलोमाइट, बाक्साइट, कायनाइट, अग्निसह मिट्टी, स्फटिक तथा क्वार्ट्जाइट में काफी समृद्ध है, और अधिकांश लोहा और इस्पात के कारखाने इसी क्षेत्र में है। इस संदर्भ में यह भी स्मरणीय है कि भारत के कुछ राज्य, जैसे जम्मू एवं काश्मीर, हिमाचल प्रदेश, आसाम और मनीपुर, त्रिपुरा आदि केन्द्र शासित राज्यों में अभी भूवैज्ञानिक दृष्टि से पूर्णतः सर्वेक्षण नहीं हुआ है, अतः उनके खनिज भंडार न तो पूर्णतः ज्ञात ही हैं, न ही उनका खनन हुआ है।

आजादी के बाद भारत सरकार ने अनेक संस्थाएं खोली हैं, जैसे भारतीय खनिज-विभाग, परमाणु ऊर्जा विभाग, तेल तथा प्राकृतिक गैस आयोग, आयल इण्डिया लि०, कोयला विकास निगम, राष्ट्रीय खनिज विकास निगम, हिन्दुस्तान इस्पात संगठन, कोलार स्वर्ण खनन संस्थान, मैंगनीज ओर लि०, हिन्दुस्तान कॉपर लि०, हिन्दुस्तान जिंक लि० तथा पाइराइट तथा रसायन विकास निगम लि० आदि। अनेक लोहा तथा इस्पात कारखाने, फेरो—मिश्रधातु संयंत्र, ऐलुमिनियम संयंत्र, खनिज सज्जीकरण संयंत्र, कोयला सज्जीकरण, तेल परिष्करणी तथा उच्चताप कारखाने, उर्वरक-कारखाने आदि सरकारी और निजी क्षेत्र में खोले गये हैं। इन सभी कारणों से भारत में खनिज उत्पादन में उन्नति हुई है और निस्सन्देह होती जायेगी। खनिज उद्योग की समृद्धि राष्ट्रीय शक्ति का उत्थान करेगी। संसार के मानचित्र पर भारत निश्चय ही संपन्न राष्ट्र के रूप में प्रकट होकर रहेगा।

———

'भारतेंदु' की निरुक्ति

डॉ० श्याम तिवारी
लेक्चरर, हिन्दी विभाग

(क) भारतेंदु का इतिवृत्त

हिन्दी साहित्य के इतिहास लेखकों में सर्वप्रथम सर जार्ज ग्रियर्सन हरिश्चंद्र को अपने समय का सर्वाधिक प्रसिद्ध भाषाकवि, भाषा-साहित्य का सबसे बड़ा प्रचारक, अनेक शैलियों का सिद्धहस्त लेखक, हरिश्चंद्र चंद्रिका नामक सबसे अच्छे पत्र का सम्पादक और उत्तर भारत का सर्वश्रेष्ठ आलोचक बताते हुए लिखते हैं कि सन् १८८० में इनकी ख्याति इतनी बढ़ गई थी कि देशी पत्रों के प्रायः सभी संपादकों ने एक मत होकर इन्हें 'भारतेंदु' उपाधि प्रदान की थी।[१] देश-विदेश में व्याप्त हरिश्चंद्र की इसी ख्याति के संदर्भ में इनके प्रसिद्ध जीवनी लेखक शिवनंदन सहाय का कथन है कि उक्त उपाधि का प्रस्ताव रामशंकर व्यास ने २७ सितम्बर, १८८० ई० के 'सारसुधानिधि' नामक पत्र में सर्व प्रथम प्रकाशित कराया था। तब से देशी-विदेशी सभी इन्हें भारतेंदु कहने तथा लिखने लगे[२] और यह इतना प्रचारित हुआ कि हरिश्चंद्र का उपनाम बन गया।[३]

रामशंकर व्यास ने **'एक देश हितैषी'** के नाम से **श्री बाबू हरिश्चंद्र और काशी** शीर्षक अपने प्रेरित पत्र में इस उपाधि की प्रस्तावना इन शब्दों में की थी—**"हिंदी भाषा के उत्पादक और जन्मदाता, देशोपकारियों में अग्रगण्य, विदग्धों में शिरोमणि, सकल गुण-निधान, चतुर सुजान, श्री बाबू हरिश्चंद्र जी महाशय हम लोगों के परम सहायक और मान्य हैं। हम सब इनके उपकार डोर में बँध रहे हैं। बाबू साहिब हिंदी भाषा के परमाश्रयभूत हैं और इन्हीं से हिन्दी सनाथ है। सज्जन मंडली उक्त बाबू साहिब के लेख को चातक की नाईं प्रत्याशा किया करती हैं......सज्जन कुमुदगण, रसिक शिरोमणि बाबू हरिश्चंद्र के नाम से प्रसन्न होते हैं। मेरी अल्पबुद्धि में यदि बाबू हरिश्चंद्र को भारतेंदु, माहेहिंद, द मून आफ इंडिया की उपाधि दी जावे तो सर्वथा उचित हो"**।[४]

हरिश्चंद्र के अध्येताओं में प्रायः सभी ने 'सारसुधानिधि' में प्रकाशित इसी प्रस्ताव को भारतेंदु पदवी का मूल माना है। किंतु ब्रजरत्नदास और लक्ष्मीसागर वार्ष्णेय एक दूसरे मूल की ओर संकेत करते हैं।[५] ये 'सारसुधानिधि' के प्रस्तावक 'एक देश हितैषी' को रामशंकर व्यास के स्थान पर रामेश्वरदत्त व्यास से प्रतिज्ञापित भी करते हैं।[६] दोनों

---

[१] दि माडर्न वर्नाक्यूलर लिट्रेचर ऑव हिंदुस्तान, पृ० १२४, एशियाटिक सोसायटी, कलकत्ता, १८८९।
[२] शिवनंदन सहाय : सचित्र हरिश्चंद्र, पृ० ३२०, खंग विलास प्रेस, बाँकीपुर, १९०५।
[३] राधाकृष्ण ग्रंथावली, पहला खंड, पृ० ४०५।
[४] सारसुधानिधि, पृ० ३००, १२ आश्विन चन्द्रवार, सं० १९३७।
[५] ब्रजरत्नदास : भारतेंदु हरिश्चन्द्र, तृतीय संस्क०, पृ० ११५; लक्ष्मीसागर वार्ष्णेय : भारतेंदु हरिश्चंद्र, प्रथम संस्क०, पृ० २२।
[६] वही।

विद्वानों ने भारतेंदु प्रस्ताव की जिस आदि घटना का उल्लेख किया है, उसका आधार सुधाकर द्विवेदी लिखित 'राम कहानी' की भूमिका है। उसके अनुसार 'एक देश हितैषी' की विस्तृत प्रस्तावना के ६ वर्ष पूर्व नवंबर, १८७३ के 'हरिश्चंद्र मैगजीन' में बालशास्त्री की जाति-व्यवस्था को लक्षकर जब हरिश्चंद्र ने 'सबै जाति गोपाल की'[1] शीर्षक व्यंग-लेख लिखा तो शास्त्री जी के सहयोगी रघुनाथ जी बड़े कुपित हुए और बाबू साहिब के दरबार में आकर उनसे बोले—**"आपको कुछ ध्यान नहीं रहता कि कौन आदमी कैसा है, सभी का अपमान किया करते हो। जैसे आप अपने सुयश से जाहिर हो, उसी तरह भोग विलास और बड़ों के अपमान करने से आप कलंकी भी हो। इसलिये आज से मैं आपको भारतेंदु नाम पुकारा करूँगा।"**[2]

सुधाकर द्विवेदी के कथनानुसार भारतेंदु उपाधि का इतिहास नवबर, १८७३ के पश्चात् आरंभ होता है किंतु लगभग ६ वर्ष बाद तक इसका उपयोग तथा प्रचार नहीं हुआ। इस अवधि के प्रकाशित लेखों में प्रस्तुत विषय की चर्चा अनुपलब्ध होने से उपाधि का यह स्रोत प्रत्यक्ष प्रमाणों से पुष्ट नहीं है। इसके विपरीत सितम्बर, १८८० से ही 'भारतेंदु' पद का क्रमिक प्रयोग मिलता है। इसीलिए श्यामसुन्दरदास भी मूल प्रस्ताव एवं प्रस्तावक के प्रति अपनी अनभिज्ञता प्रकट कर इस संदेह को पुष्ट करते हैं। उनका कथन है कि **"रामशंकर व्यास इस प्रस्ताव को लेकर अग्रसर हुए"** परन्तु यह ज्ञात नहीं है कि यह किसके मस्तिष्क की उपज थी।[3]

'सारसुधानिधि' के प्रसिद्ध 'प्रेरितपत्र' के पश्चात् यद्यपि भारतेंदु उपाधि के प्रस्ताव ने हिंदी पत्रों ारा संचालित आन्दोलन का रूप ले लिया था, तथापि सन् १८८१ के मध्य तक लोगों ने इस पर विशेष ध्यान नहीं दिया था। क्योंकि अगस्त १८८१ के 'हरिश्चंद्र चंद्रिका मोहन चंद्रिका' में किसी न० ल० प० ने इस पर खेद और आश्चर्य व्यक्त किया है। साथ ही, 'कवि वचन सुधा' में प्रकाशित काशीनाथ के उस प्रस्ताव का उल्लेख भी किया है जिसमें एक समाज एकत्र कर हरिचन्द्र को भारतेंदु उपाधि देने का संकल्प किया गया था।[4] किंतु समारोहपूर्वक उपाधि प्रदान करने का यह अवसर कभी आया ही नहीं, केवल पत्रों के प्रस्ताव तथा अनुमोदन पर इसका व्यवहार आरंभ हुआ।

---

[1] सर हेनरी एम० इलियट : मेम्वायर्स ऑन दि हिस्ट्री फोक लोर ऐंड डिस्ट्रीव्यूशन ऑव द रेसेज़ ऑव द नार्थ-वेस्टर्न प्राविंसेज़ ऑव इंडिया, खंड १, पृ० ११३, द्वितीय संस्क०, लंदन, १८६९।

[2] सुधाकर द्विवेदी : राम कहानी, पृ० २, चंद्रप्रभा प्रेस, १९०८; विशेष दे० क० व० सु०, नवम्बर, १८७१ पृ० ५३ पर हरिश्चंद्र का काशी के पंडितों पर जाति व्यवस्था संबंधी आक्षेपपूर्ण लेख।

[3] श्यामसुन्दर दास : भारतेंदु हरिश्चन्द्र, पृ० ७९।

[4] हरिश्चन्द्र चन्द्रिका मोहन चन्द्रिका, श्रावण, सं० १९३८, पृ० २२; भारतमित्र, १५ जनवरी, १८८५, पृ० १-२; धर्म दिवाकर, पौष, सं० १९४१, पृ० १३०; रामशंकर व्यास संपादित 'चन्द्रास्त' (१८८५), पृ० १५।

हरिश्चन्द्र की प्रशंसा में भट्ट गोपालशास्त्री के श्लोक प्रकाशित करते हुए 'कवि वचन सुधा' संपादक ने ७ मार्च, १८८१ की संख्या में पृष्ठ ५ पर पहली बार 'भारतेंदु बाबू हरिश्चन्द्र' लिखा और ३० मई, १८८१ के अंक में उसे दुहराया। मई, १८८१ के 'विद्यार्थी सम्मिलिता हरिश्चन्द्र चन्द्रिका मोहन चन्द्रिका' में हरिश्चन्द्र की उदारता की सूचना देते हुए उन्हें **'चंद्रिका चंद्र भारतेंदु'** कहा गया।[१] तीन मास पश्चात् अगस्त, १८८१ के 'आनंद कादंबिनी' में 'भारतजननी' की समीक्षा में ग्रंथकार का नाम **'श्रीयुत बाबू हरिश्चंद्र भारतेंदु'** लिखा गया।[२] पुनः एक मास बाद 'क्षत्रिय पत्रिका' में **'भारतेंदु हरिचन्द्र'**[3] और दो मास बाद 'गोमहिमा' की समीक्षा में ग्रंथकार को **'भारत भूषण वाराणसी वसुन्धरा भरण आर्य भाषा भाग्य भाजन श्री भारतेंदु हरिश्चंद्र विद्वद्विटप'** लिखा गया था।[४] २२ सितम्बर, १८८२ को हरिचन्द्र ने मिस्र विजय के उपलक्ष में बनारस इंस्टीट्यूट की ओर से आयोजित समारोह में अपनी 'विजयिनी विजय पताका' (या वैजयंती) शीर्षक कविता का पाठ किया। उससे प्रभावित हो लंदन से फ्रेडरिक के० हरफोल्ड ने राष्ट्रगीत (नेशनल एंथम) के हिंदी अनुवाद के लिए हरिचन्द्र को लिखे अपने १६ मार्च, १ जून और ८ जून, १८८३ के पत्रों में नाम के साथ भारतेंदु उपाधि का व्यवहार किया था।[५] ये पहले विदेशी पत्र हैं जिनमें इसका प्रयोग मिलता है।

नाम के साथ भारतेंदु उपाधि के इन प्रारंभिक प्रयोगों के बावजूद, कुछ को छोड़कर तत्कालीन हिंदी पत्रों में इसकी परंपरा कुछ बाद से चली। ज्वालादत्त प्रसाद ने हरिश्चन्द्र के उद्देश्यों से अनुप्राणित होकर १८८१ में भारतेंदु नामक पत्र ही निकालना आरंभ कर दिया था जो शीघ्र ही बंद हो गया किंतु जब यही पत्र पुनः २२ अप्रैल, १८८३ से राधाचरण गोस्वामी के संपादकत्व में वृंदावन से **"षोडस कला सहित पूर्णचंद्र के समान प्रत्येक पूर्णमासी"** को निकलने लगा, लिखने-पढ़ने तथा पत्र-पत्रिकाओं में भारतेंदु उपाधि की लोकप्रियता बढ़ने लगी।[६]

सन् १८८० तक हिंदी भाषा-भाषी क्षेत्र में हरिश्चन्द्र की प्रसिद्धि का जो उल्लेख ग्रियर्सन ने किया है और जिसके कारण देशी पत्रों द्वारा प्रस्तावित भारतेंदु उपाधि को सर्वमान्य हो जाना लिखा है, उसका आशय यह है कि तब तक हरिश्चन्द्र के भाषा एवं साहित्य संबंधी आदर्शों के अनुगामी हिंदी लेखकों, कवियों और पत्रकारों का समूह तैयार हो गया था और सन् १८८४ के आते-आते हरिश्चन्द्र एक व्यक्ति के रूप में संस्था की मर्यादा ग्रहण कर चुके थे। इस अवधि में हिंदी भाषा तथा साहित्य के क्षेत्र में उन्हें अपना आदर्श बनाकर चलने वाले लेखकों तथा पत्रकारों ने भारतेंदु उपाधि को लोकप्रिय बनाने में पूरा योग दिया और

---

[१] विद्यार्थी सम्मिलिता हरिश्चंद्र चंद्रिका मोहन चंद्रिका, ज्येष्ठ सं० १९३८, पृ० ९८।
[२] आनन्द कादम्बिनी, खं० १, सं० १, पृ० ३।
[3] क्षत्रिय पत्रिका, खं० १, सं० ४, पृ० ११२; खं० १, सं० ९, पृ० २०९।
[४] हरिश्चन्द्र चन्द्रिका मोहन चन्द्रिका, कला ८, किरण १०, पृ० १२५।
[५] शिवनन्दन सहाय : सचित्र हरिश्चन्द्र, परिशिष्ट, पृ० २५-३०।
[६] भारतेंदु, पुस्तक १, नियम १ (२२ अप्रैल, १८८३)।

उनकी मृत्यु के उपरान्त नाम से संवत् चलाने, स्मारक स्थापित करने, उनकी कृतियों तथा आदर्शों को प्रचारित करनेवाले समकालीन पत्रकार-लेखकों और आधुनिक हिंदी तथा हिंदी साहित्य के संदर्भ में उनका मूल्यांकन करनेवाले परवर्ती आलोचकों ने भारतेंदु उपाधि को उपनाम के रूप में स्वीकार कर लिया। आगे चलकर यह उपाधि व्यक्तिनिष्ठ विशेषण के रूप में इतनी रूढ़ हो गई कि उसके साथ असली नाम का उल्लेख ही अनावश्यक हो गया। यही नहीं, जब हिंदी सेवा के लिये जीवित साहित्यकारों को भारतेंदु उपाधि देने का प्रस्ताव किया गया तो उसका यह कहकर विरोध हुआ कि इसका एकनिष्ठ महत्व हरिश्चन्द्र तक है, इसकी प्रस्तावना आधुनिक हिंदी साहित्य के इतिहास की महान् घटना है। अतः इसे सबके लिए सुलभ करने का अर्थ केवल इसकी महत्ता को घटाना ही नहीं, अपितु इसका निरादर और उपहास भी करना होगा।[१]

भारतेन्दु उपाधि की प्रस्तावना और प्रयोग का संक्षिप्त इतिहास प्रस्तुत करने के बाद, अब उसके वास्तविक अर्थ की व्याख्या करने का कार्य बच रहता है। इसके लिए चंद्र-रूपकों का अन्वेषण आवश्यक हो जाता है क्योंकि तभी उन रूपकों के विभिन्न प्रयोगों के संदर्भ में विकसित इस उपाधि की सार्थकता का रहस्य तभी प्राप्त किया जा सकता है। आधुनिक हिंदी भाषा और साहित्य के इतिहास में 'भारतेंदु' की स्थिति और औचित्य का निर्णय भी तभी किया जा सकता है, जब यह देख लिया जाय कि इसकी उद्भावना तथा प्रयोग के विस्तार-क्रम में प्रयोगकर्ताओं का अभिप्राय क्या है ?

(ख) भारतेंदु उपाधि की पृष्ठभूमि : चंद्र और हरिश्चंद्र का समीकरण

यह एक मनोरंजक तथ्य है कि हरिश्चंद्र के नाम तथा कार्य की विशेषताएँ आरंभ से ही चंद्रमा की विशेषताओं से समीकृत होती रही हैं। वस्तुतः ऐसी ही उक्तियाँ भारतेंदु-कल्पना की पृष्ठभूमि प्रस्तुत करती हैं। ये इस तथ्य को भी स्पष्ट करती हैं कि इस उपाधि की उद्भावना नितान्त आकस्मिक घटना नहीं थी क्योंकि इसके पीछे हरिश्चंद्र के चंद्र-सुलभ गुण-कार्य की तुल्यता सिद्ध करनेवाली उक्तियों का एक लंबा क्रम है जो हिंदी-आकाश में उनके उदय काल से ही आरंभ हो जाता है।

भारतीय वाङमय में चंद्रमा का व्यक्तित्व गुण और दोष के अद्भुत समन्वय से निर्मित

---

[१] स्व० ब्रजरत्नदास तथा बाबू रामचंद्र वर्मा से लेखक को ज्ञात हुआ कि सन् १९३० के आस-पास ना. प्र. सभा के कुछ सदस्यों ने श्यामसुन्दरदास को उक्त उपाधि से सम्मानित करने की बात चलाई थी और उसे सभा द्वारा स्वीकृत तथा प्रस्तावित करने की चेष्टा भी की थी। किंतु विरोध के कारण वैसा न हो सका। इस ढंग का प्रस्ताव पहले पहल हिंदी साहित्य सम्मेलन, प्रयाग की ओर से हुआ था। 'सम्मेलन के प्रस्तावित मंतव्य' में सोलहवाँ प्रस्ताव भारतेंदु उपाधि था, जिसका विवरण नागरीप्रचारिणी पत्रिका के १५ जुलाई, १९१० के अंक में पृष्ठ ७-८ पर दिया है। इसी प्रकार हिंदी सेवा के पुरस्कार-स्वरूप कुछ पत्र संपादकों ने लेखकों को 'भारतेंदु' बनाया तो 'प्रेमघन' ने उसका तीव्र विरोध किया था। दे० आनंद कादंबिनी, माला २, मेघ १०-१२, सं १९४२, पृ० ७।

हुआ है। वह एक ओर पौराणिक परंपरा में कामी, लंपट, लांछित, क्षयी और राहुग्रस्त वर्णित है, तो दूसरी ओर काव्यशास्त्र की परम्परा में प्रसिद्ध उपमान की स्थिति से सौंदर्य, यश, मंगल और अमृतत्व का प्रतीक रहा है।[1] इन द्विविध परम्पराओं के अनुसार हरिश्चंद्र के कृतज्ञता-ज्ञापकों, प्रशंसकों, उपाधि प्रस्तावकों और आलोचकों ने भिन्न-भिन्न प्रकार के चंद्ररूपकों की सृष्टि की है। इन रूपकों की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि इनमें प्रशस्ति-रूढ़ियों के साथ हरिश्चंद्र के व्यक्तित्व एवं कृतित्व की सच्ची प्रशंसा का पूरा-पूरा निर्वाह मिलता है। चंद्र की तुल्यता, समता और सहधर्मिता की जो सांगरूपकता इनके साथ घटित हुई है, वह तब और संगत हो जाती है जब हम देखते हैं कि हरिश्चंद्र के जीवन और कर्म में चंद्रत्व के नियामक तत्व स्वतः संगठित हो गये हैं। 'कवि वचन सुधा' की सुधा, 'हरिश्चंद्र चंद्रिका' की चंद्रिका, देश तथा भाषा-हित का प्रकाश, बड़ों के तथाकथित अपमान और भोग-विलास का लांछन आदि तत्व इन रूपकों के महत्वपूर्ण उपादान हैं। इन विशेषताओं को लेकर चलनेवाले रूपकों का उपसंहार 'भारतेंदु' के रूप में हुआ। श्यामसुन्दरदास का मत है कि **भारतेंदु उपाधि की उद्भावना किसी बड़े ही विलक्षण बुद्धिवाले का काम था और इसके लिए उसकी जितनी प्रशंसा की जाय, थोड़ी है क्योंकि बाबू हरिश्चंद्र इसके सर्वथा उपयुक्त पात्र थे।**[2] वास्तव में 'भारतेंदु' पद हरिश्चंद्र के चंद्रोचित गुणों और क्रियाओं का सच्चा रूपक था। वह उनके साहित्यिक, सामाजिक, सांस्कृतिक और राजनीतिक आयोजनों से अर्जित यश के संदर्भ में अद्वितीय विशेषण भी था। यही कारण है कि इस उपाधि में निहित रूपक, चंद्र-विषयक शास्त्रीय धारणाओं से संगठित होने पर भी हरिश्चंद्र के गुण-कार्य का सच्चा प्रतीक बनकर अपनी योजना में पूर्णतया सार्थक, सकारण और उचित प्रतीत होता है। हरिश्चंद्र के चंद्र रूपक की पिछली योजनाएँ किस प्रकार भारतेंदु उपाधि का मूल बनीं, इसके कुछ तथ्यपरक तथा मनोरंजक विवरण, विषय को ऐतिहासिक विकास-क्रम से समझने में सहायक होने के कारण प्रस्तुत किये जाते हैं।

अगस्त, १८६८ में 'कवि वचन सुधा' नामक पत्र प्रकाशित हुआ था जो तत्कालीन हिंदी-उर्दू पत्रों से विलक्षण था।[3] इसकी **'सुधा'** आकाशीय चंद्र की अलौकिक सुधा से भिन्न थी, क्योंकि वह काव्यप्रेमी **'रसिक चकोरों'** के लिए थी। पहले इसमें प्राचीन कवि वाणी की 'सुधा' संचित होती थी, बाद में नये सुकवि जन की **'अमृत वाणी'** से युक्त होने पर नित्य नवता के गुण से संपन्न हुई। **'सुरपुर'** से भिन्न कोटि की नवीन **'सुधा'** प्रस्तुत कर हरिश्चंद्र ने पार्थिव चन्द्रमा का स्थान प्राप्त किया।[4] जून, १८७४ में जब 'हरिश्चंद्र मैगजीन' आठवें नम्बर के बाद 'हरिश्चंद्र चंद्रिका' हो गई, तब उसका सिद्धान्त वाक्य भी बदल गया।

---

[1] दे० लेखक का 'विश्वासों में चंद्र कलंक' लेख मराल, फरवरी, १९६४, यूरेका पब्लिकेशंस, वाराणसी।

[2] श्यामसुन्दरदास : भारतेंदु हरिश्चंद्र, पृ० ७९-८०।

[3] शिवनंदन सहायकृत सचित्र हरिश्चंद्र में उद्धृत गार्सां द तासी का कथन, पृ० ६९।

[4] दे० 'कवि वचन सुधा', भाद्रपद, सं० १९२६, भाद्रपद, सं० १९२७ और भाद्रपद, सं० १९२९ के अंकों में मुख पृष्ठ के शीर्ष पर प्रकाशित एवं क्रमशः परिवर्तित सिद्धांत वाक्य।

अब वह काव्य सुधा से **'रसिक'** और **'बुधजन'** को तृप्त करनेवाली 'कवि वचन सुधा' की प्रतिज्ञा के साथ कवि रूपी कुमुदों का हृदय विकसित करने, रसिक चकोरों को सुख देने, प्रेमियों को अपनी सुधा प्रदान करने, भारत के आलस्य रूपी तम को हरने, उद्यम रूपी औषधि प्रदान करने और खल-चोरों को दलने का संकल्प लेकर अवतरित हुई।[१] इस संकल्प में चंद्रिका के उन सभी गुणों का समावेश गिया गया है जिसके कारण चंद्रमा क्रमशः कुमुदप्रिय या कुमुद बंधु, सुधांशु या सुधाकर, तमोहर, ओषधीनाथ और शुभ्रांशु आदि कहे जाते हैं।[२] अक्टूबर, १८६९ में 'कार्तिक कर्म विधि' प्रकाशित हुआ। उसके मुखपृष्ठ पर एक श्लोक में उसे राका-ज्योत्सना-स्वरूप अलभ्य अमृत कहा गया है जो हरिश्चंद्र रूपी चंद्रमा से इस संसार को सुलभ हुआ था।[३] सितंबर, १८६९ में ड्यूक ऑव एडिनबरा काशी आये थे। उनके स्वागत में २० जनवरी, १८७० को आयोजित सभा में पुरस्कृत काशी के विद्वानों ने वाद में अपनी कृतज्ञता प्रकट करने के लिए हरिश्चंद्र को एक मान-पत्र भेंट किया था। उसमें विद्वज्जन की प्रतिष्ठा का एकमेव कारण बताते हुए इन्हें नाम के आधार पर चंद्र और सूर्य के सम्मिलित गुणों का पुंज कहा गया।[४] असल में, पुरस्कार एवं आर्थिक सहायता द्वारा गुणियों तथा पंडितों का सम्मान करना इनका स्वभाव था जो चंद्रमा की आह्लादित तथा आलोकित करनेवाली विशेषता के अनुरूप था।[५] इसी दृष्टि से 'कवि वचन सुधा' में प्रकाशित श्लोक में शीतला प्रसाद त्रिपाठी ने हरिश्चंद्र को प्रियदर्शन चंद्रमा के समान आह्लादकारी कहा भी है। उसका आशय है कि हरिश्चंद्र में लोक रंजनकारी तथा प्रियदर्शी चंद्रमा के जो गुण सुने जाते हैं वे वस्तुतः उनमें परिलक्षित भी होते हैं।[६] हरिश्चंद्र के स्वभाव का यह पक्ष चंद्रमा के समान उनके आकर्षक व्यक्तिव में निहित, व्यवहार की अनुरंजनकारी विशेषता को उजागर करता है। इस संबंध म अम्बिकादत्त व्यास का कथन है कि

---

१ 'कवि जन कुमुद गन हिय विकासि···मंगल करै।' तथा 'विद्वत्कुलामलस्वान्त··· श्री हरिश्चंद्र चंद्रिका।' दे० हरिश्चंद्र चंद्रिका, जून, १८७४, खंड १, सं ९ (मुख पृष्ठ)।

२ मोनियर मोनियर विलियम्स : ए डिक्शनरी ऑव इंगलिश ऐंड संस्कृत, दे० 'चंद्रमा', 'सोम'।

३ लोकानां पापरूपप्रबलतमतमो नाशनायाशुशक्तं,
तीक्ष्णं त्रितापं पटुतरमनिशं यः परन्दुःखहेतु।
दातुं शक्तं त्रिलोकैरसुलभममृतं कार्तिकं कर्मवैधं
राकाज्योत्स्ना स्वरूपं विलसतु जगति श्री हरिश्चंद्र चंद्रात्॥

४ तपने गतवत्यस्तं समुदयति कलानिधौ प्राचि
चित्रातत्र प्रथितिः समुदयमायाति यद् हरिश्चंद्रः
विद्वज्जन प्रतिष्ठाकारणमेवं हरिश्चंद्रः यद्वत्
स्वभावगत्या दिन-रात्र्योर्वा हरिश्चंद्रः।

५ चदि आह्लादने से चंदयति आह्लादयति बनता है। चंद्रमा का अर्थ ही है आह्लादित करनेवाला।

६ श्रूयते ये हरिश्चंद्रे जगदाह्लादिनो गुणाः दृश्यंते ते हरिश्चंद्रे चंद्रवत् प्रियदर्शने। क० व० सु०, जून, १८७१, पृ० १६६।

"दूर से लोग इसकी मधुर कविता सुन आकृष्ट होते थे और समीप आ मधुर श्यामसुन्दर घुंघराले बालवाली मधुर मूर्ति देख बलिहारी होते और वार्तालाप में मधुर भाषण, नम्रता और अतिशिष्ट व्यवहार से वशम्बद हो जाते थे।"[१] १८७१ के 'कवि वचन सुधा' में हरिश्चंद्र को संबोधित किसी कवि के कुछ श्लोक प्रकाशित हुए हैं। उनमें एक श्लोक का भावार्थ है : हे गुण-गौरव के अन्यतम रक्षक और समस्त दिगंतराल को अपनी कीर्तिरूपी चंद्रमा से रंजित करनेवाले हरिश्चंद्र ! मैं तुम्हें नरेंद्र की पदवी को पहुँचता हुआ देख; ठीक ही प्रसन्न हो रहा हूँ।[२] इसी प्रकार जयनारायण पाठशाला के अध्यापक भट्ट गोपाल शास्त्री ने भी हरिश्चंद्रसंबंधी प्रशंसात्मक श्लोक रचे हैं।[३] जुलाई, १८७४ के 'चंद्रिका' में प्रकाशित सदगुर परसाद ने अपने पत्र में संपादक हरिश्चंद्र को 'श्रीयुत काव्यकला कलाधर' और 'कविकुल कुमुद प्रकाशक' विशेषणों से संबोधित किया है।[४] इसके पूर्व 'कवि वचन सुधा' में नारायण कवि का 'कविता वर्धिनी सभा' के संबंध में एक कवित्त प्रकाशित हुआ था जिसमें उन्होंने उसके कवि-प्रकाशक, सभापति आदि के रूप में हरिश्चंद्र की प्रशंसा की थी।[५] इस सभा की स्थापना गुणियों का मान बढ़ाने, नवीन कवियों को प्रोत्साहित करने और हिंदी कविता में वृद्धि करने के उद्देश्य से हरिश्चंद्र ने की थी।[६]

हरिश्चंद्र के काव्य तथा कवि-प्रकाशक और कवि रूप का परिचय हमें सन् १८६१-६७ के बीच ही मिलने लगता है। किंतु इनके प्रभावशाली ढंग से साहित्य क्षेत्र में अवतरित होने का समय १८७० में 'कवि वचन सुधा' जिल्द २ के प्रकाशन से आरंभ होता है। यही कारण है कि गार्साद तासी ने 'इस्त्वार द ल लितरेत्यूर ऐंदुई ए ऐंदुस्तानी' के द्वितीय संस्करण (१८७०-७१) में हरिश्चंद्र को संपादक, प्रकाशक और अनुवादक लिखा है।[७] सन् १८७० के बाद

---

[१] अंबिकादत्त व्यास : बिहारी बिहार, भूमिका, पृ० ४७, भारत जीवन यंत्रालय, सं० १९५५।

[२] राजन्नरेंद्र पदवी मधि रोहसित्वं सत्योऽव्मुत्सव विधिर्विहितो यथा मे
तज्जापयामि गुण-गौरव रक्षिमुख्य कीर्तीन्दुरंजित समस्त दिगन्तराल।
—क० व० सु०, २८ सितंबर, १८७१, पृ० २४।

[३] कलाभिरिन्दुस्तव यातु तुल्यताम् तथापि मन्ये महदन्तरं स्फुटम्
दोषाकरौ सौ प्रथितः क्ववैश्यराट् बाबू हरिश्चंद्र गुणाकरस्त्वम्
नामैकदेशेन तवैव नामवान् न चंद्रिकाभिश्च सदा प्रकाशवान्
त्वंचंद्रिकाभिः सततं विशाम्यते प्रकाशको लोक मनोहरश्च।
—क० व० सु०, ७ मार्च, १८८१, पृ० ५।

[४] हरिश्चंद्र चंद्रिका, जुलाई, १८७४, पृ०४; इसके पूर्व यही विशेषण हरिश्चंद्र के लिए मन्नालाल ने सुन्दरी तिलक की भूमिका में दिया था।

[५] क० व० सु०, जि० २, नं० ७, पृ० ५५।

[६] वही, जि० २, नं० १, पृ० ८, अगस्त, अक्टूबर १८७०; जनवरी, अप्रैल, जून, १८७१; ११ दिसंबर १८७६; २ जून, १८७७; ६ अगस्त, १८७७; १५ अक्टूबर, १८७७; ८ अप्रैल १८७८ के अंकों में उक्त सभा के विवरण देखिये।

[७] लक्ष्मीसागर वार्ष्णेय (अनु०) हिंदुई साहित्य का इतिहास, दे० हरिचंदर, शीतला प्रसाद तिवारी और तमन्नालाल संबंधी विवरण।

'कवि वचन सुधा', 'हरिश्चंद्र मैगज़ीन' और 'हरिश्चंद्र चंद्रिका' के प्रकाशन क्रम में हरिश्चंद्र का कवि, लेखक, पत्रकार, अनुवादक, हिंदी के प्रबल समर्थक, उद्धारक, निर्माता, कर्णधार, नेता, प्रेरक का समर्थ रूप स्पष्ट होता गया, साथ ही प्रेरणा प्राप्त समर्थक तथा अनुगामी लेखकों, कवियों और पत्रकारों का दल भी संगठित होने लगा। इस प्रकार हरिश्चंद्र **'कवि कुल कुमुद प्रकाशक'** और **'काव्य कला कलाधर'** होकर हिंदी भाषा और साहित्य के क्षेत्र में अभिनव प्रकाश के प्रदाता बने। इनके प्रशंसकों ने हिंदी भाषा और साहित्य, हिंदू समाज, देश तथा धर्म हितकारी कार्य के लिए इन्हें विक्रम, हरिश्चंद्र, राजाभोज से बढ़कर गुणग्राही, कर्ण, एशिया का महाकवि, शायर मारूफ बुलबुले हिंदुस्तान, भारत भूषण[१] आदि कहा तथापि चंद्रमा के साथ इनके नाम, गुण, कार्य आदि की तुल्यता प्रकट करनेवाले रूपक ही विशेष लोकप्रिय रहे। इन रूपकों के निर्वाह में प्रशंसकों की भूमिकाओं का जो भी महत्व हो, लेकिन यह स्पष्ट है कि अपने विभिन्न आयोजनों के नाम, कार्य, गुण आदि को चंद्रमा से समीकृत करने के लिए हरिश्चन्द्र की ओर से भी पूरा-पूरा प्रयत्न हुआ। रामशंकर व्यास ने अपने 'प्रेरितन्पत्र' में हरिश्चन्द्र के गुणों आदि की चर्चा और भारतेंदु उपाधि की प्रस्तावना के पश्चात् रूपक-निर्वाह के लिए आवश्यक समानधर्मी तत्वों का विवरण देते हुए लिखा है—

"जो जो लक्षण चन्द्र में चाहिए वे प्रस्तुत बाबू साहिब में पाये जाते हैं। जो कोई कहे कि इसमें आप प्रमाण क्या रखते हैं तो मैं सिद्ध कर दिखाता हूँ—(१) चन्द्र से चन्द्रिका की उत्पत्ति है और यहाँ हरिश्चन्द्र से अभिनव किरणावली चन्द्रिका प्रकट हुई है। (२) चन्द्र में सुधा है, यहाँ इसमें भी कविवचन सुधा भी प्रस्रवित है। (३) चन्द्र में कलाएँ चाहिए, यहाँ अनेक गुण समूह देदीप्यमान कलाएँ हैं। (४) चन्द्र में लांछन कहिए, तो इनमें ईश्वर ने कोई ऐगुण नहीं रक्खा, यह सबसे भारी लांछन है। (५) वह किसी को सुखद और किसी को दुखद है, पर बाबू साहिब सदा सबको सुखद हैं, इतना उससे विशेष है।"[२]

हरिश्चन्द्र की मृत्यु के पश्चात् कवियों तथा लेखकों ने शोकोद्गार प्रकट करते हुए रचनाओं में अनिवार्य रूप से हरिश्चन्द्र के चन्द्र-रूपक का निर्वाह किया।[३] उनकी मृत्यु को प्रायः **'चन्द्रास्त'** और उन्हें राहुग्रस्त लिखा।[४] आगे चलकर भारतेंदु के अध्येताओं और

[१] दे० क० व० सु०, जि० २, नं० ११, पृ० १६४ (प्रेरित-पत्र); २७ अगस्त, १८७७, पृ० ७; राधाकृष्ण ग्रंथावली, पहला खंड, पृ० ३६६; शिवनंदनसहाय कृत सचित्र हरिश्चंद्र, पृ० ३६०, शोकावली में प्रकाशित केदार कवि की रचना, पृ० २६; क० व० सु० ७ मार्च, १८८१, पृ० ४; रामशंकर व्यासः चंद्रास्त, पृ० १०; सचित्र हरिश्चंद्र, पृ० ६०, २८०; रविदत्त शुक्ल : जंगल में मंगल, पृ० २६; हरिश्चंद्र चंद्रिका मोहन चंद्रिका, कला ८, किरण १०, पृ० १२५; शोकावली में रामशंकर व्यास लिखित चंद्रास्त, पृ० २।

[२] सारसुधानिधि, २७ सितम्बर, १८८०, पृ० ३००।

[३] दे० 'रक्ताश्रु', ब्राह्मण, खं० २, सं० ११, पृ० २; 'भारतेंदु अवसान', प्रेमघन सर्वस्व, भाग २, पृ० ६२, १६७-१६८, १७७; प्रेमघन सर्वस्व, भाग १, पृ० १०५; पीयूष प्रवाह, २५ मार्च, १८८५, पृ० ६; शोकावली, पृ० ३४।

[४] दे० 'मित्र विलास' का चन्द्रास्त शीर्षक लेख (राधाकृष्ण ग्रंथावली, भाग १, पृ० ४१८); रामशंकर व्यासकृत चन्द्रास्त; शिवनंदन सहाय : सचित्र हरिश्चन्द्र, पृ० ३३८; श्यामसुन्दर दास : भारतेंदु हरिश्चन्द्र, पृ० ८०।

आलोचकों ने भी रूपक की इसी परंपरा में 'भारतेन्दु के नक्षत्र मंडल' और 'भारतेन्दु मंडल' जैसे पदों की सृष्टि की और उनके प्रयोग का क्रम चलाया।

(ग) 'भारतेन्दु' में 'लांछन' का रहस्य और उसकी व्याख्या

हरिश्चंद्र की चंद्रोपम विशेषताओं को व्यंजित करनेवाली उक्तियों के क्रमिक विवरण से यह स्पष्ट हो जाता है कि प्रशस्तियों, सिद्धांत वाक्यों, प्रशंसात्मक उक्तियों और श्रद्धांजलियों में 'भारतेंदु' कल्पना किस प्रकार चरितार्थ तथा पुष्ट होती गई है। इस कल्पना को उपाधि के रूप में मनोनीत करनेवाले चन्द्ररूपक के तत्वों और उपादानों—सुधा, चंद्रिका, सर्वप्रियता, आह्लाद, शीतलता, कामुकता, परोपकार, प्रकाश, कला, राहुग्रस्तता आदि में उस कलंक का विशेष महत्व है जिसकी अवस्थिति को शिवनन्दन सहाय ने जगदुपकारार्थ माना है।[1] सच पूछा जाय तो लांछनरहित इंदु की कल्पना ही अधूरी है। पौराणिक चन्द्रमा लांछित-गुणवान् और कलंकी-यशस्वी के रूप में चित्रित है। साहित्यशास्त्र में कलंक-दुर्गुण का निषेधकर उसे प्रायः सौंदर्य तथा यश का वर्द्धक गुण माना गया है। पुराण और साहित्य की इन्हीं परंपराओं में हरिश्चन्द्र के चन्द्र-रूपक संगठित हुए, जिनमें लांछन की दो परस्पर विरोधी व्याख्याएँ प्राप्त होती हैं। सुधाकर द्विवेदी के उल्लेखानुसार रघुनाथशास्त्री ने भारतेंदु नामकरण के लिए जो तर्क दिया था, उसके कुल तीन आधार थे—**'सुयश से जाहिर होना'**, **'भोग विलास में लिप्त रहना'**, और **'बड़ों का अपमान करना।'** उनके विचार से हरिश्चन्द्ररूपी चन्द्रमा में 'सुयश' गुण को छोड़कर अन्तिम दोनों कलंक रूपी अवगुण थे। इसलिए उन्होंने आलंकारिक भाषा में उनके बहु-प्रचलित तथा शास्त्रानुमोदित उपमान इंदु के साथ 'भारत' जोड़कर भारतेंदु की उद्भावना की थी। इस संदर्भ में द्विवेदी जी का यह भी कहना है कि यह उद्भावना **"हँसी या निंदा करने की गरज"** से हुई थी जो **"जमाने के फेर-फार से"** सम्मान-सूचक संबोधन बन गई।[2]

कहते हैं कि शास्त्री जी द्वारा तथाकथित नामकरण किये जाने के अवसर पर कृष्णदेव शरण सिंह 'गोप' और सुधाकर द्विवेदी के साथ हरिश्चन्द्र के अन्य दरबारी भी उपस्थित थे जिन्होंने इस नाम का हँसकर समर्थन किया था। उसी समय द्विवेदी जी ने 'भारतेंदु' की व्याख्या निष्कलंक एवं पुण्यदर्शन **'दूज के चाँद'** के रूप में की, जो सभी को प्रिय लगी। हरिश्चन्द्र ने इस पर प्रसन्नता तथा सहमति व्यक्त की। वे इसे प्रतीक बनाकर अपनी पोथियों पर छापने लगे।[3]

विचारणीय है कि कोप में परिहास अथवा निंदा करने के उद्देश्य से खरी-खोटी सुनाने के बजाय किसी को भारत का इंदु बना देना कहाँ तक प्रासंगिक, संगत और विश्वसनीय है? इसमें सुयश से सर्वविदित तथा लांछित-गुणवान् इंदु का औचित्य तो किसी हद तक सिद्ध हो सकता है परन्तु दूसरे विशेष पद 'भारत' का यहाँ कोई तुक नहीं प्रतीत होता। कुपित

---

[1] शिवनन्दन सहाय : सचित्र हरिश्चन्द्र, पृ० ३२१।
[2] सुधाकर द्विवेदी : राम कहानी।
[3] वही, पृ० २, चन्द्रप्रभा प्रेस, १९०६।

व्यक्ति द्वारा उक्त नामकरण किये जाने का लोगों ने हँसकर समर्थन किया, यह भी असामयिक है। जहाँ तक द्वितीया के चन्द्रमा को प्रतीक रूप में मान्यकर छापने का प्रश्न है, वह नवम्बर, १८७३ (संभावित घटना काल) से जून, १८७४ (हरिश्चन्द्र चन्द्रिका का प्रकाशन-काल) के बीच हरिश्चन्द्र की पोथियों और पत्रों पर दृष्टिगोचर नहीं होता। इसके अतिरिक्त नामकरण के समय सुधाकर द्विवेदी (जन्म २६ मार्च, १८६०) १४ वर्ष के किशोर थे।[१] आठ वर्ष तक निरक्षर रहकर ९वें वर्ष उन्होंने पढ़ना आरम्भ किया था। इस क्रम में प्रथम वर्ष के बाद ३ वर्ष तक कर्ण रोग से पूर्णतः बधिर होकर वह घर रहे, फिर अध्यापन के लिए बनारस आये थे।[२] इस वय में जब कि वह संस्कृत की निम्न कक्षा के साधारण विद्यार्थी थे, हरिश्चन्द्र जैसे आनरेरी मजिस्ट्रेट, म्यूनिस्पल कमिश्नर, लोकविश्रुत कवि, मान्य लेखक, प्रौढ़ सम्पादक और रईस के दरबार में उनकी उक्त व्याख्या का इतिवृत्त यदि असंभव नहीं तो असामान्य अवश्य है। दूसरी मुख्य बात यह भी है कि भारतेंदु उपाधि के इस मूल का उल्लेख सुधाकर द्विवेदी को छोड़कर हरिश्चन्द्र काल के किसी भी लेखक या कवि ने नहीं किया है। अतः अपुष्ट होने के कारण 'राम कहानी' की भूमिका में लिखी बातों की उपर्युक्त असंगतियों के संदर्भ में दो निष्कर्ष निकलते हैं :

(१) हरिश्चन्द्र के सभासद, मित्र और भारतेंदु मंडल के परवर्ती विशिष्ट लेखकों में होने के कारण सुधाकर द्विवेदी द्वारा उल्लिखित 'भारतेंदु' नामकरण की घटना अविश्वसनीय तो नहीं कही जा सकती, किंतु उसका उद्देश्य हँसी या निंदा करना था, इसे स्वीकार नहीं किया जा सकता। (२) समकालीन लेखकों द्वारा अनुल्लिखित तथा अपुष्ट होने से भारतेंदु उपाधि की सर्वमान्य व्याख्या तथा प्रस्तावना का श्रेय सुधाकर द्विवेदी को नहीं दिया जा सकता। रघुनाथ शास्त्री के कथन का अभिप्राय चाहे हँसी या निंदा करना हो, चाहे व्याजस्तुति करना तो भी जिन कारणों ने उन्हें भारतेंदु नामकरण के लिए प्रेरित किया, वे मूलतः हरिश्चन्द्र रूपी चन्द्रमा में लांछन रूपी 'भोग विलास' और 'बड़ों के अपमान' की प्रवृत्तियाँ ही थीं, अतः वे भी विचारणीय हैं।

'भोग विलास'—रघुनाथ शास्त्री ने हरिश्चन्द्र रूपी 'भारतेंदु' में पहला कलंक भोग विलास बताया था। उधर हरिश्चन्द्र रसिकता का स्रोत मानकर इसे कवि के लिए आवश्यक समझते थे। संपत्तिशाली सेठ घराने में जन्म लेने के कारण सामंती ठाट-बाट और चाल-चलन में उनकी स्वाभाविक रुचि थी। आरम्भ ही से कौतुकप्रिय, भावुक और स्वच्छंद प्रेमी होने से उन्होंने जीवन के भौतिक सुखों को अबाध भोगा था और उसके लिए धन को पानी की भाँति बहाया था। वेश्याओं और उपपत्नियों की संगति वह प्रेरणाप्रद मानते थे।[१]

---

[१] ब्रजरत्नदास : भारतेंदु मंडल, पृ० १३४।

[२] दे० पं० सुधाकर द्विवेदी का संक्षिप्त जीवन चरित्र, पृ० ९, ११, भारत जीवन प्रेस, प्रथम संस्क०, १९११।

[१] वेश्याओं और उपपत्नियों के सहवास संबंधी विवरण के लिए दे० ब्रजरत्नदास : भारतेन्दु हरिश्चन्द्र, पृ० १२६; किशोरी लाल गुप्त : भारतेन्दु और अन्य सहयोगी कवि, पृ० ३४०; राधाचरण गोस्वामी के तत्संबंधी प्रश्न और भारतेन्दु के उत्तर के लिए दे० बनारसीदास चतुर्वेदी : संस्मरण, भारतीय ज्ञानपीठ, काशी, १९५२, पृ० ३५।

राधाकृष्णदास प्रस्तुत प्रसंग की एक घटना का उल्लेख इस प्रकार करते हैं—**"एक दिन अपने कुछ अंतरंग मित्रों के साथ बैठ थे और एक बार विलासिनी भी वर्तमान थी। उसने कुछ ऐसे हाव-भाव-कटाक्ष से देखा कि इन्हें कुछ नवीन भाव स्फुरण हुआ और तुरन्त एक कविता बनाई, और उसे उन मित्रों को सुनाकर कहा कि हम इन सबों का सहबास विशेषकर इसीलिये करते हैं। कहिये, यह सच्चा मजमून कैसे लब्ध हो सकता था।"**[1] स्वामी श्रद्धानन्द (१९२६ ई० में मृत) अगस्त, १८७६ की एक घटना का विवरण लिखते हैं—**"भारतेन्दु की संगत में (मेरी) मानसिक पवित्रता का भाव ढीला पड़ने लगा। सामने से कोई सुन्दरी आ रही है और उसको देखते ही उसके शरीर, वस्त्र, चाल-ढाल पर भारतेन्दु जी ने कवित्त कहना आरंभ किया और उसके सामने तक पहुँचने पर पूरा हो गया। कविता का तो यह आदर्श समझा जाता परंतु ब्रह्मचर्य, सदाचार और मानसिक पवित्रता पर कुल्हाड़े की चोट लगाई जाती थी।"**[2]

भारतेन्दु में कलंक के इसी रूप को हरिश्चन्द्र के जीवनी-लेखकों ने 'गुलाब में काँटे' के समान कहा है। किन्तु, भोग विलास सम्बन्धी इस नितांत वैयक्तिक प्रश्न को, नैतिकता की दृष्टि से हेय एवं गर्हित मानते हुए भी न तो परहित विरुद्ध आचरण कहा जा सकता है और न उसे सामंती-संस्कृति की विशेषताओं से परे ही माना जा सकता है। शिवनन्दन सहाय का निष्कर्ष है : **"चन्द्र भी निर्दोष और हमारे हरिश्चन्द्र भी निर्दोष। अब रही लांछना सो वह भासने पर भी केवल आभास मात्र ही है। चन्द्र और हरिश्चन्द्र दोनों ही में लांछना केवल जगदुपकारार्थ है।"**[3] अस्तु, रघुनाथ शास्त्री का भोग विलास रूपी लांछन का आरोप असत्य न होते हुए भी पौराणिक चन्द्र की कामुकता के संदर्भ में रूपक के लिए ही महत्वपूर्ण है, किसी लेखक या कवि से, जब कि वह उसकी लक्ष-सिद्धि में बाधक न होकर साधक हो, उसका प्रत्यक्ष संबंध नहीं है। व्यभिचार और स्वच्छंद यौनाचार नैतिकता की दृष्टि से हेय भले ही हो किन्तु हरिश्चन्द्र की स्वीकारोक्ति—**'दिवाने सदा सूरत निवानी के'** को तीव्र आलोचना का विषय मानकर उसे उनके जीवन-चरित्र की रचना में प्रधान बाधक समझना भी उचित नहीं है।[4] क्योंकि वे स्वयं अपने इस दुर्गुण को अच्छा नहीं समझते थे।

सच तो यह है कि जीवन के सभी क्षेत्रों में हरिश्चन्द्र अनुकरणीय तथा आदर्श नहीं थे। उनका मुख्य क्षेत्र हिन्दी भाषा और हिन्दी साहित्यसंबंधी आयोजनों का था। इसमें उनका योगदान अभूतपूर्व तथा विस्मयकर है। अतः आदर्शवादी जीवनी लेखकों के लिये उनकी जीवन-पुस्तक के खुले पृष्ठ बाधक अवश्य हैं और इसके लिए वे विधाता को दोषी बना सकते हैं जिसने **'नभचंद्र को भी कलंकित किया और भारतेन्दु के उज्ज्वल चरित्र को भी कुछ**

---

१ राधाकृष्ण ग्रंथावली, प्रथम खंड, पृ० ४११-१२।

२ स्वामी श्रद्धानन्द : कल्याण मार्ग का पथिक, पृ० ३९-४०, ज्ञानमंडल कार्यालय, काशी, प्रथम संस्क०।

३ राधाकृष्ण ग्रंथावली, पृ० ४११; शिवनन्दन सहाय : सचित्र हरिश्चन्द्र, पृ० २६५, ३२१; ब्रजरत्नदास : भारतेन्दु हरिश्चन्द्र, पृ० १२५।

४ पहला, वही।

धब्बा लगा दिया।'[१] इसी प्रकार रघुनाथ शास्त्री के आरोप का लांछन रूपी 'भोगविलास' इंदु का पौराणिक धर्म हो सकता है, भारतेन्दु का नहीं हो सकता। उनका वास्तविक धर्म तो 'बड़ों का अपमान' करना था जिसमें लांछन का व्यंग्यार्थ ढूंढ़ा जा सकता है।

'बड़ों का अपमान'—भोग विलास के बाद लांछन का दूसरा रूप 'बड़ों का अपमान', जहाँ रघुनाथ शास्त्री के तथाकथित आक्रोश का कारण है, वहीं वह प्रकारांतर से भारतेन्दु जैसे रूपक का रहस्य भी उद्घाटित करता है। पहला हरिश्चन्द्र के स्वच्छंद आचरण का प्रतिनिधित्व करता है, दूसरा स्वच्छंद विचार का। असल में भोग विलास रूपी लांछन के समान, **'सज्जनों के मान के कारण', चन्द्रवत् प्रियदर्शन', 'अजातशत्रु'** और **'देश हितैषी'** हरिश्चन्द्र रूपी चन्द्र का यह लांछन भी हित विरुद्ध न था। उन्होंने देश, धर्म, समाज और भाषा के विरोधियों के लिए ही अपमान की नीति अपनायी थी। **"उन्हें गुण से प्रयोजन था, वे सत्य के अनुगामी थे। किसी का क्यों न हो, दोष देखा और मुक्त कंठ से कह दिया, असत्य का लेश आया और पूर्ण विरोधी हुए। हिन्दू जाति, हिन्दू धर्म और हिन्दू साहित्य इनको परम-प्रिय था।"**[२] इन विषयों में किसी भी बड़े-से-बड़े व्यक्ति को हित विरुद्ध देखकर वह चुप नहीं रह सकते थे। उनकी कटु आलोचना करने में वह कभी नहीं हिचकते थे। पत्रों के सिद्धांत वाक्यों की स्पष्टवादिता के कारण समाज के अनेक वर्गों के लोग उनसे चिढ़ते थे।[३] परन्तु हरिश्चन्द्र ने **'देश और समाज के लिये जो उचित समझा निःसंकोच होकर कह डाला।'**[४] उनकी शिक्षा थी—**"जो जो बातें उन्नतिपथ की काँटा हों, उनकी जड़ खोदकर फेंक दो। कुछ मति डरो। जब तक सौ दो सौ मनुष्य बदनाम न होंगे, जाति से बाहर न निकाल दिये जायेंगे, दरिद्र न हो जायेंगे, कैद न होंगे वरंच जान से न मारे जायेंगे, तब तक कोई देश भी न सुधरेगा।"**[५] सुधार-संस्कार के इसी क्रांतिकारी उद्देश्य के चलते हरिश्चंद्र अपयश के भागी बने, लांछित और कलंकित हुए, क्रिस्तान, नास्तिक और 'डिसलायल' कहे गये, सभी वर्गों के बड़े लोगों के कोपभाजन बने। किंतु उन्होंने 'कौन आदमी कैसा है' इसकी बिना परवाह किये, धर्म, समाज, देश और भाषा के विरोधियों की कटु आलोचना की। उनके व्यंग्य लेखों, विभिन्न संवादों के साथ संपादकीय विचारों, प्रहसनों, नाटकों, सामयिक कविताओं में इस कटुता, तीव्रता और मार्मिकता का स्पष्टीकरण हुआ है। उनमें सभी क्षेत्रों के विरोधियों को कठोर आलोचना का विषय बनाया गया है।

हरिश्चंद्र के सुधार अभियान की गौरवशाली परंपरा का आरंभिक संकेत हमें क० व० सु० जिल्द २ से मिलने लगता है। तब इसका रूप वैधानिक सुधारवाद का था।[६] लेकिन बाद में राजनीति और हिंदी भाषासंबंधी नीति को लेकर उनका प्रारंभिक सुधारवादी स्वर

---

[१] सचित्र हरिश्चन्द्र, पृ० ३२१।

[२] राधाकृष्ण ग्रंथावली, पृ० ३७२।

[३] वही, पृ० ३५८।

[४] ब्रजरत्नदासः भारतेन्दु हरिश्चन्द्र, पृ० १७९.।

[५] रामविलास शर्मा लिखित 'भारतेंदु युग' के पृ० १७९ पर उद्धृत।

[६] कवि वचन सुधा, जिल्द २, नं० १, पृष्ठ २, ७.।

क्रमशः कठोर होता चला गया।[१] आगे क० व० सु०, जिल्द ३, 'हरिश्चंद्र मैगजीन' और 'हरिश्चंद्र चंद्रिका में तो वह राजविरोधी स्वर में बदलकर और भी कटु हो गया। लेखन विधाओं में, चाहे गद्य हो या पद्य, सभी ओर इस प्रवृत्ति का क्रमिक विकास देखा जा सकता है। अक्टूबर, १८७० के 'कवि वचन सुधा' में प्रकाशित, 'लेवी प्राण लेवी' निबंध, १८७३ में लिखित 'वैदिक हिंसा हिंसा न भवति' प्रहसन, अक्टूबर, १८७३ के 'हरिश्चंद्र मैगजीन' में छपे 'यूरोपीय के प्रति भारवर्षीय के प्रश्न' हरिश्चंद्र के राजविरोधी अथवा देश हितैषी स्वर के तीव्र, तीव्रतर और तीव्रतम रूपों की प्रारंभिक प्रतिनिधि अभिव्यक्तियाँ हैं। सामाजिक और धार्मिक दृष्टि से उनकी स्वच्छंद तथा स्पष्ट आलोचना के प्रारंभिक स्तर जुलाई, १८७१ के 'कवि वचन सुधा' तथा नवंबर, १८७३ के 'हरिश्चंद्र मैगजीन' में प्रकाशित क्रमशः 'सभ्य होने की नई रीति' लेख और 'सबै जाति गोपाल की' निबंध में देखे जा सकते हैं। इन द्विविध स्तरों तथा पक्षों में राजनीतिक, सामाजिक और धार्मिक दृष्टि से 'बड़ों के अपमान' की प्रवृत्ति अच्छी प्रकार दिखाई पड़ती है। इस प्रकार १८७३ के अंत तक हरिश्चंद्र द्वारा राजनीतिक एवं सामाजिक क्रांति का उग्र रूप प्रकट हो चुका था और इस क्रम में उन्होंने अनेक बड़ों का अपमान किया था। इनमें सुधारवादी, नव शिक्षित, नई सभ्यता के समर्थक, राजकीय अधिकारी पंडित, रूढ़ियों के कट्टर भक्त आदि सभी प्रकार के लोग थे। इनका खुला विरोध करने में जहाँ हरिश्चंद्र का यश चतुर्दिक बढ़ने लगा था, वहीं उनके विरुद्ध बड़े लोगों की प्रतिक्रिया तथा प्रतिशोध की भावना भी स्पष्ट होने लगी। सन् १८७० में ही अपने 'लेवी प्राण लेवी' निबन्ध में उन्होंने लेवी दरबार की जो खिल्ली उड़ाई थी, उसमें एक साथ अनेक बड़ों का अपमान हुआ था। बड़ों में बड़े लेवी साहब के तथाकथित अपमान को लेकर कुछ बड़ों ने हरिश्चंद्र और 'कवि वचन सुधा' के विरुद्ध सरकार में शिकायत तक की थी। इससे हरिश्चंद्र पर राजभय का जो संकट लक्षित हुआ, उसकी प्रतिक्रिया 'कवि वचन सुधा' के अनेक अंकों में प्रकट हुई है।[२] उनसे हरिश्चंद्र की क्रिया और बड़ों की प्रतिक्रिया का अनुमान सहज ही किया जा सकता है। उन्होंने अपने पत्र-पाठक को, बड़ों के ईर्ष्या-भाव तथा हित की बात को शत्रुतापूर्ण समझने की प्रवृत्ति के सम्बन्ध में यह स्पष्टीकरण दिया था—**"अपने पाठक जनों से निवेदन करके कहते हैं कि जो विषय इस पत्र में छपता है उससे उनसे (पाठक से) कुछ संबंध नहीं, जो हमारे जी में आता है, हम छापते हैं और हमारी सर्वदा यही इच्छा है कि हमारे देश की वृद्धि होय न कि हम किसी की निन्दा वा स्तुति करते हैं।"**[३] असल में हरिश्चंद्र की आलोचना का मुख्य उद्देश्य देश-हित था और यदि उसमें किसी बड़े की अप्रतिष्ठा होती थी, तो उन्हें उसकी चिंता भी नहीं थी किंतु यह होते हुए भी उन्हें निंदकों

---

[१] दे० क० व० सु०, अक्टूबर, १८७०, पृ० २७ (पटियाला के महाराज…); नवंबर, १८७०, पृ० ४१ (अभी थोड़े दिन हुए…); जनवरी, १८७१ (अवध अखबार…); अप्रैल, १८७१ (जबर्दस्त का ठेंगा सिर पर) की समाचार-टिप्पणियाँ।

[२] दे०, क० व० सु०, जिल्द २, नं० ८, पृ० ५८, ६६; जि० २, नं० ९, पृ० ६६; वही, (प्रेरित पत्र), पृ० ८; जि० २, नं० १४, पृ० १०७।

[३] जिल्द २, नं० १३, पृ० ९६।

के आचरण पर क्षोभ अवश्य होता था। प्रेमयोगिनी नाटक में सूत्रधार के मुख से अपने प्रति जो कुछ कहलवाया है, उससे उनके आहत हृदय की मार्मिक भावना का पता चलता है।[१]

(घ) भारतेंदु उपाधि की प्रेरक शक्तियाँ : दो मुख्य आयाम

(१) सितारेहिंद की प्रतिक्रिया : देश-हित बनाम सरकार-हित—देश-हित के लिए बड़ों का अपमान करने और प्रतिक्रिया-स्वरूप हानि सहने की जिस प्रवृत्ति का विवरण प्रस्तुत हुआ है, उसी क्रम में 'सितारेहिंद' की प्रतिक्रिया भी आती है। यह पहले उपाधि विशेष (स्टार ऑव इण्डिया) के विरोध में प्रकट हुई, फिर उक्त उपाधि से विभूषित व्यक्ति विशेष (राजा शिवप्रसाद) के विरोध-स्वरूप स्पष्ट हुई। आगे चलकर हिंदी लेखकों, कवियों और पत्रकारों द्वारा इसकी अभिव्यक्ति देश तथा हिंदी भाषा विरोधी विशेषण तथा सरकार के अंध-समर्थन, स्वार्थ और चटुकारिता के जनाकांक्षा-विरोधी प्रतीक रूप में होने लगी।[२] सच पूछा जाय तो भारतेंदु कल्पना में सितारेहिंद की प्रतिक्रिया और उक्त उपाधि प्राप्त राजा शिवप्रसाद सी० एस० आई० की प्रतिद्वंद्विता का विशेष महत्व है। इस संदर्भ में भारतेंदु उपाधि के प्रस्तावकों और आलोचकों के मतों से किसी-न-किसी रूप में इसकी पुष्टि होती है कि 'भारतेंदु' 'सितारेहिंद' की प्रतिक्रियात्मक उपलब्धि है। वस्तुतः 'सुयश से जाहिर' हरिश्चंद्र की प्रसिद्धि के सभी आयामों की व्यंजना—चंद्रमा जैसे प्रसिद्ध उपमान के साथ जुड़ी प्रशस्ति काव्यवाली आलंकारिक प्रशंसा और उनकी देश हितैषिता से ऊर्जस्वित हिंदी जनमत की कृतज्ञता का समीकरण—भारतेंदु उपाधि में परिलक्षित है। इसलिए रघुनाथ शास्त्री के भारतेंदु नामकरण-प्रसंग का उद्देश्य 'हँसी या निन्दा' मानना जहाँ उचित नहीं है, वहीं यह

---

[१] प्रेम जोगिनी, भारतेंदु नाटकावली (श्यामसुन्दर दास संपादित) पृ० ७१८।

[२] दे० हरिश्चंद्र चंद्रिका, नवंबर, १८७३, पृ० ३८; हिंदी प्रदीप, सितंबर, १८८१, पृ० २२-२८; वही, जनवरी, १८८२, पृ० ६; वही, फरवरी, १८८३, पृ० २१-२२; भारतेंदु, २२ अप्रैल, १८८३, पृ० ४-५; पीयूष प्रवाह, २५ मार्च, १८८५, पृ० ४; प्रताप नारायण मिश्र ग्रंथावली, भाग १, पृ० १७२, १८७; वही, पृ० २४३, २८८, ३९३; हरिश्चंद्र मैगजीन, नवंबर, १८७३, पृ० ५०, फरवरी, १८७४, पृ० १३३, फरवरी, १८७४, पृ० १५१; हिंदी प्रदीप, सितंबर, १८८२, पृ० २३; क० व० सु०, २१ फरवरी, १८७६, पृ० ९७; हरिश्चंद्र चंद्रिका मो० चं०, दिसंबर १८८१ (कला ८, किरण १०), पृ० २०९-२१०; उचित वक्ता, २४ मार्च, १८८३; प्रताप नारायण मिश्र ग्रंथावली, पृ० ४५; सारसुधानिधि में राजा शिवप्रसाद विरोधी विचार के लिए दे० हिंदी प्रदीप, फ़रवरी, १८८३, पृ० २२; भाषा संबंधी राजा साहब के विरुद्ध लेखों के लिए दे० क० व० सु०, १८ फरवरी, १८७६, पृ० ९४; ६ मार्च, १८७६, पृ० १०५ एवं १०६ पर प्रकाशित प्रेरित पत्र; हरिश्चंद्र मैगजीन में प्रकाशित 'स्वप्न' के अंतर्गत राजा साहब के विचार, अप्रैल, १८७४, पृ० १८९; अन्य प्रकार के विरोधों के लिए दे० माधव मिश्र निबंधमाला (साहित्य भाग), पृ० १०६; प्रेमनारायण टंडन कृत साहित्यकों के संस्मरण, प्रथम संस्क०, पृ० ४; हरिश्चंद्र मैगजीन, १५ फरवरी, १८७४, पृ० १३९, १४०, १९।

भी स्पष्ट हो जाता है कि उसकी उद्भावना के पीछे हरिश्चंद्र की स्टार-विरोधी भावना की जानकारी अवश्य विद्यमान थी क्योंकि उस घटना के पूर्व हरिश्चंद्र की लेखनी से उक्त भावना का स्पष्टीकरण दो बार हो चुका था। २१ जून, १८७२ के 'कवि वचन सुधा' में हरिश्चंद्र ने 'पश्चिमोत्तर देश और पंजाब' शीर्षक लेख में पश्चिमोत्तर प्रदेश के निवासियों को संबोधित करते हुए लिखा है—**"निश्चय ही जब अपने स्वरूप को स्मरण करोगे तब धन्यवाद की चिट्ठियों को या दरबार की कुरसी को बहुत बुरी समझोगे···भला बताओ तो ? वे हाकिमों के धन्यवाद की चिट्ठियों को क्या मधु से चाटोगे या जंत्र बनाकर पहनोगे ? मेरे प्यारे मित्रो ! सलामी बढ़ने पर क्यों चूर हो। वह सलामी का गोला छोड़ो जिससे तुम्हारे देश की मूर्खता और दरिद्रता रूपी बड़े शत्रु जड़ से नाश हो जायँ। दरबार की कुरसियों को मान का कारण न समझो। अपने देश का पूरा हित करके सदा सर्वदा इस देश के लोगों के चित्त और जिह्वा रूपी सिंहासन पर और इतिहास की पुस्तकों की शैया पर और ईश्वर के यहाँ भी (अपने शुद्ध चित्त से देश की उन्नति के कारण होने से) सुख के उच्च पद पर निवास करो और फिर जो तुम इस योग्य हो तो तुम जहाँ बैठ जावोगे वहीं दरबार है। स्टार का पद तुम्हारे मरने पीछे छिन जायेगा पर मेरे प्यारे जो तुम देश के पूरे हितकारी और उसके मार्ग-दर्शक होगे तो जब तक चंद्र सूर्य हैं तब तक तुम 'सन आफ इंडिया' हिन्दुस्तान के सूर्य वा हिंदुस्तान के निष्कलंक चंद्र बने प्रकाशित रहोगे।"**[1]

ध्यान देने योग्य है कि 'हिन्दुस्तान के निष्कलंक चन्द्र' की उद्भावना 'स्टार' के जोड़-तोड़ में की गई है और उसे देश-हित तथा जन-हित का वास्तविक स्थायी पुरस्कार माना गया है। इससे स्पष्ट हो जाता है कि 'स्टार' की स्पर्द्धा तथा तुलना में हिंदुस्तान के निष्कलंक चन्द्र की कल्पना तथा व्याख्या सर्वप्रथम स्वयं हरिश्चन्द्र ने ही की थी। अपनी इस पहली प्रतिक्रिया में उन्होंने सरकार-हित और सरकारी सम्मान तथा देश-हित (प्रजा-हित) और जन सम्मान के दो विरोधी प्रतीकों—स्टार (भारत नक्षत्र=सितारेहिन्द) और हिन्दुस्तान के निष्कलंक चन्द्र (भारतेन्दु) का पूरा-पूरा आभास दे दिया है। अतः रघुनाथ शास्त्री के भारतेन्दु नामकरण के स्वयंभू संशोधक सुधाकर द्विवेदी द्वारा कलंकरहित एवं पुण्य-दर्शन 'दुइज के चाँद' की उद्भावना सच मान लेने पर भी ऐतिहासिक दृष्टि से गौण हो जाती है।

रघुनाथ शास्त्री के पूर्व हरिश्चन्द्र ने स्टार विरोधी प्रतिक्रिया दूसरी बार अपने 'वैदिकी हिंसा हिंसा न भवति' प्रहसन में (१८७३) यमराज और चित्रगुप्त के कथोपकथन द्वारा व्यक्त कराई है।[2] इसमें चित्रगुप्त ने एक अधर्मी और स्वार्थी राजा को, अंग्रेजों के चित्रानुसार उदारता दिखाने के फलस्वरूप, 'स्टार ऑव इंडिया' की पदवी से पुरस्कृत होने की जो सूचना यमराज को दी है, उसके माध्यम से हरिश्चन्द्र ने उक्त उपाधि तथा उक्त उपाधि प्राप्त राजा शिवप्रसाद के प्रति अपना विरोधी विचार व्यक्त किया है। इस प्रकार उपर्युक्त तथ्यों के संदर्भ में दो मुख्य बातें भली-भाँति विदित हो जाती हैं—(१) रघुनाथ जी की भारतेन्दु कल्पना तथा नामकरण की मूल प्रेरणा हरिश्चन्द्र की स्टार विरोधी प्रतिक्रिया और

---

[1] क० व० सु०, २१ जून, १८७२, पृ० १६९।

[2] वैदिकी हिंसा हिंसा न भवति (चतुर्थ अंक) पृ० ३८५, भारतेन्दु नाटकावली (श्यामसुन्दर दास संपादित) १९२७।

'हिन्दुस्तान के निष्कलंक चन्द्र' जैसी उद्भावना की जानकारी से मिली थी। (२) उनका उद्देश्य हँसी या निन्दा करना नहीं बल्कि गुणग्राही, देशहितैषी और स्वाभिमानी हरिश्चन्द्र की व्याज-स्तुति करना था।

हरिश्चन्द्र न सरकार-हित तथा देश-हित के परस्पर विरोधी प्रतीकों—सितारेहिन्द (स्टार ऑव इंडिया) और 'हिन्दुस्तान के निष्कलंक चन्द्र' (मून ऑव इंडिया) की योजना द्वारा अपनी जो प्रतिक्रिया व्यक्त की थी, राजा शिवप्रसाद सितारेहिन्द की प्रतिद्वंद्विता के कारण तीव्र से तीव्रतर होती गयी। राजा साहब अपने जिन गुणों और सिद्धांतों के कारण ब्रिटिश सरकार के असाधारण पद-सम्मान और उपाधि के अधिकारी बने, हरिश्चन्द्र उनके विपरीत जन-भावना के प्रतिनिधि-स्वरूप, उन सभी क्षेत्रों तक लोकप्रिय हो गये थे जिनमें देशभक्ति समन्वित राजभक्ति (राष्ट्रीयता) तथा लोकहित की प्रवृत्तियाँ (सुधारवाद) एक साथ उभर रही थीं। इधर अंग्रेज अधिकारियों की स्वेच्छाचारिता और विक्टोरिया के प्रसिद्ध घोषणापत्र के विपरीत उनकी गतिविधियाँ, शासितों में शासक और उसकी नीति के प्रति संदेह तथा असंतोष उत्पन्न करने में सहायक हो रही थीं। फलतः प्रबुद्ध भारतीयों में सरकारी सम्मान और सरकार के विश्वासपात्र व्यक्ति दोनों के प्रति अनास्था होने लगी थी। हरिश्चन्द्र का स्पष्ट रूप से यह लिखना कि स्टार की पदवी लोक तथा धर्म-विरोधी व्यक्तियों को भी, अधिकारियों की रुचि के अनुसार आचरण करने मात्र से सुलभ हो जाती है, अंग्रेज हाकिमों के प्रति घोर अनास्था, उनके पोषकों के प्रति अविश्वास और उनका राजनीति के प्रति असंतोष प्रकट करता है।

इतना होने पर भी 'स्टार ऑव इंडिया' की उपाधि बहुत बड़ी प्रतिष्ठा थी। इसलिए जनता अपने हितैषी हरिश्चन्द्र को उससे सम्मानित देखना चाहती थी। किन्तु सरकारी अफसरों की नीति, राजा शिवप्रसाद की ईर्ष्या और स्वयं हरिश्चन्द्र के व्यंग-प्रहार की प्रवृत्ति के कारण वह उन्हें सुलभ न हो सकी। दरबारदारी न करने तथा हाकिमों से सम्बन्ध छूट जाने के कारण[1] इसकी संभावना ही समाप्त हो गई। अतः हरिश्चन्द्र के समर्थकों में स्टार विरोध की प्रवृत्ति बढ़ने लगी और वे इस विषय में निराश हो गये। निराशा के कारण उनका 'सितारेहिन्द' के प्रति असंतुष्ट हो उठना स्वाभाविक ही था।[2] आगे चलकर १८८० में यह असंतोष इतना प्रबल हो गया कि 'राजा साहब को चिढ़ाने' तथा हरिश्चन्द्र के प्रति सरकार की उपेक्षा को उपेक्षित करने के लिए 'सर्वसाधारण की ओर से' भारतेन्दु उपाधि प्रस्तावित हुई। इस संदर्भ में श्यामसुन्दर दास का निष्कर्ष है कि **"भारतेन्दु शब्द ही इस बात को सिद्ध करने के लिए यथेष्ट है कि इस उपाधि का आयोजन राजा साहब की प्रतिद्वंद्विता के कारण हुआ था। वे तो केवल हिंद के सितारे हुए और इन्हें भारतवर्ष का इंदु बनाने का प्रयास किया गया।"**[3] असल में, यदि राजा शिवप्रसाद इनके मार्ग में बाधक न होते तो ये 'सितारेहिन्द' की स्पर्द्धा में भारतेन्दु न बन पाते।[4] 'सारसुधानिधि' में

---

[1] क० व० सु०, ४ दिसम्बर, १८७६, पृ० ३-४ (एक समाचार लेखक का मत)।

[2] वही, २७ अगस्त, १८७७, पृ० ७।

[3] श्यामसुन्दरदास : भारतेन्दु हरिश्चन्द्र, पृ० ६९।

[4] राधाकृष्ण ग्रंथावली, पहला खंड, पृ० ३६९।

प्रकाशित 'एक देश हितैती' के प्रेरित पत्र में भी प्रतिद्वंद्विता के इन्हीं भावों की प्रतिष्ठा के साथ भारतेन्दु उपाधि का प्रस्ताव किया गया था।[१] यही प्रतिद्वंद्विता तथा प्रतिक्रिया सुधाकर द्विवेदी ने 'राम कहानी' की भूमिका में व्यक्त की थी।[२] इन संदर्भों से यह बात भी स्पष्ट हो जाती है कि सरकार द्वारा हरिश्चन्द्र को उक्त पदवी न दिये जाने की जन-प्रतिक्रिया तब और प्रबल हो उठी जब राजा शिवप्रसाद जैसे 'खुशामदी और निटेसि (नेटिव) फारसी टट्टू' को 'स्टार ऑव इंडिया' से सम्मानित किया गया। १८७० से १८८० के बीच हरिश्चन्द्र-समर्थक लेखक तथा पत्रकार उन्हें उक्त उपाधि से अलंकृत किये जाने के लिए आंदोलन करते आ रहे थे। किन्तु शासक वर्ग ने उनके समर्थन और प्रस्ताव की भरपूर उपेक्षा की। 'सारसुधानिधि' के प्रस्ताव-काल तक सरकारी उपेक्षा नीति की भर्त्सना आरम्भ हो गई थी। हिन्दी पत्रों में जनमत की प्रबल आकांक्षा का पता 'उचित वक्ता' की इस संपादकीय टिप्पणी से लगता है :

"बाबू हरिश्चंद्र ! आजकल उक्त महाशय को गवर्नमेंट से सम्मान सूचक उपाधि प्राप्त होने के लिये कई एक हिंदी के पत्रों ने संमति प्रकाश की है। हम लोगों को भी तीन चार योग्य महाशयों के प्रेरित पत्र आये हैं जिनको स्थानाभाव से छाप नहीं सके। उन पत्रों का आशय भी यही है कि उक्त बाबू साहब को गवर्नमेंट से उक्त उपाधि मिलनी चाहिए। हम लोग भी इस बात को सम्पूर्ण रूप से अनुमोदन करते हैं, और आशा करते हैं कि गवर्नमेंट इस विषय में शीघ्र ध्यान देगी। इस समय सभी हिंदी पत्र संपादकों को उचित है कि इस विषय को गवर्नमेंट के निकट सूचित करें कि जिससे शीघ्र ही यह सदकार्य सम्पन्न हो।"[३]

किंतु हिंदी लोक-न्यायालय के निवेदन तथा हिंदी जनमत के समर्थन द्वारा सरकार को विवश अथवा तत्पर करने की हिंदी पत्रकार-लेखकों की योजना पूर्णतः विफल रही। सरकार ने उनकी नितांत अवहेलना की। ऐसी स्थिति में जिस खीझ के साथ पत्र-संपादकों ने 'भारतेंदु' जैसी गैर-सरकारी उपाधि का प्रस्ताव तथा अनुमोदन किया, उससे सरकारी नीति और अधिकारियों की प्रवृत्ति के विरुद्ध लोकमत के असंतोष और संघर्ष का अनुमान किया जा सकता है। वैसे हिंदी समर्थकों में स्टारवादी वर्ग की आकांक्षा के अनुरूप हरिश्चंद्र को उक्त उपाधि किस सीमा तक स्वीकार थी; इसे ठीक-ठीक नहीं कहा जा सकता। लेकिन जिस प्रकार 'भारतेंदु' प्रस्ताव के प्रति उन्होंने कहीं कोई प्रतिवाद या समर्थन नहीं किया, उसी प्रकार स्टारवादियों के प्रति न तो उनका खुला समर्थन ही मिलता है, न विरोध बल्कि देश हित के आवेश में उनकी सितारे हिंद संबंधी भर्त्सनाएँ और कटूक्तियाँ यह प्रमाणित करती हैं कि वह अपने को सरकारी 'पद' के योग्य नहीं बना सके—हाकिमों की आलोचना अथवा 'बड़ों की निंदा' में प्रवृत्त रहने, देश हित के लिये हानि तथा अपयश उठाने, 'लाख का घर खाक कर' मुक्तहस्त से गुणियों का सम्मान करने और हिंदी तथा हिंदी साहित्य के उत्थान के लिए अपने लघु-जीवन की प्रत्येक साँस गिन देनेवाले हरिश्चंद्र को इस सम्मान की न तो आकांक्षा थी, न उनमें तदनुरूप आवश्यक योग्यता ही थी। स्टारवादी पत्र-संपादकों

---

[१] सारसुधानिधि, २७ सितंबर, १८८०, पृ० २९८-२९९।

[२] सुधाकर द्विवेदी : राम कहानी (भूमिका) पृ० २।

[३] उचित वक्ता, ६ नवंबर, १८८०।

को फटकारते हुए बालकृष्ण भट्ट ने इस प्रसंग में अपने जो विचार व्यक्त किये हैं, वे उपर्युक्त तथ्य को पूर्णतः प्रमाणित कर देते हैं। वह 'अखबारवालों की नासमझी' शीर्षक लेख में लिखते हैं :

"इन दिनों हिंदी के अखबार वाले इस बात का निवेदन सरकार से कर रहे हैं कि बाबू हरिश्चंद्र को एक बड़े से बड़ा जिसमें पाँच गज का पुछल्ला लगा हो ऐसा कोई खिताब मिलना चाहिए। छिः एक बारगी कुँआ में भाँग पड़ गई···बाबू हरिश्चंद्र ने कब झूठी लल्लो-पत्तो के लिये सरकार की हाँ में हाँ मिलाया है जो खिताब दिया जाय बल्कि जब कभी मौका पड़ा है तब सच्ची देशहितैषिता के उदगार में पूरित हो 'हितंमनोहारि च दुर्लभं वचः' इस सिद्धांत के अनुसार सरकार के वादी ही हो उठेंगे। तब फिर 'किस बिढ़ते पर तत्ता पानी कौने गुन्ना हुर।' बिना हाकिमों तक रसाई पैदा किये, बिना कौड़ी के लिये मस्जिद ढहाये, अपनी थोड़ी सी खैरख्वाही के लिये देश का देश बिना धूर में मिलाये, गौर-वर्ण के बिना दासानुदास बने···कभी किसी को खिताब मिला है? हमारी जान तो शहनाई का बजाना और बहुरी का चबाना दोनों एक साथ असंभव और असमंजस-सा प्रतीत होता है। कूँड़ी के इस पार या उस पार, या तो सरकार ही की ओर से सुर्खुरुई लूट ले या वतन दोस्त बने···जिस दिन हमें इतनी समझ आ जायेगी कि देश के हित साधन के मुकाबले राजसम्मान कुछ पदार्थ नहीं है उसी दिन से हमारे शुभ दिन का आरंभ होने लगेगा।"[१]

इस प्रकार जैसा कि कहा जा चुका है, राजसम्मान के विरुद्ध संपादकों और लेखकों की प्रतिक्रिया केवल 'स्टार' तक सीमित नहीं रही, बल्कि राजा शिवप्रसाद की प्रबल प्रति-द्वंद्विता के रूप में प्रकट हुई। यह प्रतिद्वंद्विता मुख्यतः हिंदी भाषा की समस्या से संबंधित थी। सितारेहिंद उपाधि से राजा शिवप्रसाद 'सितारेहिंद' व्यक्ति तक, देश हित के प्रश्न पर जिन तीन परस्पर पूरक तत्वों—हिन्दुस्तान (देश), हिंदुत्व (धर्म) और हिंदी (भाषा) के उद्धार तथा हित को लेकर विरोध प्रकट हुआ, उसमें मुख्य रूप से हिंदी के प्रश्न पर एक स्फूर्तिपूर्ण स्पर्द्धा खड़ी हो गई, जिसने हिंदी साहित्य के इतिहास में हरिश्चंद्र को भारतेंदु के रूप में अमर कर दिया। यह सितारेहिंद की प्रतिक्रिया का द्वितीय आयाम था।

'सितारेहिंद' की प्रतिक्रिया का द्वितीय आयाम : हिंदुस्तानी बनाम हिंदी

सर विलियम म्योर के समय ब्रिटिश सरकार की अशेष सेवा और राजभक्ति के पुरस्कार-स्वरूप २८ मई, १८७० को शिवप्रसाद (१८२३-१८९५) सी० एस० आई० (कम्पेनियन ऑव द मोस्ट एग्ज़ाल्टेड आर्डर ऑव द स्टार ऑव इंडिया) अथवा सितारेहिंद (=भारत नक्षत्र) की उपाधि से सम्मानित किये गये थे।[२] मार्च, १८७४ में इन्हें 'राजा'

---

[१] हिंदी प्रदीप, दिसंबर, १८८०, पृ० १२-१३।

[२] शिवप्रसाद : सवानह उमरी (उर्दू) पृ० ९९, नवल किशोर प्रेस, लखनऊ, १८९४; सी० ई० बकलैंड : डिक्शनरी ऑव इंडियन बायोग्राफी पृ० ३९१। ब्रजरत्नदास कृत भारतेंदु मंडल, पृ० १८० और श्यामसुन्दर दास कृत हिंदी के निर्माता, भाग १ में दी हुई तिथियाँ गलत हैं।

की पदवी भी दी गई जो फरवरी, १८८७ से वंश परंपरा के लिए मान्य हो गई।[१] सन् १८५६ के प्रारंभ में ये पश्चिमोत्तर प्रदेश के शिक्षा विभाग में ज्वाइंट इंस्पेक्टर नियुक्त हुए थे, फिर बनारस और इलाहाबाद कमिश्नरियों के इंस्पेक्टर बनाये गये। सन् १८४५ में अंग्रेज सरकार की सेवा में आने के बाद ये दिनों-दिन अंग्रेज अधिकारियों के विश्वासपात्र होते गये। अंग्रेजों का कृपापात्र बनने के लिए इन्होंने वह सेवा और भक्ति प्रदर्शित की, जिससे ये सबकी ओर से बुरे बने परंतु अपने अंग्रेज प्रभुओं का पक्ष निबाहा।[२] इनकी इस असाधारण समुन्नति की शक्तियाँ थीं : अंग्रेज अधिकारियों के प्रति अनन्य भक्ति, विभागीय अनुशासन के अनुसार अपने उचित तथा स्वतंत्र विचारों के विरुद्ध अंग्रेजी नीति के समर्थन की प्रवृत्ति और शासकवर्ग के हित साधन में लोक हित की उपेक्षा करने तथा परिणाम स्वरूप लोगों के आक्षेप तथा निंदा से अप्रभावित एवं अपरिवर्तित रह जाने की क्षमता। फ्रेडरिक पिंकाट के मतानुसार ये अंग्रेज अधिकारियों की रुचि को सर्वोपरि समझने और तदनुकूल आचरण करने में निष्णात थे।[३] तथा **'निरा दास्य भाव रख हाकिमों की हाँ में हाँ मिलाते, अपने बुद्धिपाटव की संपूर्ण कुटिलता स्वार्थ साधन में लगाते, इस पद को प्राप्त हुए थे।"**[४] ब्रिटिश सरकार के पूर्ण भारतीय प्रतिनिधि होने से ये अंग्रेज अधिकारियों में प्रख्यात और भारतीय जनता में कुख्यात हो गये थे। अपने अधिकारियों से स्वार्थवश अत्यधिक दबने और पद-सम्मान को आवश्यकता से अधिक महत्व देने के कारण ये भारतीयों में निंदित हुए,[५] खुशामद की अति से इनका सितारा ही उलट गया।[६] अंग्रेज प्रभुओं की नीति का अंध-पोषण करते हुये इन्होंने हिंदी जनमत का तिरस्कार और हिंदू-पद्धति एवं मान्यता पर प्रहार भी किया। इतिहास तिमिर नाशक, भाग ३ के कुछ अंशों को आपत्तिजनक बताते हुये 'ऐन आर्थोडॉक्स हिंदू ऑव काशी' लिखते हैं :

हमें दुःख है कि बाबू शिवप्रसाद का एक ऐसा दोष है जो उनके लोकप्रिय लेखक बनने में बड़ा बाधक है। वह ईसाई मिश्नरी लेखकों की भाँति हिंदू धर्म-संस्थाओं का उल्लेख, हिंदुओं को अखरनेवाले ढंग से करते हैं। अपने देशवासियों को आप उपदेश भले ही दें परंतु उसका ढंग शालीन तथा प्रेमपरक होना चाहिए, उपहास और अपशब्द परक नहीं।[७]

जनमत की उपेक्षा करने के कारण, पाश्चात्ताप करने पर भी राजा साहब जनता के विश्वासपात्र नहीं बन पाये। इसका कारण कदाचित् यही था कि वे युग-गति के सच्चे

---

[१] श्यामसुन्दर दास : हिंदी के निर्माता, प्रथम भाग (सरस्वती सिरीज़), पृ० २; सी० ई० बकलैंड : डिक्शनरी ऑव इंडियन बायोग्राफी, पृ० ३९१।
[२] प्रथम, वही।
[३] भारतेंदु कृत 'हिंदी भाषा' में उद्धृत।
[४] हिंदी प्रदीप, जनवरी, १८८२, पृ० ६।
[५] ब्रजरत्नदास : भारतेंदु मंडल, पृ० १८०।
[६] पीयूष प्रवाह, मार्च, १८८५, पृ० ४।
[७] हरिश्चंद्र मैगजीन, १५ फरवरी, १८७४, पृ० १५१।

पारखी नहीं थे जिसमें राजभक्ति समन्वित राष्ट्रीय-चेतना तथा नवजागरण और सुधारवाद के माध्यम से देशहित की भावना का क्रमशः विकास हो रहा था।

इसके विपरीत हरिश्चंद्र ने बंगाल से आयात हो रही नव चेतना को पहचाना और हृदयंगम किया था। वह उच्च कोटि की प्रतिभा, देश-सेवा की उत्कट इच्छा, अदम्य उत्साह, निर्भीकता, स्वच्छंद विचार, आकर्षक व्यक्तित्व और विपुल धन-संपत्ति के आधार पर सामने आये थे। 'सितारेहिंद' पदवी दी जाने के समय (सन् १८७०) शिवप्रसाद जी के समानांतर वह अपने गुण तथा कार्यों से पर्याप्त लोकप्रिय हो चले थे, शासक और शासित दोनों में उनका सम्मान बढ़ने लगा था। १६-१७ वर्ष की अवस्था में ही (१८६६-१८७१) उन्होंने शिक्षा-प्रसार और मातृभाषा के उद्धार को देश हित का मूल तत्व मानकर, विविध अनुष्ठानों द्वारा अपने सामाजिक तथा साहित्यिक जीवन का शुभारम्भ कर दिया था। यह शुभारंभ उनके हिंदी-उद्धार-व्रत की पृष्ठभूमि बना। इस क्रम में सर्वप्रथम उन्होंने प्राचीन हिंदी साहित्य के प्रकाशन तथा अमूल्य वितरण पर हाथ लगाया। लाखों रुपये मूल्य की पुस्तकें बाँटी। इससे हिंदी-प्रेमियों की सृष्टि हुई और हिंदी लेखकों तथा पाठकों की संख्या बढ़ी।[१] हित-हित के आयोजनों में उत्साह दिखाने के अतिरिक्त सामाजिक, सांस्कृतिक, शैक्षणिक, राजनीतिक और साहित्यिक सुधारसंबंधी गतिविधियों को संचालित करने, मुक्त हस्त होकर कवियों, लेखकों, गुणियों और विद्वानों को प्रकाशित, प्रोत्साहित, संरक्षित और सम्मानित करने तथा भाषा, समाज और देश का पक्ष लेने से १८७०-१८७१ तक काशी के आस-पास हरिश्चंद्र की प्रतिष्ठा बढ़ने लगी थी।[२] इससे आकृष्ट होकर सभी प्रकार के कलाकार, विद्वान् और साहित्यिक उनके निकट आने लगे थे। लघु वय में वह आनरेरी मजिस्ट्रेट और म्युनिस्पल कमिश्नर बनाये गये। तात्पर्य यह है कि शिवप्रसाद के 'सितारेहिंद' पदवी से विभूषित होने के समय तक हरिश्चंद्र राज-समाज, शिक्षित, पंडित, लेखक, पत्रकार, कवि और सामान्य प्रजा वर्ग में उचित सम्मान तथा पद प्राप्त करने लगे थे।

गुण तथा क्रिया के समान राजा साहब और हरिश्चंद्र की लोकप्रियता में भी अंतर था। एक की गति सरकार से लोक की ओर थी और दूसरे की लोक से सरकार की ओर। दोनों व्यक्तियों में उद्देश्य को लेकर जो भारी अंतर था उसका कारण उनके दृष्टिकोणों की भिन्नता ही थी। फलतः उनकी क्रियाएँ और निष्पत्तियाँ भी परस्पर विपरीत थीं। 'प्रेमघन' का कथन है कि **"राजा साहब यदि कंजर्वेटिव थे तो बाबू साहब लिबरल, वे सदैव राजा के पक्षपाती थे तो ये प्रजा के, वे यदि अपनी उन्नति को प्रधान समझते थे तो ये देश और जाति की उन्नति को। इसी से उनसे इनसे क्रमशः वैमनस्य भी बढ़ा। उन्होंने इनकी वृद्धि में बड़ी हानि की और उन्होंने उन्हें देश की आँखों से गिरा दिया।"**[३]

उद्देश्य तथा प्रवृत्ति की दृष्टि से परस्पर विरोधी होते हुए भी विक्टोरिया के शासन काल में बनारस की सभी प्रकार की बौद्धिक हलचलों का इतिहास मुख्य रूप से ये ही दोनों

[१] राधाकृष्ण ग्रंथावली, पहला खंड, पृ० ३५९।

[२] ब्रजरत्नदास : भारतेंदु हरिश्चंद्र, पृ० ८३-८८, ९७-१००; शिवनंदन सहाय : सचित्र भारतेंदु, पृ० ६२-६४, ३२२-३३०, ८८।

[३] प्रेमघन सर्वस्व, दूसरा भाग, पृ० ४११।

व्यक्ति बना रहे थे। इन दोनों की गतिविधियाँ समय-सापेक्ष थीं। इन्होंने सभा-समितियों का संगठन-संचालन उन विवादों के लिए किया था, जो उस समय की चलन या फैशन बन गये थे।[१] धर्म-दर्शन की रूढ़ियों, धर्म-नियम तथा हिन्दू तर्क-शास्त्र के सिद्धान्तों की आलोचना के लिए समाजों का निर्माण किया था। रहन-सहन में महत्वपूर्ण परिवर्तन के लिए गोष्ठियाँ आयोजित की थीं।[२] ग्रियर्सन का मत है कि शिवप्रसाद और हरिश्चंद्र ने (हिन्दुस्तान पश्चिमोत्तर प्रदेश और अवध) की मनीषा तथा बौद्धिक प्रतिभा के हित में अतुलनीय योगदान किया था। क्योंकि उनका दृष्टिकोण पुराणपंथियों जैसा संकीर्ण न होकर अधिक विस्तृत तथा उदार था।[३] लेकिन १९ वीं शताब्दी के ७ वें दशक के अंत से ही काशी के सांस्कृतिक तथा साहित्यिक क्षेत्रों में हरिश्चन्द्र की गतिविधियाँ जन-सम्मत होने के साथ शिवप्रसाद की स्पर्द्धा में स्पष्ट हो चुकी थीं। उस समय तक राजा साहब यश, पद और सम्मान की दृष्टि से असाधारण व्यक्ति बन चुके थे। तो भी उनके विरुद्ध एक विरोधी वातावरण बनने लगा था। हरिश्चन्द्र ने बनारस के शिक्षित समुदाय में राजा साहब के विरुद्ध बढ़ते हुए असंतोष का लाभ उठाकर अपने व्यक्तित्व का विकास किया और कुछ ही समय में वह इन्हें हर क्षेत्र से चुनौती देने लगे। वैसे, जहाँ तक राजा साहब की शैक्षणिक योग्यता का प्रश्न है, हरिश्चन्द्र से इनकी श्रेष्ठता असंदिग्ध है। इस क्षेत्र में दोनों की कोई बराबरी नहीं थी। किंतु राजा साहब अपनी प्रवृत्तियों से लाचार थे, उन्होंने लोक हित और लोकमत की उपेक्षा तो की ही थी, उल्टे शासक जाति के ज्ञान-विज्ञान के भारतीयता-विरोधी स्वर को भी अपना लिया था जो हिन्दू-धर्म और भाषा के समर्थकों, विशेषकर बनारस कालेज के पंडितों और सरकारी पाठशाला के अध्यापकों को खलता था। अतः निर्विवाद रूप से अपने समय का महान् शिक्षाशास्त्री होने पर भी उनकी इस प्रगतिशीलता का यह परिणाम हुआ कि काशी तथा आस-पास के शिक्षितों में शिवप्रसाद विरोधी वातावरण बनने लगा था। हरिश्चन्द्र ने इस विरोध को पहचाना और क्रमशः विभिन्न पत्रों के संपादक, गद्य लेखक ओर हिन्दी समर्थक के रूप में वे राजा साहब की सर्वमान्यता के सामने प्रश्न चिह्न बन कर खड़े हो गये और नयी पीढ़ी के इस नये नेता ने पानी के समान धन बहा कर हिंदी-प्रदेश के शिक्षित समुदाय को अपने समर्थन के लिए बाध्य कर दिया।

हरिश्चन्द्र की यह लोकप्रियता और अपने विरुद्ध आचरण की प्रवृत्ति राजा साहब को असहनीय थी। उनका हृदय अपने सामने के एक छोकरे की उन्नति से जल उठा।[४]

---

[१] डी० एस० शर्मा : हिंदुइज्म थ्रू द एजेज़, पृ० ६४, भारती विद्या भवन, १९५६; आचाय जावड़ेकर : आधुनिक भारत (अनु० हरिभाऊ उपाध्याय) पृ० ५७, सस्ता साहित्य मंडल, १९५४; ल० सा० वार्ष्णेय : आधुनिक हिंदी साहित्य, पृ० ८१-८८ (तृतीय संस्क०)।

[२] कवि वचन सुधा, जि० २, नं० ८, पृ० ६७।

[३] जार्ज ए० ग्रियर्सन : द माडर्न वर्नाक्यूलर लिटरेचर ऑव हिन्दुस्तान, पृ० १०८।

From the voluminous literature, on such mystic-like Experiences, and such non-mystic gropings in the west, with aims akin to mysticism, the following conclusions appear unavoidable :—

There is nothing mysterious, or supernatural in such so called 'Mystic Experiences.' Given the proper physio-psychological conditions—the brain, nerves and glands ofcourse included—, and given the appropriate suggestion from within or without, these 'Experiences' appear. The Hindu mystic calls those conditions, the right 'Guna' ; the physiologist would call them 'appropriate body chemistry' ; but the exact nature of those conditions, in modern scientific terms, still awaits research. There is no supernatural miracle, very probably, even in the 'Conversion' effects of mystic experiences. They may be psychologically explainable (III).

Even the philosophical 'insights' of mystic or mystic-like Experiences, may, for aught we know, be only an alternative view of Reality, available in the de-automatized State, not the Rock-Bottom Reality Itself (Compare, Semanticist, Hayakawa and psychologist G. Murphy)[27] (pp. 390-391 and 497-498) (IV).

It is quite possible for ordinary persons, even without mystic practices, to 'mature' psychologically into a State, where they become liberated from neurotic-like distortions of perceptions as well as categoric prejudices, common in human society. This may perhaps be a step to some Super-Man State (V).

The researches of the Lifwynn Foundation make us suspect that psychological maturity may yield physiological benefits as well (VI).

From this point onwards, investigations—textual, experiential and behavioristic—in Indian mysticism, will carry us four steps further, in the search of the Heaven within us. Most of the Mystic Experiences, hitherto cited—called Peak Experiences by A.H. Maslow—as well as L.S.D. Experiences

are trances or states of concentration on some concept. We call them Sa-Vikalpa Samadhi. Besides the general feeling of peace, harmony and Unity, due to partial De-Automatization, the mental conceptions of the subject—his own or suggested—colour the details of such Experiences. Such trances introvert personality, and produce a sublimation or a conversion as Christians call it. But a complete relief from tensions and complexes is much further ahead. Indian Yoga knows Experiences higher than these, which are Conceptless: all mental constructs or thoughts cease in them; they are called *Nir Vikalpa Samadhi*. The writer on the basis of almost daily brief experiences of these States feels, that they *really amount only to Mental and Emotional Relaxation* (VII)

His arguments for this interpretation are:—(1) He feels during such States, even the muscles of the body relaxed; particularly in the region of the neck and the throat, besides the limbs. (2) He has got his relaxations confirmed on the Electro-Encephalograph (E.E.G.) Confidential reports indicate that some highly reputed Meditating Mystics also get similar curves on E.E.G.; some of them get of course more accentuated curves than the writer. (3) The voluminous philosophic commentator on Jnana Yogic Texts, the great Sankara, has written only about 20 verses on the technique of the Experiences for this Yoga[31]. He mentions only one method, and that is evidently 'Relaxation'. He praises it so highly, that it must be referring only to the highest Samadhi, known to Jnana Yoga, the Nir-Vikalpa Samadhi. (4) The term Nir-Vikalpa means literally—without mental concepts. (5) Sankara while praising the method, gives a transcendent philosophical interpretation of it. But western trainers in relaxation methods (e.g. Schulz, Jacobson etc.) as well as Indian Hatha Yogis, starting with muscular relaxation, are reported to be reaching the self same mental relaxation. Some Christian mystics also, narrate experiences of 'Quiet' or 'Silence'. The Bhava Samadhi of the Indian Bhaktas and the Shunya States of Buddhist mystics may also perhaps be similar, if not the same. How can Sankara's Vedantic transcendent interpretation of that 'Silence' describe

a State reached by so many different methods, some definitely physiological. (6) A very sensible restraint in all scientific literature, is to be content with scientific terms and descriptions, as long as they describe the phenomenon adequately.

There are deeper Samadhies, not experienced by the writer, in which even the Ego gets completely relaxed ; even pinpricks are not perceived. There are States in which the lungs and the heart also work very slowly and a sort of suspended animation, with consciousness still persisting, supervenes. The Asamprajat Samadhi of the Ashtaṅga Yogis, the ascent of the mysterious Kundalini into the brain, and some Jhanas of the Buddhist schools etc. appear to be of this nature. The psychological effect of all Samadhies, is unmistakeably a relaxation of the tensions in the Unconscious. They also prove experientially, that the world, its pleasures and pains, and even the ego, can be relaxed at will, or rolled like a map, when ever we like ; they should not therefore be taken too seriously.

Indian mystic opinion claims that the deeper shades of Samadhi yield also some sort of transcendental contact with the Cosmic Reality—may be the Cosmic Psychic Field of G. Murphy's Field Theory. It is claimed that these Samadhies can draw upon the energies of that Field for working those miracles, which are attributed to mystics. This claim deserves to be tested by actual research, so as to discover the exact limits to which those miraculous powers can go. But it is unanimously agreed by all mystics, from the Great Buddha downward, that the desire to possess those powers or to exhibit them, is distinctly detrimental to mystic progress. These powers are only a side by-product of mystice ffort ; they are not the end. Besides that

A very large consensus of mystic opinion, regards all Samadhies, even the deepest, to be merely a means ; the End is the Jiwana Mukta (ie liberation in life) State, also called the Sahaj (At-Ease) State, or the Sthita Prajna (Stable Mind) State. It is not a Trance State ; it is a realistic life, but with an altered outlook (VIII)

Gaudapadya, the Grand-Guru of Sankara, says[32] that a votary should not get attached to the bliss of Samadhi. This shows that he regards complete non-attachment, and not merely the Bliss of Trance States, as the goal. 'This is your bondage, that you practice meditation', says the ancient Sage, Ashtavakra[33]. Arthur Osborne, a disciple of the recent great mystic Shri Ramana Maharishi, confirms, by quotations from his Master, that the Sahaj State and not the Samadhi is the end.[34] Several scholars, including the the monumental work of S.N. Dasgupta[35] confirm that except for some—not all—schools of the Bhakti cult, all mystic schools of Hinduism, and all the principal schools of Hindu Philosophy, regard Jiwana Mukta State as the Goal of all mystic effort. Some Bhaktas of course regard God-Vision and that alone, as the end—superior even to the Jiwana Mukta State ; tbut there is the top Bhakta, Kabir, on the other hand, praising the Sahaj State. Just look at his almost sacrilegious frankness :

कबीरा सहज समाधि भली

भला भयो हरि बीसरो सिर से टरी बलाइ ।
जैसे थे तैसे भए अब कुछ कह्यो न जाई ।।१।।
मन ऐसो निर्मल भयो जैसे गंगा नीर ।
पाछे पाछे हरि फिरत कहत कबीर कबीर ।।२।।

Excellent is Sahaj Samadhi, O Kabir !

It is good that God is forgotten ; a great calamity has follen from my head.

I have regained my pristine condition ; it is indescribable.

My mind has became crystal clear, like the water of the ganges

God himself, keeps following me, and calling, oh Kabir !

Some Christian mystics like St. Theresa, whose techniques of Love resemble those of Indian Bhaktas, also speak of a '*Unitive Life*', which appears to be similar to the Jiwana Mukta State. Similarly the *Boddhisattwa State* of the Buddhists, the *Vita-Raga State* of the Jains are also either the same or alteast

very much akin to the Jiwana Mukta State. Among the Sufis, there are pantheists as well as theists. Some scholars think that the Sufi State of *Baqua*, above their stage of Fana (i.e. merging in God or Haq) is equivalent to the Jiwana Mukta State. Others say, that their *Haquiquat State*, above even Maarfat (or Knowledge of Haq) is equivalent to it. A Sufi Persian Text[36] matches the frankness of Kabir by declaring that the final stages consist in the Renunciation of God and the Renunciation of Renunciation itself (i.e. Realism).

Thus barring just a few mystic schools, which persist in putting the *Jiwana Mukta State*, just a little below the very Summit of their mystic ascent (perhaps due to some misunderstandings), *practically all mystics recognise this State as their goal on earth. The techniques of getting spiritual Experiences vary from school to school, their philosopies are different, but here in this Great Goal, they all meeet. Evidently that is the Heaven on Earth, which mysticism offers to man* (For details on this subject, please see the writer's article[23] (IX)

Now we will see what are the characteristics of the Jiwana Mukta State ; and we will notice by the way, that the Super-Man Ideal, which various psychologists, in their gropings have been expounding, is also included in that State. The Integration of Personality, Psychological Maturity and Self-Actualisation of Maslow, the Psycho-Synthesis, at individual as well as universal levels of R. Assagioli, the Productive Character of Erich Fromm, all come well within the Jiwana Mukta State.

The writer has been having temporary experiences of this State, or very much evidently akin to it, since 1943 ; the first one lasted 48 hours (Please see[21,22,23]), The reasons for his thinking so are :—(1) If a type of experience lasts sometimes for hours together, and keeps on maturing for years, exhibiting fresh details, one can not dismiss it merely as a passing mood. (2) The writer's experiences, have disclosed psycho-physiological corollaries of that State, which mystic texts do not or just rarely, notice (probably they do not want to risk the votary's becoming body-minded). (3) The writer's experiences have

of course been temporary ; but even the Gita mentions a very high mystic ideal—The Gunatit—i.e. a State in which the equanimity of the Jiwana Mukta State sometimes goes away ; but the Gunatit is not worried on that account ; he considers these changes as only due to the play of the 'Gunas', or 'body chemistry.' (4) Some high mystics haveas sured the writer that he is on the right line. (5) Very probably, perfection in this as in other human achievements, may be an asymptotic ideal. It may require a healthier body than the writer has.

Any way here are the characteristics of the Jiwana Mukta State, the Heaven Within Us :—*1.* Happy and buoyant; yet tranquil. Frustration as well as elation are equally tolerated It is Emotional Stability or Emotional Stasis, as Schindler calls it.[17] *2.* It is an 'At-Ease' Life, (Sahaj) with no protracted tensions. Activities and drives, normally involve tensions; but a Jiwana Mukta Person, relaxes immediately such an activity or drive is completed. *3.* One feels Free or Liberated from all gnawing desires, or enslaving attachments (Jiwana Mukta). *4.* In that State, work is concentrated and efficient, judgment impartial and sound. *5.* A feeling of Oneness with the All. *6.* Unselfishness and Detachment (See the Bhagawad Gita, II-50 to 71). The last two traits are basic or fundamental ; without them, other characteristics can not be acquired; In fact all these traits are one integral whole, with unselfishness and detachment at its core.

Besides the above traits mentioned in mystic texts, the writer has observed the following psycho-physiological corollaries during his own temporary experiences. *1.* No day-dreaming. Living so to say in the living present. No brooding over the past or worrying about the future (Efficiency and concentration in work mentioned above, may be a consequence of this). Thoughts do not wander, but rest relaxed, when not directed to speech or action. The mind, on such occasions, may merely enjoy, in a relaxed manner, the beauty and variety in Nature and society, around. *2.* Even the tension of philosophical inquisitiveness—so natural to a meditating mystic—

gets relaxed. Philosophical problems do not get solved ; but all of them get somehow dissolved, so to say. Like a scientist such a mystic is prepared to wait, until some suitable clue for their solution appears. He takes no pleasure in mere endless logical discussions. *3.* The mystic finds every view or sound, fascinating or charming, as L.S.D. subjects do. Even plain food and plain water appear tasty. *4.* He feels free from the narrow shackles of the individual self, as some subjects of L.S.D. also do. Similarly like some subjects of L.S.D., the mystic feels as if he were actually participating in the feelings of others ; their weals as well as their woes ; but only as an onlooker, without tension. *5.* Complexes cause tension ; hence they jar upon such a generally tensionless mind. Thus even when a votary begins to get the Jiwana Mukta State temporarily—i.e. only on occasions—the complexes in his Unconscious get exposed to him, without the revival of infantile memories (as in Freud's Psycho-analytic methods). His relaxations during Samadhi make his mental moods plastic. So whenever, he finds a complex producing tension, he alters his mood and thus attempts to eliminate that complex. Complete elimination of all compleses, is of course a matter of time. *6.* One is thus no longer a slave of impulses (cf [37] p. 281). *7.* In decisions, one is quick or prompt. No ambivalence or hesitations. *8.* One tends to walk, with spine erect ; eyes directed towards higher objects. *9.* There is no bigotry or rigidity in thought ; one becomes open minded like a genuine scientist. There is toleration for other faiths. *10.* Since unselfishness is the essential core of mystic life, ethical living becomes just spontaneous and effortless. There is no mental conflict, and no exercise of a dominant will is needed, for securing moral conduct. *11.* Aesthetic tastes for Art, Poetry or Music tend to get developed. *12.* Besides these, here are other physio-psychological benefits of Samadhi and the Jiwana Mukta State, which the writer is still examining, by observation, and by consultation with mystics. For instance, this State appears to improve physical health also. Slight indispositions of any type, or the first beginnings of common ailments, like fever, cold etc. get corrected by mere relaxation

of the mind and emotions. Living constantly in the Jiwana Mukta State tends to control even chronic diseases of a psycho-somatic nature. The faculty of making correct intuitive decisions—E.S.P. as psychologists call it these days—gets improved. Last but not the least, creativity is excited and potentialities at the base of the mind tend to get developed (Compare[37] pp. 34-37, 126 and 322).

Such is the Heaven, which Height Psychology or the Psychology of Mysticism, makes available to man. It is distinctly a superb type of happiness and efficiency ; it is freedom from impulsive slavery ; it amounts to 'Full Functioning', as Maslow defines it. A Jiwana Mukta Person, may not become a Prince, vanquishing all his enemies. His success in life, will depend to some extent, on the level at which the society around him stands. His success in his own profession also may not bring him top laurels ; he may not become the best artist, poet or scientist, as a result of his enhanced creativity. But he will utilise the potentialities, inherited by him and lying dormant in his body and mind, to the best advantage possible. We must realise that we are living in a world of only comparative excellences, not of superlative perfection. All the same, even such attainments, as have been listed above, are highly tempting ; very much worthy of our earnest efforts. No psychologist, sociologist, priest or theologian, has perhaps anything comparable on earth, to offer.

The earlier we forget that Height psychology or Mysticism is something mysterious, reserved for exceptionally noble souls, the better. The problem of escaping from psycho-somatic disease, from social conflicts, and from nuclear holocaust, brooks no delay. We have noticed that there are methods of attaining to the Heaven Within Us, which do not require any mystic Experiences ; and even the Experiences are only a means to the End, which consists merely in a New and Better Outlook on Life. Neither celebacy, nor any type of penance or 'Sick Soul' Stage (Vairagya) is a necessary preparation for it. Preparatory steps depend upon techniques chosen and ones own

antecedents. There is a Punjabi verse, which says :—I got a proper Guide ; and he gave me the proper technique. Laughing and playing, eating and drinking, I got my salvation, by the way.

Overburdened by a transcendental, instead of a psychological view of mysticism, and by our fatalism, we in India, are losing our initiative in the field of Yoga ; while the west in its gropings, working with a scientific outlook ,is developing new techniques. Joseph Kamiya, of Lifwynn Foundation, has evolved a method of training people in Rexalxation (Nir-Vikalpa State) with the help of the E.E.G. He reports 80 percent success in forty sittings only[38] We also, have traditional methods of very quick achievement. The Kundalini can be made to ascend, or the Shambhavi Mudra (most probably, constant cosmic consciousness) can be taught by an able Guide, by mere touch, within an instant. But all such techniques require a lot of caution and involve risks in case of inappropriate use. Even the L.S.D. and the Visualisation method of Miss Crampton have their risks for persons who have traces of mental disease already in them. It is high time that we shed our pessimism that Yogic attainments develop, only after a series of pious births. We should preserve our old techniques, and by research and seminars of Yogis, discover the methods of eliminating the risks, involved. The high tide of hedonism sweeping the country today, is killing our Yogic attitudes at a rapid rate. We do not bring in the Karma Theory fatalism, when we rush headlong in pursuits of worldly riches ; that theory becomes an easy excuse, only as regards spiritual pursuits.

Actual eradication of mental complexes may take a long time ; but any effort in that direction is amply paid for. The fruit of it is 10,000 times greater, according to Schindler. It builds physical health as well as mental felicity[17] (pp. 86-88) About half an hour or an hour per day, for every adult, spent in reading some literature on ethical or spiritual values, and in practising some sort of a mental and emotional relaxation, by any method, that may suit a person-mystical, psychological or

physiological—would be a worth while step towards the Heaven Within. We spend so much time, and for so many years on end, for academic or financial purposes ; we waste so much of our time in idle gossip. This is not a heavy bill for happiness for oneself and for harmony on the globe. If our womenfolk and teachers, from the Nursery upwards, learn the art of channeling the impulses of children, and of restraining them by persuasion and understanding, instead of suppression or repression ; and if further an attitude of unselfish charity and social service is nurtured from childhood upto youth, and the prersonality of children is thus expanded to the limits of the whole of society ; then very probably the complexes will not from such a hard crust, and the Heaven Within may become more easily accessible to every human being. The poet Tulsidas has rightly remarked :—

दया धर्म का मूल है, नरक मूल अभिमान ।

'Compassion is the central core of religion ; and selfish egoism is the essence of Hell'. Educationists and Child Psychologists have to tackle this problem, as a piece of vital and urgent research.

A Joint Commission of the U.S.A. Govt., on Mental Illness and Health held a Seminar of distinguished specialists in 1958, inorder to define the traits of Positive Mental Health. The Report on this point, written by Marie Jahoda[39], along with the opinions of several other distinguished writers ,and representatives of the W.H.O. gave to the writer, a list of the principal traits of positive mental health, known to modern science. The concordance of that list with the list of psychological traits of the JiwanaMukta State, as given in authoritative Hindu mystic texts, is surprising. (A paper of the writer on this subject is awaiting publication). There are only just a few points of difference. The psychologists do not presume, that all the traits of positive mental health, can or need to, co-exist in a particular individual ; they mention unselfishness only casually, as one of the traits ; and they do not regard positive mental health as a panacea. The Hindu Yogi on the

other hand regards Yoga as a holistic attempt, at the re-organisation of personality, or a transformation of the entire outlook on life ; it is not a mere acquisition of some one, two, or three mental traits. *The Jiwana Mukta State appears to be the acquisition of all the traits of positive mental health together and simultaneously—with unselfishmess and detachment, as its core. It may thus be described as Ideal Mental Health. It is the best panacea of human ills, individual and social, that we have* (X) Emotional Stasis according to Schindler is not a milestone ; it is a millennium[17] (p. XXV).

Another difference consists in the lack of emphasis in Hindu Yogic Texts on Realism or a realistic response to the challenges of life. The Bhagawad Gita and the Yoga Vasistha—both of course highly respected and authoritative —emphasise this trait ; others do not ; they do not even mention it, usually As a matter of fact a Jiwana Mukta person may rule a State, as King Janaka did ; he may wage a war, as Arjuna did ; he may agitate for social and political reforms, as Gandhi did ; but he does all this without any protracted or reverberating tensions. Other Yogic texts may not have emphasised realism, lest it may deteriorate into worldliness ; or perhaps they may have been influenced by the current unhealthy trend towards escapism in many Hindu mystic schools.

This concordance of Positive Mental Health with the Jiwana Mukta State, further confirms that mysticism is far from mysterious ; it has important physio-psychological facets, which can be examined scientifically. This also indicates that mysticism is a vital human need, which man can not disregard or neglect with impunity.

This article is meant to be exploratory. The writer has presented his investigations in psychology of mysticism—concealing nothing, out of modesty, and exaggerating nothing for purposes of religious propaganda. The writer would welcome comments from all, particularly from psychologists, interested in psychology of personality, and from mystics, who have had personal Experiences.

The writer himself has discussed his conclusion (X) above, with some living mystics. One comment is that we can not bind a Jiwana Mukta Sage to a life of wordlly activity. He is liberated ; he may temperamentally prefer to remain partially secluded, and engaged in prolonged absorptions. The writer appreciates this comment. India needs engineers more than theoretical physicists ; all the same, some may prefer the latter profession ; and it is worth while that the latter profession also should have some talented persons in it. Similarly if some Jiwana Mukta Sages, take to a life of absorptions, it should be desirable; provided, the fruits of their research are transmitted somehow to society. The mystics whom the writer has consulted all agree that the Jiwana Mukta State is Ideal Mental Health, a veritable heaven on earth ; but some insist that it does a lot more for man. This difference may perhaps be due to misunderstanding. The writer has widened the significance of the term Mental Health, so as to include, Extra-Sensory Perceptions, creativity and the utilisation of latent potentialities. Besides that, on the basis of the discussion on philosophical insights of mystics, and their miraculous powers, already given, the writer somehow strongly feels that the psycho-physiological facet of mysticism, which the writer has been emphasising all through, is the most important and vital aspecct of it, for man. Patanjali, as well as the Buddha appear to be similarly inclined. All the same, if research happens to find some transcendental barriers somewhere, beyond Ideal mental Health, let it go atleast, as far as it can. The Heaven Within_Us, will atleast have been secured.

In conclusion, the writer would like to put in a strong plea for open research—experiential, behaviorist, as well as experimental—on this vital subject. Seminars of all such mystics as are prepared to look at mysticism from a wide, non-sectarian and scientific angle, and are inclined to pool their knowledge for public good, should be held. That will preserve our traditional Yogic skills and develop them in the light of modern sciences of physiology and psychology and with modern

technologidal assistance. We should study all religious and Yogic methods, to see how-far and how well, they lead to the Jiwana Mukta State, for any particular temperaments. Symbolic forms and imagery, though apparently irrational, need not be discarded. They have their value as a means of personal growth[20] (pp. 79, 154, 189-199). The entire world needs such research urgently ; India is the best country for it ; and Banaras, with its hoary traditions of Buddhist and Hindu culture is probably the best place for it. The Banaras Hindu University, with its well staffed departments of Sanskrit, Pali and Prakrit learning, as well as Indology, Philosophy, psychiatry and psychology, is probably the very best institution for research of this nature. The writer has put forward the results of his personal investigations, on the basis of his humble personal attainments in this field. May knowledge grow from more to more in this spiritual sphere, quite as well as it is growing in the scientific and technological spheres.

REFERENCES

1. C. J. Herrick: Evolution of Human Nature—pp. 313, 279-281.
2. E. W. Sinnot: Biology of Spirit—Chaps. III and IV.
3. Pierre. Tielhard de Chardin: The phenomenon of Man. pp 16-17 and 266-307.
4. Gunther: Inside Russia.
5. Boring, Langfeld and Weld: Foundations of Psychology.
6. Report of W.H.O. conference on Metal Health, Helsenki, 1958.
7. D. H. Fink: Release from Nervous Tension.
8. Hans Selye: The Stress of Life.
9. Spurgeon English: Emotional Problem of Living.
10. G. Murphy: Field Theory—Ind. Jour. of Parapsych. Sept. 1959.
11. Govt. of India Publication: Nuclear Explosions and their Effects.
12. A. E. Morgan: Search for a Purpose.
13. Frieda Fordham: Introduction to Jung's Psychology.
14. A. G. Tansley: New Psychology and its Relation to Life.
15. Geraldine Coster: Yoga and Westrn Psychology.
16. K. L. Munn: Introduction to Psychology. Chaps. I & VI; p. 498 for Complexes.
17. J. A. Schindler: How to Live 365 Days a Year.
18. Pamphlets of the Meditation Groups for the New Age.

19. A. H. Maslow: Towards a Psychology of Being.
20. Ira Progoff: Depth Psychology and Modern Man.
21. U. A. Asrani: A Modern Approach to Mysticism—Main Currents in Modern Thought—New York, Sept. 1963.
22. U. A. Asrani: Missing link between Science and Mysticism........ Psychic International, Moradabad, India, May 1965.
23. U. A. Asrani: Samadhi and Sahaj Awastha......Yoga Mimamsa (A Research Journal on Yoga) Lonavla, India, Oct. 1967 to Jul. 1968.
24. W. H. Clark: Psychology of Religion.
25. Erwin Goodenough: Psychology of Religious Experience.
26. A. H. Maslow: The Psychology of Science.
27. E. T. C. (A Journal of Semantics) Dec. 1965 issue, devoted to Psychedelic Drugs.
28. Psychosynthesis Research Foundation: Issue 23......Approaches to the Self; W. A. I. Techniques.
29. A. J. Deikman: Induced Contemplative Meditation......Jour. of Nerv. and Ment. Disease......142-2
30. Trigant Burrow: Neurosis of Man.
31. Sankara: Laghu Vakya Vrtti.
32. Gaudapadya: Mandukya Karikas III. 45.
33. Ashtavakra Gita I. 15.
34. Arthur Osborne: R. M. Bucke Memorial Society Newsletter, Sept. 1966-pp.113-14.
35. S. N. Dasgupta: Hist. of Ind. Philosophy—Vol. II pp. 245-252 and Vol. IV pp. 88, 418, 446, 486.
36. Kashful Mahjul.
37. G. Murphy: Human Potentialities.
38. Joseph Kamia: Psychollogy Today Apr. 1968 (pp. 57-60).
39. Marie Jahoda: Current concepts of Positive Mental Health.

भारतीय मनोविज्ञान : अध्ययन का एक उपेक्षित क्षेत्र

चन्द्रभाल द्विवेदी
मनोविज्ञान विभाग, का० हि० वि० वि०

आधुनिक काल—विशेषकर विगत तीन दशकों में—ज्ञान-विज्ञान की सभी विधाओं, साहित्य, दर्शन, राजनीति, भौतिकी आदि के साथ-साथ मनोविज्ञान में भी शोध कार्यों की जो एक आदि-अन्तहीन बाढ़ आई हुई है, वह एक व्यापार सर्वथा वर्धिष्णु व्यापार का रूप धारण करती जा रही है। सबसे दुःख का विषय तो यह है कि यह विकसनशील शोध-प्रवृत्ति कुछ नये तरीकों के अनुसन्धान करने की नहीं है (जो यदि होती तो शायद मनोविज्ञान का कार्यक्षेत्र विस्तृत ही होता) वरन् यह केवल नकल करने की मनोविज्ञान से भिन्न विज्ञान की अन्य विधाओं में प्रचलित विधियों के प्रयोग आयात करने की, उनके तकनीक अपनाने की प्रक्रिया का रूप धारण करती जा रही है। विश्वविद्यालयों के आधुनिक शोध एक पूर्वनिर्दिष्ट लकीर पर हो रहे हैं। शोध आरम्भ करने के पूर्व यह मानकर चला जाता है कि हमें चाहे जो भी करना पड़े, निष्कर्ष वही होना चाहिये जो पूर्वनिर्धारित है, अर्थात् एक पूर्वाग्रह की परिपुष्टि के लिए तर्क संग्रह करने का एक सुन्दर-सा नाम रख दिया गया है—'रिसर्च'। अर्थात् यह रिसर्च किसी सत्य की नहीं, पहले से निर्दिष्ट परिणामों को पुष्ट करने के लिए साक्ष्य-संग्रह की।

ये उद्देश्यहीन, दिशाविहीन, निर्मूल्य और लक्ष्यभ्रष्ट शोध प्रायः ऐसे विषयों पर किये जाते हैं जो पूर्वापर सम्बन्धहीन होते हैं। और यही कारण है कि कदाचित ही कभी वे किसी सारयुक्त सन्दर्भ या मूल्यवान निष्कर्ष पर पहुँच पाते हैं। शोध कार्य होने ही चाहिये, ऐसी शुभाशंसा रखते हुये भी मन के किसी अज्ञात कोने में यह प्रश्न उठता है कि क्या ये वास्तव में शोध हैं भी, और क्या इस प्रवृत्ति का ही परिशोध आवश्यक नहीं है। आधुनिक शोध निबन्धों को पढ़कर पाठक के (चर्चा दीक्षित-स्नातकों से सम्बन्धित है) मन में यह प्रश्न उठता है 'तो आखिर क्या ?' आज के अधिकांश शोध विवरण एक ऐसी समझ में न आनेवाली, तथाकथित 'टेक्निकल' भाषा में प्रकाशित होते हैं जिन्हें समझने के लिए 'द्रविड़ प्राणायाम' करने पर भी साफल्य लाभ नहीं होता। अनेक विशाल परिकल्पनाओं, सुन्दरतम फलकों, सारिणियों, रेखाचित्रों से सुसज्जित ये विवरण लेखक को एक मृग-मरीचिका का भान करा देते हैं। संक्षेप में कहें तो ये शोध 'सारहीन केवल दिखावे मात्र हैं' (ऑल् फार्म ऐण्ड नो सव्स्टेन्स)।

भारत में मनोवैज्ञानिक शोध : अब तक की उपलब्धि

विदेशों में परित्याप्त इस स्थिति का अनुशीलन कर चुकने के पश्चात् जब हम भारत में अवस्थित दशा का मूल्यांकन करने में समुत्सुक होते हैं तो और भी बदतर स्थिति से साक्षात्कार होता है। शोध कार्यों का अध्ययन यह बतलाता है कि हम विधि व विषय तक के मामले में अमरीका या ब्रिटेन में किये गये शोधों पर आश्रित हैं। नयी दिशायें, नवीन

परिकल्पनाएँ तथा नवीन मानदण्ड प्रस्थापित कर सकने वाले ऐसे शोध, जो किसी भी विकसनशील विज्ञान की थाती बन सकें, उँगली पर गिने जाने लायक हैं। इस पराङ्मुखी प्रवृत्ति से खीझकर डा० पण्ढरीनाथ प्रभु ने कहा—"इस देश के जवान या बूढ़े, नवीन या पुरातन सभी मनोवैज्ञानिकों में एक होड़-सी लगी हुई है कि कौन विकसित देशों में किये गये प्रयोगों की कितनी अच्छी नकल कितनी शीघ्र कर ले सकता है। इस मनोवृत्ति का प्रकटीकरण यहाँ के मनोवैज्ञोनिकों की उस प्रवृत्ति में होता है जो उन्हें अन्य स्थानों पर किये गये शोधों का पुनर्परीक्षण, यहाँ तक कि नकल करने की प्रेरणा देती है।"[१] अनुकरण सर्वथा बुरा या हेय होता हो, ऐसा नहीं है परन्तु अनुकरण आगे बढ़ने के मार्ग में एक प्रतिबन्धक अवश्य हो जाता है। अनुकरण करने की प्रवृत्ति का सबसे बड़ा दोष यह है कि अनुकरणकर्त्ता अपने से पूर्व के किसी अनुकरणकर्त्ता को अपना आधार बनाता है और वह द्वितीय अनुकरणकर्ता भी अन्य किसी को अपना आदर्श मानकर चला रहता है। इसके साथ-साथ जब अनुकरणकारी शोधक अपना कार्य सम्पूर्ण कर उसको जन सामान्य के सम्मुख रखना चाहता है तो उसे पता चलता है कि वह आधार, जिसको आदर्श मानकर उसने अपने शोध प्रारम्भ किये थे, ही बदला जा चुका है, परिष्कृत या अस्वीकृत किया जा चुका ह। "फल होता है कि नकलची शोधक बहुधा जीर्ण-शीर्ण, तिरष्कृत, बहिष्कृत व अस्वीकृत मान्यताओं के आधार पर अपने शोध आरम्भ करता है जिनकी कि या तो भित्ति ही बदल दी गई रहती है या अमान्य कर दी जा चुकी रहती है।"[२]

इस कटु सत्य का दर्शन हमें विगत ४४ वर्षों में मनोविज्ञान में किये गये शोध कार्यों पर बिहंगम दृष्टि डालने से हो जाता है। प्रायः १६७५ अनुसन्धान कार्य भारतीय विज्ञान परिषद् के विभिन्न अधिवेशनों में प्रस्तुत किये गये। परन्तु इन कार्यों से भारत में मनोविज्ञान के प्रचार-प्रसार में क्या योग मिला ?

सारणी सांख्य १ 'भारतीय विज्ञान परिषद्' द्वारा प्रकाशित सारांश (एब्स्ट्रेक्ट्स) के आधार पर बनाई गई है। यद्यपि यह सूची किसी भी प्रकार पूर्ण नहीं है तथापि देश की प्रतिनिधि संस्था द्वारा प्रकाशित ये विवरणस्थूल लेखा-जोखा अवश्य उपस्थित करते हैं:

उक्त तालिका के निरीक्षण से निम्नलिखित तथ्य स्पष्ट होते हैं:

१. भारतीय मनोवैज्ञानिकों द्वारा विगत ४४ वर्षों में प्रस्तुत किये गये निबन्धों का औसत ३८.०७ निबन्ध प्रतिवर्ष है। जब कि शास्त्री (सन् १९३२ पृ० ४३७) द्वारा प्रस्तुत १९२५ से १९३२ के ८ वर्षों में प्रस्तुत किये गये निबन्धों का औसत मात्र २८ निबन्ध प्रतिवर्ष है। डा० जोशी (१९६५ पृ० ३१) द्वारा प्रस्तुत सन् १९२५ से '६५ तक के सर्वेक्षण में प्राप्त औसत संख्या ३५ निबन्ध प्रति वर्ष है। परन्तु सर्वाधिक वृद्धि विगत ८ वर्षों के भीतर रही, जब कि प्रस्तुत किये जाने वाले निबन्धों का औसत ७० निबन्ध प्रति वर्ष रहा।

---

[१] डा० पी० एच० प्रभु (१९६३) स्टेट ऑव सायकालाजी एज़ ए साइन्स टुडे, अध्यक्षीय भाषण, मनोविज्ञान व शिक्षा विज्ञान विभाग, प्रोसीडिंग्स ऑव फिफ्टीयेथ् इण्डियन साइन्स कांग्रेस, दिल्ली पृ० ३००।

[२] वही पृ० ३००–३०१।

सारणी सं० १

भारतीय विज्ञान परिषद् में सन् १९२५ से १९६८ तक मनोविज्ञान व शिक्षण विज्ञान विभाग के अन्तर्गत प्रस्तुत शोध-पत्रों का विश्लेषण +

वर्ष । क्षेत्र	प्रायोगिक	शिक्षा व विकास	सामान्य व सैद्धांतिक	असामान्य व चिकित्सा	मनोभौतिकी व मनोआकलन	निर्देश व ैद्योगिक	समाज	व्यक्तित्व	भारतीय मनो० व धर्म	सौन्दर्य शास्त्र	अपराध	योग
सन् १९२५ ई० से १९६० ई० तक	३३८	१४५	१५९	१३९	१०९	९३	५०	३६	३०	११	५	१११५
सन् १९६१ से सन् १९६८ तक	७२	११९	१४	४०	५५	५८	१०५	८५	—	२	१०	५६०
योग	४१०	२६४	१७३	१७९	१६४	१५१	१५५	१२१	३०	१३	१५	१६७५

+ प्रोसीडिंग्स् ऑवइण्डियन साइन्स कांग्रेस, सन् १९२५ से १९६८ के आधार पर।

२. प्रायोगिक, शिक्षा, असामान्य व सामान्य मनोविज्ञानों में प्रस्तुत पत्रों की संख्या अधिकतम थी जब कि भारतीय मनोविज्ञान, सौन्दर्य व अपराध मनोविज्ञान में सर्वापेक्षा कम निबन्ध प्रस्तुत किये गये।

३. विगत ८ वर्षों में जहाँ अन्य क्षेत्रों में विकास हुआ है वहीं भारतीय मनोविज्ञान व धर्म पर कोई भी कार्य इस देश की प्रतिनिधि संस्था के सम्मुख उपस्थित नहीं किया जा सका। इस प्रकार हमारी परमुखापेक्षी प्रवृत्ति का स्पष्ट चित्र हमारे नेत्रों के सम्मुख आ खड़ा होता है।

४. भारतीय मनोविज्ञान सर्वाधिक उपेक्षित क्षेत्र रहा। इसमें प्रस्तुत निबन्ध कम तो रहे ही, साथ ही साथ सभी निबन्ध सैद्धान्तिक महत्व के थे। इनके प्रायोगीकरण की ओर किसी ने ध्यान दिया ही नहीं।

प्रश्न यह होता है कि भारतीय मनोविज्ञान, जो आज भी नवीन होने के कारण विदेशी वैज्ञानिकों का ध्यान आकृष्ट कर रहा है, वह भारतीय मनोवैज्ञानिकों द्वारा इतना उपेक्षित क्यों रहा ?

भारतीय मनोविज्ञान : ऐतिहासिक विकास

मनोविज्ञान का उद्‌भव मानवता के साथ एकाकार है। वेद विश्व के आद्य ग्रन्थ माने जाते हैं, और इन वेदों में मनोविज्ञान के गूढ़, गहन, गम्भीर व सुस्पष्ट सिद्धान्त सूक्त, कथानक या अन्य रूपों में अनुस्यूत हैं, विचित्र और विलक्षण। मन के स्वरूप का ऐसा पूर्ण और सुन्दर विवेचन हमें शुक्ल यजुर्वेद के शिव संकल्प सूक्त (अध्याय ३४) में मिलता है कि यह भान होने लगता है कि वास्तव में यदि कहीं पूर्ण विकसित मनोविज्ञान है तो वेदों में ही है। मन, जिसका अध्ययन पाश्चात्य दार्शनिक असम्भव कह कर छोड़ देते हैं, उसका इतना सुन्दर, सांगोपांग, गुह्यतम रहस्यों को अनावरित करने की यह चेष्टा और हमारे द्वारा उन्हीं ऋषियों की उपेक्षा—कैसा विरोधाभास। इन्हीं तथ्यों को जानकर हर्ष से अभिभूत प्रो० शास्त्री कह उठते हैं—"यह वास्तव में असाधारण व अत्यधिक आश्चर्य का विषय है कि इतने प्राचीन काल में भारतीय चिन्तकों ने इतने बहुमूल्य मनोवैज्ञानिक तथ्यों की उद्भावना की, जब कि पाश्चात्य सभ्यता अन्धकार के अतल तल में कहाँ छिपी थीं, अज्ञात है।"[१] उपनिषदों में मनोविज्ञान की विभिन्न प्रवृत्तियों का यथातथ्य तथा सुसमंजस विवरण मिलता है (उपनिषदों में उपलब्ध मनोवैज्ञानिक सिद्धान्तों का विवेचन आगे किया जायेगा)। "यद्यपि उस ज्ञानराशि के एकत्रीकरण की प्रक्रिया से अहमत होना अस्वाभाविक नहीं, परन्तु उस युग में उपलब्ध मनोवैज्ञानिक सिद्धान्तों का वैसा सुन्दर व विशद् विवेचन तथा उन सिद्धान्तों का ज्ञान होना वास्तव में आश्चर्यजनक और विस्मयकरी है। मन, शरीर, इच्छा, ध्यान, बुद्धि, संवेग, स्वप्न, निद्रादि से सम्बन्धित तथ्यों का

---

१ प्रो० एन० एस० एन० शास्त्री (१९३२) ग्रोथ् ऑव सायकालाजी इन इण्डिया, अध्यक्षीय भाषण, मनोविज्ञान व शिक्षा विज्ञान विभाग, प्रोसीडिंग्स् ऑव इण्डियन साइन्स कांग्रेस, पृ० ४३०।

विश्लेषण उपनिषदों में देखकर उन महामनीषियों की ग्रहणशीलता पर आश्चर्य होता है।"[१]

षड् दर्शनों में मन, शरीर व अन्य सम्बन्धित समस्याओं पर मनोविज्ञानिक सिद्धान्तों का अनन्त भण्डार भरा हुआ है। जैन व बौद्ध दर्शनों ने मनोविज्ञान के सिद्धान्तों के स्पष्टीकरण का श्रेय प्राप्त किया। सांख्य और योग दर्शन में मनोविज्ञान विषयक सिद्धान्त दार्शनिक विचारों के नीचे दबे पड़े हैं। इनमें इतना तार्किक व वैज्ञानिक विवेचन है कि विद्वानों का मत है कि सांख्य दर्शन वैज्ञानिक अधिक है आध्यात्मिक कम। और योगदर्शन में तो मानसिक प्रक्रियाओं की उच्चावस्था की अनुभूति करने के लिए प्रायोगिक मार्ग का निर्देश किया गया है। मानवीय मानसिक क्रियाओं का विवेचन आत्मानुभूति के बाधक मन को लांघने के लिए किया गया है। "इस प्रकार से मन की सभी प्रक्रियाओं का सांगोपांग विवेचन मन से मुक्ति पाने के लिए, न कि मन का ज्ञान प्राप्त करने के लिये किया गया है।"[२] न्याय और वैशेषिक दर्शनों में इन्हीं सिद्धान्तों का विवेचन सरलतम एवं सहजतम भाषा में किया गया है, जो अधिक संगत, तार्किक व सुगम है। प्रत्यक्षीकरण व प्रत्यक्षीकरण की भूलों का विशेष विवरण इन दर्शनों में उपलब्ध मिलता है। इन दर्शनों में आधुनिक मनोविज्ञान की एक समस्या भ्रम व अभिलाषा के सिद्धान्तों का विवेचन मनोवृत्ति के संदर्भ में किया गया है। पूर्वमीमांसा व उत्तर मीमांसा दर्शनों में भी मनोविज्ञान के सिद्धान्त देखने को मिलते हैं। इनमें ज्ञान-प्राप्ति की प्रक्रिया, प्रत्यक्षीकरण के प्रकार स्वप्न आदि अनेक बहुमूल्य सिद्धान्त छुपे पड़े हैं। श्री शास्त्री[३] ने वैदिक काल से आरम्भ कर मध्य युग तक के दर्शनों में उपलब्ध मनोवैज्ञानिक सिद्धान्तों के विकास क्रम का जो यथार्थ चित्र उपस्थित किया है, वह प्रत्येक उस गम्भीर अध्येता के लिए, जो वास्तव में कुछ रचनात्मक कार्य करना चाहता है, अत्यधिक उपयोगी है। इनके अलावा चार्वाक या लोकायत सम्प्रदाय भी मनोविज्ञान की दृष्टि से अत्यधिक महत्वपूर्ण स्थान रखता है। इस दर्शन के सिद्धान्त एक दो पुस्तकों को छोड़कर अन्यत्र कहीं भी उपलब्ध नहीं हैं। डा० जोशी[४] का मत है कि यदि यह सिद्धान्त आगे चलता रहता तो शायद आधुनिक मनोविज्ञान को जन्म देने वाला, आधुनिक मनोविज्ञान का पिता बन जाता, परन्तु वैसा नहीं हुआ।

भारतीय मनोविज्ञान में शोध : एक दिशा निर्देश

भारतीय मनोविज्ञान, जैसा कि पीछे बताया जा चुका ह, मनोविज्ञान नाम से प्रचलित नहीं था। इसके महत्वपूर्ण सिद्धान्त दर्शनों में यत्र-तत्र बिखरे पड़े हैं। उनके एकत्रीकरण

---

[१] डा० मोहन चन्द्र जोशी, (१९६५) सायकालाजिकल रिसर्वेज़ इन इण्डिया, (इन एस० डी० कपूर (सम्पादक) सायकालाजिकल रिसर्वेज़ इन इण्डिया, जलोटा कोमेमोरेशन वाल्यूम, वाराणसी) पृ० २५-३४।

[२] चन्द्रभाल द्विवेदी, (१९६७), योगदर्शन : ए न्यूक्लियस टुवर्ड्स सिन्थेसिस ऑव इण्डियन सायकालाजी, प्रबुद्ध भारत, ७२, २ फरवरी १९६७, पृ० ६९-७४।

[3] प्रो० एन० एस० एन० शास्त्री, (१९३२) ग्रोथ् ऑव सायकालाजी इन इण्डिया अध्यक्षीय भाषण, मनोविज्ञान व शिक्षा विज्ञान विभाग, प्रोसीडिंग्स ऑव इण्डियन साइन्स कांग्रेस १९३२, पृ० ४२९-४५८

[४] डा० मोहन चन्द्र जोशी (१९६५) ऊपर उद्धृत।

का कार्य और उसका दायित्व एक व्यक्ति तक सीमित नहीं है, हो भी नहीं सकता। नीचे लिखी सामग्री एकांगी हो सकती है (है भी)। अतः किसी भी उत्साही शोधकर्त्ता को केवल नीचे लिखी सामग्री पर ही निर्भर न करके स्वयं मार्ग प्रणयन की ओर अभिमुख होना अधिक उत्तम रहेगा। निम्नलिखित विवरण में, उन विषयों का जिन पर शोध कार्य किये जा सकते हैं, रेखांकन करने का प्रयास किया जायेगा।

सर्वप्रथम हम उपनिषदों से आरम्भ करें। विभिन्न उपनिषदों में निम्नलिखित मनोवैज्ञानिक सामग्री उपलब्ध है :

	विषय	स्रोत
(क)	इन्द्रियानुभूति की प्रकृति और विभिन्न इन्द्रियों के अन्तःसम्बन्ध	बृहदारण्यक ३.२।
		कौशीतकी २.२।
		कौशीतकी ३.६।
(ख)	इन्द्रियों की उत्पत्ति और उनका अभिन्नत्व	छान्दोग्य १.२।
		बृहदारण्यक १.३।
		मैत्रेयी २.६।
		ऐतरेय २.४।
(ग)	इन्द्रियों और प्राण में सम्बन्ध	छान्दोग्य ५.१।
		कौशीतकी ३.३।
		ऐतरेय ३.१-६।
		बृहदारण्य ६.१, ७-१४।
(घ)	प्रत्यक्षीकरण में ध्यान का महत्वपूर्ण भाग	प्रश्न २.३-४।
		क० २.१।
(ङ)	प्रत्यक्षीकरण में ध्यान के नियामक व ज्ञाता मन का स्वरूप	कौशीतकी ३.४।
		बृहदारण्यक १.५-३।
		कौशीतकी ३.७।

इनके आलावा निद्रा का स्वरूप, स्वप्न व उसके कारण आदि का भी विवेचन इन उपनिषदों में मिलता है।

उपनिषदों में प्राप्य सामग्री का अनुशीलन कर चुकने के उपरान्त अन्यत्र उपलब्ध सामग्री पर एक दृष्टि डालना क्रम प्राप्त है।

सबसे पहले हम प्रत्यक्षीकरण को लें। प्रत्यक्षीकरण पर प्रायः सभी दर्शनों ने अपनी दृष्टि से विचार किया है। इन विभिन्न विचारों का संकलन डा० यदुनाथ सिनहा[1] ने अपने महत्वपूर्ण पुस्तक 'इण्डियन सायकालाजी' के प्रथम भाग में किया है। प्रत्यक्षीकरण पर कार्य करने के लिए वह सामग्री अत्यधिक महत्व की है।

[1] डा० यदुनाथ सिन्हा (१९५८) इण्डियन सायकालाजी, भाग १, काग्नीशन, सिनहा पब्लिशिंग हाऊस, कलकत्ता।

योग दर्शन की एक महत्वपूर्ण देन 'विकल्प' जिसे कल्पना (इमेजिनेशन) कहते हैं, है। यह एक अत्यधिक महत्वपूर्ण सिद्धान्त है और 'इमेजिनेशन' के आधुनिकतम सिद्धान्तों की तुलना में श्रेष्ठ जान पड़ता है। योग दर्शन सूत्र १.९ पर टीका व भाष्य तथा ४.१५ पर टीका व भाष्य के द्वारा सामग्री का निर्माण। इस सम्बन्ध में श्री प्राण जीवन विश्वनाथ पाठक[१] की पुस्तक 'हेयपक्ष ऑव योग' अध्याय–५ अत्यधिक महत्वपूर्ण है।

'स्मृति' आधुनिक मनोविज्ञान का एक अनिवार्य अंग है। प्रत्याह्वान्, धारणा प्रभृति विषयों का यथायथ सैद्धान्तिक विवेचन हमें योग दर्शन १.११,४.९,३.१७ टीका व भाष्य सहित में मिलता है। केवल यही नहीं, स्मृति व धारणा से सम्बन्धित अरिस्टाटल के पुरातन व वाट्सन के जिन सिद्धान्तों का (तीव्र पुराने व तीन नवीन इस प्रकार से कुल ६ सिद्धान्त) पाठ कराया जाता है उनसे कहीं अधिक पूर्ण व विकसित सिद्धान्त हमें न्यायसूत्र वात्स्यायन भाष्य (३.२. ४२) में मिलते हैं। वहाँ हमें स्मृति से सम्बन्धित २६ सिद्धान्त मिलते हैं॥ आवश्यकता है इन सिद्धान्तों का प्रायोगिक अध्ययन करने की।

'चेतना के स्तर' एक अन्य महत्वपूर्ण अंश है जिसका अनुसन्धान अत्यधिक महत्व का है। अब तक सिग्मण्ड फ्रायड द्वारा बताये गये चेतन, अवचेतन स्तरों का ही ज्ञान रखने वाले मनोवैज्ञानिकों से यदि कोई पूछे कि क्या किसी ने अब तक अचेतन को देखा है—तो उनका उत्तर होगा— वह दृश्य नहीं, बल्कि अनुभवगम्य है, परन्तु वहीं पर अगर कोई भारतीय (उदाहरणार्थ डा० इन्द्र सेन) उर्ध्व चेतन की बात करता है तो वह कल्पना उन्हें भ्रामक प्रतीत होती है।[२] योगदर्शन अध्याय १ सूत्र ३०–३१ में चेतना के चार स्तर मुढ़, क्षिप्त, विक्षिप्त, एकाग्र बताये गये हैं। जो हमें नित्य प्रति के व्यवहार में सत्य लगते हैं।

'व्यक्तित्व' का क्षेत्र आज के सबसे अधिक महत्वपूर्ण क्षेत्रों में से है। यह देखकर आश्चर्य चकित होना पड़ता है कि हमारे दर्शनों में व्यक्तित्व से सम्बन्धित इतनी सामग्री है कि एक नया विज्ञान तैयार हो सकता है। 'व्यक्तित्व की उत्पत्ति व विकास'[३] से सम्बन्धित विवरण हमें श्वेताश्वतर ४.१०,५.३२–१२, योगवाशिष्ठ३.२३,६.९४(पूर्वार्ध), तथा डा०एस० दासगुप्ता कृत 'स्टडी ऑव पतंजलि' पृ० ५३ पर मिलती है। 'व्यक्तित्व के प्रकार' से सम्बन्ध रखने वाले विवरण हमें विष्णु भागवत अध्याय २ व ४, बाराहमिहिर कृत बृहत् संहिता अध्याय ६८, चरक संहिता का त्रिदोषाध्याय तथा उत्तराध्ययन सूत्र अध्याय २६ में प्राप्त होते हैं। व्यक्तित्व से ही सम्बन्धित एक अन्य महत्वपूर्ण अंश 'जीवन मूल्य' (सायकालाजी

---

१ श्री प्राणजीवन विश्वनाथ पाठक (१९३२) हेयपक्ष ऑव योग, पृ० १०६–११९।

२ डा० इन्द्र सेन (११५२) दी स्टेण्ड प्वाइण्ट ऑव इण्डियन सायकालाजी, इण्डियन जर्नल ऑव सायकालाजी, २६,१–४, पृ० ८९।
—डा० इन्द्रसेन (१९५२) दी सायकालाजिकल सिस्टम ऑव श्री अरविन्द, इण्डियन जर्नल ऑव सायकालाजी, २७,१–४ पृ० ७९–८९।

३ डा० हरिमोहन भट्टाचार्य (१९५३) टाइप्स ऑव ह्यूमन नेचर (डा०हरिदास भट्टाचार्य (सं०) कल्चरल हेरिटेज ऑव इण्डिया, भाग ३, में संकलित, रामकृष्ण कल्चरल इन्स्टिट्यूट, कलकत्ता, पृ० ६०८–६१९।

ऑव वैल्यूज्)[1] पर भारतीय विचार जैन ग्रन्थ गोम्मटसार के जीवखण्ड पृ० ४८८–५०७, वात्स्यायनकृत न्यायसूत्र भाष्य १.१.१–३, बृहदारण्यक उपनिषद १.४.१४ तथा ४.४.२२, गौतमकृत धर्मसूत्र १.८.२४–२५ तथा तन्त्ररहस्य पृ० ७० में मिलते हैं।

'मन का स्वरूप व उसकी क्रियाओं' का विवेचन तो प्रायः सभी दर्शनों में मिलता है परन्तु कठ उपनिषद् १.३, १०–११, एतरेय ५.२, बृहदारण्यक १.५.३ छान्दोग्य ७.३.१ तथा ७.५.१ में मिलता है। इसके अतिरिक्त शंकराचार्य की रचनाओं तथा सिद्धान्त मुक्तावली आदि में भी तत्सम्बन्धी विवरण प्राप्त होते हैं।

'रस और भाव' का सर्वोत्तम प्रस्फुटीकरण आचार्य भरत कृत नाट्यशास्त्र तथा आचार्य शार्गदेव कृत 'संगीत रत्नाकर' एवं उसकी विभिन्न टीकाओं में होता है। डा० यदुनाथ सिनहा ने इनके मनोवैज्ञानिक पक्ष का विवेचन किया है।[2]

ऊपर वर्णित सभी विषय एवं उनके स्रोतों का अध्ययन कर लेने के बाद भी क्या यह कहने को शेष रह जाता है कि भारतीय मनोविज्ञान में यदि अध्ययन किया जाय तो महत्वपूर्ण तथ्य प्राप्त हो सकते हैं? यह हमारे लिए अत्यधिक आवश्यक है कि हम इन सिद्धान्तों पर मौलिक शोध करें। हमें उन सिद्धान्तों पर शोध, अनुशोध और पुनर्शोध करना चाहिए, यह हमारे लिए कठिन नहीं होगा क्योंकि वे सिद्धान्त हमारे देश में प्रचलित अवश्य थे, परन्तु आज की परिस्थिति में शेष विश्व को उसकी आवश्यकता है। डा० प्रभु ने इस बात पर अत्यधिक जोर देते हुए कहा है कि "आधुनिक विधि-विधानों में दीक्षित मनोवैज्ञानिकों को विभिन्न समस्याओं पर अपने मौलिक शोध आरम्भ करना चाहिए। और यदि ऐसे शोध करने में उन्हें विफलता भी हाथ लगती है तो भी वह अपने आप में एक महत्वपूर्ण कार्य होगा।" परन्तु यह कार्य सुचिन्तित मेधा द्वारा अवश्य ही करना चाहिये। व्यर्थ के पक्षपात के द्वारा भारतीय मनोविज्ञान की समस्याओं को त्याग देने से कुछ भी लाभ नहीं होने का है।

"यह अत्यधिक आश्चर्य का विषय है कि अभारतीय दैहिक मनोवैज्ञानिक आधुनिकतम तरीके प्रयोग करके योग का दैहिक अध्ययन करने पर जुटे हैं; उदाहरणार्थ डा० एम० ए० वेंगर (१९५९) डा० बी० के० बागची (१९६१) इत्यादि, जब कि हम पाश्चात्य जगत की ओर तृषार्त नेत्रों से शोध के विषय व विधि के लिए भिक्षा माँगते से, देख रहे हैं। हमारे कहने का यह तात्पर्य कदापि नहीं कि पाश्चात्य विधियाँ और तरीके नहीं सीखने चाहिये। ...वरन् हमारे कहने का यह अर्थ है कि हमें इन आधुनिकतम सीखे गये तरीकों का प्रयोग भारतीय मनोविज्ञान की समस्याओं पर, जिन्हें हम अपने चारों ओर बिखरी पाते हैं, करना

---

[1] प्रो० एम० हिरियन्ना (१९५३) फिलासॉफी ऑव वैल्यूज (डा० हरिदास भट्टाचार्य (सं०) कल्चरल हेरिटेज ऑव इण्डिया में संकलित, भाग ३, रामकृष्ण इन्स्टिट्यूट ऑव कल्चर पृ० ६४५–६५६।

[2] डा० यदुनाथ सिनहा (१९६१) इण्डियन सायकालाजी भाग–२, इमोशन एण्ड विल, सिनहा पब्लिशिंग हाउस, कलकत्ता, पृ० १८३–३४०।

चाहिये, न कि बिना उचित अध्ययन के उनको अवैज्ञानिक व रहस्यपूर्ण कहकर छोड़ देना चाहिये ।"[१]

आवश्यकता है आधुनिक परम्परा में दीक्षित, विधि विधानों के ज्ञाता, परन्तु भारतीय मनोविज्ञान की प्रतिष्ठा कराने के इच्छुक शोध कार्य में रुचि रखने वाले कार्यकर्त्ताओं की, जिनके बिना कार्य अग्रगति पा नहीं सकते ।

---

[१] डा० पण्ढरीनाथ एच० प्रभु (१९६३), स्टेट ऑव सायकालाजी एज़ ए साइन्स टुडे, अध्यक्षीय भाषण, मनोविज्ञान व शिक्षण विज्ञान विभाग, प्रोसीडिंग्स ऑव इण्डियन साइन्स कांग्रेस, पृ० ३०४।

लोक और विश्व

(स्व०) ललितकिशोर सिंह
भौतिकी कक्ष, हिन्दी प्रकाशन समिति

सूर्य और चन्द्रमा पूर्व क्षितिज से निकलते हैं और आसमान का चक्कर काटकर पश्चिम में अस्त हो जाते हैं। आसमान में सर्वत्र बिखरे हुये असंख्य तारे भी इसी तरह पूर्व से पश्चिम को जाते हुय दिखाई देते हैं। यह क्रम नित्य एकरस चलता रहता है। प्रकृति की यह गतिविधि मनुष्य की चेतना के साथ इतनी घुल-मिल गयी है कि इस पर किसी को आश्चर्य नहीं होता; पर ये क्या हैं? कहाँ से आते हैं? और कहाँ चले जाते हैं? ऐसे मौलिक प्रश्न मनुष्य के मन में उठते ही रहते हैं। तारों और सूर्य-चन्द्र के विषय में बच्चे अनेक प्रश्न करते रहते हैं और उनका बाल कौतूहल नानी की कहानियों से ही शांत हो जाता है। देश-देश के पुराणों सें इन्हें देवताओं और ऋषियों के रूप देकर अनेक कथाएँ रची गयीं हैं? पर इनसे इस विराट रहस्य को समझने की प्रखर बुद्धिवालों की कामना तृप्त नहीं होती।

आकाश के असंख्य प्रकाश-पिण्डों में देवत्व-कल्पना और आध्यात्मिक आरोप की पौराणिक पद्धति के रहते हुए भी कुछ प्राचीन प्रत्यक्षदर्शियों ने बहुतेरे तथ्यों का आविष्कार किया और उनका उपयोग भी किया। स्वस्थ नेत्रों से उन्होंने देखा कि आसमान में जगह-जगह चमकते हुए तारों के जत्थे हैं जो प्रकाश-बिन्दुओं से बनी विशेष आकृतियों से जान पड़ते हैं। इनके नाम कहीं आकृतियों की समता पर और कहीं पौराणिक देवताओं पर रखे गये। इन जत्थों को 'नक्षत्र' कहते हैं। इन नक्षत्रों से आकाश के स्थानों को चिह्नित करने में सुविधा होती है। ये नक्षत्र या तारे एक-एक वृत की परिधि पर घूमते रहते हैं। भूमध्य रेखा से जो तारा जितना ही अधिक उत्तर या दक्षिण की ओर झुका हुआ है, उसका भ्रमण-वृत्त उतना ही अधिक छोटा है। एक सीमा के बाद ये भ्रमण-वृत्त इतने छोटे हो जाते हैं कि उन पर चलने वाले नक्षत्र या तारे कभी भी क्षितिज के नीचे नहीं जाते। वे दिन में नहीं दीख पड़ते, इसलिए कि सूर्य के तीव्र प्रकाश में उनका क्षीण प्रकाश लुप्त हो जाता है। अन्त में एक स्थान पर वृत्त बिन्दुमान रह जाता है। इस बिन्दु के बहुत ही निकट एक तारा है जिसे 'ध्रुव' तारा कहते हैं। यह स्वभावतः ही प्रायः स्थिर रहता है जिससे दिशा का ज्ञान होता है। उत्तरीय ध्रुव के निकट घूमने वाले नक्षत्रों में 'सप्तर्षि' मुख्य हैं।

तारों का उदय और अस्त होना निरीक्षण-स्थान पर निर्भर है। पृथ्वी की भूमध्य रेखा के किसी स्थान पर से निरीक्षण किया जाय तो उत्तर और दक्षिण आकाश-मण्डल के सभी तारे उदय और अस्त होते हुये दिखाई पड़ेंगे। भूमध्य रेखा से उत्तर या दक्षिण चलें तो सदा दृष्टिगत रहने वाले तारों की संख्या बढ़ती जाती है। पृथ्वी के ध्रुवों पर से कुछ तारे तो सदा क्षितिज के ऊपर दीखेंगे और बाकी सदा क्षितिज के नीचे अदृश्य रहेंगे।

इस प्रकार यह स्पष्ट है कि तारों का यह गोल आसमानी घटाटोप दोनों ध्रुव ताराओं से निकलने वाली धुरी पर समगति से घूमता रहता है।

यह देखा जाता है कि तारों की पारस्परिक दूरी सदा एक-सी रहती है; अर्थात् उनमें आपेक्षिक गति का अभाव है। पर चन्द्रमा का स्थान नक्षत्रों के बीच बदलता रहता है। ऐसे और भी प्रकाश-पिण्ड हैं जो नक्षत्रों की अपेक्षा भिन्न-भिन्न गति से चलते रहते हैं। इन्हें ग्रह माना जाता है। इन ग्रहों के भारतीय नाम बुध, शुक्र, मंगल, बृहस्पति और शनि हैं। प्राचीन पद्धति में सूर्य और चन्द्र भी ग्रहों में गिने जाते हैं। भारतीय ज्योतिष में दो पौराणिक ग्रह—राहु और केतु—भी माने जाते हैं जो काल्पनिक हैं। इस प्रकार यहाँ नव-ग्रह की पद्धति प्रचलित है। ग्रह स्थिर प्रकाश देते हैं और तारे झिलमिलाते रहते हैं - यह इनमें दृष्टिगत अन्तर है।

ग्रहों की तरह सूर्य का स्थान भी नक्षत्रों के बीच बदलता रहता है। किसी पास के नक्षत्र से सूर्य प्रतिदिन अपने प्रत्यक्ष व्यास के लगभग दूने मान के बराबर पूरब की ओर खिसक जाता है। इस प्रकार एक वर्ष में वह फिर अपने पहले स्थान पर पहुँच जाता है। नक्षत्रों के बीच सूर्य के इस वार्षिक मार्ग को बारह खण्डों या राशियों में बाँटा गया है जिनके नाम उन खण्डों में स्थित नक्षत्रों के नाम पर रखे गये हैं। सूर्य के इस मार्ग के आस-पास ही अन्य ग्रह और चन्द्र भी चलते हैं; इसलिए इनका भी इन्ही राशियों में संक्रमण होता है।

काल के सतत प्रवाह का अनुभवी टॉलमी (सिंकदरिया–१२७ से १५१ ई०) का नाम प्रसिद्ध है। उन्होंने पृथ्वी को स्थिर मानकर सूर्य, चन्द्र और ग्रहों की गतियों का नक़शा तैयार किया। इन मानचित्र के अनुसार सूर्य और चन्द्र तो पृथ्वी के चारों ओर सरल वृत्तों में घूमते हैं; पर ग्रह बड़े ही जटिल मार्ग पर चलते हैं। बुध और शुक्र की गतियों की जटिलता तो और भी बढ़ जाती है। टॉलमी का सिद्धान्त एक हजार से अधिक वर्षों तक पाश्चात्य ज्योतिष का आधार बना रहा।

कोपर्निकस (१४७३–१५४३) को टॉलमी के गतिचक्र की जटिलता कष्ट-कल्पना जान पड़ी। उनकी धारणा थी कि ग्रहों की स्वाभाविक गति इतनी जटिल नहीं हो सकती। प्रकृति की प्रक्रिया में सरलता ही की अधिक सम्भावना है। उनसे १८०० वर्ष पहले अरिस्टार्कस ने प्रस्ताव किया था कि पृथ्वी के बदले सूर्य को स्थिर माना जाय। कोपर्निकस ने इसी प्रस्ताव को मानकर ग्रहों की गतियों को व्यक्त करने का प्रयत्न किया। वे इस परिणाम पर पहुँचे कि पृथ्वी समेत सारे ग्रह सूर्य के चारों ओर छोटे-बड़े वृत्तों में घूमते हैं। इस धारणा से टॉलमी की पद्धति की बहुत-सी जटिलता तो दूर हो गई पर पूरी तरह दृग्गणितका की स्थापना न हो पायी। जैसे, यह पाया जाता है कि ग्रह अपने मार्ग पर कहीं तीव्र और कहीं मंद गति से चलते हैं। इसकी व्याख्या कोपर्निकस की सरल वृत्त वाली धारणा से न हो सकी, जिससे उन्हें भी कुछ जटिल वक्रों की सहायता लेनी पड़ी।

कोपर्निकस ने यह भी बताया कि सूर्य समेत सारा खगोल जो प्रतिदिन पूर्व से पश्चिम की ओर परिक्रमा करता हुआ दिखाई देता है वह इसलिए कि पृथ्वी चौबीस घंटों में अपनी धुरी पर पश्चिम से पूर्व की ओर एक पूरा चक्र घूम जाती है। सूर्य और तारे वास्तव में

स्थिर रहते हैं। इस प्रकार पृथ्वी में दो गतियाँ हैं—एक सूर्य की परिक्रमा, दूसरी अपनी धुरी पर घूर्ण।

कोपर्निकस की उत्प्रेक्षा का विरोध मुख्यतः धार्मिक पक्ष से और कुछ अंशों में ज्योतिष पक्ष से होता रहा। ज्योतिष शास्त्र के प्रकाण्ड पंडित टाइको ब्राहे (१५४६–१६०१ ई०) कोपर्निकस के विचारों का अंत तक खण्डन करते रहे। उनके मत में सूर्य और चन्द्र तो पृथ्वी की परिक्रमा करते हैं पर ग्रह सूर्य के चारों ओर घूमते हैं।

टाइको ब्राहे ने निरीक्षण-यंत्रों में बड़ी उन्नति की और प्रयोग-विधि में भी सुधार किया। इससे उनके निरीक्षण-फल पहले से कहीं अधिक सच्चे निकले। उन्होंने अनेक नये निरीक्षण-फल भी एकत्र किये। पर केप्लर ने (१५७१–१६३० ई०) अपने गुरु टाइको ब्राहे के तथ्य भण्डार का उपयोग कोपर्निकस की ही उत्प्रेक्षा की पुष्टि में किया। उन्होंने यह नई उत्प्रेक्षा प्रस्तुत की कि सूर्य के चारों और ग्रह वृत्त में नहीं, अण्डाकार परिधि अर्थात् एलिप्स में घूमते हैं। एलिप्स के दो केन्द्रक (नाभियाँ) होते हैं जिनमें से एक पर सूर्य स्थित रहता है। ग्रह अपने मार्ग पर एक ओर सूर्य के निकट और दूसरी ओर इससे दूर चलता है। ग्रह सूर्य के जितना निकट होता है उसकी गति उतनी ही अधिक होती है; अर्थात् ग्रह की गति अपने मार्ग पर बदलती रहती है। इस प्रकार जिस समस्या की व्याख्या में कोपर्निकस को भी कुछ जटिल वक्रों को मानना पड़ा था, उसका समाधान केप्लर ने बड़ी सरलता से कर दिया।

केप्लर ने तीन नियमों का निरूपण किया जो अब तक ज्योतिषशास्त्र की आधार शिला बने हुए हैं। ये निरीक्षित और परीक्षित नियम नीचे दिये जाते हैं:

(१) ग्रह एलिप्स में परिक्रमा करते हैं, जिसके एक केन्द्रक पर सूर्य स्थित है।

(२) सूर्य और ग्रह को जोड़ने वाली चल रेखा समान समय में समान क्षेत्र का भोग करती है।

(३) कोई ग्रह जितने समय में एक परिक्रमा पूरी करता है उसका वर्गफल सूर्य से उस ग्रह की दूरी के घनफल का अनुपाती है।

ये सारे परिणाम प्रत्यक्ष निरीक्षण और कोण नापने के सरल यंत्रों के प्रयोग से निकाले गये थे। जब गैलीलियो ने (१५६४–१६४२ ई०) ऐसे टेलिस्कोप का निर्माण किया, जिससे वस्तु का दृश्य-क्षेत्रफल हजार गुना बढ़ सकता था, तो इसकी सहायता से उन्होंने बहुत से नये तथ्य ढूँढ़ निकाले, जो नेत्र की क्षमता के परे थे। उन्होंने अनेक भ्रमों का निराकरण और मत-मतान्तरों का निर्णय किया। उन्होंने चन्द्रमा के दाग को पहाड़ियों की छाया बताई, बहुत बड़ी संख्या में नये तारों का पता लगाया और एक-एक नक्षत्र में सैकड़ों तारों का अस्तित्व पाया। उन्होंने शुक्र में भी चन्द्रमा की तरह ही घटती-बढ़ती कलाएँ देखीं। इससे कोपर्निकस की उत्प्रेक्षा निर्विवाद सिद्ध हो गई; क्योंकि यह तभी हो सकता है जब शुक्र सूर्य की परिक्रमा करे। पर 'आकाश गंगा' या 'छाया पथ' का रहस्योद्घाटन गैलीलियो की सबसे गम्भीर कृति है। अमावस्या की रात में यदि आसमान पूरी तरह स्वच्छ रहे तो यह साफ दिखाई पड़ेगा कि तारों के बीच धीमे मोतिया प्रकाश की एक धारा-सी बह रही है जो

क्षितिज को आमने-सामने के छोरों पर छूती है। असल में यह सारे खगोल की मेखला की तरह घेरे हुए है। यहाँ इसे 'आकाश गंगा' या 'छाया पथ' कहते हैं और देशों में इसे 'क्षीर पथ' कहते हैं। गैलीलियो ने अपने टेलिस्कोप द्वारा देखा कि यह आकाश गंगा छोटे-बड़े तारों से खचाखच भरी हुई है। इससे यह सिद्ध हो गया कि अदृश्य तारों के प्रकाश से ही आकाश गंगा की सृष्टि हुई है।

गैलीलियो के ईजाद के बाद टेलिस्कोप की क्षमता उत्तरोत्तर बढ़ती गई। इसमें घड़ी जैसा यंत्र लगाया गया जिससे यह जिस तारे पर लगा दिया जाय उसी के साथ-साथ घूमता रहे। इस प्रकार निरीक्षक को आँखों से देखने की आवश्यकता न रही। टेलिस्कोप के फोकस (नाभि) पर रखे हुए फोटो-फलक पर धीमे से धीमे प्रकाश देने वाले तारे का चित्र आ सकता है। स्पक्ट्रोग्राफ से तारों से आने वाले प्रकाश का सूक्ष्म-से-सूक्ष्म विश्लेषण होने लगा और तारों की रासायनिक रचना, उनका तापक्रम, उनकी गति आदि अनेक तथ्यों का आविष्कार हुआ। फोटो-विद्युत-सेलों से ताराओं के अल्प प्रकाश की भी तीव्रता बड़ी सच्चाई से नापी जाने लगी। माउंट विल्सन वेधशाला के २०० इंच व्यास वाले परावर्तन-टेलिस्कोप से तो ज्योतिर्मण्डल के ज्ञान का अमित भण्डार ही खुल गया।

उपर्युक्त अति उत्तम उपकरणों से तारा-मण्डल के विषय में अर्थात् तारों के विस्तार, भार, केंडल-पावर आदि के बारे में जो तथ्य अब तक मालूम हो सके हैं उन्हें संक्षेप में जान लेना आवश्यक है।

तारे और सूर्य (क्योंकि यह भी एक तारा ही है) स्वतः प्रकाशवान हैं। ग्रह और चन्द्र सूर्य के ही प्रकाश में चमकते हैं। तारे या सूर्य एक सेकेंड में जितना प्रकाश देते हैं इससे उनकी प्रकाश-क्षमता जानी जाती है। इसका एक निश्चित पैमाना होता है जिसे केन्डल-पावर कहते हैं। पृथ्वी के किसी स्थान पर सूर्य के प्रकाश की तीव्रता आसानी से नापी जा सकती है। इस तीव्रता से सूर्य का केन्डल-पावर निकाला जाता है, क्योंकि पृथ्वी से इसकी दूरी मालूम है। इस हिसाब से सूर्य का केन्डल-पावर ३×१०^{२७}† निकलता है। सीरियस नामक तारे का के० पा० सूर्य से २६ गुना अधिक है। सबसे मंद दीखने वाले तारे उल्फ ३५९ का के० पा० लगभग ८×१०^{३} है और परिवर्ती तारे डोरेडस का, तेजी पर, सूर्य की तुलना में ५,००,००० गुना है।

तारों का विस्तार टेलिस्कोप द्वारा नहीं नापा जा सकता, क्योंकि इसमें वे बिन्दुमात्र दीखते हैं। कुछ बड़े तारों का व्यास एक उत्तम यंत्र, इंटरफेरोमीटर से मालूम किया जा सकता है। पर मुख्य विधि यह है कि तारों के रंग से उनके तापक्रम का पता लगता है जिससे उनके प्रत्येक वर्ग इंच या वर्गफुट क्षेत्रफल से कितना प्रकाश निकल रहा है। यह जाना जा सकता है। अब उनके के०पा० से उनसे निकलने वाले सारे प्रकाश का मान निकाल कर उसमें प्रति वर्ग इंच या वर्गफुट वाले मान का भाग देने पर तारों का विस्तार निकल आता है। इस गणना से पता चलता है कि धीमे लाल रंग वाला अल्फा ओरायोनिस जैसा विराट तारा सूर्य से ६००० गुना बड़ा ह और कुछ दृश्य तारे पृथ्वी के ही लगभग बराबर हैं।

† $१०^{२७}$=एक पर सताइस शून्य।

तारे के भार या तौल में पारस्परिक अंतर बहुत ही कम पाया जाता है। सूर्य का तौल तारों के औसत तौल के लगभग बराबर है। तौल ही क्यों, केन्डल-पावर, विस्तार आदि में भी सूर्य औसत मान वाला है।

पृथ्वी से किसी ग्रह या सूर्य की दूरी अमीनी तरीके से बड़ी सरलता से निकाली जाती है। एक ही समय पर पृथ्वी के दो स्थानों से या पृथ्वी के व्यास के दोनों छोरों से ग्रह या सूर्य की स्थिति का कोण नापते हैं और निरीक्षण-स्थानों की दूरी जानकर साधारण त्रिकोणमिति से उनकी दूरी निकाल लेते हैं।

पर पृथ्वी के व्यास से तारों की दूरी नहीं निकाली जा सकती क्योंकि यह बहुत अधिक होने से दोनों स्थानों से नापे हुए कोणों में कोई अन्तर नहीं दिखाई देता। यदि पृथ्वी के व्यास के बदले पृथ्वी की सूर्य परिक्रमा की कक्षा का व्यास लें, जो लगभग १८ करोड़ ६० लाख मील लम्बा है, जो कुछ निकट के तारों की दूरी नापी जा सकती है। दूर के तारों की दूरी जिनके कोणों में इतने लम्बे व्यास से भी कोई अन्तर नहीं पड़ता, एक दूसरी विधि से मालूम की जाती है। कुछ तारे ऐसे होते हैं जिनके प्रकाश की तीव्रता घटती-बढ़ती रहती है। ऐसे तारों को 'परिवर्ती सेफाइड' (सेफाइड वेरिएवुल) कहते हैं। इन तारों के तीव्रता-परिवर्तन के भिन्न-भिन्न आवर्त-काल होते हैं। जैसे, डेल्टा सेफाइड ५$\frac{1}{3}$ दिनों में नियमित रूप से अपनी अधिकतम तीव्रता पर पहुँच जाता है। निकट के सेफाइडों के निरीक्षण से जिनकी दूरी उपर्युक्त अमीनी तरीके से मालूम की जा सकी है, यह नियम निकलता है कि समान आवर्त-काल वाले सेफाइडों के केन्डल-पावर समान होते हैं। इस नियम के उपयोग से दूर-दूर के तारों की दूरियाँ भी मालूम हो जाती हैं।

ऊपर बताये हुए तरीके से जो तारों और नीहारिकाओं की दूरियों के मान निकलते हैं वे सचमुच चकित कर देने वाले हैं। पृथ्वी से सूर्य की दूरी लगभग ९ करोड ३० लाख मील है। प्रकाश, जो एक सेकेण्ड में १८६ हजार मील चलता है सूर्य से पृथ्वी तक पहुँचने में ८ मिनट से कुछ अधिक समय लेता है। सबसे दूरवर्ती ग्रह 'प्लूटो' से प्रकाश ४-५ घंटों में यहाँ पहुँचता है। इस हिसाब से प्लूटो की दूरी सूर्य की अपेक्षा लगभग ३० गुनी अधिक है। सबसे निकट के तारे 'प्रोक्सिमा सेन्टोरी' से प्रकाश को यहाँ पहुँचने में ४–५ वर्ष लग जाते हैं। और तारों की दूरियाँ इससे कहीं अधिक हैं जिन्हें यदि मीलों में लिखा जाय तो पृष्ठ-पर-पृष्ठ अंकों से भर जायेगा। इसीलिए इन विशाल दूरियों को व्यक्त करने के लिए एक नया मापदण्ड तैयार किया गया है जिसे 'प्रकाश-वर्ष' कहते हैं। इस पैमाने में सबसे चमकीला तारा 'सीरियस' ८ प्रकाश-वर्ष दूर है; अर्थात् उससे प्रकाश ८–वर्षों में पृथ्वी पर पहुँचता है। इससे कहीं अधिक दूर आकाश-गंगा के तारे हैं।

अंतरिक्ष में कुछ स्थानों पर असंख्य तारों से बने गोले दिखाई देते हैं जिनमें केन्द्र की ओर तारे घने होते जाते हैं और तल की ओर हलके। इन्हें 'स्टार क्लस्टर' या 'ग्लीब्यूलर स्टार' अर्थात् 'तारा-गुच्छ' कहते हैं। ऐसी रचना वाले तारा-पुंज लगभग १०० के पाये गये हैं इनमें से सबसे निकट वाले गोले की दूरी १८,४०० प्रकाश वर्ष है और सबसे दूरवाला गोला इससे दसगुना दूर है।

एंगोमेडा नक्षत्र की ओर दृष्टि डालने पर उस क्षेत्र में कोहरे की तरह एक धुंधला धब्बा-सा दिखाई देता है। इसे 'नीहारिका' कहते हैं। टेलिस्कोप से देखने पर उसमें एक परिवर्ती सेफाइड मिलता है। इस सेफाइड से उसकी दूरी ८,००,००० प्रकाश-वर्ष निकलती है। तीव्रता अधिक होने से नीहारिकाओं में यही दृष्टिगोचर होता है। पर टेलिस्कोप से ऐसी लाखों नीहारिकाओं का पता लगाया गया है। सबसे निकट वाली नीहारिका एम०३३ है जिसकी दूरी ७,०,००० प्रकाश-वर्ष है।

इन विशाल दूरियों से दो बातें स्पष्ट निकलती हैं—एक तो यह कि दूर-दूर के तारों और नीहारिकाओं से जो प्रकाश अभी मिल रहा है वह पृथ्वी के जन्म से बहुत पहले ही चला था, दूसरी यह कि सूर्य-मण्डल एक छोटे द्वीप सरीखा है जिसके और निकटतम तारों के बीच शून्य आकाश का समुद्र है और इसी प्रकार आकाश गंगा समेत सारा तारा-मण्डल एक महाद्वीप है जिसके और नीहारिकाओं के बीच शून्य का महासागर है।

आकाश-गंगा की दिशा में यदि एक शक्तिशाली टेलिस्कोप द्वारा देखा जाय तो पता चलेगा कि क्रमशः तारों की संख्या घटती जाती है और अन्त में कोई भी तारा दिखाई नहीं देता। इससे यह सिद्ध है कि आकाश-गंगा तारों के अस्तित्व की सीमा है। अंतिम तारों की दूरी १ लाख से २ लाख प्रकाश-वर्षों तक है। अब यदि टेलिस्कोप को आकाश-गंगा के तल के साथ समकोण बनाती हुई बाईं-दाईं दिशाओं में लगावें तो दीख पड़ेगा कि आकाश गंगा की अपेक्षा बहुत थोड़ी ही दूर पर तारे लुप्त हो जाते हैं। इन दिशाओं में अंतिम स्थिति ऊपर बताये हुए तारा-गुच्छों की है। इससे यह उत्प्रेक्षा की जा सकती है कि समस्त तारा-मण्डल एक गोल चक्के की तरह दो ओर से चिपटा है और तारा-गुच्छ चक्के के दोनों और प्रायः समानान्तर तल में रचे हुए हैं। आकाश-गंगा इस चक्के की परिधि है। पहले यह धारणा थी कि सूर्य इस चक्के के केन्द्र या पिण्डिका पर है, पर अब यह माना जाता है कि सूर्य केन्द्र से त्रिज्या की तिहाई दूरी पर है और यह केन्द्र पृथ्वी से लगभग ५०,००० प्रकाश-वर्ष दूर है। इस प्रकार एक ओर तो आकाश-गंगा पृथ्वी से अनुमानतः १,००,००० और दूसरी ओर २,००,००० प्रकाश-वर्ष दूर है। फिर केन्द्र से दृष्टिगत आकाश-गंगा तक सारा आकाश तारों और नक्षत्रों से भरा हुआ है, जिनमें से एक छोटे अंश को हम नेत्रों से देख पाते हैं। यह रोटी की तरह चिपटा तारा-मण्डल ही हमारा 'लोक' है, क्योंकि यह आंशिक रूप में हमारे अवलोकन का विषय है।

यह तारा-मण्डल या गांगेय लोक केन्द्र के चारों और तीव्रगति से घूम रहा है। यदि ऐसी गति न हो तो गुरुत्वाकर्षण से खिंचकर यह केन्द्र पर सिमट जायगा। इस अनवरत गति के कारण ही गांगेय लोक में स्थायित्व है। अलग-अलग तारों की गतियाँ उतनी नियमित नहीं हैं। औसत मान में जो तारा केन्द्र से जितना अधिक दूर है वह उतनी ही अधिक गति से घूमता है। सूर्य अपने ग्रहों-उपग्रहों के परिवार समेत २०० मील प्रति सेकेण्ड की गति से घूम रहा है। इस तीव्र गति से भी यह २०–३० करोड वर्षों में केन्द्र की परिक्रमा पूरी करेगा।

दूरी के प्रसंग में जिन नीहारिकाओं की चर्चा की गई है वे इस गांगेय लोक जैसे ही भिन्न-भिन्न लोक हैं। जैसे दूरी के कारण आकाश-गंगा के तारे नहीं दिखाई देते, उनका

धुंधला प्रकाश भर दिखाई देता है, वैसे ही अधिक दूरी के कारण ये लोक टेलिस्कोप में भी धुंए के धुंधले गुब्बारे से ही दिखाई देते हैं। इन नीहारिकाओं में टिमटिमाते दिये की तरह एक दो परिवर्ती सेफाइड टेलिस्कोप की पकड़ में आ जाते हैं जिससे इनकी दूरी का अनुमान लगाया जाता है। इन नीहारिकाओं में से कुछ गोल हैं और कुछ चिपटे। जो जितना चिपटा है वह उतना ही पुराना है। हमारा गांगेय लोक भी इन्हीं पुराने नीहारिकाओं में से एक है। प्रायः सभी चिपटी नीहारिकाएं साँप की कुण्डली के आकार की हैं। इससे यह धारणा होती है कि इनमें भी अपनी-अपनी आकाश गंगा है।

हमारे गांगेय लोक की भाँति ही असंख्य लोकों से 'विश्व' की रचना हुई है, जिनमें से लगभग २० लाख लोकों का अस्तित्व टेलिस्कोप से सिद्ध हो चुका है। यह नीहारिका-मण्डल या विश्व भी स्वभावतः वैसे ही तीव्र गति से घूम रहा है जैसे गांगेय-लोक। ऐसा न हो तो यह विश्व भी एक केन्द्र पर सम्पुट हो जाय।

यह विश्व एकाकी है या ऐसे अनेक विश्व कई महाविश्व बनाते हैं, इसका अनुमान या अनुसंधान वर्तमान वैज्ञानिक क्षमता के परे है।

विश्व के घूर्ण के अतिरिक्त एक और ऐसी गति का आविष्कार हुआ है जो बुद्धि को चक्कर में डाल देता है। नीहारिकाओं से आये प्रकाश में डाप्लर-परिणाम के माप से यह प्रकट हुआ कि प्रत्येक नीहारिका या लोक बड़ी तीव्र गति से पृथ्वी से सीधे दूर भागा जा रहा है। यह गति दूरी के अनुपात में बढ़ती जाती है। यह विकर्षण पृथ्वी से ही क्यों हो, यह कठिन समस्या है। इसका एक ही समाधान है कि सारे विश्व का अनवरत प्रसार हो रहा है और इसलिए चाहे जिस ग्रह-नक्षत्र से देखा जाय, नीहारिकाएँ उससे एक ही गति से भागती हुई जान पड़ेंगी। इस उत्प्रेक्षा से दूरी और गति के अनुपात की भी व्याख्या हो जाती है। अब बुद्धि का सबसे बड़ा चक्कर यह है कि विश्व का जो प्रसार हम आज देख रहे हैं यह करोड़ों-अरबों वर्ष पुरानी घटना है। इस क्षण में विश्व की क्या दशा है और आज से करोड़ों वर्ष इसकी क्या दशा होगी, यह न तो जाना जा सकता है और न सोचा जा सकता है।

---o---

बाढ़ : एक भूवैज्ञानिक विवेचन*

उमाशंकर दुबे
शोध छात्र, भौमिकी विभाग

भारत में नदियाँ सदा से पूज्य मानी जाती रही हैं। भारत की प्राचीन सभ्यता का विकास नदियों के किनारे हुआ है। नदियाँ यदि देश के इतिहास का वर्णन करती हैं, देश की उन्नति-अवनति की गाथा गाती हैं तो भारत की वर्तमान विडम्बनामय कहानी का शीर्षक होना चाहिए—**'सूखा' अथवा 'बाढ़'**।

हमारे देश में इतनी क्षमता है कि सूखा तथा बाढ़ जैसे प्राकृतिक प्रकोपों को अपने वैज्ञानिक एवं तकनीकी ज्ञान के समुचित उपयोग द्वारा सदा के लिए समाप्त कर सकते हैं। यह और बात है कि अपनी अकर्मण्यता को हम 'प्राकृतिक प्रकोप' या 'संयोगमात्र' जैसे शब्दजालों के पीछे छिपाते फिरें।

सत्रहवीं शताब्दी के प्रसिद्ध अंग्रेज दार्शनिक सर फ्रांसिस बेकन ने कहा है—"प्रकृति को अपने बस में रखना है, तो उसकी आज्ञा का पालन करो।"[१] मनुष्य कभी प्रकृति को विजित नहीं कर सकता, परन्तु प्रकृति को अपनी इच्छानुसार चलाये बगैर मानव जीवन संभव नहीं है। विज्ञान तथा तकनीक ने मानव को अपरिमित शक्तियां प्रदान की हैं, इतना कि मनुष्य आज अपने को सहस्त्रबाहु कह सकता है, फिर भी सूखा तथा बाढ़ जैसे साधारण प्राकृतिक प्रकोपों से मानव समाज का बहुत बड़ा हिस्सा असाधारण रूप से संत्रस्त रहता है। विज्ञान मनुष्य को प्रकृति के प्रकोपों से छुटकारा दिला सकता है और प्रकृति की अपार सम्पदा उसके कदमों पर निछावर कर सकता है, बशर्ते कि मनुष्य विज्ञान का सही दिशा में उपयोग करना सीख ले। भयानक प्राकृतिक प्रकोप, बाढ़ के सन्दर्भ में, विज्ञान के इसी पहलू का विवेचन प्रस्तुत लेख का उद्देश्य है।

भारत में बाढ़ के क्षेत्र

भारत का कोई न कोई क्षेत्र, प्रति वर्ष बाढ़ से भयानक रूप से संत्रस्त होता है। भिन्न-भिन्न क्षेत्रों की भूवैज्ञानिक परिस्थितियाँ भिन्न-भिन्न होती हैं। अतः इन परिस्थितियों से उत्पन्न बाढ़ के कारण भी भिन्न होते हैं। भारत के कुछ प्रदेश यथा बिहार, उड़ीसा, पूर्वी उत्तर प्रदेश, असम और पश्चिम बंगाल बाढ़ के प्रमुख क्षेत्र हैं। इन इलाकों के लोग, धीरे-धीरे बाढ़ की विपदा झेलने के अभ्यस्त हो चुके हैं। दरअसल हिमालय से निकली और मैदानों की ओर बहने वाली नदियाँ बाढ़ से यदा-कदा ही प्रभावित होती हैं। इन क्षेत्रों में यदि कभी बाढ़ आती भी है तो उसके पीछे प्राकृतिक कारण कम, मानवकृत कारण अधिक प्रभावित होते हैं।

---

* भूविज्ञान परिषद् के उद्घाटन अवसर पर प्रस्तुत किया गया निबन्ध।

१ "Nature to be mastered, must be obeyed"—Sir Francis Bacon.

बाढ़ का कारण

थोड़े समय के भीतर जब किसी क्षेत्र में अत्यधिक वर्षा हो जाती है तो नदियाँ अपनी प्रवाह की गति के साथ तालमेल बैठा पाने में असमर्थ हो जाती हैं। फलस्वरूप नदियों का जलस्तर ऊपर उठना शुरू हो जाता है। यदि प्रवाह का गत्यावरोध अधिक होता है तो जलस्तर अधिक ऊपर उठता है और नदी के किनारों को लांघ कर आस-पास के विस्तृत क्षेत्रों में फैल जाता है। इस क्रिया को बाढ़ का आना कहते हैं। जल के प्रवाह की गति क्षेत्र के ढालुआपन तथा जमीन के जल शोषण करने की क्षमता पर निर्भर करती है। पहाड़ी तथा ढालुये प्रदेशों में ढाल अधिक होने के कारण पानी तेज गति से नीचे की ओर बहता है। पहाड़ी प्रदेशों की जमीन पथरीली होने के कारण, वर्षा का जल सोखने की इनकी क्षमता सीमित होती है। अतः पहाड़ी नदियों का अधिकांश जल मैदानी प्रदेश की ओर बह जाता है।

मैदानी भागों में ढाल तो बहुत कम होता है, परन्तु भूमि की जल शोषण करने की क्षमता अत्यधि क होती है। परन्तु जसे-जैसे वर्षा होती जाती है, भूमि जल से अधिकाधिक संतृप्त होती जाती है, उसकी जल-शोषण करने की क्षमता क्रमशः घटती जाती है, फलतः अधिकाधिक जल नदियों की ओर प्रवाहित होता रहता है।

एक भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण के अनुसार, जून ६८ के महीने नें, अर्थात् मानसून के प्रारम्भ के दिनों में, जब कि जमीन शुष्क थी, प्रारम्भिक वर्षा का ९५. ३ प्रतिशत जल भूमि द्वारा सोख लिया गया और केवल ४.७ प्रतिशत नदियों को मिला। जुलाई में ७७.३ प्रतिशत जमीन द्वारा सोखा गया तथा २२.७ प्रतिशत नदियों को मिला। अगस्त में कुल वर्षा का ४४.२ प्रतिशत भूमि के द्वारा सोखा गया और ५५.८ प्रतिशत नदियों को मिला। सितम्बर के महीने में जब कि मानसून समाप्ति पर था, कुल वर्षा का २३.६ प्रतिशत जल ही भूमि द्वारा सोखा जा सका, जब कि ७६.४ प्रतिशत जल नदियों को मिला। स्पष्ट है कि सितम्बर का महीना मैदानी प्रदेश में बाढ़ की दृष्टि से अत्यधिक भयावह होता है। वास्तव में सितम्बर शुरू होने के पहले से ही नदियाँ जल से काफी परिपूर्ण रहती हैं, अतः इस महीने में होने वाली वर्षा से नदियों का जलस्तर बड़ी तेजी के साथ ऊपर उठता है और बाढ़ का खतरा उत्पन्न हो जाता है।

वन्य प्रदेशों में वर्षा का अधिकांश भाग, चाहे वह जून की वर्षा का हो अथवा सितम्बर की, वृक्षों और वनस्पतियों द्वारा सोख लिया जाता है, अतः वन्य प्रदेशों की वर्षा का अति न्यून प्रतिशत नदियों को मिल पाता है। जहाँ वनों का अभाव है, वहाँ अपेक्षाकृत अधिक जल प्रवाहित होता है। सभ्यता के विकास के साथ हमने कृषि हेतु अधिकाधिक भूमि प्राप्त करने के लोभ में वृक्षों और वनस्पतियों का निर्मूलन प्रारम्भ कर दिया, फलतः बाढ़ का खतरा दिन-ब-दिन बढ़ता चला गया। अजीब बात है कि भूतकाल में भी नदियाँ उसी दर से पानी बहाती थीं जिस दर से कि आज, परन्तु उस काल के पानी के बहाव के वेग तथा आज के वेग में इतना अन्तर आ गया है जो कल्पना के परे है। यदि कल्पना करती हो तो हम अधिक नहीं, दो हजार वर्ष पहले का अपना इतिहास देखें, बाढ़ द्वारा होने वाली क्षति उस समय नगण्य थी, आज इतनी अधिक है कि हम परेशान हैं।

वन-निर्मूलन का एक अन्य घातक परिणाम रहा है, भूमि की मिट्टी का क्षरण तथा नदियों को मिलने वाली मिट्टी की मात्रा में अत्यधिक वृद्धि। पेड़, पौधे तथा वनस्पतियाँ मिट्टी के क्षरण को रोकती हैं तथा पेड़-पौधों के अभाव की स्थिति में मिट्टी का क्षरण तीव्र गति से होता है, फलतः नदियों का स्तर ऊपर उठता जाता है और बाढ़ का खतरा बढ़ता जाता है। राजस्थान के रेगिस्तानी प्रदेश का अक्सर जलप्लावित होते रहने का कारण वहाँ पर वनों का अभाव एवं भूमि संरक्षण कार्यों की कमी ही है।

नदियाँ यदि छिछली होंगी, उनकी गहराई कम होगी तो निश्चित रूप से बरसात के दिनों में उनका पानी काफी बढ़ जायेगा। इसके विपरीत गहरी नदियों में बाढ़ का खतरा अपेक्षाकृत कम होता है। छोटी नदियाँ अक्सर अपने छिछलेपन के कारण अपना पथ बदल देती हैं जिसके परिणामस्वरूप अगल-बगल के कुछ क्षेत्रों का अस्तित्व ही समाप्त हो जाता है।

बाढ़-नियंत्रण एवं रोक-थाम

क्षेत्र विशेष में आने वाली बाढ़ के प्राकृतिक कारण का ज्ञान प्राप्त कर लेने के पश्चात् उस क्षेत्र की बाढ़ को रोकने का काम आसान हो जाता है। बाढ़ के कारणों की जाँच हेतु उस क्षेत्र का भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण आवश्यक है। बाढ़ से होने वाली आर्थिक हानि की तुलना में, उसकी रोकथाम के उपायों पर बहुत कम खर्च आता है। साथ ही पानी के बहाव को आवश्यकतानुसार नियंत्रित करके सूखे की समस्या का मुकाबला करना भी आसान हो जाता है भारत जैसे विशाल देश में जहाँ हजारों छोटी-बड़ी नदियाँ विभिन्न भौगोलिक परिस्थितियों में बहती हों, वहाँ बाढ़-नियंत्रण के लिए कोई एक ही तरीका काम में नहीं लाया जा सकता। भूमि, मौसम एवं स्थान विशेष की परिस्थितियों के अनुसार जहाँ जो ढंग सबसे अधिक कारगर हों, वहाँ उन्हें एक साथ अथवा कई तरीकों के सम्मिलित प्रयोग से बाढ़ को रोका जा सकता है। भारत के प्रत्येक क्षेत्र की कुल वर्षा का औसत ४५ इंच प्रति वर्ष है। इस प्रकार भारत को वर्षा द्वारा प्रतिवर्ष कुल ३ सौ करोड़ एकड़ फुट जल प्राप्त होता है। कुल वर्षा का लगभग एक सौ करोड़ एकड़ फुट जल वाष्प बनकर उड़ जाता है, और लगभग ६५ करोड़ एकड़ फुट जल भूमि द्वारा सोख लिया जाता है, बाकी का १३५ करोड़ एकड़ फुट जल नदियों द्वारा प्रवाहित होता है। नदियों द्वारा प्रवाहित होनेवाले जल का एक तिहाई अर्थात् ४५ करोड़ एकड़ फुट जल, बाँध एवं जलाशयों में इकट्ठा कर लिया जाता है, शेष ९० करोड़ एकड़ फुट जल नदियों द्वारा समुद्र में प्रवाहित हो जाता है।

बाढ़ की रोक-थाम तथा जल प्रवाह की गति को नियंत्रित करने का सबसे प्रमुख एवं कारगर तरीका नदियों पर बाँध बनाने का माना जाता है। नदी के ऊपरी भाग में उपयुक्त स्थान खोज कर, बढ़िया और मजबूत बाँध बनवा देने से आवश्यकतानुसार काफी पानी उसमें एकत्र किया जा सकता है जो समयानुसार रोका और प्रवाहित किया जा सकता है। क्योंकि छोटी नदियाँ विपदा का प्रमुख स्रोत बन जाती हैं, उतः बड़ी नदियों से मिलने वाली इन छोटी नदियों पर स्थान-स्थान पर छोटे बड़े कई जलाशय बनवा देने से समस्या का काफी हद तक समाधान हो सकता है।

भारत में बाँध एवं जलाशय बनवाने की दिशा में तो पर्याप्त ध्यान दिया गया है, परन्तु इनसे समस्या हल होने के बजाय बढ़ती ही गई है। दरअसल बाँध का निर्माण करते समय बड़े-से-बड़े एवं छोटे-से-छोटे प्रत्येक पहलू का विस्तृत अध्ययन, सावधानी, योजना एवं सतर्कता की आवश्यकता होती है। बाँध के लिए उपयुक्त निर्माणस्थल की खोज अत्यधिक सावधानी के साथ की जानी चाहिये। नींव के पत्थरों की बनावट एवं उनका भूवैज्ञानिक अध्ययन अपने आप में सबसे महत्वपूर्ण है। बाँध निर्मित होने के पश्चात् नींव पर पड़ने वाले दबाव की मात्रा तथा दिशा का ज्ञान भी अति आवश्यक है। बाँध का प्रकार और उसके लिए प्रयुक्त साधनों का गहरा असर बाँध की मजबूती पर पड़ता है। एक विशेष निर्माण स्थल के लिए एक विशेष प्रकार का बाँध उपयुक्त हो सकता है, दूसरी प्रकार का नहीं, ये बातें अति सूक्ष्म अध्ययन की अपेक्षा रखती हैं। यदि सावधानी बरती जाय और लगन तथा ईमानदारीपूर्वक कार्य किया जाय तो बाँध हमारी आर्थिक प्रगति के प्रतीक बन सकते हैं, न कि विनाश के।

परन्तु दुर्भाग्यवश बाँध स्वयं बाढ़ का कारण बन गये हैं। अक्सर ऐसा भी होता है कि बाँधों की दीवारों में अचानक काफी चौड़ी दरार पड़ जाती है और सारा बँधा हुआ जल आबादी और खेती के इलाकों में फैल कर उन्हें नष्ट कर देता है। **पिछले २० वर्षों के दौरान भारत सरकार ने जो भी बाँध बनवाये, वे इतने कमजोर और बिना सही दृष्टि के बने थे कि पहले जहाँ पानी जमा नहीं होता था, वहाँ भी अब जमा होने लगा है।**

भारत में निर्मित बाँधों एवं जलाशयों में जमने वाली मिट्टी की परतों को देख कर बाढ़-नियंत्रण की क्षमता पर सन्देह होता है। उदाहरणार्थ, **हीराकुंड बाँध** निर्मित किये जाने के समय अनुमान था कि उसमें प्रतिवर्ष १७,००० एकड़ फुट मिट्टी इकट्ठा होगी, परन्तु **व्यावहारिक अध्ययन के दौरान पता चला कि प्रतिवर्ष २५,००० एकड़ फुट मिट्टी जम रही है। इस बाँध की आयु निर्माण के समय १३२ वर्ष कूती गई थी, परन्तु अब ऐसा समझा जाने लगा है कि यह ७६ वर्ष से अधिक समय तक काम नहीं देगा।**

बाँध में जल को रोक रखने के अतिरिक्त और भी कई उपाय, बाढ़ की विभीषिका को कम करने हेतु प्रयोग में लाये जा सकते हैं। उदाहरणार्थ, यदि नदी की तलहटी में जमी मिट्टी को निकाल कर स्रोत को गहरा कर दिया जाय तो जल प्रवाहित करने की नदियों की क्षमता में वृद्धि हो जायेगी। यह तरीका, क्षेत्रफल की दृष्टि से छोटे देशों, यथा हालैण्ड, में प्रयुक्त किया गया है। नदियों से मिट्टी काट कर उन्हें गहरा करने का काम काफी खर्चीला है। भारत के विशाल सिन्धु-गंगा-ब्रह्मपुत्र के मैदानी हिस्सों में बहने वाली सैकड़ों नदियों की सफाई को भारत की वर्तमान अर्थ व्यवस्था को देखते हुए, व्यावहारिक नहीं कहा जा सकता।

कच्छ-बंगाल नहर बनाने का सुझाव

इस तथ्य को दृष्टि में रखकर काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के भौमिकी विभाग के भूतपूर्व अध्यक्ष डॉ० राजनाथ ने बाढ़-नियंत्रण का एक व्यावहारिक तरीका सुझाया है। उनके अनुसार नदियों की वक्रता को नया मोड़ देकर, कुछ लम्बी-चौड़ी व गहरी नहरों द्वारा बाढ़ प्रदेशों की कुख्यात नदियों को जोड़ कर बंगाल की खाड़ी से कच्छ के रन को

जोड़नेवाली एक विशालकाय नहर बनवायी जा सकती है। इस प्रकार इस नहर से उत्तरी भारत की अधिकांश नदियों की बाढ़ का खतरा हमेशा के लिए समाप्त किया जा सकता है। इस प्रकार की नहर द्वारा न केवल बाढ़ का प्रभावकारी नियंत्रण ही सम्भव हो जायेगा, बल्कि सिंचाई एवं यातायात का एक सुगम जलपथ भी तैयार हो जायेगा। मानव निर्मित यह नहर इतनी चौड़ी व गहरी होगी कि उसमें समुद्री जहाजों का आवागमन संभव होगा, इस प्रकार इस नहर के इलाके का प्रत्येक क्षेत्र एक कृत्रिम बन्दरगाह के सदृश हो जायेगा।

बाढ़ की उत्पत्ति में वन-निर्मूलन कितनी प्रमुख भूमिका निभाता है, इसका वर्णन किया जा चुका है। यदि बाढ़ के खतरे का स्थायी हल ढूँढ़ना है तो न केवल पेड़, पौधों और वनस्पतियों का काटना तुरन्त बन्द कर देना चाहिए, बल्कि नये वन लगाने की दिशा में भी आवश्यक कदम उठाये जाने चाहिए। पं० जवाहरलाल नेहरू ने बम्बई शहर में वृक्ष काट कर मकान बनवाये जाने की प्रवृत्ति की भर्त्सना करते हुए एक बार कहा था कि यदि उनके वश में होता तो वे वृक्ष काटने और कटवाने वालों को 'हत्यारा' घोषित करते और आजीवन कारावास का दण्ड तजवीज करते। एक अनुमान के अनुसार यदि प्रत्येक भारत-वासी प्रतिवर्ष एक वृक्ष रोपें तो कुछ वर्षों में बाढ़ की समस्या पूर्णतया समाप्त हो सकती है।

समस्या का आर्थिक पहलू

भारत में प्रतिवर्ष लगभग १६ करोड़ एकड़ भूमि बाढ़ों की चपेट में आ जाती है, जिनमें से ५ करोड़ एकड़ भूमि में खड़ी फसलें होती हैं। १ करोड़ व्यक्ति प्रतिवर्ष बाढ़ की परेशानी झेलते हैं। ८ लाख मकान नष्ट हो जाते हैं एवं १८ हजार पशु बाढ़ की भेंट चढ़ जाते हैं। अनुमान है कि कुल नुकसान औसतन १०० करोड़ रुपया प्रतिवर्ष का होता है। इसके अतिरिक्त सड़कों एवं रेल यातायात के अवरुद्ध हो जाने से करोड़ों रुपये की हानि होती है। शहरों में गन्दगी के निकास का मार्ग पानी भर जाने से अवरुद्ध हो जाता है। निचले स्तरों में गंदा पानी सड़ने के कारण अक्सर बाढ़ से प्रभावित शहरों एवं कस्बों में भयंकर बीमारियाँ फैलने लगती हैं।

बाढ़ के हर साल के खतरे को समाप्त करने वाले स्थायी निर्माण कार्य का विकल्प तात्कालिक राहत का कार्य नहीं बन सकता। स्थायी महत्व के कार्यों को अब टालना नहीं चाहिए। इसके अतिरिक्त वन सम्पदा में वृद्धि के निमित्त जनता में प्रोत्साहन की भावना उत्पन्न करनी चाहिए एवं भावी पीढ़ी को बाढ़ के खतरे से बचाने के लिए वृक्ष उगाने चाहिए।

नेत्र-रक्षा

डॉ० हरिवल्लभ नेमा
रीडर, नेत्र-चिकित्सा विभाग

नेत्र-रक्षा नेत्र-रोग-चिकित्सा से कहीं अधिक सुगम एवं प्रभावकारी होती है किन्तु दुर्भाग्यवश हमारे देश में नेत्र-रोग-निरोध की ओर आज भी ध्यान नहीं दिया जाता है, इसी कारण यहाँ रोहे, चेचक, सूखा रोग आदि रोके जाने वाले रोग बहुतायत से पाये जाते हैं। नेत्र-रोगों की समय से चिकित्सा न होने से दृष्टि मंद हो जाती है और व्यक्ति का विकास रुक जाता है; अतएव नेत्रों को स्वस्थ बनाये रखने के लिए समय से नेत्र-चिकित्सा ही नहीं, वरन् दैनिक जीवन में उनकी रक्षा की ओर भी विशेष ध्यान देना चाहिए। दोनों नेत्र प्रत्येक व्यक्ति की अमूल्य निधि हैं, इनकी स्वच्छता एवं स्वस्थता बनाये रखना हमारा प्रधान कर्तव्य है। स्वयं प्रकृति ने रक्षा की दृष्टि से नेत्रों की इस प्रकार रचना की है कि इनका कम-से-कम भाग खुला रहे। लगभग सम्पूर्ण नेत्र सुदृढ़ अस्थिगुहा में स्थापित है। इसके पश्च भाग में वसा की पतली गद्दी है। केवल अग्रभाग (स्वच्छ पटल) वातावरण के संपर्क में आता है जो अश्रु एवं ग्रंथियों द्वारा उत्पन्न तरल से सदा ही घुलता रहता है। इस तरल का प्रभाव कीटाणु-नाशक होता है। इसके अतिरिक्त नेत्रों को पलकों के रूप में दो प्रहरी हैं जो एक क्षण में अनेक बार झपकते रहकर अपनी सजगता का परिचय देते रहते हैं। जहाँ प्रकृति नेत्र-रक्षा के लिए इतनी अधिक सक्रिय है, क्यों न हम तनिक जागरूक होकर रक्षा-पंक्ति को सुदृढ़ कर दें, ताकि नेत्र-रोग इन पर आक्रमण करने का दुस्साहस ही न कर सकें।

नेत्रों की रक्षा का भार माता-पिता, आक्रान्त व्यक्ति एवं शासन पर समान रूप से है। इसे भार न मानकर कर्तव्य रूप से निभाना चाहिए। जीवन की विभिन्न अवस्थाओं में जैसे जन्मपूर्व, प्रसवकाल, शैशवावस्था, बाल्यावस्था, युवावस्था एवं वृद्धावस्था में नेत्र-रक्षा के साधारण नियमों का पालन करने से नेत्र-रोगों को रोकने में आशातीत सफलता मिल सकती है।

जन्म के पूर्व नेत्र-रक्षा

अच्छा हो, अपने नेत्र-स्वास्थ्य को दृष्टि में रखकर ही भावी पति-पत्नी विवाह सूत्र-बन्धन में बँधे। इस प्रकार की सावधानी बरतने से आनुवंशिक नेत्र-रोगयुक्त संतान उत्पन्न होने की संभावना बहुत कम रहती है। इसी ध्येय से कुछ देशों में विवाह के पूर्व स्वास्थ्य-परीक्षा-पत्र लेना वांछनीय माना जाता है। यदि दुर्भाग्य से पति-पत्नी दोनों की नेत्र-दृष्टि अधिक क्षीण हो तो उन्हें इस बात का निर्णय करना होगा कि वे संतानहीन रहना पसंद करेंगे अथवा दृष्टिमंद बालक को जन्म देंगे।

कुछ वर्णों में सगोत्र विवाह की प्रथा प्रचलित है जिसमें सगे संबंधियों में विवाह हो जाता है। नेत्र के कुछ रोग माता-पिता से उनके बच्चों में चले जाते हैं और इस प्रकार

सगे संबंधियों में विवाह होने से उनका रूप अधिक विकृत हो जाता है; अतएव सगोत्रीय विवाह प्रथा का बहिष्कार होना चाहिए।

कहावत है कि बच्चों के सुन्दर नेत्र एवं सुन्दर शरीर का आधार उनके माता-पिता का स्वास्थ्य ही है। यह कहावत माता के लिए विशेष रूप से चरितार्थ होती है, अतएव गर्भकाल ही से माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखना नेत्र-रक्षा का प्रमुख अंग है। प्रायः यह देखा गया है कि गर्भकाल के आरम्भ में जिन माताओं को जर्मन खसरा निकल आती है उनके बच्चों में विषम नेत्र-रोग जन्मकाल ही से दृष्टिगोचर होते हैं। इससे गर्भिता स्त्री को संक्रामक रोगों से बचना चाहिए। इन माताओं को कठिन व्रत नहीं करने देना चाहिए तथा उन्हें संतुलित आहार (जिसमें अच्छे प्रोटीन एवं विटामिन का समावेश रहता है) दिया जाना चाहिए, क्योंकि अवपोषण से भी भावी संतान में अनेक नेत्र-रोग उत्पन्न हो सकते हैं।

कुछ माताएँ जननेन्द्रिय, संबंधी रोगों से पीड़ित रहती हैं और इन रोगों का कुप्रभाव उनके भ्रूण पर पड़ता है जिससे उनमें तथा उनके नेत्रों में अनेक प्रकार के विकार उत्पन्न हो जाते हैं, इसलिए गर्भ के पूर्व जननेन्द्रिय संबंधी रोगों का निवारण करना उत्तम है।

जन्म के समय नेत्र-रक्षा

प्रसव के समय नवजात शिशु के नेत्रों की रक्षा का विशेष प्रबंध होना चाहिए क्योंकि शिशु के उत्पन्न होने के स्थान के पास ही शौच द्वार होता है जिससे कीटाणु सहज ही नेत्रों में प्रवेश कर सकते हैं। जैसे ही शिशु का सिर बाहर आता है उसके पलकों को स्वच्छ जल से साफ कर देना चाहिए और प्रसव हो जाने पर उसके नेत्रों में १ प्रतिशत सिलवर नाइट्रेट की एक बूँद डाल देनी चाहिए। कभी-कभी प्रसव-काल में चोट द्वारा आनन तंत्रिका पर आघात हो जाता है जिससे शिशु की पलक बंद होने की क्रिया यथोचित रूप से नहीं हो पाती। ऐसी अवस्था में योग्य नेत्र-चिकित्सक से उपचार कराना आवश्यक हो जाता है, अन्यथा नेत्र खुले रहने से स्वच्छ पटल पर घाव हो जाने का भय रहता है।

शैशव अवस्था में नेत्र-रक्षा

इस अवस्था में शिशु के नेत्रों की रक्षा का भार मुख्यतः माता पर है। योग्य माता अपने शिशु के नेत्रों को उषाकाल में स्वच्छ जल से धोकर साफ करने का कार्य आरम्भ से ही अपनाती है। शिशु के नेत्रों को बड़ा एवं सुन्दर बनाने की माता की लालसा काजल आंजने को प्रेरित करती है। वास्तव में काजल के आँजन से किसी प्रकार की हानि नहीं होती; किन्तु आँजन लगाने में आवश्यक सावधानी बरतनी चाहिए। कभी-कभी माताएँ एक ही अंगुली अथवा सलाई से परिवार के सभी बालकों की आँखों में काजल लगा देती हैं। यदि दुर्भाग्य से किसी बच्चे को रोहे अथवा श्लेष्मला शोथ आदि संक्रामक रोग हो तो अंगुली अथवा सलाई के माध्यम से यह रोग अन्य बच्चों में भी फैल जाते है। अतएव एक बच्चे की आँखों में काजल लगाने के पश्चात् अंगुली अथवा सलाई को साबुन के पानी से अवश्य धो डालना चाहिए।

नवजात शिशु के जन्म के बाद यदि उसके नेत्रों से अश्रु अथवा मवाद आता हो तो यह इस बात का द्योतक है कि कहीं उसकी अश्रु-नलिकाओं में खराबी है। अस्तु इसके लिए तुरन्त नेत्र चिकित्सक द्वारा उपचार कराना चाहिए।

प्रत्येक माता-पिता का यह कर्तव्य है कि वे शिशु को चेचक का टीका छः मास की आयु के पूर्व ही लगवा दें। इससे शिशु को चेचक का प्रकोप नहीं होता और साथ ही चेचकजन्य अंधेपन की संभावना जाती रहती है।

शैशव काल में शिशु का विकास तीव्र गति से होता है जब उसे पौष्टिक तत्वों की आवश्यकता होती है। अतएव शिशु के आहार में प्रोटीन, विटामिन एवं कैलशियम होना चाहिए। साधारणतया यह सभी तत्व माता के दूध से प्राप्त हो जाते हैं किन्तु यदि किसी कारणवश माता का दुग्ध यथेष्ट मात्रा में उपलब्ध नहीं हो तो डिब्बे का दूध व्यवहार किया जा सकता है। छः मास की अवस्था के बाद दूध के साथ ताजे फल एवं तरकारियों का रस भी शिशु के लिए लाभकारी होता है। इस अवस्था में यदि शिशु को पतले दस्त आते हैं तो उसका शीघ्र उपचार करना चाहिए अन्यथा सूखा रोग हो जाने का भय रहता है। जिन परिवारों में एक भी बच्चे को सूखा रोग हो चुका हो अथवा रात्रि के समय कम दिखाई देता हो तो आहार संबंधी विशेष सावधानी बरतनी चाहिए। विटामिन 'ए' एवं पूर्व याचित प्रोटीन का उपयोग शिशुओं के लिए अधिक लाभकारी सिद्ध होता है।

बाल्यकाल में नेत्र-रक्षा

इस अवस्था में बालक बहुत ही चंचल प्रकृति का होता है। उसका क्रीड़ा क्षेत्र घर से हट कर खेल का मैदान हो जाता है, जहाँ वह स्वच्छंद रूप से सभी खेलों में भाग लेता है। इन खेलों में कुछ तो भयंकर एवं खतरनाक होते हैं; जैसे गुल्ली-डंडा, तीर-कमान, गुलेल, हवाई बन्दूक आदि। इन खेलों में कभी-कभी नेत्रों में चोट लग जाया करती है जो बड़ी दुर्भाग्यपूर्ण होती है। घायल बालक प्रायः नेत्र-दृष्टि खो बैठता है। इसलिए यथा संभव बालकों को इन खेलों से दूर रखना चाहिए। इसी प्रकार छोटे बालकों को नुकीले टीन के खिलौने जैसे हवाई जहाज, राकेट, चकरी आदि भी खेलने के लिए नहीं देना चाहिए। दीपावली के अवसर पर आतिशबाजी से भी कई दुर्घटनाएँ होती देखी गई हैं जिनमें बालकों के नेत्रों को गम्भीर रूप से क्षति पहुँचती है। इनको रोकने के लिए सावाधानी बरतना परम आवश्यक है।

बाल्यकाल से ही बालक को पढ़ने-लिखने की उचित रीति सिखलानी चाहिए। स्वस्थ बालक को लगभग १४ इंच की दूरी पर पुस्तक रख कर पढ़ना चाहिये। यदि वह पुस्तक को नेत्रों के अधिक समीप रखकर पढ़ता है तो संभवतः उसे निकट दृष्टि रोग है, अतएव नेत्र परीक्षण के पश्चात् उसे चश्मा लगाना चाहिए और पुस्तक को उपर्युक्त दूरी पर रखकर पढ़ने का अभ्यास कराना चाहिए। बालकों को दिन ही में पढ़ना चाहिए। उनकी पुस्तकें भी मोटे टाइप में छपी हुई होनी चाहिए, जिससे उन्हें पढ़ने में असुविधा न हो। बालकों को लेट कर पढ़ने से सदैव अनुत्साहित करते रहना चाहिए। उन्हें लम्बे समय तक बैठकर पढ़ने के लिए भी मना करना चाहिए। पुस्तक पढ़ते समय उस पर काफी प्रकाश पड़ना चाहिए। कम प्रकाश में पढ़ने से नेत्रों पर अनावश्यक रूप से जोर पड़ता है और वे जल्द ही थक जाते हैं। रुग्णावस्था में बालक का लिखना-पढ़ना अवांछनीय है क्योंकि अस्वस्थ स्थिति में पढ़ते रहने से बालक की दृष्टि कमजोर होने की सम्भावना रहती है। बालकों

को सीधे बैठकर लिखने के लिए उत्साहित करते रहना चाहिए। कापी पर झुककर लिखना हानिकारक है। स्कूल के अध्यापकगण बालक की नेत्र-रक्षा में प्रसंशनीय योगदान कर सकते हैं। अच्छी पाठशाला में वर्ष के आरम्भ में प्रत्येक बालक की स्वास्थ्य परीक्षा होती है जिसमें नेत्रों पर विशेष ध्यान दिया जाता है—स्कूल में संक्रामक रोगों के फैलने की सम्भावना रहती है, यदि बालक के नेत्रों से अश्रु बहता हो अथवा नेत्र लाल रहते हों तो तुरन्त चिकित्सक द्वारा निदान कराना श्रेयस्कर होता है।

युवावस्था में नेत्र-रक्षा

युवावस्था में नेत्रों में व्यवसाय सम्बन्धी चोट लगने की अधिक सम्भावना रहती है; अतएव उद्योग प्रतिष्ठानों में नेत्र-सुरक्षा का विशेष प्रबन्ध होना चाहिए। जहाँ धातु की वस्तुओं को रेतने अथवा काटने का काम होता हो, वहाँ श्रमिक को सुरक्षा चश्मा अवश्य लगाना चाहिए जिससे लोहे के छोटे कण आँख में न जा सकें। यदि दुर्भाग्य से आँख में चोट लग जाय अथवा उसमें कण प्रविष्ट हो जायँ तो शीघ्र नेत्र-चिकित्सालय में श्रमिकों का उपचार कराना चाहिए। यदि उद्योग प्रतिष्ठानों के स्वामी, शासन एवं श्रमिक दुर्घटनाओं को रोकने के लिए सामूहिक प्रयत्न करें तो व्यावसायिक चोट द्वारा उत्पन्न अंधेपन का औसत बहुत कम किया जा सकता है। नेत्र को विशेष प्रकार की हानि सूर्य ग्रहण को देखने में हो जाती है। ऐसे तो यह किसी भी अवस्था में हो सकती है पर अधिकांशतः युवा व्यक्ति इसके रोगी देखे गये हैं। सूर्य के तीव्र ताप से आँख का पीत बिन्दु जल जाता है और दृष्टि मन्द हो जाती है। इस प्रकार के दृष्टि विकार को स्कूलों में अथवा सूर्य ग्रहण के पूर्व होने वाले मेलों में स्वास्थ्य-शिक्षा के माध्यम से सहज ही रोका जा सकता है।

युवावस्था में जननेन्द्रिय सम्बन्धी रोग भी अधिक संख्या में पाये जाते हैं। उनके कुछ प्रभाव से नेत्र में अनेक प्रकार की विकृतियाँ उत्पन्न हो सकती हैं। अतएव जननेन्द्रिय सम्बन्धी रोगों की उचित रोक-थाम नेत्र-रक्षा का एक आवश्यक अंग बन जाता है। यदि कोई व्यक्ति इन रोगों से पीड़ित हो और अचानक ही उसे अपने नेत्रों में लाली अथवा दर्द अनुभव हो तो बिना किसी लज्जा किये उसे इनकी चिकित्सा करा लेनी चाहिए। कभी-कभी गर्भ-काल में माता के हाथ पैरों पर सूजन आ जाती है और वह बढ़कर नेत्रों पर भी अपना कुप्रभाव डालकर उनकी दृष्टि मन्द कर देती है।

प्रौढ़ावस्था में नेत्र-रक्षा

प्रौढ़ावस्था में नेत्र में कुछ परिवर्तन हो जाते हैं जैसे मोती काठिन्य होना, नेत्र के अग्र कोष्ठ का उथला होना आदि। इन परिवर्तनों से दृष्टि का निकट बिन्दु दूर हो जाता है एवं सबलबाय होने की संभावना बढ़ जाती है। इसलिए प्रत्येक प्रौढ़ व्यक्ति को वर्ष में एक बार अवश्य ही अपने नेत्रों का परीक्षण करवाते रहना चाहिए। संध्या के समय अखबार के छोटे अक्षरों को पढ़ने में कठिनाई होना, इस बात का द्योतक है कि दृष्टि का निकट बिन्दु दूर हो गया है और अब पढ़ते समय चश्मे की आवश्यकता है। चश्मे का नम्बर प्रत्येक दो वर्ष पश्चात् प्रायः बदल जाया करता है। सबलबाय के रोग का भी

आरम्भ बहुधा इसी अवस्था में होता है। सिर में पीड़ा होना, आँखों में तनाव बना रहना, बिजली के वाल्व के चारों और रंगीन घेरों का दिखाई देना इस रोग के कुछ लक्षण हैं। इनमें से यदि एक लक्षण भी किसी व्यक्ति को अनुभव होता हो तो शीघ्र ही नेत्र चिकित्सक से परीक्षा करा लेनी चाहिए क्योंकि इस तथ्य को भलीभांति समझ लेना आवश्यक होगा कि सबलबाय का उसकी आरम्भिक अवस्था ही में निदान कर चिकित्सा करा लेने से उससे उत्पन्न अंधापन रोका जा सकता है सबलबाय द्वारा नष्ट दृष्टि को पुनः प्राप्त नहीं किया जा सकता।

प्रायः ऐसा देखा गया है कि यदि कोई व्यक्ति युवावस्था से ही अधिक तम्बाकू अथवा शराब या दोनों ही का निरन्तर सेवन करता रहता है तो प्रौढ़ावस्था तक पहुँचने पर उसकी दृष्टि मन्द हो जाती है। तम्बाकू और शराब में रहने वाले विषैले तत्त्व दृष्टि तंत्रिका को क्षीण कर देते हैं; अतएव इन मादक पदार्थों का सेवन कम-से-कम करना चाहिए। यदि किसी व्यक्ति की दृष्टि इनके सेवन से मन्द होती हुई प्रतीत हो तो तुरन्त इनका प्रयोग बन्द कर देना आवश्यक है। जिन प्रांतों में मद्य-निषेध है वहाँ मेथेलेटेड स्प्रिट के वितरण पर कड़ी नजर रखनी चाहिए अन्यथा शराब पीने वाले इसका उपयोग करके अपनी दृष्टि खो बैठते हैं।

वृद्धावस्था में नेत्र-रक्षा

वृद्धावस्था में सम्पूर्ण शरीर की रक्षा-क्षमता कम हो जाती है, साथ ही प्रौढ़ावस्था में होने वाले नेत्रीय परिवर्तन अधिक विषम रूप ले लेते हैं। साठ वर्ष की अवस्था पर पहुँचने पर अधिकांश व्यक्तियों के मोती अपारदर्शक बन जाते हैं जिसे मोतियाबिन्दु की संज्ञा दी जाती है। इस मोतियाबिन्दु के बनने की क्रिया में अग्रकोष्ठ काफी उथला हो जाता है। यदि रोगी के नत्र की बनावट सबलबाय के लिए पूर्व प्रवृत्ति रखती है तो ऐसी अवस्था में सबलबाय का आक्रमण हो जाता है। इस आक्रमण से रोगी को अत्यधिक पीड़ा ही नहीं होती है, वरन् उसकी दृष्टि के क्षीण होने का भय रहता है; अतएव सबलबाय के आक्रमण होने पर शीघ्रातिशीघ्र नेत्र चिकित्सालय में इलाज कराना चाहिए। यदि रोगी प्रति वर्ष अपने नेत्र-परीक्षण का क्रम पालता आया है तो सबलबाय के आक्रमण के पूर्व ही नेत्र विशेषज्ञ शल्य क्रिया द्वारा नेत्र-तनाव को कम कर देता है और इस प्रकार सबलबाय से होने वाला अन्धापन रोका जा सकता है। वृद्धावस्था के मोतियाबिन्दु की शल्य-चिकित्सा अच्छे नत्र चिकित्सालय में होने से पुनः दृष्टि प्राप्त की जा सकती है। जहाँ नेत्र चिकित्सालय बहुत दूरी पर हों, शासकीय नेत्र-शिविरों में यह सुविधा प्राप्त की जा सकती है। बहुधा यह देखा गया है कि अनेक अयोग्य व्यक्ति ग्रामों में जाकर नेत्र शिविर लगाकर शल्य-चिकित्सा करते हैं। इससे अनेक भोले-भाले ग्रामीण अपनी दृष्टि खो बैठते हैं। इस प्रकार के दृष्टि विकार को रोकने के लिए शासन एवं स्थानीय अधिकारियों को उचित कदम उठाना चाहिए। केवल मान्यताप्राप्त नेत्र-चिकित्सकों को ही नेत्र शिविर लगाने का अधिकार होना चाहिए। विषम परिस्थितियों में भी सतिया द्वारा आँख नहीं बनवानी चाहिए।

वृद्धावस्था में कुछ असाध्य नेत्र-रोग दृष्टि-पटल एवं रंजित-पटल की धमनियों में कठिनता आ जाने से उत्पन्न हो जाते हैं। इससे पीत बिन्दु एवं दृष्टिपटल की कार्यक्षमता गम्भीर रूप से क्षीण हो जाती है। इस प्रकार के व्यपजनन को संभवतः रोका नहीं जा सकता, किन्तु पौष्टिक तत्वों एवं धमनी-विस्फारक औषधियों के सेवन से व्यपजनन की गति धीमी की जा सकती है। इस अवस्था में यदि व्यक्ति मधुमेह एवं अतिरक्त दाब का रोगी होता है तो उसके दृष्टिपटल पर रक्तस्राव एवं अन्य गम्भीर विकार उत्पन्न हो सकते हैं, जिससे दृष्टिविहीनता हो जाती है। इन शारीरिक रोगों के समय रहते उचित उपचार कराते रहने से इनसे नेत्र में होने वाले उपद्रवों की गंभीरता को अवश्य कम किया जा सकता है। शरीरस्थ रोग से यदि नेत्र में विकार उत्पन्न होने का भय हो तो शीघ्रातिशीघ्र योग्य नेत्र विशेषज्ञ की सहायता प्राप्त करनी चाहिए।

———

प्रामाण्यविचारः

मीमांसारत्नम् सुब्रह्मण्य शास्त्री,
रीडर, मीमांसा, प्रा० वि० एवं ध० संकायः

मीमांसाश्लोकवार्तिके "सर्वविज्ञानविषयमिदं तावत्परीक्ष्यताम्" इत्यादिनोपक्रम्य, सांख्यादिपरमतनिराकरणपूर्वकं स्वतःप्रामाण्यवादः सोपपत्तिकं समर्थितः। स एव शास्त्रदीपिकातर्कपादादिष्ववर्वाचीनैर्मीमांसकैस्समर्थितः। तस्यैव सङ्ग्रहेण निरूपणमस्मिन् लघुकाये निबन्धे निरूप्यते।

प्रामाण्यस्वरूपम्

अत्र प्रामाण्यशब्दो भावव्युत्पत्त्या प्रमितिपरः। तदर्थश्च—याथार्थ्यापरपर्यायमर्थतथात्वरूपं प्रकृते विवक्षितम्। न त्वनधिगतार्थगन्तृत्वरूपम्। चोदनाप्रामाण्याक्षेपावसरे—'नन्वतथाभूतमप्यर्थं ब्रूयाच्चोदना' [शा० भा० पृ० १३] इत्यादिभाष्ये—अर्थातथात्वमेवाक्षिप्तम्, समाहितमुत्तरत्र। अस्य विस्तरो न्यायरत्नमालायां द्वितीयप्रकरणे द्रष्टव्यः। इदञ्च प्रामाण्यं प्रकृतेऽभिमतम्। तत् स्वत उत्पद्यते, स्वतो ज्ञायत इति केचन मन्यन्ते। अपरे तु द्वयमपि परतः उत्पद्यते, परतो ज्ञायत इति च मन्यन्ते। तत्र स्वतःप्रामाण्यवादिनां मीमांसकानामयमाशयः—यया सामग्र्या ज्ञानमुत्पद्यते, तयैव सामग्र्या प्रामाण्यमप्युत्पद्यत इति ज्ञानोत्पादकसामग्रीजन्यत्वं उत्पत्तौ स्वतस्त्वम्, यया सामग्र्या ज्ञानं गृह्यते, तयैव सामग्र्या प्रामाण्यं गृह्यत इति ज्ञानग्राहकसामग्रीग्राह्यत्वं ज्ञप्तौ स्वतस्त्वम्—इति।

परतः प्रामाण्यवादिनामयमाशयः—यया सामग्र्या ज्ञानमुत्पद्यते, न तया सामग्र्या प्रामाण्यमुत्पद्यते, किन्तु तद्भिन्नया सामग्र्या, अतस्तन्मते ज्ञानोत्पादकसामग्रीभिन्नसामग्रीजन्यत्वमुत्पत्तौ परतस्त्वमिति फलति। एवं यया सामग्र्या ज्ञानं गृह्यते, तया सामग्र्या प्रामाण्यं न गृह्यते, किन्तु तद्भिन्नयान्ययैव सामग्र्या गुणज्ञानादिलक्षणया प्रामाण्यं गृह्यते। अतो ज्ञानग्राहकसामग्रीभिन्नसामग्रीग्राह्यत्वं ज्ञप्तौ परतस्त्वमिति। उपर्युल्लिखिते प्रकारद्वये—आद्यः प्रकारः स्वतःप्रामाण्यवादिनाम्, चरमः प्रकारः परतः प्रामाण्यवादिनामिति विवेकः।

तत्र मतचातुर्विध्यम्

तत्र सत्कार्यवादिनस्सांख्याः-ज्ञानस्य प्रामाण्यमप्रामाण्यं चेति द्वयमपि स्वतो ग्राह्यमिति मन्यन्ते। तार्किकास्तु-ज्ञाननिष्ठं प्रामाण्यमप्रमाण्यं चेति द्वयमपि परतो ग्राह्यमिति। ताथागतास्तु—अप्रामाण्यं स्वतः, प्रामाण्यं परत इति मन्यन्ते। मीमांसकाः, तदनुसारिणोऽद्वैतवेदान्तिनश्च प्रामाण्यं स्वतः, अप्रामाण्यं परत इत्यातिष्ठन्ते। एवं मीमांसाग्रन्थेषु प्रकारचतुष्टयमुपन्यस्तं विचारितं च।

सांख्यमतोपन्यासनिरासौ

तत्र सांख्याः सत्कार्यवादिनः, यथा प्रामाण्यरूपं कार्यम् ज्ञाननिष्ठम्, तथाऽप्रामाण्यरूपं कार्यमपि ज्ञाननिष्ठम्। सर्वत्र कार्यं स्वकारणातिरिक्तं कारणान्तरं नापेक्षते। एवं सति

तत्र मानाभावः लाघवं च । अतः प्रकृते यथा प्रामाण्यं स्वत उत्पद्यते तथाऽप्रामाण्यमपीति । इदं चानुपपन्नम् तथाहि—यथा ज्ञाने प्रामाण्यमस्ति, तथाऽप्रामाण्यमप्यस्ति । अतः परस्पर-विरुद्धयोर्धर्मयोरेकस्मिन्धर्मिणि सत्त्वात् प्रामाण्यग्रहणवेलायामप्रामाण्यं कुतो न गृह्यतेऽविशेषात् । अतस्सांख्यमते किं ज्ञानं प्रमाणम् ? किं ज्ञानमप्रमाणमिति विवेक एव दुर्लभः । यद्युच्येत एका ज्ञानव्यक्तिः प्रामाण्यं गृह्णाति, अपरा च ज्ञानव्यक्तिरप्रामाण्यं गृह्णातीति । अस्यां व्यवस्थायां नियामकं किंचिद्वक्तव्यम्, तद्दुर्लभम्, अत इमं पक्षं परित्यज्य, तार्किकाः प्रामाण्याप्रामाण्ययोः परतस्त्वं व्यवस्थापयन्ति ।

तार्किकमतोपपादननिराकरणे

व्यक्तित्व के विधायक तत्वों का विभाजन जब प्रवृत्ति और परिवेश में किया जाता है तब यह स्मरण रखना चाहिए कि व्यक्ति की प्रवृत्ति स्वयं परिवेश—संयोजन की देन है। व्यक्ति की सहज विशिष्टता और सामाजिक परिवेश के सांस्कृतिक तत्वों के सचेत संयोजन से ही विशिष्ट व्यक्तित्व का विकास होता है। यद्यपि यदा-कदा संयोजन के इन दो स्तरों—सहज या प्रकृतिमूलक तथा सचेत या सांस्कृतिक में तनाव की स्थिति उत्पन्न हो सकती है, किन्तु कलाकार के लिए दोनों का संतुलन आवश्यक है। व्यक्ति के लालित्य बोध को जागृत करने के लिए सांस्कृतिक संयोजना अनिवार्य है। युंग ने संकल्पित चिंतन की चर्चा की है जिससे चिंतन विवेक सम्पन्न होता है और सचेत यथार्थ-ज्ञान समृद्ध भी। संकल्पित चिंतन वैज्ञानिक चिंतन है और वह सामाजिक चेतना का द्योतक है। कॉडवेल ने युंग के 'संकल्पित चिंतन' के आधार पर ही 'संकल्पित बोध' की धारणा की व्याख्या की है।[1] कॉडवेल के अनुसार जब हम अपने बोध को औचित्य, आत्मबोध, सौंदर्य और आदर्श की ओर प्रेरित करते हैं तो 'संकल्पित बोध' की स्थिति होती है। जिस प्रकार संकल्पित चिंतन विवेक अनुशासित होता है और सत्य के सामाजिक निकष को स्वीकार करता है, उसी प्रकार 'संकल्पित बोध' अनुभूति अनुशासित होता है और सौंदर्य तथा शिवत्व के सामाजिक निकष को स्वीकार करता है। व्यक्तित्व के इस विश्लेषण के आधार पर कहा जा सकता है कि परंपरा संचित सामूहिक चेतना है और प्रतिभा वैयक्तिक चेतना, जिसके

[1] Christopher Candwell : "Illusion and Reality", P. 191.

मूल में संकल्पित चिंतन और संकल्पित बोध का अस्तित्व है। सामूहिक चेतना अपनी अभिव्यक्ति के लिए वैयक्तिक चेतना का आश्रय लेती है। जब सामूहिक चेतना का वैयक्तिक चेतना से सम्पर्क होता है तब दोनों चेतनाएँ अपनी-अपनी विशिष्टताएँ छोड़ कर सामान्य बन जाती हैं और कलाकार के व्यक्तित्व के माध्यम से अभिव्यक्त होकर अपनी संप्रेषणीयता में लोक-चेतना का रूप धारण कर लेती हैं। इस प्रकार परंपरा और प्रतिभा का सम्बन्ध पूरक क्रिया-प्रतिक्रिया का होता है। लेकिन कभी-कभी संकुचित अर्थ में परम्परावादी प्रतिक्रियावादी बन जाता है जब कि प्रतिभा मौलिकता और नवीनता को प्रश्रय देने के कारण क्रांतिकारिता का पक्ष लेती है। "एक सफल सजग कवि के लिए, चाहे वह परंपरा-वादी हो या क्रांतिकारी, यह आवश्यक है कि वह अपने परिवेश के अनुरूप अपनी संवेदन-शीलता का नवीनीकरण करे।"[१] एक सच्चे कलाकार के लिए परंपरा में आस्था का होना आवश्यक है लेकिन परंपरावाद के प्रति आग्रह अनपेक्षित है। परंपरा का बोध और उसमें आस्था से प्रतिभा का संवर्द्धन होता है किन्तु परंपरावाद का मोह प्रतिभा को कुंठित करता है। प्रतिभा का विरोध परंपरा के सजीव, विकासोन्मुख और उसके स्वस्थ रूप से नहीं है बल्कि रूढ़ि से है, इसलिए परंपरा की सुरक्षा के प्रति आग्रह महत्वपूर्ण नहीं है बल्कि परंपरा की वृद्धि, उसके सर्जन और विकास का प्रयास महत्वपूर्ण है। जो परंपरा प्रयोग और प्रगति को प्रश्रय नहीं देती, वह आत्मघात कर लेती है तथा उसका अस्तित्व खतरे में पड़ जाता है। प्रयेक प्रयोग, जो प्रतिभा की देन है कालान्तर में परंपरा बन जाता है। इसलिए प्रयोग की प्रेरणा देने में असमर्थ परंपरा और नवीन परंपरा को स्थापित करने में असमर्थ प्रयोग दोनों ही निरर्थक हैं।

परंपरा का जो अंश हमें संस्कार देता है और संस्कार भी ऐसा जिसमें उदारता हो, जो समूचे व्यक्तित्व में उदात्त चेतना समाहित करने के साथ आत्मपरक पृथकत्व को बनाये रखे, वही महत्वपूर्ण है। निश्चय ही अपनी भाषा और साहित्य की परंपरा के प्रति दृढ़ श्रद्धा से असंपृक्त समर्पण से ही सच्चा साहित्य उत्पन्न होता है। इस प्रकार काव्य की रचना प्रक्रिया में परंपरा का अर्थ है अतीत का अनुभव और परिवेश का अर्थ है वर्तमान का अनुभव तथा प्रतिभा है इन दोनों के ग्रहण, धारण, संशोधन और समन्वित अभिव्यक्ति की शक्ति।

किसी साहित्य या कला की परंपरा का इतिहास एक पृष्ठभूमि है जिसमें नवीन सृजन की संभावना होती है। नवीन प्रयोगों की संभावनाओं से सम्पन्न रचना अपनी परंपरा की एक नई कड़ी होती है। युग बोध से सम्पन्न कलाकार पूर्ववर्ती संवेदनशीलता को नवीन अर्थ देता है, "पुराने में नई जान डालता है और कभी-कभी पुरानी जान को नई काया देता है"[२] और पुराने शब्दों में नया अर्थ भरता है, क्योंकि विनोबा के शब्दों में "पुराने शब्दों में नया अर्थ भरने का प्रयास वैचारिक क्रांति की प्रक्रिया है।" इस प्रकार वह अपनी प्रतिभा के सहारे परंपरा का संरक्षक भी है तथा सर्जक भी। परंपरा की चेतना से साहित्य के विकास में नई दृष्टियों का समाहार होता है और जीवन की विवेचना अनेक दिशाओं से

---

[1] Herbert Read : "The Philosophy of Modern Art", P. 21.

[२] 'अज्ञेय' : 'सूरज का सातवां घोड़ा' की भूमिका से।

आती हुई किरणों की भांति संवेदन बिन्दुओं पर केन्द्रीभूत होकर जीवनगत सत्य को अनुप्राणित करती है। रचनाकार की प्रतिभा परंपरा की चेतना के कारण पूर्वकाल की विशिष्ट अनुभूतियों से अपनी अनुभूति का समन्वय और संतुलन प्रस्तुत करती है।

प्रतिभा नवीनता के प्रति आग्रहशील है और वह रचनाकार की स्वतंत्रता का कायल है क्योंकि सृजन स्वतंत्रता में ही संभव है। प्रतिभाशाली परम्परा को तोड़ता है, उसका पुनर्सृजन करता है और उसे सँवारता भी है। चूँकि मानव प्रज्ञा सतत नई अनुभूतियों से अनुप्राणित होती रहती है इसलिए जीवन और उसकी व्यापकता से संवद्ध काव्य प्रतिभा सीमा बद्ध नहीं रह सकती। "जीवन का प्रत्येक क्षण उसे नयी अनुभूति देता है, नयी प्रेरणा-शक्ति देता है, नया स्वर, नये लय और नये प्रतिविम्ब, प्रतीक, शब्द और रचना-शक्ति का ओज उसमें विकसित होता रहता है इसलिए प्रतिभाशाली कलाकार परंपरा की रुढ़िवादी व्यंजना को कभी ग्रहण नहीं कर सकता।"[१]

प्रतिभा अगर एक दैवी शक्ति है, नैसर्गिक प्रवृत्ति है, पूर्व जन्म का संस्कार है, आत्म-शक्ति का प्रकाशन है, व्यक्ति मानस की विशेष संकेंद्रित अवस्था है तो उसकी स्थिति परिवेश और परंपरा निरपेक्ष है, किन्तु अगर वह एक विकासशील मानसिक शक्ति है, चेतना का उत्कर्षित रूप है और व्यक्ति चेतना और युग चेतना के द्वन्द्व-सामंजस्य से प्रस्फुटित होने वाली रचना शक्ति है तो वह निश्चय ही परंपरा सापेक्ष है। 'प्रतिभा है' यह एक बात है और प्रतिभा विकसित है, विकासोन्मुख है या अविकसित है यह एक दूसरी स्थिति है। प्रतिभा का विकासशील स्वभाव उसकी परिवेशगत अनुभव सापेक्ष स्थिति का द्योतक है। प्रतिभा अगर सहजात शक्ति है या संस्कार है तो संस्कार में भी व्यक्ति का अपना और उसके समाज का अतीत सुरक्षित रहता है, क्योंकि संस्कार ज्ञानजन्य स्मृति ही है। प्रत्येक समाज की संवेदनशीलता और सौंदर्यानुभूति उसकी कला परंपरा में सुरक्षित रहती है इसलिए परम्परा प्रतिभा के विकास का कारण तत्व है। यही कारण है कि प्रतिभाशाली के लक्षणों की चर्चा करते हुए 'अज्ञेय' ने लिखा है—"अथक श्रम सामर्थ्य और अध्यवसाय, बहुमुखी क्रियाशीलता, प्राचुर्य, चिर जाग्रत, चिर निर्माणशील कल्पना, सतत जिज्ञासा और पर्यवेक्षण, देश काल या युग सत्य के प्रति सतर्कता, परंपरा ज्ञान, मौलिकता और आत्म विश्वास"[२] के सक्रिय रचनात्मक समुच्चय से ही एक प्रतिभाशाली व्यक्तित्व विनिर्मित होता है। इस प्रकार परंपरा प्रतिभा के मूल में भी निहित है और उसकी विकास प्रक्रिया में भी। प्रतिभा के निर्माण में परंपरा के दो रूप हो सकते हैं :१— संस्कार के रूप में जीवित परंपरा और २— परिवेश से अर्जित परंपरा।

---

[१] लक्ष्मीकान्त वर्मा : 'प्रयोग, प्रगति और परम्परा', आलोचना, १७ पृष्ठ २३।

[२] 'अज्ञेय'—'सूरज का सातवां घोड़ा' की भूमिका से।

पूर्वमध्ययुगीन अरब लेखकों द्वारा बौद्धधर्मसम्बन्धी विवरण

डॉ० जय शंकर मिश्र,
इतिहास विभाग, का० हि० वि० वि०

बौद्ध धर्म के विषय में पूर्वमध्ययुगीन अरब लेखकों ने भी सूचनाएं दी हैं, जो अत्यन्त संक्षिप्त और प्रक्षिप्त होते हुए भी उल्लेखनीय हैं। इनसे तद्‌युगीन भारत के धार्मिक स्वरूप तथा वैविध्य पर नया प्रकाश पड़ता है। यह सही है कि उनके ये विवरण केवल सूचना मात्र हैं। परन्तु इनका ऐतिहासिक महत्त्व है कि उस काल के अरब बुद्धिजीवियों को भारतीय धर्मों के जानने के प्रति अगाध रुचि थी तथा उन्हें भारतीय धर्मों के अतिरिक्त बौद्ध धर्म की भी जानकारी थी। इन विवरणों में सबसे महत्वपूर्ण विवरण अलबीरूनी[१] (९७३ ई०–१०४८ ई०) का है जो महमूद गजनी का दरबारी लेखक था। उसने भारतीय धर्मों पर विस्तार से लिखने का प्रयास किया है। यद्यपि उसके काल में हिन्दू धर्म ही भारत में व्याप्त था। बौद्ध धर्म अपेक्षाकृत नाममात्र के लिए ही था और उसके अनुयायियों की संख्या बहुत कम थी।

बौद्ध धर्म, सिद्धान्त और मत के विषय में अलबीरूनी ने जो कुछ भी लिखा है, वह अबू-अल-अब्बास अलेरान शहरी[२] की पुस्तक से। इसके अतिरिक्त बौद्ध धर्म-दर्शन की कोई अन्य पुस्तक उसे नहीं मिली थी। विभिन्न धर्मों के इतिहास पर अबू-अल-अब्बास ने अलबीरूनी के पूर्व एक बृहत् ग्रंथ की रचना की थी। 'कालगणना' पर लिखी गई अपनी पुस्तक में अलबीरूनी ने उसके धर्मपुस्तक से उद्धरण दिये है।[३] अलबीरूनी लिखता है, "मैंने बौद्ध ग्रंथ कभी नहीं पाया और न कभी किसी बौद्ध को ही जाना जिससे मैं उसके विषयगत सिद्धान्तों को जान पाता। मैं जो कुछ भी उनके बारे में जानता हूँ, वह केवल अलेरान शहरी की पुस्तक से।"[४]

गौतम बुद्ध और उनके अनुयायियों के सिद्धान्त की ओर संकेत करता हुआ अलबीरूनी कहता है कि "मैंने सुना है कि बुद्धोदन अपने अनुयायियों, शमनिय से बोलते हुए उन्हें सम्बोधित करता है, बुद्ध, धर्म, संघ, जैसे ये थे ज्ञान, धर्म, और अज्ञान।"[५]

अलबीरूनी ने बौद्धों के लिए 'शमनिय' शब्द का प्रयोग किया है। उसके पहले के अरब लेखकों ने भी बौद्धों को 'शमनिय' नाम से अभिहित किया है। उसके पूर्ववर्ती अरब-लेखकों ने बौद्ध धर्म और उसके विस्तार और प्रचार के विषय में सम्यक सूचनाएँ दी हैं।

---

१ Mishra J. S., Albiruni's Stay and Travel in India, Journal of Indian History, Kerala, Vol. XLIV, Pt. II, No 131, pp. 518-28.

२ अबू-अल-अब्बास अलेरान शहरी ने धर्मों का इतिहास लिखा था। अरुबीरूनी इस लेखक की पुस्तक को बहुत पहले (१००० ई०) से जानता था क्योंकि उसने अपनी कालगणना की पुस्तक में इसके उद्धरण दिये हैं, Sachau, Chronology of Ancient Nations, pp. 208, 211.

३ वही।

४ Sachau Albīruni's India, Vol. I, p. 249.

५ वही, पृ० ४०।

हम्जा अस्फहानी (३५० हि० = ९६१ ई०) ने लिखा है कि "दुनिया में पहले दो ही धर्म या सम्प्रदाय थे, एक समनियन और दूसरे केल्डियन (केल्डिया वाले)। समनिय पूरब के देशों में थे। उनमें से कुछ बचे हुए लोग अब भी कहीं-कहीं भारत में और चीन में हैं। खुरासान वाले इनको बहुवचन नें 'शमनाम' और एकवचन में 'शमन' कहते हैं।"[१]

इस कथन से कहीं अधिक स्पष्ट नदीम (३७५ हि = ९८५-८६ ई०) का कथन है। वह लिखता है कि "मैंने एक खुरासानी के हाथ का लिखा हुआ लेख पढ़ा था, जिसने खुरासान के पुराने समय की और फिर अपने समय की बहुत-सी बातें लिखी थीं। वह एक नियमावली के रूप में थी। उसमें लिखा था कि समनिय के पैगम्बर (मत प्रवर्त्तक) का नाम 'बोज आसफ' था और पुराने समय में इस्लाम के पहले ट्रांस काकेशिया के लोग इसी धर्म के अनुयायी थे। 'समनिय' शब्द संस्कृत के 'श्रमण' से निकला है। ये लोग संसार में रहने वाले, सभी लोगों और धर्मों के माननेवालों से अधिक उदार होते है। इसका कारण यह है कि इनके पैगम्बर 'बोज आसफ' ने इनको यह बतलाया कि सबसे बड़ा पाप जो नहीं करना चाहिए और जिसका मनुष्य को कभी विश्वास न रखना चाहिए, यह है कि कोई अपने मुँह से 'नहीं' न कहे। ये लोग इसी उपदेश पर चलते है और 'नहीं' कहना इनकी दृष्टि में 'शैतान' का काम है और इनका धर्म 'शैतान' को दूर करना है।"[२]

'बोधिसत्व' को इसने 'बोज असफ' लिखा है तथा 'श्रमण' को 'शमनिय'। निश्चय ही बौद्ध धर्म का आधार उदारवादी और सरल दृष्टिकोण था, जिसके कारण प्राचीन काल में अनेकानेक सुदूर देशों में अपने सिद्धान्तों और उपदेशों को फैला सकने में समर्थ हुआ।

अलबीरूनी के पूर्ववर्ती अरब लेखक यह भलीभाँति जानते थे कि बौद्ध धर्म का प्रचार कहाँ-कहाँ है। खुरासान और ट्रांस काकेशिया के बौद्ध धर्मानुयायियों को ही नहीं बल्कि वे चीन के बौद्ध धर्म को भी जानते थे। भारत और चीन का भ्रमण करने वाला अरब यात्री सुलेमान (२३७ हि = ८३७ ई०) ने लिखा है कि 'चीन के धर्म का मूल भारत में है और चीन वाले कहते हैं कि हमारे लिए बुद्ध की मूर्तियाँ भारत ने ही बनाईं। इन दोनों देशों के लोग पुनर्जन्म का सिद्धान्त तो मानते हैं, पर दूसरी साधारण बातों में भेद रखते हैं।"[३]

अलबीरूनी के अनुसार "पूर्वकाल में खुरासान, पर्सिस, इराक, मौसल तथा सीरिया के ऊपर का सीमावर्ती प्रदेश बौद्ध धर्मानुयायी थे।"[४] किन्तु अरथुस्त्र द्वारा 'मग' धर्म के प्रवर्तन से तदनन्तर इस्लाम के प्रचार से बौद्ध धर्म शिथिल पड़ गया। अतः "बौद्ध उन देशों से निकाल दिये गए और वे बल्ख से पूर्व के देशों में जा बसे।"[५]

---

[१] तारीख मुलकुल (बर्लिन), पृ० ७, देखिए, अरब और भारत का सम्बन्ध, पृ० १०९।

[२] इब्न नदीम, अलफेहरिस्त, पृ० ३४५; देखिए, अरब और भारत का संबंध, पृ० १८०।

[३] सुलेमान सौदागर का यात्राविवरण, पेरिस, १८११, पृ० ५७; देखिए, वही पृ० १८४।

[४] Albiruni's India, Vol. I, p. 21.

[५] वही।

बौद्ध भिक्षु आज गेरुए रंग का लाल वस्त्र धारण करते हैं। अलबीरूनी के समय में भी ये 'श्रमण' लाल वस्त्र ही पहनते थे।[१]

तत्कालीन भारत में बौद्ध धर्म का प्रभाव हिन्दू धर्म की तुलना में कम था। जहाँ-तहाँ बौद्ध विहार और चैत्य भी थे। यह सही है कि हिन्दू मंदिरों की अपेक्षा बौद्ध विहारों का निर्माण बहुत कम हुआ। उत्तर भारत में नालन्दा, विक्रमशिला, उदंतपुरी और मुंगेर के निकट बौद्ध विहार थे। दक्षिण में अमरावती बौद्ध धर्म का प्रधान केन्द्र था। अभिलेखों से विदित होता है कि कुछ प्रसिद्ध बौद्ध विहार उत्तरी और पूर्वी बंगाल में थे। जगद्दल, सोमपुर, दवीभेट, विक्रमपुरी (ढाका), पट्टिकेरक (कोमिल्ल), पंडित विहार (चटगाँव) आदि विशेष उल्लेखनीय हैं। उत्तर प्रदेश में सारनाथ[२] और जेतवन[३] प्रमुख थे।

राजतरंगिणी से विदित होता है कि कश्मीर में अनेक विहार थे। दिद्दा, दूंददेवी भवन, चंकुण, रत्नदेवी, सुल्ल, बिज्ज, वितस्ता नदी के निकट के विहार अधिक प्रसिद्ध थे।[४] कश्मीरी मंत्री रिल्हण की पत्नी सुस्सला ने बौद्ध छात्रों के लिए विशाल कक्ष बनवाये थे।[५] महाकवि क्षमेन्द्र ने अपने 'दशावतार' ग्रंथ में महात्मा बुद्ध को एक अवतार के रूप में प्रतिष्ठित किया है[६] तथा 'बोधिसत्वावदानकल्पलता' में भगवान् बुद्ध के प्राचीन जन्मों से सम्बद्ध पारमितासूचक आख्यानों का पद्यबद्ध वर्णन किया है।[७]

विपुलश्री के नालन्दा अभिलेख से विदित होता है कि महेन्द्रपाल (९०० ई०) के चौथे वर्ष में बौद्ध विहार का जीर्णोद्धार कराया गया था।[८] लक्ष्मनसेन के पचासवें वर्ष में ब्राह्मण दामोदर ने गया में विहार बनवाया था।[९] वल्लभी के बौद्ध विहार का पता कथासरित-सागर से चलता है।[१०]

ऊपर के विवरण के विश्लेषण से स्पष्ट है कि पूर्वमध्ययुगीन भारत में बौद्ध धर्म का प्रभाव नाममात्र का था तथा फलस्वरूप तद्युगीन अरब लेखकों ने भी इसके प्रति कोई विशेष रुचि नहीं दर्शित की।

—:०:—

---

[१] वही, पृ० १५८।

[२] Epigraphia Indica, IX, 328.

[३] Ibid, XI, 24, Indian Antiquary, XVII 62.

[४] राजतरंगिणी, ७.१२१, ८ २४६, ५८०, ११७१-७२, २४०२, २४१०, २४१५, २४१७, २४३१, ३३१८, ३३४३, ३३४४ आदि।

[५] वही, ८·२४१५-१६, श्रीचङ्कुणविहारं या यातं नामावशेषताम्।
अश्मप्रासादवेश्मादिकर्मणा निर्ममेऽधुना॥
अरघट्टप्रबन्धान्धुच्छात्रशालादिकर्मभिः।
तस्याः सम्पूर्गतां पुण्यप्राकारा निखिला गताः॥

[६] Keath, A.B. : A History of Samskrit Literature, p. 159.

[७] बलदेव उपाध्याय : संस्कृत साहित्य का इतिहास, पृ० २५१।

[८] Epigraphia Indica, XXI, 99, Verse 7,

[९] History of Bengal, Vol. I, p. 232.

[१०] कथासरित्सागर, ३२·४२-४३।

समाचार-पत्र और जनमत

गिरिजा शंकर सिंह

जिस प्रकार समाचार-पत्र समाज को प्रभावित करते हैं, उसी प्रकार समाज भी समाचार-पत्रों को भी प्रभावित करता है। समाचार-पत्रों में प्रकाशित तथ्यों के प्रभाव से संबंधित विभिन्न विषयों पर विचार के पूर्व यह वांछनीय होगा कि अपने देश में समाचार-पत्रों का जिस ढंग से विकास हुआ है, उसके मौलिक ढाँचे की प्रारम्भिक रूपरेखा प्रस्तुत की जाय। देश के सामाजिक, राजनीतिक और आर्थिक इतिहास के अंश के रूप में विकसित सामाजिक संस्थाओं के योगदान से यह ढाँचा प्रभावित है। सामाजिक संस्था के रूप में समाचार-पत्रों का मूल्यांकन करते समय उसके प्रभाव के बारे में विरोधाभास अनिवार्य है, क्योंकि समाचार-पत्रों को दोहरी भूमिका निभानी पड़ती है—एक तो यह मनाफा कमाने का साधन और निजी उद्योग है, दूसरे ये संचार का ऐसा माध्यम है जिस पर सामाजिक आसूचनाओं के लिए जनता को उस पर निर्भर होना पड़ता है।

अन्य व्यवसायों तथा अन्य सामाजिक संस्थाओं की ही भाँति भारतीय समाचार-पत्रों में गत अर्द्ध शतक में जो महान् परिवर्तन हुए हैं, उतने उसके पहले के इतिहास में कभी नहीं हुए। सामाजिक, आर्थिक तथा राजनीतिक क्षेत्रों पर आंशिक या पृथक रूप में समाचार-पत्रों के प्रभाव की जो छाप पड़ी है, अलग-अलग से उनका तर्कसंगत तथा व्यवस्थित सर्वेक्षण कठिन है। समाचार-पत्रों के प्रभाव पर विवेचन, उनकी आलोचना तथा उनके समर्थन से यह समस्या और जटिल हो जाती है।

कुछ प्रमुख अपवादों के अतिरिक्त जब कभी समाचार-पत्रों का व्यापक अध्ययन किया गया, तब-तब या तो उसे अति महत्त्वपूर्ण अथवा महत्वहीन बताया गया है। अधिकतर प्रेक्षकों ने या तो अवैज्ञानिक ढंग से उसकी कटु आलोचना की है अथवा आवश्यकता से अधिक गुणगान किया है। जो यह जानते हैं कि समाचार-पत्र सामाजिक हलचलों के सूचना संग्रह के प्रमुख माध्यम हैं, उनकी इन अध्ययनों के प्रति विशेष रुचि रही है तथा उन्होंने उन्हें, अपवादों के साथ, स्वीकार भी किया है किन्तु पत्रकार के दृष्टिकोण से समाचार-पत्रों का जो सामाजिक, राजनीतिक और आर्थिक महत्व है, उसे मद्दे नजर रखते हुए समाचार-पत्रों के विभिन्न बिखरे हुए क्षेत्रों को श्रृंखलाबद्ध करने का न अभी तक कोई प्रयास हुआ और न जनमत के प्रभाव की समीक्षा एवं महत्व का मूल्यांकन किया गया।

जनमत

सबसे पहले यह प्रश्न उठता है कि जनमत का मतलब क्या है अथवा जनमत से हम क्या समझते हैं ? जनमत की प्रकृति, कार्य-प्रणाली अथवा प्रभाव पर विचार के समय कठिनाई उस समय उत्पन्न होती है जब कि जनमत संग्रह के प्रयास में प्रयुक्त साधनों अथवा माध्यमों को ही लोग 'मत' मान बैठते हैं और इस शब्द का प्रयोग कभी-कभी प्रत्येक व्यक्ति के विचारों अर्थात् किसी विषय पर प्रकट विचारों अथवा कही गई बातों के कुल योग के

लिए करते हैं। कभी-कभी बहुमत द्वारा प्रकट विचारों और उन विशिष्ट विचारों और भाषणों को, जो अन्य प्रकार के विचारों को दबा देते हैं अथवा अन्य प्रकार के विचारों से अधिक प्रभावशाली या दमदार होते हैं, **'जनमत'** समझ लिया जाता है।

जनमत के अभिव्यक्ति का सबसे सरल रूप उस समय दृष्टिगोचर होता है जबकि कोई भावना अनायास मस्तिष्क में उमड़ पड़ती है और उसका साक्षात्कार होने पर अथवा उसके बारे में किये गये कार्यों या कही गई बातों को सुनकर वह साधारण व्यक्ति के मुँह से निकल पड़ती है। किसी भी विषय पर 'कोई भी व्यक्ति (हर व्यक्ति नहीं) यही कहता है' यह जनमत का प्रारम्भिक और बुनियादी रूप है अर्थात् किसी घटना से उत्पन्न स्वाभाविक और सामान्य विचार अथवा इच्छा ही जनमत का प्रारम्भिक रूप है। किन्तु सरकार पर जनमत का प्रभाव पड़ने के पूर्व उसे कई स्थितियों से गुजरना पड़ता है। विभिन्न युगों और विभिन्न देशों के अनुसार ये स्थितियाँ भी भिन्न-भिन्न होती हैं।

'जनमत' निर्धारण की प्रक्रिया

मान लीजिए, कोई व्यापारी सुबह के नाश्ता के समय समाचार-पत्र में पिछले दिन की घटनाओं को पढ़ता है। वह पढ़ता है कि भारत सरकार ने भारतीय उद्योगों के संरक्षण की नीति घोषित की है अथवा उत्तर-प्रदेश में राष्ट्रपति शासन लागू कर दिया गया है। इन घटनाओं की पसन्दगी अथवा नापसन्दगी के बारे में उसके मस्तिष्क में भावनायें उठेंगी। इन घटनाओं के संबंध में अपनी पहले की रुचि अथवा धारणाओं और वस्तुतः उनके संबंध में अपने व्यक्तिगत स्वार्थ के आधार वह इन घटनाओं को या तो पसन्द करेगा अथवा नापसन्द करेगा। उन घटनाओं के सम्भाव्य परिणामों के बारे में उसके मस्तिष्क में अटकलबाजियाँ भी उत्पन्न होंगी। न तो वे भावनाएँ ही और न वे प्रत्याशाएँ ही सुविचारित तर्कों पर आधृत हैं—क्योंकि प्रातःकालीन जलपान के समय सोचने-विचारने के लिए हमारे व्यवसायियों के पास कोई समय नहीं है। उस समय उनके दिमाग पर केवल घटनाओं की छाप रहती है। उसके बाद उनकी आँखें उस समाचार के अग्रलेख अथवा सम्पादकीय टिप्पणी पर गड़ती हैं। अग्रलेख में यदि उनकी धारणाओं का समर्थन किया गया तो उनकी भावनाओं और प्रत्याशाओं को बल मिलता है और उसका उल्टा होने पर वे दुर्बल होती जाती हैं। वह अपने कार्यालय जाता है और वहाँ अपने दो-तीन परिचितों अथवा मित्रों से उन घटनाओं पर चर्चा करता है और यह तौलता है कि उसके दिमाग पर जो हल्की छाप है, उससे वे सहमत हैं अथवा नहीं। अपने कार्यालय में वह अपने साझेदारों से भी चर्चा करता है और अन्य अखबारों को उलट-पलट कर देखता है। उन चर्चाओं तथा अखबारों में कही गई बातों का उस पर और प्रभाव पड़ता है और दोपहर तक उसके दिमाग में वे धारणायें निश्चित **'मत'** का रूप लेने लगती हैं, जिनके आधार पर वह सरकार की घोषणा अथवा राष्ट्रपति शासन की या तो निन्दा करता है अथवा उन्हें पसन्द करता है। इस बीच अन्य व्यक्तियों विशेषकर उन पत्रकारों, जिनका काम ही है जनता के विचारों का पता लगाना, के दिमागों पर भी उसी प्रकार की प्रक्रिया होती रहेगी। सायंकालीन पत्र प्रातःकालीन पत्रों के विचारों अथवा मतों को संकलित कर जब प्रकाशित होंगे, उस समय उन घटनाओं के परिणामों की भविष्य-वाणी करने में उनमें और निश्चितता होगी। दूसरे दिन प्रमुख समाचार-पत्र ऐसे लेख

प्रकाशित करेंगे, जिनमें उन घटनाओं की स्वीकृति अथवा निन्दा और उनके परिणामों की भविष्यवाणी के संबंध में और निश्चित विचार सन्निहित होंगे। अब तक साधारण जनता के जो विचार अनिश्चित और अस्थिर थे, वे ठोस मत के रूप में परिवर्तित होने लगेंगे। जनमत की यह दूसरी स्थिति है। उसके बाद बहस, तर्क-वितर्क और मतभेद प्रारम्भ होते हैं। राष्ट्रपति शासन के समर्थक विरोधियों से तर्क-वितर्क करने लगते हैं। वे यह जानने की कोशिश करते हैं कि कौन उनके मित्र और कौन उनके शत्रु अथवा विरोधी हैं। दलीलें पेश कर जनता का अधिक से अधिक झुकाव अपने-अपने पक्ष की ओर करने का प्रयास किया जाता है। जिन व्यक्तियों के बारे में ऐसा समझा जाता है कि उनका अपना कोई मत नहीं है अथवा उनमें मत निर्धारण की कोई क्षमता नहीं है या मत निर्धारण के मामले में उतने जागरुक नहीं या दुर्बल हैं; उन्हें अपने पक्ष की ओर घसीटने का प्रयास किया जाता है; और जिन व्यक्तियों के बारे में ऐसा समझा जाता है कि उन पर कोई दाल नहीं गलेगी अथवा मत निश्चित करने के बारे में वे प्रौढ़ हैं या मजबूत दिमाग के हैं, उनके बारे में ऐसा प्रयास किया जाता है कि अपना वे कोई निश्चित पक्ष ग्रहण करें या किसी एक पक्ष की ओर हो जाँय अथवा तटस्थ या निष्क्रिय हो जाँय। यह तीसरी स्थिति है। जनमत चौथी स्थिति को उस समय प्राप्त होता है जब की काररवाई करना आवश्यक हो जाता है। जब किसी नागरिक को वोट देना होता है तो वह किसी पार्टी के सदस्य या मतदाता की हैसियत से वोट देता है। जिस पार्टी के प्रति वह निष्ठावान है उसका उस पर अंकुश रहता है और उसमें उत्पन्न संदेह तथा विकर्षण अथवा अनिच्छा को दूर करता है। मत-केन्द्रों तक व्यक्तियों को लाना, सड़क पर नये-नये बिछाये गये कंकड़ों पर स्टीम रोलर चलाने के समान है। जिस प्रकार स्टीम रोलर उबड़-खाबड़, इधर-उधर छितराये कंकड़ों को दबा कर समतल कर देता है उसी प्रकार परस्पर विरोधी अथवा छितराये विचार दब कर एक समान हो जाते हैं। एक बार वोट डाल देने पर ऐसा समझ लेना चाहिए कि उसने काररवाई कर दी है। अब उसकी एकमात्र दिलचस्पी यह रह जाती है जिस मत को वह कायम करना चाहता है उसका समर्थन किया जाय। मतदान के पूर्व मत कई प्रकार के रहते हैं किन्तु वोट डालने के बाद वे दो ही प्रकार के रह जाते हैं। उनमें से एक मत ऐसा होता है जिसकी विजय होती है और अन्य दूसरे मतों की पराजय हो जाती है। जिस प्रक्रिया से मत का निर्माण होता है उसकी जाँच करने पर यह पता चलेगा कि मतदान के लिए जाते समय किसी भी साधारण व्यक्ति के मत अथवा उसके छोटे से छोटे अंश का निर्माता वह स्वयं है। प्रारम्भ में उस पर जो छाप पड़ी थी वह धुँधली और शायद आकृतिहीन थी, बाद में जैसे-जैसे वह सुनता या पढ़ता गया, परस्पर संपर्क में आता गया उसके विचार ठोस और निश्चित होते गये। उससे बार-बार कहा गया कि कौन-सा मत ग्रहण करना चाहिए और क्यों करना चाहिए। बाह्य साधनों से उसके समक्ष दलीलें पेश की गईं और मतभेदों के आघात-प्रतिघात से उसके दिमाग में कोई मत ठूस दिया गया अथवा घर कर गया। यद्यपि वह समझता है कि वे मत उसके अपने हैं, तथापि यह मानना पड़ेगा कि उसके मत निर्धारण में उसके परिचितों का सबसे अधिक योगदान है क्योंकि वे भी उसी प्रकार का मत रखते हैं। हर व्यक्ति का किसी-न-किसी उक्ति अथवा मुहावरे या नारे या कथन में विश्वास रहता है और वह उसका

बार-बार प्रयोग करता रहता है क्योंकि उसकी धारणा है कि उसके पक्ष के हर व्यक्ति का उन उक्तियों आदि में विश्वास है। वास्तविकता यह है कि वह व्यक्ति जिस मत में विश्वास करता है उसका अल्पांश ही उसके अपने दिमाग की उपज है, उसमें से अधिकांश या बहुलांश का निर्माण तो एक दूसरे से मिलने-जुलने और उस जन समुदाय की, जिनमें व्यक्तिगत विचार या धारणा के आधार पर विशुद्ध व्यक्तिगत मत अथवा विश्वास की मात्रा कम ही होती है, सामूहिक काररवाई और धारणा या प्रभाव के कारण होता है।

जब कोई महत्वपूर्ण घटना होती है और उसके बारे में मत निर्धारण का सवाल उठता है तो उस घटना की किसी व्यक्ति के मस्तिष्क पर जो छाप पड़ती है, उसमें पहले से वर्तमान परम्पराओं, आचरणों या स्वभावों, सिद्धान्तों या रूढ़ियों का योगदान रहता है और उस समय तक उसके मत निर्धारण में वे ही सहायक होते हैं। किन्तु वे मुख्यतः प्रथम छाप उत्पन्न करने तक कारगर होती हैं और एक साथ ही अनेक व्यक्तियों के दिमाग को प्रभावित करती हैं। विभिन्न प्रकार के मत और स्वतंत्र मत उत्पन्न करने की उनमें क्षमता नहीं होती। साथी, नेता तथा समाचार-पत्र हर व्यक्ति पर जो प्रभाव डालते हैं उनके आगे उन्हें शीघ्र झुक जाना पड़ता है।

रूढ़िवादी जनतंत्रीय सिद्धान्त की यह धारणा है कि हर व्यक्ति को स्वयं अपने मत का निर्माण या निर्धारण करना चाहिए या स्वयं अपना कुछ मत रखना चाहिए अर्थात् देश को जिन वस्तुओं की आवश्यकता है, देश के प्रशासन में किन सिद्धान्तों को लागू किया जाय और किन व्यक्तियों के हाथों में सरकार सौंपी जाय, उनके बारे में हर व्यक्ति का दलीलों पर आधृत अपना निश्चित मत होना चाहिए। किन्तु जनमत के प्रतिनिधियों या जनता के नेताओं से यदि पूछा जाय कि औसतन १०० में कितने ऐसे व्यक्ति हैं जिनमें मौलिक विचार या स्वतंत्र विचार के सर्जन की क्षमता है अथवा कितने व्यक्तियों में अपने निजी विचार या मत हैं। या कितने लोगों के राजनीतिक अथवा सामाजिक विश्वासों में यथार्थता या एकरूपता है तो पता चलेगा कि उनमें से ९८ व्यक्तियों में उसका सर्वथा अभाव है। वे किसी नेता या पार्टी अथवा गुटों के लिए अपनी पहले की रूचियों, अरूचियों, उक्तियों, नारों अथवा पूर्वाग्रहों द्वारा परिचालित होते हैं। ऐसी बात नहीं है कि वे ९८ व्यक्ति अच्छी दलीलों को ग्रहण करने में अक्षम हैं अथवा उनमें उन दलीलों को ग्रहण करने की इच्छा नहीं है। इसके विपरीत और विशेषकर श्रमजीवी वर्ग के बारे में यह सही है कि उनमें से कोई भी श्रोता उस समय प्रसन्न होता है जब कि उसके समक्ष ठोस दलील या तर्क पेश किये जाते हैं अथवा वह प्रसन्नतापूर्वक उन दलीलों को सुनता है। तथ्यों और विचारों से पूर्ण लेखों और परचों को वे उत्सुकता और रुचि के साथ पढ़ते हैं किन्तु असलियत यह है कि हर स्थान हर देश में मानव के बड़े समुदाय या अधिकांश व्यक्तियों में जीवन की रुचि के विषयों में सार्वजनिक समस्याओं को तीसरा या चौथा स्थान प्राप्त है और उन पर विचार करने में वे अपने अवकाश के तिहाई या चौथाई से अधिक समय व्यतीत नहीं करते। इसलिए जनता विचारों से अधिक भावनाओं द्वारा परिचालित होती है। ऐसा हो सकता है कि वे भावनायें कुछ व्यापक धारणाओं या तथ्यों तथा दलीलों या तर्कों की सामान्य श्रृंखला पर आधृत हों। न्याय, सम्मान और

शांति का प्रश्न उपस्थित होने पर यदि उनके सामने विभिन्न प्रकार के तथ्य उपस्थित कर दिये जांय तो भी अपना रुख ग्रहण करने में वे विवेक से अधिक भावनाओं का सहारा लेंगे।

एक ऐसे युग में जब कि राजनीतिक और आर्थिक नियंत्रण के माध्यम प्रतीक और भावनायें बन गई हैं और समाज की कार्यविधि या कारोबार तात्पर्यों या अभिप्रायों के सामूहिक प्रचार या तात्पर्यपूर्ण सामूहिक सम्पर्क पर आधृत हो गये हैं, जनमत और समाचार-पत्र का क्षेत्र वैज्ञानिकों, समाजशास्त्रियों और नागरिकों के लिए समान रूप से अध्ययन का केन्द्रीय विषय या महत्वपूर्ण विषय बन गया है। वह समय आ गया है जब कि सैद्धान्तिक और विद्वान् उसके मौलिक सिद्धान्तों या तथ्यों की व्यापक खोज करें और उस पर व्यावहारिक नियंत्रण के लिए उसमें जनता के सब सदस्य या हर व्यक्ति अधिकाधिक रुचि रखें।

समाज-विज्ञान के विषय में जनमत का क्षेत्र अपना वैचित्र्यपूर्ण विशिष्ट स्थान रखता है क्योंकि अभी तक इस क्षेत्र में बहुत कम विद्वानों ने विशेषज्ञता प्राप्त की है। वर्तमान औद्योगिक समाज में हर विषय के विशेष अध्ययन की जो व्यवस्था है उसके मानकीकरण के अनुसार सामाजिक आचरण से संबंधित विज्ञानों का हमने विभाजन कर दिया है। दुर्भाग्य या सौभाग्य से जनमत से संबंधित समस्याओं का अभी तक विशेष अध्ययन नहीं हो सका है। समाज वैज्ञानिकों में इन समस्याओं के प्रति रुचि जागरित हुई है तथा उन्होंने मिलकर इन समस्याओं के समाधान में योगदान किया है। हमारा विश्वास है कि जनमत के क्षेत्र पर तथा समाचार-पत्रों की भूमिका पर वैज्ञानिक अध्ययन हो सकता है क्योंकि नियंत्रित स्थितियों के अंतर्गत मानवीय आचरण तथा उसके विभिन्न पहलुओं के आँकड़े एकत्र किये जा सकते हैं। सामाजिक संस्थाओं और मानव के आचरण में जो वैचित्र्य और विभिन्नतायें हैं उनका अनुमान लगाया जा सकता है अथवा उन्हें कूता जा सकता है और उन पर प्रयोग किया जा सकता है।

———

परम्परा और आधुनिकता

डॉ० नन्दकुमार राय
लेक्चरर, हिन्दी विभाग

'परम्परा' और 'आधुनिकता' दो ऐसे शब्द हैं, जिनकी आत्यन्तिक चर्चा प्रायः हर साहित्य में उसके संक्रान्ति काल में हुआ करती है। 'नये' और 'पुराने' का यह झगड़ा बराबर से लगा रहता है। इसका मूल कारण यह माना जा सकता है कि हर व्यक्ति, चाहे वह 'नया' हो या 'पुराना', अपने 'अहं' के स्वतः अस्तित्व की सतत् कल्पना और चेष्टा किया करता है। यह 'अहं' व्यक्तित्व तथा रचनात्मक वैशिष्ट्य का ज्ञापक होता है। प्रायः हर समाज में पुराना व्यक्ति अपनी उम्र का लिहाफ ओढ़े; नये पर हुंफने का आदी हो जाता है और बात-बात में काल की दूरी में अर्जित अपने अनुभव की टेक्रात्मक चर्चा किया करता है। ऐसी विषम स्थिाति में नये व्यक्ति के लिए पृथक् घिरौंदा वनाकर अपना अभिनय करना स्वाभाविक (और कभी-कभार आवश्यक) सा हो जाता है। तात्पर्य यह कि 'परम्परा' से बेरहमी के साथ कटकर 'आधुनिकता' और प्रायोगिक नवीनता की आये दिन जो ज़ोरदर चर्चा होती है, उसका कुछ दायित्व तो नये लोगों से सम्बद्ध होता है, पर अधिकांश पुराने लोगों के कन्धे पर फेंका जाना चाहिए; क्योंकि पुरानी पीढ़ी नयी पीढ़ी को प्रायः तरज़ीह नहीं दे पाती और उसी प्रकार फैशनपरस्त नयी पीढ़ी भी पुरानी पीढ़ी की सत्ता को न केवल अस्वीकार ही करती है, प्रत्युत कभी-कभी उसपर हावी भी हो जाना चाहती है। अतिरेक की स्थिति-द्वय के मूल में 'स्व' अथवा 'अहं' का केन्द्रीभूत व्यामोह ही माना जायगा।

'परम्परा' और 'आधुनिकता' शब्द सामान्य तौर पर दो अर्थों में प्रयुक्त किये जाते हैं। एक अर्थ केवल काल-सापेक्ष है और दूसरा, विचार व चिन्तन-सापेक्ष। 'परम्परा' का सम्बन्ध जहाँ काल की ऐतिहासिक शृंखलाओं से है, वहाँ 'आधुनिकता' नूतनता का समानार्थी है अर्थात् 'परम्परा' जहाँ वर्त्तमान से इतिहास (अथवा अतीत) को जोड़ती है, वहाँ 'आधुनिकता' इतिहास और अतीत से बेरहमी के साथ कटकर पृथक् होकर, वर्त्तमान अथवा नवीन की उद्घोषणा करती है। यहाँ एक बात ध्यातव्य है कि हर युग की अपनी पृथक् 'आधुनिकता' होती है; क्योंकि उसका 'वर्त्तमान' अपना होता है—अपने विशिष्ट ढंग का होता है। किन्तु काल के गतानुगतिक निर्मम पैर उसे रौंद कर आगे निकल जाते हैं और उस पर 'अतीत' का 'लेव्ल' चिपका दिया जाता है। स्पष्ट है कि प्रायः हर युग का अपना वर्त्तमान होता है और पुनः उस पर आधृत आधुनिकता परिकल्पित होती है, जो बाद में ऐतिहासिक बोध की वस्तु होकर 'परम्परा' का रूप धारण कर लेती है। उदाहरण के लिए रीतिकालीन काव्य-धारा कभी 'आधुनिक' थी, पर आज की सबल वर्त्तमान आधुनिकता के सन्दर्भ में वह खासा रीतिपरक अथवा परम्परित ही मालूम होती है। इसी प्रकार छायावाद और प्रगतिवाद अभी हाल तक आधुनिक माने जाते रहे हैं, पर आज के क्षणवादी दर्शन ने उसे 'परम्परित'; अतः त्याज्य घोषित कर दिया है। इस प्रकार, निष्कर्ष यह हाथ लगता है कि इतिहास व (मुख्य रूप से) काल के प्रत्यावर्त्तन के कारण 'परम्परा' और 'आधुनिकता' का स्वर और भेद उठाया जाता है।

दूसरा और प्रमुख तात्विक अर्थ विचार व चिन्तन-सापेक्ष है, जिसके अनुसार 'परम्परा' और 'आधुनिकता' का प्रयोग प्रायः दो परस्पर विरोधी चिन्तन-दृष्टियों के लिए करते हैं। हर व्यक्ति सामान्यतः अपनी समसामयिक चिन्तन-दृष्टि और जीवन-दर्शन से प्रभावित होता है तथा दूसरी ओर पूर्वानुभव आदि के रूप में उसमें पुरातन संस्कार भी काम करते हैं। हर काल-खण्ड की अपनी आधुनिकता होती है। परम्परा का एक प्रवाह है—चिन्तन-दृष्टि और विधि का प्रवाह, जिसकी शुरुआत किसी-न-किसी प्रभूत प्रत्यय से होती है। एक ही विशिष्ट प्रत्यय जब दीर्घ काल-प्रवाह में संतरण करने लगता है, तब 'परम्परा' का निर्माण होता है और वैसी ही दशा में उसमें ऐतिहासिक अर्थ का नियोजन होता है। किसी भी प्रत्यय अथवा चिन्तन-दृष्टि की क्षिप्रता और भाव-संकुलता जब प्रच्छन्न हो जाती है, तब वे प्रत्यय 'आधुनिक' संदर्भ में भाव-बोध के लिए कारगर नहीं हो पाते। ऐसी ही संक्रमण की स्थिति में प्रयोग की आवश्यकता पड़ती है।

'प्रयोग', वस्तुतः 'आधुनिकता' का प्रस्थान-बिन्दु है। 'परम्परा' जब जड़ीभूत और रूढ़ हो जाती है, तब उसमें निष्क्रियता आ जाती है, साथ ही काल की लम्बी दूरी तय करने के बाद जब वह मानवीय संवेदना को उकसाने में सक्षम नहीं हो पाती, तब 'नये प्रयोग' की आवश्यकता महसूस होने लगती है, और पुनः उसका प्रायोगिक संधान भी होता है। 'प्रयोग' की जहाँ 'नवीनता' होती है, वहीं उसे 'आधुनिकता' का समानार्थी और कभी-कभी तो उसे ही 'आधुनिक' (तक) मान लिया जाता है अर्थात् 'परम्परा' से इतर होकर जो मूल्यगत नवीन प्रयोग होते हैं, वे ही 'आधुनिक' कहलाते हैं। यहाँ एक बात ध्यान देने की यह है कि कालांतर में जो भी 'प्रयोग' होते हैं, वे सभी के सभी वर्तमान संदर्भों और परिप्रेक्ष्य में ही। साथ ही, प्रायः सभी 'प्रयोग' 'परम्परा' के विरुद्ध होते हैं। फिर भी, 'प्रयोग' का 'परम्परा' से कोई लगाव नहीं होता; ऐसी बात नहीं; क्योंकि 'परम्परा' से ही प्रत्यय ('आइडियाज़') ठोस और संश्लिष्ट बनते हैं। अगर न भी बनें, तो इतना तो जरूर है कि 'प्रयोग' के लिए प्रयोक्ता (रचनाकार) 'परम्परा' से इतर होकर नयी जमीन तैयार करता है, किन्तु इसके लिए भी तो पूर्वागत परम्परा के ज्ञान की आवश्यकता होती ही है—और नहीं, तो ऐतिहासिक चेतना तो किसी-न-किसी रूप में कारगर ज़रूर होती है; अन्यथा 'प्रयोग' नूतन न होकर मात्र आवृत्तिपरक शेष रह जाय, जिसका प्रभाव 'शून्य' से कुछ अधिक संभव नहीं।

काल-प्रवाह के साथ ही चिन्ता और दर्शन का दौर भी परिवर्तित होता चलता है। 'प्रयोग' की आवश्यकता, वस्तुतः तब होती है, जब काल का युगवत् सम्बन्ध चिन्तन और जीवन-दृष्टि से रह नहीं जाता। दूसरी बात यह है कि नये सन्दर्भों के जुड़ने के बाद भी केवल पुरातन और 'परम्परित' बोध ही रूढ़िवत ढोये जाने लगते हैं, तब निश्चय ही उनमें जीवन्त तत्व नष्ट हो जाते हैं। ऐसी स्थिति में नये, चेतन और प्रबुद्ध व्यक्ति के लिए यह अनिवार्यतः स्वाभाविक हो जाता है कि वह पुरातन संस्कारों, परम्परित रूढ़ियों और मूल्यहीन दृष्टियों को सर्वथा त्यागकर नये सिरे से जीवन-मूल्य की स्थापना और उसके विकास के प्रयोग के प्रति आग्रहशील हो। जहाँ वह इसके लिए सचेष्ट होता है, वहीं वह परम्परा-मुक्त होकर नये सन्दर्भों, नये परिवेश और नये जीवन-मूल्य से आबद्ध हो जाता है और फिर, उसे ही 'आधुनिक' नाम से अभिहित करते हैं। अद्यतन मानव के लिए

'मनुस्मृति' के नियमों का सर्वांशतः अनुकरण करना संभव नहीं हो सकता और न अन्ध-विश्वासों के प्रति आस्थावान होना ही है। विज्ञान के नये प्रयोग और अनुसंधान तथा दर्शन और मनोविज्ञान—विज्ञान के प्रत्यय, विचार और ठोस दृष्टिकोण आज उसकी चेतना और मनीषा को सुगबुगाने में अधिक सक्षम हो सकते हैं। अतः नये चिन्तन के प्रति विवेकपूर्ण प्रतिक्रिया और अपेक्षाकृत आग्रहशील होना आज के मानव की 'आधुनिकता' मानी जा सकती है।

'परम्परा'—रूढ़िग्रस्त व जड़ीभूत 'परम्परा को जहाँ नकार कर अथवा प्रयोग के माध्यम से उसे उरेहने की कोशिश की जाती है, वहाँ मूलतः जीवन-मूल्य और प्रत्यय ही आधार व प्रतिमान का काम करते हैं। सामाजिक, राजनीतिक, धार्मिक तथा ऐसी ही अनेक परिस्थितियाँ मनुष्य के विचारों को आन्दोलित और परिवर्तित करती हैं, जिसके फलस्वरूप उसकी चिन्तन-प्रणाली में भी अन्तर दीखने लगता है। मनुष्य कभी तो परिस्थितियों के अनुरूप अपना अभियोजन करता है और कभी-कभी परिस्थितियों को अपने अनुकूल परिवर्तित करने की चेष्टा करता है, हालां कि ऐसी चेष्टा के लिए उसे अत्यन्त संघर्ष—दैहिक व मानसिक संघर्ष (भी) करना पड़ता है। जहाँ परिस्थिति को वह नकारने या यूं कहें कि मोड़ने का उपक्रम करता है, वहाँ उसका 'प्रयोग' अत्यन्त प्रबल और सही अर्थ में 'आधुनिक' होता है : क्योंकि इसमें परम्परित रूढ़ियों के प्रति बौद्धिक विद्रोह अनिवार्यतः होता है।

'आधुनिकता' सामान्यतः दो प्रकार की होती है—एक, सामयिक व समकालीन और दूसरा, शाश्वत अथवा दीर्घकालीन। पहले प्रकार की अर्थात् सामयिक आधुनिकता में वर्त्तमान युग-बोध और भाव-बोध की अनुगूंज सुनाई पड़ती है, जब कि शाश्वत ढंग की आधुनिकता के अन्तर्गत जीवन के नैतिक, सांस्कृतिक अथवा ऐसे ही किसी महान् मूल्य का निदर्शन होता है। दूसरी बात यह है कि पहले प्रकार की आधुनिकता में समकालीन सन्दर्भों की क्षणवादी व्याख्या होती है, तो दूसरे प्रकार की 'आधुनिकता' टटके क्षण को अपने आप में समाहित करती है अर्थात् 'आधुनिकता' वर्त्तमान को पूर्णतः समेटकर भविष्योन्मुखी होती है। अद्यतन मानव की सबसे बड़ी समस्या और उसका युग-सत्य है—युद्ध की विभीषिकाओं की संवेदना, निराशा, कुंठा और संत्रास, जिसकी अभिव्यक्ति आज स्वाभाविक है। वैसे निराशा, कुंठा और संत्रास हमारे लिए यथार्थ-बोध भी हैं, किन्तु साहित्यकार चूंकि एक विशिष्ट परिष्कार के साथ जीवन-मूल्यों के सन्दर्भ में उसकी ज्ञप्ति करता है, अतः सामयिक बोध की भी अपनी 'आधुनिकता' होती ज़रूर है. फिर भी ये वस्तुतः अनुभूति के तत्व मात्र हो सकते हैं—मूल्य नहीं। शाश्वत ढंग की आधुनिकता में जीवन के प्रभूत तत्वों, नैतिक मूल्यों और सांस्कृतिक तत्वों की उद्भावना रहती है। इसीलिए ऐसे तत्वों से निष्पन्न 'आधुनिकता' दीर्घ काल तक प्रेषणीय और ग्राह्य मालूम पड़ती है, जब कि सामयिकता-प्रधान आधुनिकता दूध-भरे घड़े की बफ़ान की तरह बढ़-घट कर पुनः समाप्त हो जाती है।

सांस्कृतिक मूल्य बराबर स्थिर नहीं होता। मूल्यों की संघटना और उसके विघटन का उपक्रम हर काल-खंड में चलता रहता है। इसलिए हर युग की; यहाँ तक कि हर

देश की अपनी पृथक संस्कृति होती है। इसका मूल कारण देश और काल की परिस्थिति, चिन्तन-स्तर और परिवेश आदि माना जा सकता है। चूँकि मानव-मूल्य बदलता है, इसलिए 'संस्कृति' की भी विघटनपूर्ण संघटना होती है। उस परिवर्तन-क्रम के कारण समकालीन व सामयिक 'आधुनिकता' भी बदलती रहती है। अतः इससे सिद्ध यह होता है कि सही अर्थों में 'आधुनिकता' ठोस, स्थिर और जड़ात्मक न होकर प्रायः गत्यात्मक, परिवर्तित, प्रयोग-सम्मत, बौद्धिक संवेदनशील होती है।

———

Dr. U. C. NAG—A TRIBUTE

T. N. S.

Dr. Nag is no longer in the world of the mortals. To his innumerable friends, admirers and students his passing away on Friday, the 13th of December, 1968 would mean the end of a glorious tradition in the academic life of our universities. With his varied talents and an impressive personality that imparted an air of distinction to him even in large gatherings, he could have surely competed successfully for the coveted administrative service if only he had set his heart on it. But, then, he knew his destiny and would not play false with it for the glamour of administrative position or material success. He was a born teacher and a teacher in the real sense of the term is the maker of men. Teaching for him was not a profession but a mission. With a comparatively smaller number of students in the post-graduate classes about two decades ago, there were greater opportunities of intimate contact between the teachers and students and Dr. Nag left the mark of his noble personality on all those who had the privilege of coming close to him. Dignified in appearance as well as in conduct, he represented the noblest values of life and became to his students an ideal worthy of emulation. The link that his pupils forged with him during the period of their education did not snap even after their departure from the University. An evidence of their great love and respect for him was provided by the simple but solemn function they organised to celebrate their Guru's completion of twenty years' service in the Banaras

Hindu University in 1948. It was in a sense a family reunion reminiscent of the ancient guru-kula tradition.

Born in 1890, Dr. Nag took his M.A. degree in English from the Presidency College, Calcutta, in 1912. After serving a period of apprenticeship, so to say, in some reputed institutions like the Scottish Church College and the Vidyasagar College, he joined Dacca University as a lecturer in English in 1921. In 1925 he went to London University for research under Prof. Allardyce Nicoll, a scholar of established reputation in dramatic criticism. The subject of his Ph.D. dissertation was the nineteenth century poetic drama. A proof of the scholarly nature of Dr. Nag's work is provided by a number of references Prof. Nicoll makes to it in his volume on the English drama of this period.

He had not been at Dacca for more than a year after his return from London when Mahamana Pandit Madan Mohan Malviya, the illustrious founder of the Banaras Hindu University, invited him in 1928 to his own institution as the Professor and Head of the Department of English. In the material sense of the term the offer could not have been very alluring. The Banaras Hindu University, however, was the embodiment of a splendid vision and the man who had turned that vision into reality needed the help and cooperation of the best talents in the country. The thrill of working under Malviyaji for a purpose very much higher than that of mere bread-earning brought Dr. Nag to Banaras and he served the Banaras Hindu University for full twenty-two years in a spirit of total dedication. As his relationship with the University was based on a complete identity of values, he continued taking interest in its academic life even after his retirement in 1950. Only about three years back he made a generous donation of about a thousand books to the seminar library of the Department of English and this gift has proved an extremely valuable acquisition to the Department both from the point of view of post-graduate studies and research.

Literature, according to Dr. Nag, was a vital and dynamic aspect of human culture. To approach it in a purely academic

spirit was to lose sight of its grandeur and profundity on the plane of values. While he was as sensitive in his response to the aesthetic appeal of art as any connoisseur can be, his lectures on literature provided, in addition, a lucid and comprehensive view of the larger social life of the age. Whether he dealt with a major writer or a minor one, he would always present him in a wider historical perspective. Listening to him from day to day, one inevitably developed the concept of literature being a wholesome moral discipline.

For ten years, from 1940 to 1950, Dr. Nag was the Principal of the Central Hindu College, the oldest and the biggest unit of the Banaras Hindu University. With his punctilious sense of order and discipline, he gave a new orientation to its administration. Essentially human in his approach to the problems of students, he did not mind being tough when the occasion called for a firm handling of a case. All the same, he was never misunderstood by the student community which knew that his intention in being tough was to correct the erring and not to punish.

Dr. Nag was a brilliant teacher; but to listen to his informal talk among close friends too was an exhilarating experience. With his large fund of anecdotes and a refined sense of humour he could keep the attention of his hearers engaged for any length of time. He was full of information on an amazingly wide range of subjects and even his informal chat proved to be of great educative value.

By a strange coincidence he was born on Vasant Panchami which happens to be the foundation day of the Banaras Hindu University and died on the day the University community was preparing to celebrate the birth anniversary of Malviyaji. He formed part of a glorious tradition in the history of the Banaras Hindu University and though death has removed him from the human scene, his memory will continue to inspire generations of teachers and students who believe in the sanctity of academic values.

विश्वविद्यालय के उद्देश्य

१. अखिल जगत् की सर्वसाधारण जनता के एवं मुख्यतः हिन्दुओं के लाभार्थ हिन्दू शास्त्र तथा संस्कृत साहित्य की शिक्षा का प्रसार करना, जिससे प्राचीन भारत की संस्कृति और उसके विचार-रत्नों की रक्षा हो सके, तथा प्राचीन भारत की सभ्यता में जो कुछ महान् तथा गौरवपूर्ण था, उसका निदर्शन हो।

२. साधारणतः कला तथा विज्ञान की समस्त शाखाओं में शिक्षा तथा अन्वेषण के कार्य की सर्वतोमुखी उन्नति करना।

३. भारतीय घरेलू धन्धों की उन्नति और भारत की द्रव्य-संपदा के विकास में सहायक आवश्यक व्यावहारिक ज्ञान से युक्त वैज्ञानिक, तकनीकी तथा व्यावसायिक शिल्प-कलादि संबंधी ज्ञान का प्रचार और प्रसार करना।

४. धर्म तथा नीति को शिक्षा का आवश्यक अंग मानकर नवयुवकों में सुन्दर चरित्र का गठन करना।

OBJECTS OF THE UNIVERSITY

1. To promote the study of the Hindu Shastras and of Samskrit Literature generally as a means of preserving and popularizing for the benefit of the Hindus in particular and of the world at large in general, the best thought and culture of the Hindus, and all that was good and great in the ancient civilization of India,

2. To promote learning and research generally in Arts and Sciences in all branches,

3. To advance and diffuse such scientific, technical and professional knowledge combined with the necessary practical training as is best calculated to help in promoting indigenous industries and in developing the material resources of the country : and

4. To promote the building up of character in youth by religion and ethics as an integral part of education.